सच, सिर्फ सच

वॉयस ऑफ लखनऊ

शुक्रवार, 11 अक्टूबर, 2024 लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 277, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

सेंसेक्स में 144 अंकों की उछाल

शेयर बाजारों में तेजी रही और सेंसेक्स 144 अंक चढ़ गया। वैश्विक बाजार में तेजी के बीच बैंक, बिजली व औद्योगिक शेयरों में लिवाली से बाजार में मजबूती आयी। } 14

बंगाल में हो रहे अन्याय से लड़ने को प्रतिबद्ध : नड्डा

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि उनकी पार्टी पश्चिम बंगाल में हो रहे अन्याय से लड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। नड्डा ने कोलकाता में दुर्गा पूजा पंडाल पहुंचने के बाद यह बात कही। } 16

नवम-सिद्धिदात्री

सिद्धगन्धर्वयक्षाद्यैरसुरैरमसुरैरपि।
सेव्यमाना सदा भूयात सिद्धिदा सिद्धिदायिनी।।
नवरात्र के नौवें दिन दुगार्जी के नौवें स्वरूप मां सिद्धदात्री की पूजा और अर्चना का विधान है। जैसा कि इनके नाम से ही स्पष्ट हो रहा है कि सभी प्रकार की सिद्धियों को देने वाली देवी हैं मां सिद्धदात्री। ऐसा विश्वास है कि इनकी पूजा पूरे विधि विधान के साथ करने वाले उपासक की सभी मनोकामनाएं पूरी हो जाती हैं। इनके चार हाथ हैं और ये कमल पुष्प पर विराजमान हैं। वैसे इनका वाहन भी सिंह ही है। इनके दाहिनी ओर के नीचे वाले हाथ में चक्र है और ऊपर वाले हाथ में गदा है।

टेनिस : रफेल नडाल ने की सन्यास की घोषणा

अगले महीने अंतिम बार खेलेंगे डेविस कप

एजेंसी

मैड्रिड। बाईस बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन रफेल नडाल ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि वह अगले महीने होने वाले डेविस कप फाइनल्स के बाद टेनिस को अलविदा कह देंगे। 38 वर्ष के नडाल से अधिक ग्रैंडस्लैम पुरूष वर्ग में नोवाक जोकोविच (24) ने जीते हैं जबकि रोजर फेडरर 20 बार विजेता रहे हैं। तीनों टेनिस के बिग थ्री कहे जाते रहे हैं। स्पेन के नडाल ने सोशल मीडिया पर यह घोषणा की। उन्होंने संकेत दिया कि उन्होंने यह फैसला लगातार चोटों के कारण लिया है। नडाल ने कहा, हकीकत यह है कि पिछले कुछ साल काफी कठिन रहे, खासकर पिछले दो साल। मुझे नहीं लगता कि मैं ...शेष पृष्ठ 14 पर

नम आंखों से दी गयी रतन टाटा को अंतिम विदाई

एजेंसी

मुंबई। प्रसिद्ध उद्योगपति एवं परोपकारी रतन टाटा का अंतिम संस्कार बृहस्पतिवार शाम मध्य मुंबई स्थित एक शवदाह गृह में पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया। मुंबई पुलिस ने उन्हें श्रद्धांजलि और गार्ड ऑफ ऑनर दिया। वर्ली स्थित शवदाह गृह में टाटा के सौतेले भाई नोएल टाटा समेत उनके परिवार के सदस्य और टाटा समूह के अध्यक्ष एन चंद्रशेखरन समेत शीर्ष अधिकारी मौजूद थे।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, कांग्रेस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री सुशील कुमार शिंदे सहित अन्य लोग भी शवदाह गृह में उपस्थित थे। शवदाह गृह में मौजूद एक धर्म गुरु ने बताया कि अंतिम संस्कार पारसी परंपरा के अनुसार किया गया। उन्होंने बताया कि अंतिम संस्कार के बाद दिवंगत उद्योगपति के दक्षिण मुंबई के कोलाबा स्थित बंगले में तीन दिन तक अनुष्ठान किए जाएंगे। पद्म विभूषण से सम्मानित रतन टाटा (86) का बुधवार रात शहर के एक अस्पताल में निधन हो गया। उद्योगपति रतन टाटा को श्रद्धांजलि देने के लिए राजनेताओं, उद्योग जगत की जानी-मानी हस्तियों सहित विभिन्न क्षेत्रों के हजारों लोग बृहस्पतिवार को दक्षिण मुंबई स्थित राष्ट्रीय प्रदर्शन कला केंद्र (एनसीपीए) में एकत्र हुए। रतन टाटा की पहचान उद्योग जगत के शीर्ष व्यक्ति से कहीं अधिक थी। रतन टाटा का बुधवार रात यहां एक अस्पताल में निधन हो गया था। कोलाबा स्थित उनके घर से सफेद फूलों से सजे शव वाहन में उनका पार्थिव शरीर एनसीपीए लाया गया। टाटा के पार्थिव शरीर को तिरंगे से लिपटे हुए एक ताबूत में रखा गया। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के अध्यक्ष शरदचंद्र पवार, उनकी बेटी और सांसद सुप्रिया सुले, महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे, आदित्य बिड़ला ...शेष पृष्ठ 14 पर

संक्षेप

आज नवमी के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश

लखनऊ। यूपी सरकार ने 11 अक्टूबर को नवमी के मौके पर प्रदेश में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पति को यहां यह जानकारी दी। सूचना निदेशक शिशिर ने एक बयान में बताया, विभिन्न संगठनों की मांग पर ध्यान देते हुए शुक्रवार को नवमी के मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 11 अक्टूबर को आवश्यक सेवाओं को छोड़कर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने का निर्देश दिया।

दिल्ली में पकड़ी गयी दो हजार करोड़ की कोकीन

नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने पश्चिमी दिल्ली से 2,000 करोड़ रुपये मूल्य की 200 किलोग्राम कोकीन जब्त की है जो एक सप्ताह में बरामद की गई मादक पदार्थों की दूसरी खेप है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार शाम यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि इससे पहले दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के महिपालपुर से 5,000 करोड़ रुपये मूल्य के 562 किलोग्राम मादक पदार्थ बरामद किए गए थे और हाल में बरामद कोकीन का संबंध भी महिपालपुर से जब्त मादक पदार्थों से होने का संदेह है।

द.कोरियाई लेखिका हान कांग को साहित्य का नोबेल

स्टाकहोम। इस वर्ष साहित्य के नोबेल पुरस्कार के लिए दक्षिण कोरियाई लेखिका हान कांग को चुना गया है। नोबेल समिति ने बृहस्पतिवार को इसकी घोषणा की। स्वीडिश अकादमी की नोबेल समिति के स्थायी सचिव मैट्स माल्म ने यहां इस पुरस्कार की घोषणा की। नोबेल समिति के अनुसार हान कांग के गहन काव्यात्मक गद्य के लिऐ यह सम्मान दिया जाएगा जिसमें ऐतिहासिक आघातों और मानव जीवन की नाजुकता को रेखांकित किया गया है। कांग को 2016 में उनकी कृति द वेजिटेरियनै के लिए अंतरराष्ट्रीय बुकर पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।



आज का मौसम

अधिकतम : 43.06 डिसे.
न्यूनतम : 29.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

- कृषि यंत्रों पर अनुदान दे रही योगी सरकार (पृष्ठ-02)
- 34 देशों के राजनयिकों को भेजा निमंत्रण पत्र (पृष्ठ-02)
- भारत महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक भूमिका निभाता (पृष्ठ-14)
- रतन टाटा की विरासत करती रहेगी मार्गदर्शन (पृष्ठ-14)
- रतन टाटा का निधन एक युग का अंत : उद्योग जगत (पृष्ठ-14)

भारत के डीएनए में है ज्ञान, विज्ञान व तकनीकी

एमपीआईटी गोरखपुर के प्रथम बैच के विद्यार्थियों से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया संवाद

परंपरा, परिश्रम व प्रगति हमारी प्रकृति का हिस्सा

विशेष संवाददाता

लखनऊ/गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ज्ञान, विज्ञान और तकनीकी भारत के डीएनए में है। अपार संभावनाओं से परिपूर्ण हमारे युवाओं की तरफ पूरी दुनिया नई उम्मीद से देख रही है। निश्चित ही आने वाला समय भारत है। युवा संघर्षों से अपनी राह बनाएंए सफलता कदम चूमेगी।

सीएम योगी गुरुवार को गोरखपुर में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की तरफ से संचालित महाराणा प्रताप इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमपीआईटी) के प्रथम बैच के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के साथ संवाद कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे देश में ज्ञान, विज्ञान और श्रम की त्रिवेणी अनवरत प्रवाहित है। परंपरा, परिश्रम और प्रगति हमारी प्रवृत्ति का हिस्सा है। यही प्रवृत्ति हमें दुनिया में सबसे विशिष्ट बनाती है। आवश्यकता है खुद को वैश्विक स्तर के अनुरूप खुद को तैयार करने की। हमें अभिभावकों की अपेक्षाओं पर भी खरा उतरना है। इसके लिए छात्र और शिक्षक कदम से कदम मिलाकर चलें। नेशनल-इंटरनेशनल जर्नल्स का नियमित अध्ययन करें और खुद को ई-लाइब्रेरी की तरफ अग्रसर करें। उन्होंने कहा कि हमें ऐसी तकनीकी पर ध्यान देना चाहिए जो जीवन को सरल और सहज बनाएए समस्याओं का समाधान करे। ऐसी तकनीकी पर फोकस करने की आवश्यकता है जो प्रकृति के साथ समन्वय बनाकर विकास को नई ऊंचाई पर ले जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि आज उत्तर प्रदेश रोजगार का बड़ा हब बन रहा है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश आज के तकनीकी दौर की महत्वपूर्ण जरूरत सेमी कंडक्टर का हब बनने की दिशा में काफी आगे बढ़ चुका है। इसमें सीधे निवेश के साथ कई गुना चक्रीय निवेश भी हो रहा है। इसके अनुरूप प्रशिक्षित श्रम उपलब्ध कराने के लिए आगे आने की जिम्मेदारी ...शेष पृष्ठ 14 पर

महानिशा पूजन कर योगी ने की लोकमंगल की प्रार्थना

घनश्याम कुमार

गोरखपुर। गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री एवं योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार देर शाम शारदीय नवरात्र की महाअष्टमी तिथि के मान में गोरक्षपीठ की परंपरा के अनुसार विधि विधान से महानिशा पूजन व हवन किया। महानिशा पूजन अनुष्ठान से पूर्व उन्होंने वैदिक मंत्रों के बीच जगतजननी मां आदिशक्ति के अष्टम स्वरूप महागौरी माता की पूजा-अर्चना की। शारदीय नवरात्र के पावन पर्व पर गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने अष्टमी तिथि के मान में गोरखनाथ मंदिर के शक्तिपीठ में महानिशा पूजा का विशिष्ट अनुष्ठान पूर्ण कर लोकमंगल की प्रार्थना की। गुरुवार पूर्वाह्न देवीपाटन शक्तिपीठ से गोरखपुर पहुंचे मुख्यमंत्री ने गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन करने के बाद अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधिस्थल पर जाकर शीश नवाया। देर शाम वह महानिशा पूजा में सम्मिलित हुए। शुक्रवार पूर्वाह्न नवमी तिथि के मान में कन्या पूजन तथा शनिवार को दशमी तिथि पर श्रीनाथ जी के विशिष्ट पूजन और गोरक्षपीठ से निकलने वाले परंपरागत विजयादशमी शोभायात्रा तक ...शेष पृष्ठ 14 पर

आतंकी संगठन हिज्ब उत तहरीर को सरकार ने किया प्रतिबंधित

नयी दिल्ली। सरकार ने इस्लामी समूह हिज्ब-उत-तहरीर (एचयूटी) को बृहस्पतिवार को प्रतिबंधित कर दिया और कहा कि इसका उद्देश्य जिहाद और आतंकवादी गतिविधियों के माध्यम से वैश्विक स्तर पर इस्लामी देश और खिलाफत स्थापित करना है।

वैश्विक इस्लामी समूह एचयूटी 1953 में यरुशलम में बनाया गया था। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा कि एचयूटी युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और उन्हें आईएसआईएस जैसे आतंकवादी संगठनों में शामिल होने के लिए प्रेरित करने तथा आतंकवादी गतिविधियों के लिए धन जुटाने में संलिप्त है। बाद में, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, आतंकवाद के प्रति बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की नीति का पालन करते हुए गृह मंत्रालय ने आज हिज्ब-उत-तहरीर को आतंकवादी संगठन घोषित कर दिया। गृहमंत्री के कार्यालय ने कहा, संगठन आतंकवादी संगठनों में शामिल होने और आतंकी गतिविधियों के ...शेष पृष्ठ 14 पर

बरकरार रहेगा सपा-कांग्रेस गठबंधन

सपा सहयोगी दल कांग्रेस को यूपी में दे सकती है दो सीटें

विशेष संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश में 10 सीटों पर विधानसभा के उपचुनाव होने हैं। जिसको लेकर प्रदेश की मुख्य विपक्षी समाजवादी पार्टी ने तैयारी शुरू कर दी है। इसी को लेकर सपा ने 6 सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। हालांकि अभी चार सीटों पर उम्मीदवार का ऐलान होना बाकी है। ऐसे में माना जा रहा है कि सपा सहयोगी दल कांग्रेस को दो सीटें दे सकती हैं।

ये वहीं सीटें है, जिस पर साल 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में रालोद ने चुनाव लड़ा था। ये खैर और मीरापुर सीटें थी। जानकारी के अनुसार सपा प्रमुख अखिलेश यादव खैर और मीरापुर में से एक और गाजियाबाद सदर सीट कांग्रेस को दे सकती है। यह अनुमान इसलिए भी लगाया जा रहा है कि अखिलेश यादव ने कांग्रेस और इंडिया गठबंधन बरकरार रखने का ऐलान किया है। ऐसे में सपा की छह सीटों पर घोषणा के बाद शेष चार सीटों पर कांग्रेस व अन्य दल को सीटें दी जाने की संभावना जतायी जा रही है। वहीं, खैर में कांग्रेस ने तैयारी शुरू कर दी है। पिछले दिनों अलका लांबा ने दलित बिरादरी ...शेष पृष्ठ 14 पर

भारत-आसियान के बीच मित्रता महत्वपूर्ण : मोदी

प्रधानमंत्री ने 21वें भारत-आसियान शिखर सम्मेलन को किया संबोधित

एजेंसी

विएंतियान। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि ऐसे समय में जब विश्व के कई हिस्से संघर्ष और तनाव का सामना कर रहे हैं, भारत-आसियान मित्रता बहुत महत्वपूर्ण है।

यहां 21वें भारत-आसियान शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि उन्होंने 10 साल पहले एक्ट ईस्ट नीति की घोषणा की थी और पिछले दशक में इसने भारत और आसियान देशों के बीच ऐतिहासिक संबंधों को नयी ऊर्जा, दिशा और गति दी है। भारत-आसियान शिखर सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है जब क्षेत्र में दक्षिण चीन सागर में समुद्री मुद्दों को लेकर फिलीपीन और चीन के बीच तनाव है तथा म्यांमा में संकट है, जहां जातीय समूह सैन्य शासन से संघर्ष कर रहे हैं। मोदी ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि 21वीं सदी, जिसे एशियाई सदी भी कहा जाता है, भारत की और आसियान देशों की सदी है। उन्होंने कहा भारत-आसियान मैत्री, समन्वय वार्ता और सहयोग ऐसे समय में बहुत महत्वपूर्ण है जब विश्व के कई हिस्से संघर्ष और तनाव का सामना कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और आसियान देश पड़ोसी हैं और वैश्विक दक्षिण ...शेष पृष्ठ 14 पर

विशेष खबर ग्रीनहाउस गैसों - मीथेन और नाइट्रस ऑक्साइड का उत्सर्जन अभूतपूर्व स्तर पर पहुंचा

अनुसंधानकर्ताओं ने दी गंभीर जलवायु आपदा की चेतावनी

एजेंसी

नयी दिल्ली। अनुसंधानकर्ताओं ने गंभीर जलवायु आपदा की चेतावनी दी है जिससे उबरना मुश्किल हो सकता है, क्योंकि हर साल जलवायु परिवर्तन पर नजर रखने वाले 35 महत्वपूर्ण संकेतों में से 25 रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गए हैं। एक अंतरराष्ट्रीय टीम की रिपोर्ट में कहा गया है कि अत्यधिक प्रतिकूल मौसमी घटनाएं बार-बार हो रही हैं, और उनकी तीव्रता भी बढ़ गयी है। जीवाश्म ईंधन से उत्सर्जन अब तक के उच्चतम स्तर पर है जो 25 महत्वपूर्ण संकेतों में से एक है। इस अंतरराष्ट्रीय टीम में जर्मनी के पॉट्सडैम इंस्टीट्यूट ऑफ क्लाइमेट इम्पैक्ट रिसर्च के शोधकर्ता भी शामिल थे।

रिपोर्ट में जिन अन्य महत्वपूर्ण संकेतों का जिक्र किया गया है, उनमें पृथ्वी की सतह का औसत तापमान, महासागर की गर्मी, वैश्विक समुद्र का स्तर और मानव आबादी शामिल हैं तथा ये सभी रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि मानव आबादी प्रतिदिन लगभग दो ...शेष पृष्ठ 14 पर

5 दशक में घटे 73 प्रतिशत वन्यजीव

नयी दिल्ली। वर्ल्ड वाइड फंड फॉर नेचर (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) की एक नई रिपोर्ट में कहा गया है कि 1970 से 2020 तक केवल 50 वर्षों में निगरानी में रखी गई वन्यजीव आबादी में औसतन 73 प्रतिशत की गिरावट आई है, जिसका मुख्य कारण आवास की हानि, जलवायु परिवर्तन और प्रदूषण है। लिविंग प्लैनेट रिपोर्ट 2024 में भारत में गिद्धों की तीन प्रजातियों में तीव्र गिरावट का भी खुलासा किया गया है, जिनकी आबादी में 1992 से 2022 के बीच नाटकीय रूप से कमी आई है। सफेद दुम वाले गिद्ध की आबादी में 67 प्रतिशत, भारतीय गिद्ध में 48 प्रतिशत तथा पतली चोंच वाले गिद्ध की संख्या में 89 प्रतिशत की कमी आई है। वैश्विक स्तर पर, सबसे अधिक गिरावट मीठे जल वाले पारिस्थितिकी तंत्रों (85 प्रतिशत) में दर्ज की गई है, इसके बाद स्थलीय पारिस्थितिकी तंत्रों (69 प्रतिशत) और समुद्री पारिस्थितिकी तंत्रों (56 प्रतिशत) का स्थान है। रिपोर्ट में कहा गया है कि आवास की हानि और क्षरण, जो मुख्य रूप से खाद्य प्रणालियों के कारण होता है, दुनिया भर में वन्यजीव आबादी के लिए सबसे आम खतरा है, जिसके बाद अतिदोहन, आक्रामक प्रजातियां और बीमारियां हैं। भारत में, कुछ वन्यजीव आबादी स्थिर हो गई है और उसमें सुधार हुआ ...शेष पृष्ठ 14 पर

विश्वनाथ धाम में भक्तों के गिरने पर चार दारोगा सहित आठ पुलिसकर्मी सस्पेंड

जिला संवाददाता

वाराणसी। श्री काशी विश्वनाथ धाम के गर्भगृह में अरघा पर दो श्रद्धालुओं के गिरने के मामले में गुरुवार को चार दरोगा सहित आठ पुलिसकर्मी निलंबित किए गए हैं। एसीपी सुरक्षा की जांच रिपोर्ट के अनुसार सुरक्षा, निगरानी और भीड़ प्रबंधन के लिए तैनात पुलिसकर्मियों द्वारा ड्यूटी में लापरवाही बरती गई। इसके चलते अचानक अधिक संख्या में दर्शनार्थी गर्भगृह में प्रवेश कर गए और दो श्रद्धालु असंतुलित होकर अरघा पर गिर गए। गौरतलब है कि विश्वनाथ धाम में सात अक्तूबर की रात सप्तर्षि आरती के बाद गर्भगृह में श्रद्धालुओं का रेला उमड़ पड़ा था। एक महिला और एक पुरुष दर्शनार्थी स्पर्श दर्शन करते समय धक्का-मुक्की और भीड़ के दबाव के कारण गर्भगृह में अरघा पर गिर गए थे।

घटना से संबंधित लाइव वीडियो का प्रसारण विश्वनाथ धाम के ऑफिशियल यू-ट्यूब अकाउंट पर भी हुआ था। इस संबंध में डीसीपी सुरक्षा सूर्यकांत त्रिपाठी ने बताया कि प्रकरण की जांच एसीपी सुरक्षा अमित कुमार श्रीवास्तव को सौंप कर रिपोर्ट तलब की गई थी। रिपोर्ट में सामने आया कि ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों द्वारा लापरवाही बरती गई। जांच रिपोर्ट के आधार पर ड्यूटी पर तैनात भेलूपुर थाने के दरोगा ...शेष पृष्ठ 14 पर

मुख्यमंत्री ने 'शक्ति के पर्व' पर की मां की आराधना

गोशाला की व्यवस्थाओं को देखा, गायों को खिलाया गुड़ व चारा, बच्चों से भी मिले, मंदिर में आये बच्चों को दी चॉकलेट

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ/बलरामपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार सुबह मां पाटेश्वरी के दर्शन-पूजन किए। दो दिवसीय बलरामपुर दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री ने बुधवार को समीक्षा बैठक की, फिर मेडिकल कॉलेज व निमार्णाधीन विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया था। इसके बाद गोरक्षपीठाधीश्वर व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ देवीपाटन शक्तिपीठ पहुंचे। शारदीय नवरात्रि में गुरुवार की सुबह उन्होंने मां के चरणों में शीश झुकाकर अपनी श्रद्धा निवेदित की।

मुख्यमंत्री ने जगतजननी मां भगवती से सुखी-स्वस्थ व समृद्ध उत्तर प्रदेश की कामना की। उन्होंने मंदिर की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंदिर प्रांगण स्थित गोशाला भी गए। यहां उन्होंने सभी गायों को गुड़ व चारा खिलाया। सीएम ने नाम लेकर गायों को पुकारा तो वे भी गोरक्षपीठाधीश्वर के पास दौड़ते चली आईं। सीएम ने गो सेवा करते हुए गोशाला की व्यवस्था को भी देखा।

दर्शन-पूजन के उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंदिर परिसर का भी भ्रमण किया। यहां आए दर्शनार्थियों ने मुख्यमंत्री का अभिवादन किया तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाथ हिलाकर सभी का अभिवादन किया। वहीं मंदिर में आये नन्हे-मुन्नो को मुख्यमंत्री ने चॉकलेट भी दिया। उन्होंने बच्चों से पढ़ाई आदि की भी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ने का मंत्र भी दिया। मुख्यमंत्री मंदिर में थारू जनजाति छात्रावास के बच्चों से भी मिले। उनकी शिक्षा, खानपान, रहने आदि के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। इस दौरान मंदिर के महंत मिथिलेश नाथ योगी भी मौजूद रहे।

केंद्र सरकार से मिला तोहफा राज्य में विकास व कल्याण की पहल को देगा गति : सीएम योगी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। केंद्र सरकार ने गुरुवार को राज्यों को 1,78,173 करोड़ रुपये का कर हस्तांतरण (टैक्स डिवाल्यूशन) दिया है। कर हस्तांतरण में सर्वाधिक राशि (31,962 करोड़) उत्तर प्रदेश को जारी की गई है।

यह राशि त्योहारों से पहले राज्यों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में सहायक होगी। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताया है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर पोस्ट किया। सीएम योगी ने कर हस्तांतरण के हिस्से के रूप में उत्तर प्रदेश को 31,962 करोड़ रुपये समय पर जारी करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व वित्त मंत्री के प्रति आभार प्रकट किया। सीएम योगी ने लिखा कि यह अग्रिम किस्त हमारे त्योहारों के मौसम की तैयारियों को काफी बढ़ावा और राज्य भर में विकास व कल्याण की पहल को गति देगी। हम सभी मिलकर मजबूत व समृद्ध उत्तर प्रदेश का निर्माण कर रहे हैं।

सीएम व सपा प्रमुख ने दी रतन टाटा को श्रद्धांजलि

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी और महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने जताया शोक

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उद्योगपति रतन टाटा के निधन पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि टाटा सच्चे अर्थों में देश के रत्न थे। वहीं, सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भी टाटा के निधन पर शोक प्रकट करते हुए कहा कि उनका निधन एक अध्याय के समाप्त होने जैसा है। सीएम योगी ने एक्स पर कहा, कि भारत के प्रख्यात उद्योगपति, पद्म विभूषण रतन टाटा का निधन अत्यंत दुःखद है। वह भारतीय उद्योग जगत के महानायक थे। उनका जाना उद्योग जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। उनका सम्पूर्ण जीवन देश के औद्योगिक और सामाजिक विकास को समर्पित था।

वे सच्चे अर्थों में देश के रत्न थे। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें तथा उनके शोकाकुल परिजनों और प्रशंसकों को यह दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने रतन टाटा के साथ अपनी एक तस्वीर साझा करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कहा, जिन्होंने सिखाया कैसे उसूलों के साथ कारोबार किया जाता है, अपने लाभ को कल्याण के लिए लगाया जाता है, ऐसे महान रतन टाटा का जाना इतिहास के एक पन्ने का पलट जाना है। दोनों उपमुख्यमंत्रियों ब्रजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य तथा औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता, व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल और समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने भी टाटा के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

वहीं, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी एवं प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने पद्मविभूषण से सम्मानित प्रसिद्ध उद्योगपति रतन टाटा के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। भूपेंद्र सिंह चौधरी ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि देश के प्रसिद्ध उद्योगपति एवं पद्मविभूषण से सम्मानित रतन टाटा के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद एवं हृदय विदारक है। मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने परमपिता परमेश्वर से दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों स्थान देने और शोक संतप्त परिजनों को दुःख की इस घड़ी में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की।

महिला उद्यमियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम उपलब्ध

लखनऊ। सूक्ष्म एवं लघु उद्यमियों के लिए नया उद्योग स्थापित करने के लिए पीएमएफएमई योजना कि अन्तर्गत निःशुल्क तकनीकी परामर्श क्षेत्रीय खाद्य अनुसंधान एवं विश्लेषण केन्द्र (आर-फ्रैंक) लखनऊ द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा। क्षेत्रीय खाद्य अनुसंधान एवं विश्लेषण केन्द्र के निदेशक एसके चौहान ने बताया कि क्षेत्रीय खाद्य अनुसंधान एवं विश्लेषण केन्द लखनऊ, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अन्तर्गत सोसाइटी एक्ट के तहत एक पंजीकृत संस्था के रूप में वर्ष 2004 से कार्यरत है, एवं प्रमुख सचिव, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण इसके अध्यक्ष तथा निदेशक, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग इसके उपाध्यक्ष है। गत वर्षों में क्षेत्रीय खाद्य अनुसंधान एवं विश्लेषण केन्द्र द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्रदान किया जाता रहा है। आर-फैक द्वारा 20 वर्षों में लगभग 10 हजार छात्रों, महिला समूहो, किसानों उद्यमियों आदि को रोजगार परक, कौशल विकास प्रशिक्षण मशरूम खेती एवं मूल्य सबर्धित उत्पाद, जलीय व वायु एक्वापोनिक छत पर खेती, किचन ग्प्डिनिग, खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता एवं मिलावट, मिलिट मूल्य संबर्धित उत्पाद एचएसीसीपी जीएमपी, जीएलपी, जीएचपी, आईएसओ 17025, आईएसओ 22000, खाद्यय नियम एवं मानक फोटीर्फाड्रिड प्रोडेक्ट फल एवं सब्जी प्रसंस्करण एवं संरक्षण डेरी प्रसंस्करण आदि विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।

- **स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 16 अक्टूबर से 31 दिसम्बर तक महिला उद्यमियों के प्रशिक्षण शुल्क में 60 प्रतिशत की छूट**

16 से खाद्य प्रसंस्करण पदार्थों में जांच की विशेष छूट

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अन्तर्गत संचालित क्षेत्रीय खाद्य अनुसंधान एवं विश्लेषण केन्द्र (आर-फ्रैंक), लखनऊ के 20 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 16 अक्टूबर से 31 दिसम्बर तक खाद्य प्रसंस्करण पदार्थों की जांच में विशेष छूट दिये जाने का निर्णय लिया गया है। 16 अक्टूबर से 31 दिसम्बर तक विभिन्न प्रकार की सम्बन्धित सुविधायें सभी जनमानस को विशेष रियायाती दरों/निशुल्क दिये जाने का प्रावधान किया गया गया है।

मिलावटी जॉच एवं प्रशिक्षण सम्बन्धी सुविधायें आम जनमानस को विशेष रूप से दी जायेंगी। ग्रहणियों, महिला स्वयं सहायता समूहों, उद्यमियों, एफपीओ, स्टार्टअप, विश्वविद्यालयों को इस इस विशेष सत्र में खाद्य पदार्थों में मिलावट की जांच

न्यूनतम शुल्क 50 रुपये प्रति सैम्पल की दर से किये जाने की सुविधा उपलब्ध होगी।

खाद्य पदार्थ निमार्ताओं/उद्यमियों को क्षेत्रीय खाद्य अनुसंधान एवं विश्लेषण केन्द्र द्वारा निर्धारित शुल्क पर खाद्य पदार्थो की गुणवत्ता जॉच पर 50 प्रतिशत की छूट उपलब्ध होगी। गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन करने वाले छात्र-छात्राओं, महिलाओं, आदि को आर-फ्रैक द्वारा निशुल्क प्रशिक्षण दिया जायेगा, यह छूट 16 अक्टूबर से 31 दिसम्बर 2024 तक क्षेत्रीय खाद्य अनुसंधान एवं विश्लेषण केन्द्र लखनऊ की वेबसाइट पर आनलाइन रजिस्ट्रेशन करते हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 तक प्राप्त कर सकते हैं। क्षेत्रीय खाद्य अनुसंधान एवं विश्लेषण केन्द लखनऊ द्वारा संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रम में विश्वविद्यालयों, कालेज आदि के शोधकर्ता छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण प्रशिक्षण शुल्क में 40 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है, यह छूट 16 अक्टूबर से 31 दिसम्बर 2024 तक आर-फैक वेबसाइट पर आनलाइन रजिस्ट्रेशन करते हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 तक प्राप्त कर सकते हैं।

कृषि यंत्रों पर अनुदान दे रही योगी सरकार

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। डबल इंजन सरकार अन्नदाता किसानों के उत्थान के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। पीएम मोदी के मार्गदर्शन व सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में किसानों के हित में अनेक कार्य व योजनाएं चलाई जा रही हैं। इसी क्रम में योगी सरकार कृषि यंत्रीकरण की समस्त योजनाओं के अंतर्गत कृषि यंत्र-कृषि रक्षा उपकरण, कस्टम हायरिंग सेंटर, हाईटेक हब फॉर कस्टम हायरिंग, थ्रेसिंग फ्लोर व स्मॉल गोदाम पर अनुदान प्राप्त करने का अवसर किसानों को उपलब्ध करा रही है। इसके आवेदन के लिए किसान 23 अक्टूबर तक बुकिंग कर अवसर का लाभ उठा सकेंगे।

- **डबल इंजन सरकार अन्नदाता किसानों के लिए चला रहीं अनेक योजनाएं**
- **10 हजार से अधिक अनुदान वाले कृषि यंत्रों पर आवेदन के लिए शुरू हुई बुकिंग प्रक्रिया**
- **यंत्रों के क्रय पर अनुदान प्राप्त करने के लिए वेबसाइट पर लिंक पर करना होगा आवेदन**

कृषि यंत्रों पर अनुदान प्राप्त करने के लिए आवेदन के लिए वेबसाइट पर जाकर 'यंत्र पर अनुदान हेतु बुकिंग करें' लिंक पर क्लिक करना

होगा। 10 हजार तक अनुदान वाले समस्त कृषि यंत्रों-कृषि रक्षा उपकरणों के लिए आवेदक कृषि विभाग के पोर्टल पर बुकिंग कर सकेंगे। इसके साथ ही, आवेदक अपने या परिवार के मोबाइल नंबर से ही आवेदन कर सकेंगे। कृषि बिल, बुकिंग की तिथि से 10 दिन के भीतर पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य होगा। प्रक्रिया के अंतर्गत पोर्टल पर उपलब्ध मोबाइल नंबर पर ओटीपी प्राप्त होगा। निर्धारित अवधि में बिल अपलोड न होने पर बुकिंग निरस्त हो जाएगी। 10 हजार से एक लाख तक अनुदान के कृषि यंत्रों के लिए बुकिंग के लिए धनराशि 2500 रुपये होगी, जबकि एक लाख से अधिक अनुदान के कृषि यंत्रों के लिए यह राशि पांच हजार रुपये होगी। किसानों को आवेदन के समय ही यंत्रवार निर्धारित बुकिंग धनराशि ऑनलाइन जमा करनी होगी। लक्ष्य अवशेष न रहने व ई-लॉटरी में चयनित न होने वाले किसानों को बुकिंग धनराशि वापस कर दी जाएगी। इच्छुक लाभार्थी/कृषक 23 अक्टूबर तक आवेदन कर सकेंगे। 9 से 23 अक्टूबर तक निर्धारित समयावधि में आवेदन किया जा सकेगा। विभागीय पोर्टल पर लक्ष्य से अधिक आवेदन की दशा में डीएम की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय कार्यकारी समिति के समक्ष विभागीय पोर्टल पर ई-लॉटरी के माध्यम से ब्लॉकवार लक्ष्यों के सापेक्ष लाभार्थी का चयन किया जायेगा। ई-लॉटरी व्यवस्था में लक्ष्य के अनुरूप चयनित किये जाने वाले लाभार्थियों की संख्या के अतिरिक्त लक्ष्य का 50 प्रतिशत तक क्रमवार प्रतीक्षा सूची भी तैयार की जायेगी।

34 देशों के राजनयिकों, राजदूतों को भेजा गया निमंत्रण पत्र

पर्यटन मंत्री ने महाकुंभ-2025 में पधार कर पुण्य लाभ प्राप्त करने का किया अनुरोध

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। अगले वर्ष जनवरी 13 से 26 फरवरी तक प्रयागराज में आयोजित किये जाने वाले विश्व के सबसे बड़े अध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक समागम महाकुंभ-2025 का साक्षी बनने के लिए प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने लगभग 34 देशों के राजनायिकों, राजदूतों तथा उच्चायुक्तों को निमंत्रण पत्र भेजा है। उन्होंने निमंत्रण पत्र में भारत की समृद्धि सांस्कृतिक विरासत अध्यात्म, देवत्व तथा अध्यात्मिकता की ओर ध्यान आकृष्ट करके महाकुंभ में भागीदार बनने के लिए अनुरोध किया है।

जयवीर सिंह ने बताया कि लगभग 34 देशों में से 16 देशों को निमंत्रण पत्र भेजा जा चुका है और शेष को भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। भारत स्थित विभिन्न देशों के राजदूतों को पत्र भेजा गया है, उनमें नेपाल, मारीशस, इण्डोनेशिया, श्रीलंका, मलेशिया, गुयाना, कनाडा, कम्बोडिया, दक्षिण अफ्रीका, त्रिनिदाद और टुबैगो, नीदरलैण्ड, फ्रांस, फीजी, सूरीनाम, यूनाईटेड किंगडम रियूनियन, सिंगापुर, यूएसए, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैण्ड, केन्या, इटली, जमैका शामिल हैं। इसके अलावा सेशेल्स, स्पेन, यूक्रेन, यूथोपिया, जाम्बिया, मेडागास्कर,

वेस्टइंडीज, बांग्लादेश, म्यांमार, जर्मनी तथा भूटान शामिल हैं। उन्होंने बताया कि भारत में तैनात राजदूतों एवं उच्चायुक्तों से यह भी आग्रह किया गया है कि वह अपने-अपने देश के भारत की सनातन संस्कृति में आस्था रखने वाले हिन्दू एवं अन्य श्रद्धालुओं एवं नागरिकों को महाकुंभ में शामिल होने के लिए प्रेरित करें। इस आयोजन में अंतर्राष्ट्रीय तथा देशी-विदेशी पर्यटक श्रद्धालु भाग लेंगे। महाकुंभ में लगभग 50 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। जयवीर सिंह ने निमंत्रण पत्र में यह भी कहा है कि महाकुंभ का धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व है। यह प्राचीनकाल से आयोजित होता चला आ रहा है। उन्होंने राजदूतों को अवगत कराया है कि महाकुंभ में उनकी सहभागिता से वैश्विक स्तर पर भाईचारा तथा शांति के प्रयासों को गति मिलेगी। उन्होंने यह भी लिखा है कि महाकुंभ दुनिया का सबसे बड़े आस्था के केन्द्र के रूप में आयोजित होगा। यह पवित्र धार्मिक आयोजन एक लम्बे अध्यात्मिक यात्रा का सहभागी है और भारत की विविधिता में एकता का परिचायक भी है। महाकुंभ अध्यात्मिक समृद्धि को बढ़ाने तथा विभिन्न मतान्तर के लोगों में आस्था के प्रति समर्पणए सांस्कृतिक आदान.प्रदान को बढ़ावा देने के लिए एक वैश्विक मंच के रूप में कार्य करेगा। जयवीर सिंह ने पत्र में आगे लिखा है कि उप्र विभिन्न अवतारों तथा देवत्व की भूमि है। सप्तपुरियो में तीन विश्वविख्यात पवित्र स्थल अयोध्या, वाराणसी तथा मथुरा उप्र में ही स्थित हैं। भगवान विष्णु के अवतार श्रीराम चन्द्र ने अयोध्या तथा भगवान कृष्ण ने ब्रज में अवतार लिया था। वाराणसी बाबा विश्वनाथ की नगरी के रूप में पूरे विश्व में जानी जाती है। उप्र सिर्फ हिन्दू आस्थाओं के लिए ही नहीं बल्कि बुद्ध धर्म का पालना एवं जैन धर्म का प्राचीन केन्द्र भी है। ये सभी धर्म मानवता तथा सह अस्तित्व की प्रेरणा देते हैं।

मुलायम सिंह ने राजनीति के उतार-चढ़ाव में देश को दिखायी दिशा : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के संस्थापक पूर्व रक्षामंत्री एवं मुख्यमंत्री नेताजी मुलायम सिंह यादव की दूसरी पुण्यतिथि पर गुरुवार को प्रदेश के सभी जिला व महानगर मुख्यालयों समेत देश भर में समाजवादी पार्टी के नेताओं, कार्यकताओं और समर्थकों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए याद किया। मुख्य कार्यक्रम सैफई में नेताजी के समाधिस्थल पर हुआ।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव के साथ नेता विरोधी दल माता प्रसाद पाण्डेय, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव, अभय राम यादव (नेताजी के भाई), पूर्व सांसद रामजी लाल सुमन,

- **सैफई में अखिलेश समेत वरिष्ठ नेताओं ने श्रद्धासुमन की अर्पित**
- **प्रदेश समेत सभी पार्टी मुख्यालय में स्व. मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर अर्पित की श्रद्धांजलि**

मैनपुरी से सांसद डिम्पल यादव, अदिति, अर्जुन, आजमगढ़ से सांसद धर्मेन्द्र यादव, नेता प्रतिपक्ष विधान परिषद लाल बिहारी यादव, फिरोजाबाद से सांसद अक्षय यादव, बदायूं से सांसद आदित्य यादव, पूर्व सांसद तेज प्रताप सिंह यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष मैनपुरी अंशुल यादव, पूर्व मंत्री आलोक शाक्य, विधायक प्रदीप यादव, विधायक आशू मलिक, पूर्व एमएलसी अरविन्द यादव समेत बड़ी संख्या में सांसदों, विधायकों पार्टी पदाधिकारियों, नेताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

वहीं, नई दिल्ली में पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में नेताजी की

दूसरी पुण्यतिथि पर पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव एवं राज्यसभा सदस्य प्रो. रामगोपाल यादव समेत पार्टी के तमाम नेताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की और नेताजी के संघर्ष और कार्यों को याद किया। नेताजी के समाधिस्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद अखिलेश यादव ने कहा कि राजनीति के बड़े-बड़े उतार-चढ़ाव में नेताजी ने देश की राजनीति और समाज को दिशा देने का काम किया। नेताजी ने सैफई की धरती से संघर्ष करके राष्ट्रीय राजनीति में बड़ी भूमिका निभाई और धरती पुत्र के नाम से जाने गये। नेताजी ने राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक चेतना जगाने के लिए देश में लोगों को समाजवादी विचारधारा से जोड़ने का जो रास्ता दिखाया था उसी रास्ते पर सपा चल रही है। आज हम लोग संकल्प लेते हैं कि समाजवादी मूल्यों और सिद्धांतों को और आगे बढ़ाते हुए लोगों के जीवन में बदलाव लायेंगे। पार्टी प्रदेश मुख्यालय, लखनऊ में पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल, पूर्व सांसद अरविन्द कुमार सिंह, सांसद वीरेन्द्र सिंह, पूर्व एमएलसी डॉ. मधु गुप्ता, कोषाध्यक्ष राजकुमार मिश्रा ने नेताजी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित करने वाले अन्य प्रमुख नेताओं, कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में पार्टी राष्ट्रीय सचिव रमेश प्रजापति, कृष्ण कन्हैया पाल, धर्मदत्त तिवारी, प्रदीप कुमार एडवोकेट, वरिष्ठ नेता विजय सिंह, ताराचंद, प्रदेश सचिव अनिल सिंह बीरू, दीपक रंजन, धीरज यादव एडवोकेट, डॉ. हरिशचंद्र यादव, केके श्रीवास्तव, राधेश्याम सिंह, अनिल यादव मास्टर, टीडी सिंह, मो. अरमान समेत अन्य लोग शामिल रहे।

जीवन में ईमानदारी को अधिक प्राथमिकता दें : स्वतंत्र देव सिंह

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को तेलीबाग स्थित सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के परिकल्प भवन सभागार में अवर अभियंताओं का पदस्थापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के 11 नव प्रोन्नत अधिशासी अभियंताओं (यांत्रिक) तथा 144 नवनियुक्त अवर अभियंताओं (सिविल) को उनके द्वारा मांगे गये विकल्प के अनुरूप पारदर्शी प्रक्रिया के अंतर्गत पदस्थापन किया गया।

जल शक्ति मंत्री ने सभी उपस्थित नव चयनित अवर अभियन्ताओं को विभाग में नियुक्ति के लिए बधाई देते हुए कहा कि आप सभी अपने जीवन में ईमानदारी को सबसे अधिक प्राथमिकता दें, परिश्रम की पराकाष्ठा पर जाकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें ।विभाग द्वारा निर्धारित दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी से करें। आप सभी किसानो के हित में अपना बहुमूल्य योगदान दे। उन्होंने नव नियुक्त अवर अभियंताओं से पूर्ण दक्षता व क्षमता के साथ बिना दबाव के कार्य करते हुये विभाग को आगे ले जाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पारदर्शी प्रक्रिया के अंतर्गत चयन एवं पदस्थीकरण की कार्यवाही प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उनके द्वारा निष्पादित कार्य सदैव किसानों के हित में होने चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार में भ्रष्टाचार का कोई स्थान नहीं है। प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई हुई है। पदस्थापना से लेकर स्थानांतरण तक सभी प्रक्रिया व्यवस्थित एवं पारदर्शी रूप से सम्पन्न हो रही है। भर्ती से लेकर तैनाती तक की पूरी प्रक्रिया में कहीं भी किसी प्रकार की अनियमित्ता नहीं होने दी जाएगी।

संक्षेप

दो आरोपियों के खिलाफ मारपीट व धमकी का केस

प्रतापगढ़। लालगंज पुलिस ने दुकान के सामने बवाल करने को लेकर दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज के सरायजानमती भगतपुर निवासी सत्यनारायण वर्मा के पुत्र राजाराम वर्मा ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि रामपुर बाजार में पावर हाउस के पास उसकी स्टूडियों की दुकान है। आठ अक्टूबर को सायं छह बजे पड़ोसी गांव जागरा के जाबिल अली के पुत्र बबलू तथा पुत्ता ने स्टूडियों के सामने विपर पीने को लेकर विवाद करने लगे। मना करने पर आरोपियों ने पीड़ित के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट किया। शोर मचाने पर आस पास के लोग जुटे तो आरोपी जानलेवा धमकी देते हुए चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने बबलू समेत दो के खिलाफ केस दर्ज किया है।

पांच आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा

प्रतापगढ़। लीलापुर पुलिस ने पांच आरोपियों में गैंग बनाकर शामिल आपराधिक घटनाओं में शामिल होने को लेकर गैंगेस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज किया है। लीलापुर थाने के सिंधौर ग्रामसभा के हरिहरपुर में बीती उन्नीस मई की सुबह खेत की जुताई को लेकर घर के बगल मेड़ के विवाद में पड़ोसियों ने अब्दुल रज्जाक की हत्या कर दी थी। इस मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने गैंग लीडर शाहरूख खान पुत्र अब्दुल मजीदए सोहेल पुत्र अब्दुल मजीदए सलीम पुत्र अब्दुल हमीदए जाहिद पुत्र अनवर तथा अब्दुल मजीद पुत्र अब्दुल अहीद के खिलाफ गैंगेस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक सभी आरोपी इस समय जेल में निरूद्ध है। आरोपियों के खिलाफ हत्या तथा लूट व आम्र्सएक्ट जैसे गम्भीर आपराधिक केस भी दर्ज हैं।

किशोरी के अपहरण का केस

प्रतापगढ़। उदयपुर पुलिस ने किशोरी के अपहरण को लेकर एक आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र की एक पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि बुधवार को दिन में तीन बजे के एक गांव के युवक ने उसकी बेटी का अपहरण कर लिया। अपहृत किशोरी खेत गयी थी जहां से आरोपी उसे बहला फुसलाकर भगा ले गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी सांगीपुर थाना के भूसू मुरैनी निवासी रवि सिंह पुत्र हिम्मत सिंह के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया है। पीड़ित किशोरी की मां ने तहरीर में सोलह वर्षीय पुत्री के साथ अप्रिय घटना की भी पुलिस से आशंका जतायी है।

देवी जागरण में उमड़े श्रद्धालु

प्रतापगढ़। शारदीय नवरात्र के लेकर बुधवार की रात दीवानी वार्ड के मनीपुर चंदापुर में देवी जागरण में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी दिखी। ग्रामदेवी मंदिर परिसर में जागरण कार्यक्रम में कलाकारों ने देवी मां के भजनों तथा आकर्षक भक्तिमय झांकियों की प्रस्तुतियां देकर भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन आचार्य दिवाकर नाथ शुक्ल ने किया। इस मौके पर अधिवक्ता अनिल त्रिपाठी महेशए विभाकरनाथ शुक्लए सुशील तिवारीए शिव प्रसाद यादवए कप्तान तिवारीए गुरूदीन विश्वकर्माए रवीन्द्र मिश्राए नागेश त्रिपाठीए पं मातापेर मिश्र आदि रहे।

भगवान का अवतार लोक मंगल का पुण्यः सम्पूर्णानंद

प्रतापगढ़। लालगंज क्षेत्र के डगरारा गांव में हो रही भगवान वामन की कथा में गुरूवार को श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी दिखी। कथाव्यास प्रयागराज से पधारे संत सम्पूर्णानन्द जी महराज ने कहा कि लोक मंगल के लिए भगवान ने विविध अवतार लिए। उन्होंने कहा कि वामन भगवान के अवतार में संसार को सद्मार्ग पर आगे बढ़ने का बोध हुआ। सम्पूर्णानन्द जी महराज ने कहा कि भगवान के हर स्वरूप में आराधना का फल कल्याणकारी हुआ करता है। उन्होंने कहा कि लोभ तथा मोह का त्याग कर हमें जीवन में अच्छे कर्म करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कथा सुनने का सही फल जीवन में कथा के सार को समझते हुए अपने मार्ग पर आगे बढ़ने का मिला करता है। संयोजक समाज सेवी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने व्यास पीठ का पूजन किया। इस मौके पर केडी मिश्र पवन सिंह राजू पाण्डेयए सालिक तिवारी अतुल शुक्ल आदि रहे।

बच्चों पर चोरी का आरोप लगाकर अत्याचार

पूर्व ग्राम प्रधान समेत चार पर मुकदमा दर्ज

बहराइच। नानपारा इलाके में दबंग कुक्कुट फार्म मालिकों और एक पूर्व ग्राम प्रधान ने 12 से 14 वर्ष के तीन बच्चों पर पांच किलो गेहूं चोरी करने का आरोप लगाते हुए कथित तौर पर उन्हें बिजली के तार से पीटा, तीनों के सिर मुंडवाए और माथे पर चोर लिखकर गांव में घुमाया। शिकायत मिलने पर पुलिस ने इस मामले में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनमें से तीन को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों ने बृहस्पतिवार को बताया कि नानपारा कोतवाली क्षेत्र के ताजपुर टेड़िया गांव में मंगलवार दोपहर कुक्कुट फार्म संचालक नाजिम और उसके बेटे कासिम तथा इनायत नामक एक अन्य व्यक्ति ने काम पर नहीं आने से नाराज होकर एक दलित और दो पिछड़े वर्ग के बच्चों पर पांच किलोग्राम गेहूं चोरी करने का आरोप लगाया और उन पर अत्याचार किया।

इस दौरान पूर्व ग्राम प्रधान शानू ने भी बच्चों को धमकाया। ग्रामीणों के मुताबिक तीनों बच्चे नाजिम के कुक्कुट फार्म पर काम करते थे मगर वे पिछले कुछ दिनों से काम पर नहीं आ रहे थे। इसी को लेकर नाजिम नाराज था। बच्चों का आरोप है कि मंगलवार की दोपहर नाजिम, कासिम और इनायत ने उन्हें धोखे से बुलाया और उन पर पांच किलोग्राम गेहूं चोरी करने का इल्जाम लगाते हुए बिजली के तार से पीटा, गला दबाया और तीनों के सिर मुंडवा दिये। आरोप है कि तीनों के मुंह पर कालिख पोत दी गयी और माथे पर चोर लिखवा दिया और हाथ बांधकर पूरे गांव में घुमाया। बाद में मौके पर पहुंचे पूर्व ग्राम प्रधान शानू ने भी उन्हें धमकाया। ग्रामीणों का आरोप है कि अभियुक्तों ने मोबाइल फोन से घटना का वीडियो भी बनाया है। कोतवाली नानपारा के प्रभारी निरीक्षक प्रदीप सिंह ने बृस्पतिवार को बताया कि बच्चों के परिजनों की तहरीर पर चारों आरोपियों के खिलाफ बुधवार को भारतीय न्याय संहिता की धारा 115 (2) (मारपीट), 352 (जानबूझकर अपमानित करना), 351 (धमकाना), 109 (हत्या का प्रयास) तथा एससी। एसटी एक्ट की धारा 3(2) व 3(1) के तहत मुकदमा पंजीकृत कर नाजिम, कासिम व इनायत को गिरफ्तार कर लिया गया है। पूर्व प्रधान शानू फरार है। पुलिस सूत्रों के अनुसार गांव में शांति है लेकिन मामला दो समुदायों से जुड़ा है इसलिए एहतियातन गांव में पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

कुंभ मेले में प्रयागराज, अयोध्या और वाराणसी सर्किट के लिए विशेष मेमू ट्रेन

प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल ने कुंभ मेले के दौरान प्रयागराज आने वाले श्रद्धालुओं के लिए अयोध्या में रामलला और वाराणसी में बाबा विश्वनाथ का दर्शन करने के लिए पहली बार फास्ट रिंग मेमू सेवा शुरू करने की तैयारी की है।

मंडल रेल प्रबंधक हिमांशु बडोनी ने यहां बताया कि यह फास्ट रिंग मेमू सेवा प्रयागराज से अयोध्या और वाराणसी होकर प्रयागराज आएगी। इसी तरह दूसरी ट्रेन प्रयागराज से वाराणसी और अयोध्या होते हुए प्रयागराज आएगी। उन्होंने बताया कि मुख्य स्नान पर्वों को छोड़कर यह सेवा सभी दिन उपलब्ध रहेगी और प्रतिदिन प्रयागराज से दो मेमू सेवा (एक वाराणसी और दूसरी अयोध्या की तरफ) का संचालन होगा। प्रयागराज मंडल पहली बार कुंभ मेले में यह सेवा शुरू करने जा रहा है। बडोनी ने बताया कि कुंभ मेले में व्यस्ततम दिनों में 825 ट्रेनें चलाने की तैयारी है जबकि पिछले कुंभ मेले (2019) में व्यस्ततम दिनों में 694 ट्रेनें चलाई गई थीं। उन्होंने बताया कि ये ट्रेनें कम दूरी (200 किलोमीटर तक की) की यात्रा के लिए होंगी। वहीं लंबी दूरी के लिए उत्तर मध्य रेलवे द्वारा 400 ट्रेनें चलाने की मंजूरी दी गई है। इस प्रकार से मेले के दौरान कुल 1225 ट्रेनें चलाई जाएंगी।

बिजली का बिल बढ़ा हुआ आने पर युवक ने आत्महत्या की

उन्नाव। जिले में 25 वर्षीय एक युवक ने बिजली का बिल कथित तौर पर बढ़ा हुआ आने के कारण तानव में आकर आत्महत्या की। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि शुभम (25) नाम के युवक ने बुधवार तड़के कुशालपुर गांव में अपने घर के एक कमरे में लगे हुक में फंदे से लटक कर आत्महत्या की। परिवार के सदस्यों ने सुबह उसका शव देखने के बाद पुलिस को सूचना दी। मृतक के पिता महादेव ने आरोप लगाया, हमें I,09,021 रुपये का बिजली बिल मिला था, जिसमें से शुभम ने विभिन्न कार्यालयों में जाकर 16,377 रुपये का भुगतान कर दिया। 15 दिन भी नहीं बीते थे कि फिर से 8000 रुपये का बिल आ गया, जिसके बाद तनाव में आकर उसने फांसी लगा ली। शुभम दिहाड़ी मजदूर था। पिता ने कहा कि आत्महत्या का कोई और कारण नहीं है। वह (शुभम) बहुत परेशान था तो यह बिल कैसे भरता। वह बिजली बिल की बकाया रकम से बहुत तनाव में था। मुख्य अभियंता विद्युत (रायबरेली जोन) आरपी प्रसाद ने घटना के बारे में पूछे जाने पर बताया कि शुभम ने 10 मार्च 2022 को नया बिजली कनेक्शन लिया था और उसके बाद उसने सिर्फ दो बार बिजली बिल भरा था। उन्होंने बताया कि एक बार शुभम ने 615 रुपये और फिर इस वर्ष सितंबर में 16,377 रुपये का भुगतान किया था। अधिकारी ने बताया कि कुछ दिन पहले 1500 यूनिट का बिल आया था जबकि खपत सिर्फ 35 यूनिट दिखाई गई थी। इस संदर्भ में मीटर रीडर ने शुभम को बिजली विभाग के दफ्तर जाकर बिल सही कराने को कहा था। अधिकारी ने दावा किया कि नौ अक्टूबर को बिल सही कर दिया गया था लेकिन तब तक शुभम ने आत्महत्या कर ली थी। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने इस मामले पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ तत्काल कार्वाई की घोषणा की।

10 लीटर कच्ची शराब बरामद

आबकारी निरीक्षक क्षेत्र प्रथम सदर हमराह प्रधान आबकारी सिपाही उमेश कुमार, प्रधान आबकारी सिपाही बाल गोविंद चौधरी, आबकारी सिपाही अरविन्द कुमार आबकारी सिपाही, अतुल कुमार गौड़ आबकारी सिपाही, समस्त टीम के साथ ग्राम हसवाडोल व लालाजोत पुरवा थाना कोतवाली देहात बलरामपुर में दबिश दौरान हसवाडोल तालाब के पास लगभग 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई उसके साथ साथ अवैध मदिरा निर्माण जहरीली शराब के संबंध में चेतावनी देते हुए बताया गया है इस तरह की मिलावटी शराब जान लेवा है दविश व प्रवर्तन कार्य निरंतर जारी रहेगा।

बलरामपुर। प्रदेश में आगामी त्योहार के दृष्टिगत अवैध शराब के निर्माण विक्री एंव तस्करी पर प्रभावी विशेष प्रवर्तन अभियान कार्य जिला आबकारी अधिकारी बलरामपुर के निर्देशन पर अनन्त कुमार मिश्र

मानसिक रोगों के विषय में जागरूकता की कमी

जिला संवाददाता (vol)

मेरठ । गुरुवार को राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर एक विशाल जन-जागरूकता शिविर का आयोजन थीम- पर पी०एल० शर्मा, जिला चिकित्सालय, मेरठ में मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 अशोक कटारिया की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विधायक कैंट अमित अग्रवाल द्वारा फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मुख्य चिकित्साधिकारी ने जन-मानस को सम्बोधित करते हुए कहा कि गैर-संचारी रोग एक बहुत बड़े संकट के रूप में हमारे बीच अपना पैर पसार रहा है।

जिसमें मानसिक स्वास्थ्य एक बहुत बड़ी चुनौती है क्योंकि हमारे समाज में मानसिक रोगों के विषय में जागरूकता की कमी है जिसके कारण मानसिक रोगी समय से स्वास्थ्य केन्द्रों पर नहीं पहुच पाते है। व्यक्ति को अपने जीवन शैली, रहन-सहन, खान-पान इत्यादि में संतुलन लाकर परिस्थितियों के अनुसार अपने आप को ढ़ालने की कला विकसित करनी होगी। हमें खुद को ही नहीं बल्की दूसरो को भी मानसिक स्वास्थ्य समस्या से निकालने

में मदद करनी चाहिए, जो लोग मानसिक समस्या से चुप-चाप जूझ रहे है उनकी सहायता करनी चाहिए तथा समाज में मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े पूर्वाग्रहों से बाहर निकालने में उनकी मदद करनी चाहिए।

मनोचिकित्सक डा0 कमलेश किशोर ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हर छठा व्यक्ति मानसिक समस्या से जूझ रहा है तथा भारत का हर सातवां व्यक्ति मानसिक रूप से परेशान है। हर 40 सेकेण्ड में एक व्यक्ति आत्महत्या के कारण अपनी जान गवां देता है। व्यक्ति में लगातार या लम्बे समय तक तनाव आगे चलकर डिप्रेशन या अवसाद का रूप ले लेता है, जो आत्महत्या का प्रमुख कारण बनता है। डॉ पीके बंसल ने बताया की लम्बे समय तक तनाव, डायबटिज, हाइपरटेन्सन, हृदय रोग इत्यादि को भी बढ़ावा देता है। उन्होने कहा स्वस्थ मन स्वस्थ शरीर का दर्पण है इसलिए व्यक्ति को तनाव मुक्त रहना चाहिए। डॉ तरुण पाल ने प्यारे लाल शर्मा जिलाचिकित्सालय ने बताया की नियमित व्यायाम एवं योगा करना चाहिए ।

नाराज वकीलों ने किया धरना - प्रदर्शन

प्रतापगढ़। साथी अधिवक्ताओं की गिरफ्तारी में पुलिस द्वारा स्थान व समय बदलनें से नाराज वकीलों ने गुरूवार को तहसील पार्क में धरना प्रदर्शन किया। संयुक्त अधिवक्ता संघ के महामंत्री सूर्यकान्त निराला एवं उपाध्यक्ष बालेन्द्र त्रिपाठी के संयुक्त नेतृत्व में वकीलों ने मजिस्टेज्टी जांच की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी की। वकीलों ने परिसर में भी पुलिस प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन को लेकर हुंकार भरी।

धरना स्थल पर हुई सभा को संबोधित करते हुए पूर्व अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने कहा कि जिला प्रशासन यदि मजिस्ट्रेटी जांच की घोषणा नहीं करता तो अब अधिवक्ता हाईकोर्ट के प्रशासनिक जज से मिलकर फरियाद करेंगें। सभा को सम्बोधित करते हुए पूर्व अध्यक्ष अनिल महेश ने कहा कि पुलिस मनमानी के खिलाफ लालगंज के वकीलो के इस आन्दोलन को प्रदेश अधिवक्ता संघर्ष समिति से समर्थन के लिए भी बातचीत की जायेगी। सभा की अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष लाल राजेन्द्र सिंह व संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष विभाकरनाथ शुक्ल ने किया। अधिवक्ताओं के धरना प्रदर्शन के चलते गुरूवार को भी तहसील में न्यायिक कामकाज ठप दिखा। इस मौके पर संजय सिंहए सुशील शुक्लाए बीडी पटेलए शिवेन्द्र तिवारीए प्रमोद सिंहए सोमनाथ मिश्रए रमाशंकर मिश्रए संतोष सिंहए हरिश्चन्द्र पाण्डेयए इरफानए अमरनाथ यादवए सत्येन्द्र श्रीवास्तवए प्रवीण यादवए सुधाकर मिश्रए मनीष क्रान्तिकारीए सिंटू मिश्राए अखिलेश द्विवेदी आदि अधिवक्ता रहे।

आईआईटी कानपुर की छात्रा ने आत्महत्या की

कानपुर। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर में पीएचडी की पढ़ाई कर रही 28 वर्षीय एक छात्रा ने बृहस्पतिवार को छत के हुक से फंदा लगाकर कथित रूप से आत्महत्या कर ली। आईआईटी कानपुर में पिछले एक वर्ष में आत्महत्या का यह चौथा मामला है। कानपुर के सनिगवां की रहने वाली प्रगति खरया संस्थान में पृथ्वी विज्ञान में पीएचडी कर रही थी। पुलिस ने बताया कि उसने अपने छात्रावास के हॉल संख्या-चार के कमरे डी-116 में रात के समय आत्महत्या कर ली लेकिन मामला बृहस्पतिवार दोपहर प्रकाश में आया।

पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) राजेश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस को दोपहर करीब 12 बजे पीएचडी छात्रा द्वारा आत्महत्या करने की सूचना मिली। आत्महत्या की सूचना मिलने के बाद पुलिस वहां पहुंची और पाया कि प्रगति के कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। सहायक पुलिस आयुक्त (कल्याणपुर) अभिषेक पांडे ने बताया कि दरवाजा तोड़ने पर महिला का शव पंखे से लटका हुआ मिला, जिसके बाद फोरेंसिक टीम को साक्ष्य जुटाने के लिए बुलाया गया। कमरे से एक सुसाइड नोट बरामद किया गया है, जिसमें छात्रा ने अपने इस कदम के लिए किसी को जिम्मेदार नहीं ठहराया। छात्रावास के कमरे से मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है, जिससे पुलिस को आत्महत्या के पीछे के रहस्य को सुलझाने में मदद मिल सकती है। पांडे ने बताया कि आत्महत्या के पीछे के संभावित कारणों का खुलासा प्रारंभिक जांच और अन्य औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद ही हो पाएगा। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आईआईटी कानपुर द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक, संस्थान पृथ्वी विज्ञान विभाग की पीएचडी छात्रा प्रगति खरया के दुखद और असामयिक निधन पर शोक व्यक्त करता है। खरया ने दिसंबर 2021 में पीएचडी कार्यक्रम में प्रवेश लिया था।

नारी सुरक्षा दल महिलाओं को हेल्पलाइन नम्बरों के प्रति कर रहा जागरूक

जिला संवाददाता (vol)

बलरामपुर। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निदेर्शानुसार जनपद बलरामपुर में बालिकाओं छात्राओं महिलाओं की सुरक्षा हेतु नारी सुरक्षा दल द्वारा समस्त थाना क्षेत्र अन्तर्गत प्रमुख चौराहोगॉवोंभीड़भाड़ वाले स्थानों पर जाकर चौपाल लगाकर बालिकाओं महिलाओं को जानकारी देते हुए सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता के लिए बनाए गए कानून एवं नियमों के बारे में बताते हुए जागरूक किया गया। साथ ही साथ सेल्फ डिफेंस व हेल्पलाइन नंबर- वीमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्प लाइन नंबर-181, चिकित्सीय सहायता हेतु-108 पुलिस कंट्रोल नंबर -112, चाइल्ड हेल्पलाइन -1098 व साइबर अपराधों जैसे- शेयरिंग,लकी ड्रा फ्रॉड कॉल, स्मॉर्ट एडिटिंग वीडियो कॉल, बैंकिंग

फ्रॉड आदि की जानकारी दी गयी, और साथ ही महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ०प्र० राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी०एम० स्वानिधि योजना, पी०एम० सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, प्रधानमंत्री फ्री सिलाई योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना, महिला ई-हाट योजना आदि की भी जानकारी दी गई। उल्लेखनीय है कि शासन और पुलिस विभाग द्वारा शारदीय नवरात्र के प्रथम दिवस दिनांक 03.10.2024 से मिशन शक्ति के तहत पंचम चरण का अभियान 90 दिवस तक चलाया जाएगा जिसमें निम्न 09 प्रकार के अभियान शामिल हैं।

महिलाओं से संबंधित साइबर अपराध के पंजीकृत अभियोगों एव प्रार्थना पत्रों का शत प्रतिशत निस्तारण करने के लिये ऑपरेशन गरुण चलाया जा रहा है । एसिड की अवैध बिक्री के विरूद्ध ऑपरेशन शील्ड अभियान चलाया जा रहा है। अश्लील सीडी/डीवीडी/पुस्तकें साहित्य सामग्री आदि की चेकिंग, बरामदगी एवं जब्तीकरण के लिये ऑपरेशन डेस्ट्राय चलाया जा रहा है । बालश्रम, भिक्षावृत्ति एंव बाल विवाह के विरूद्ध प्रदेश स्तरीय अभियान चलाकर बालकबालिकाओं को अवमुक्त कराने हेतु ऑपरेशन बचपन चलाया जा रहा है ।गुमशुदा बच्चोंबालिकाओं हेतु रेलवे स्टेशनों,बस स्टेशनों, बाल गृहों व एनजीओ द्वारा संचालित आश्रय ग्रहों आदि का भौतिक निरीक्षण करना एवं बरामद बच्चों को पुनर्वासित करने के लिये अभियान ऑपरेशन खोज चलाया जा रहा है । महिला स्कूल/कालेज के आसपास तथा वल्नरेबल स्पॉट्स पर अवांछनीय तत्वों व मनचलों के विरुद्ध ऑपरेशन मजनूह्व चलाया जा रहा है । शराबी नशेडी एंव अन्य प्रकार के मादक पदार्थों के सेवन करने वाले अभ्यस्त व्यक्तियों के विरूद्ध निरोधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करने एवं ऐसे संदिग्ध स्थलों का चिन्हीकरण करते हुये विधिक कार्यवाही सुनिश्चित कराने के लिये ऑपरेशन नशा मुक्ती अभियान चलाया जा रहा है ।

राम वन गमन को देख श्रद्धालुओं के छलके आंसू, लगे जयकारे

प्रतापगढ़। लक्ष्मणपुर ब्लाक के सगरासुंदरपुर बाजार मे लक्ष्मणपुर रोड पर हो रही रामलीला का मंचन देखने श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी दिखी। श्रीराम लीला मंचन में राम गमन का दृश्य दर्शको की आंखें भर आयी। प्रभु राम केवट संवाद पर दर्शक प्रभु श्रीराम का जयकारा लगाते नजर आयेण तो वही भरत कैकेयी संवाद को सुन सभी का हृदय भाव विहवल हो उठा नाव उतराई के समय जब माता सीता ने अपनी अगूँठी उतार कर केवट को देने लगी तो केवट द्वारा उतराई न लेने पर दर्शको ने तालियो की गडगडाहट से कार्यक्रम को सराहा। वहीं जब भरत प्रभु राम को मनाने के लिये अयोध्या से चित्रकूट के लिए निकले तो उनके साथ तीनो माताये कौशल्याए कैकेयी और सुमित्रा को सफेद वस्त्रो मे देख मौजूद महिलाओ की आँखो मे आँसू आ गये। मंच का संचालन रत्नाकर तिवारी ने किया। स्वागत रामलीला कमेटी के अध्यक्ष समाजसेवी संजय शुक्ल ने किया। इस मौके पर दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष शिवशंकर शुक्लए व्यापार मंडल अध्यक्ष जाकिर अलीए राम नरायण वर्माए सुरेश मिश्र मदनए अनूप त्रिपाठीए संजीव तिवारीए लालजी यादवए अतुल दुबेए पिंटू तिवारीए राम सूरत तिवारीए शिवकरनए अजय तिवारीए राहुलए आदर्श अभिषेकए प्रद्युम्नए अनूपए खुशबू सिंहएगरीब उल्लाए अनिल जायसवालए अनीताए सुनीताए कमलाए वर्षाए सोनमए अंकिताए गुंजनए राधाए विमला आदि रहे।

अजगर को लेकर मचा हड़कम्प

प्रतापगढ़। कोतवाली के पंड़ित का पुरवा में गुरूवार को दोपहर अजगर को खेत में देखकर हड़कम्प मच गया। विशालकाय अजगर द्वारा नील गाय के बच्चे को आधा निगल लिया गया देख लोग भयभीत हो उठे। आधे घण्टे बाद अजगर ने नील गाय के बच्चे को बाहर फेंका तो वह मृत पाया गया। अजगर को लेकर खेत के आस पास भारी भीड़ जुट गयी दिखी। ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दी तब वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर अजगर को एक बोरी में किसी तरह कैद किया। वन विभाग की टीम अजगर को गांव से जंगल लेकर पहुंची।

रतन टाटा के निधन को प्रमोद तिवारी व मोना ने बताया राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में अपूर्णनीय क्षति

प्रतापगढ़.। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा कांग्रेस विधान मण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने देश के जाने माने उद्योगपति रतन टाटा के आकस्मिक निधन को भारत की अर्थव्यवस्था एवं राष्ट्रीय उद्योग के क्षेत्र में बड़ी क्षति कहा है। उन्होंने कहा कि विश्वसनीयता तथा भारतीयता से रतन टाटा का आजीवन गहरा जुड़ाव रहा। विधायक मोना एवं राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि देश की उद्योग जगत की उन्नति में रतन टाटा ने अपना बहुमूल्य एवं अविस्मरणीय योगदान दिया है। वहीं प्रमोद तिवारी तथा आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि देश जब आजाद हुआ तब बड़े उद्योग के क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वर्गीय रतन टाटा ने सबसे आगे आये। विधायक मोना तथा सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि पद्मभूषण रतन टाटा ने आजाद भारत के निर्माण में अपना योगदान देते हुए राष्ट्र की सच्ची सेवा की। सांसद प्रमोद तिवारी एवं विधायक आराधना मिश्रा ने कहा कि स्वर्गीय रतन टाटा ने भारतीय उद्योग जगत को मजबूती प्रदान करने के लिए टाटा स्टील्स समेत अनेक संयंत्र स्थापित किए। इधर यूपी में कांग्रेस सपा गठबंधन को लेकर हो रही बातचीत को लेकर विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि मतों का बिखराव रोकने के लिए शीर्षस्तर पर दोनों दलों के बीच बातचीत जारी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस संविधान बचाओ संकल्प अभियान के तहत प्रदेश में पार्टी की मजबूती के प्रयास को तेजी से जारी रखेगी। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी का यह बयान गुरूवारको मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल के हलवाले से निर्गत हुआ।

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

मेरठ । गुरुवार को प्राचार्य डॉ आर सी गुप्ता लाला लाजपत राय स्मारक मेडिकल कॉलेज मेरठ के मार्गदर्शन एवं कम्युनिटी मेडिसिन विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सीमा जैन तथा सहायक आचार्य डॉ. नीलम गौतम के नेतृत्व में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर एन०एन०एन० स्पोर्ट्स फैक्ट्री सूरजकुंड फैक्ट्री श्रमिकों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ आर सी गुप्ता ने बताया कि देश में 10.6% भारतीय मानसिक बीमारियों से ग्रसित हैं भारत में किए गए एक सर्वे के अनुसार 197७3 मिलियन लोग मानसिक रोगों से पीड़ित है जिसमे से 45७7 मिलियन लोग डिप्रेशन से तथा 44७9 मिलियन लोग एंग्जायटी से पीड़ित हैं मानसिक रोगों के मरीज भारत में दिन-प्रतिदिन बढ़ते जा रहे है । विभागाध्यक्ष डॉ सीमा जैन ने मानसिक मरीजो में उपचार की देरी (ट्रीटमेंट गैप) का 85-96% आकड़े,प्रमुख कारण एवं मानसिक बीमारियों के प्रति जागरूकता का अभाव , स्टिग्मा , भेदभाव और गलत अवधारणाओं की विस्तृत चर्चा की। डॉ नीलम गौतम ने बताया कि मानसिक रोगों के रोकथाम के लिए दिनांक 10 अक्टूबर 2023 विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर, फैक्ट्री श्रमिकों के लिए एक स्वास्थ्य वार्ता का आयोजन किया गया है।

मालगाड़ी में जीपीएस ट्रैकर मिलने से हड़कंप

झांसी। झांसी के निकट भोपाल-दिल्ली रेल मार्ग पर एक मालगाड़ी में एक संदिग्ध इलेक्ट्रॉनिक उपकरण मिलने से हड़कंप मच गया। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को बताया कि उपकरण की जब गहनता से जांच की गयी तो इसके जीपीएस होने की पुष्टि हुई। अधिकारियों ने बताया कि घटना पूर्वाह्न करीब साढ़े नौ बजे उस समय हुई, जब छत्तीसगढ़ से राजस्थान कोयला ले जा रही मालगाड़ी बिजौली स्टेशन पर रुकी हुई थी। पुलिस के अनुसार, ट्रेन के गार्ड सीएल मीणा ने गार्ड के डिब्बे के पास चमकती रोशनी वाली एक डिवाइस देखी और तुरंत रेलवे नियंत्रण कक्ष को सूचित किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सुधा सिंह समेत वरिष्ठ अधिकारी आरपीएफ (रेलवे सुरक्षा बल), जीआरपी (राजकीय रेलवे पुलिस) और बम निरोधक दस्ते के साथ मौके पर पहुंची। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सुधा सिंह ने बताया कि आरपीएफ को सूचना मिली थी कि प्रेमनगर थाना क्षेत्र के बिजौली स्टेशन पर रुकी हुई मालगाड़ी के अंदर एक उपकरण मिला है। जब गहनता से जांच की गई, तो एक जीपीएस ट्रैकर मिला। मामले की जांच की गयी तो सामने आया कि जिस कंपनी ने अपने कोयले की खेप को मालगाड़ी से भेजा था उसी ने ट्रैकर लगाया था। उन्होंने बताया कि मामले में कोई और संदिग्ध बात सामने नहीं आई है हालांकि जीआरपी ने ट्रैकर को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी गयी है।

संक्षेप

बांसगांव उपनिबंधक अनिल कुमार ने कार्यभार संभाला

बांसगांव, गोरखपुर। बांसगांव रजिस्ट्री कार्यालय में उपनिबंधक अनिल कुमार राव ने बिधिवत कार्यभार ग्रहण कर अपना कार्य भी शुरू कर दिया है। श्री राव इसके पहले कुशीनगर जिले के खड्डा तहसील रजिस्ट्री कार्यालय में बतौर उपनिबंधक कार्यरत रहे है। श्री राव ने बताया कि काश्तकारों एवं दस्तावेज लेखकों से अपील है कि शासन के मंशा के अनुरूप दान, बिक्रय तथा वसीयत लेखपत्रो में आवश्यक दस्तावेज के साथ ही निबंधन कार्यालय में प्रस्तुत करें तथा जिलाधिकारी द्वारा निर्धारित सर्किल रेट का ईमानदारी पूर्वक पालन करते हुए उसी के अनुरूप स्टॉम्प शुल्क देकर सरकार का सहयोग करे। तथा मेरे द्वारा आम जनता का पूरा सहयोग किया जाएगा।

चचेरे भाई ने लूटी किशोरी की आबरू

मझगांवा, गोरखपुर। गगहा क्षेत्र में बुधवार की रात एक युवक 16 वर्षीय चचेरी बहन को फुसला कर घर में बुलाकर दुष्कर्म किया। विरोध करने आरोपी पीड़िता को धमकी देकर भगा दिया। गुरुवार को किशोरी की मां थाने पहुंच कर आरोपी के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।
बुधवार की रात आरोपी किसी बहाने 16 वर्षीय किशोरी को घर बुलाया और धमकी देकर दुष्कर्म किया। इधर रात को बिस्तर पर पुत्री को न देखकर उसकी मां खोजने लगी। कुछ देर बाद किशोरी बदहाल हाल में घर लौटकर मां को आपबीती सुनाई। गुरुवार को किशोरी और उसकी मां थाने पहुंच कर आरोपी के खिलाफ लिखित शिकायत की। पुलिस आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस किशोरी का बयान दर्ज कर मेडिकल जांच के लिए भेज दिया है।

विराट कुश्ती दंगल प्रतियोगिता आज

मझगांवा, गोरखपुर। गगहा स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में गत वर्षो की भांति इस साल भी महानवमी पर्व पर शुक्रवार को भव्य मेला व विराट कुश्ती-दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस कुश्ती दंगल में प्रदेश स्तर व जिला स्तर के अतिरिक्त दूर-दराज के नामी-गिरामी पहलवान भाग ले रहे हैं। यह दंगल देखने दूर-दराज से सैकड़ो लोग आते हैं। उक्त जानकारी कार्यक्रम आयोजक व पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि जयवीर सिंह ने दी। उन्होने बताया कि दुर्गा मंदिर परिसर में आयोजित यह प्रतियोगिता सन 1969 से लगातार 56 वर्षो से कुश्ती दंगल पहलवानों के मल्ल कला के प्रदर्शन का केन्द्र है। इस दंगल में प्रतिभाग करने के लिये ग्रामीण क्षेत्रों के नियमित वर्जिश करने वाले पहलवान महीनों पूर्व से तैयारी शुरू कर देते हैं, इतना ही नहीं, इस आयोजन को देखने के लिए स्थानीय दर्शक भी अपना दैनिक कार्य छोड़कर दंगल देखने पहुँचते हैं।

सपाइयों ने मनाई पार्टी संस्थापक मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि

गोरखपुर। बेतियाहाता स्थित सपा कार्यालय पर गुरूवार को जिलाध्यक्ष ब्रजेश कुमार गौतम की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन कर समाजवादी पार्टी के संस्थापक, भारत के पूर्व रक्षामंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि मनाया गया। सपा नेताओं व कार्यकताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला जिलाध्यक्ष ब्रजेश कुमार गौतम ने कहा कि श्रद्धेय नेता जी मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मन में गहरी श्रद्धा और सम्मान उमड़ता है। वे केवल एक राजनेता नहीं थे, बल्कि वे जन-जन की आवाज थे, एक ऐसे नेता जिन्होंने हमेशा समाज के सबसे पिछड़े और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। आज उनकी पुण्यतिथि पर, हम संकल्प लेते हैं कि उनके आदर्शों पर चलकर समाज में न्याय, समानता और सद्भावना का प्रसार करेंगे। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष शब्बीर कुरैशी, जिला महासचिव रामनाथ यादव, पूर्व मंत्री जयप्रकाश यादव, यशपाल रावत, विजय बहादुर यादव, अवधेश यादव, नगीना प्रसाद साहनी, रजनीकांत पांडे, अमरेन्द्र निषाद, जफर अमीन डक्कू, मनुरोजन यादव, मिर्जा कदीर बेग, मुन्नीलाल यादव आदि ने सपा संस्थापक को श्रद्धा-सुमन अर्पित किया।

सीताहरण का मंचन देख दर्शकों की भर आई आंखे

गगहा/मंझगांवा, गोरखपुर। गगहा क्षेत्र के ग्राम सोनईचा की बाग दिन में लगने वाले पर प्रसिद्ध रामलीला मेला में ग्रामीण कलाकरों ने सीताहरण का मंचन किया। सीता हरण व उनका विलाप देख दर्शकों के आंखों में आंसू भर आए। माता सीता प्रभु श्रीराम व लक्ष्मण के साथ चित्रकूट में कुटिया में बैठे थे। रावण का मामा मारीच सोने का मृग बनकर वहां विचरण करने लगता है। जिसे देख माता सीता आकर्षित हो गई। प्रभु श्रीराम उसे पकड़ने के लिए पीछे दौड़े। कुछ देर मृग के विलाप करने पर अनहोनी की आशंका पर माता सीता के कहने पर लक्ष्मण भी कुटिया के बाहर लक्ष्मण रेखा खिंचकर उधर ही चले जाते है। कुछ देर बाद साधू भेष में पहुंचा रावण माता सीता का छल से अपहरण कर लिया। सीता जी के हरण व उनके विलाप को सुन दर्शकों के आंखों में आंसू भर गए। सोनइचा के रामलीला की बाग में पंडित राम सहाय पांडेय ट्रस्ट द्वारा यह मेला प्रति वर्ष लगवाया जाता है। आयोजक पद्यमाकर पांडेय का कहना है कि यह श्री राम लीला मेला हमारे पूर्वज पंडित स्व भगवान सहाय पांडेय की स्मृति में 100 वर्ष पहले से लगाया जा रहा है। इस मेले की सबसे बड़ी खासियत है कि यह चार दिन तक दिन में लगता है। क्षेत्र के ग्रामीण कलाकार ही इसमें प्रति भाग करते हैं। एक तरफ बाग में श्रीरामलीला चलता है तो दूसरी तरफ कीर्तन मंडली अपने धुन में कीर्तन गाती है। कीर्तन मंडली में मार्कण्डेय पांडेय, बैजनाथ पांडेय, महाशय पांडेय, वीरेंद्र पांडेय, राजमणि पांडेय, पद्माकर पांडेय, रामदरश पांडेय, बब्बन पांडेय, रामजीत पांडेय, मुन्ना तिवारी आदि रहे।

सपा ने मुलायम सिंह की पुण्यतिथि मनाई

इटावा। समाजवादी पार्टी के संस्थापक व पूर्व रक्षामंत्री नेताजी मुलायम सिंह यादव की द्वितीय पुण्यतिथि पर समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ नेताजी को माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए इसके बाद विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने कहा किसानों, गरीबों, मजदूरों, बेरोजगारों, दलितों, अल्पसंख्यकों, समाज के निम्न वर्गो, पिछड़ों, भय ग्रस्त लोगों की एक सशक्त आवाज, निडर, निर्भय, बेदाग छवि के नेता, भारत की सशक्त आवाज जन जन के न्याय के लिए लड़ने वाले योद्धा थे। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव नेताजी के पद चिंन्हो पर चलकर हर वर्ग के लोगों को साथ लेकर समाजवादी पार्टी को आगे बढ़ाने का काम कर रहें है। विचार गोष्ठी में जिलामहासचिव वीरु भदौरिया, विधायक राघवेंद्र गौतम, पूर्व चेयरमैन कुलदीप गुप्ता सन्टू, सर्वेश शाक्य, उपाध्यक्ष आशीष राजपूत, उत्तम सिंह प्रजापति, चच्चू शुक्ला, अनवार हुसैन, शहर अध्यक्ष अब्दुल अंसारी, सिग्रेस यादव, कोषाध्यक्ष ब्रजेन्द्र यादव, सफी अहमद बालक, उदयभान सिंह यादव, प्रवक्ता विक्की गुप्ता, उपदेश मिश्रा, राजपाल सिंह यादव, उमेश राजपूत डुल्ले प्रवीन कुशवाहा, गुड्डू मंसूरी, आशीष पटेल, अखिलेश वर्मा, डॉ. संतोष राठौर, जय सिंह चैहान, अविनाश कुशवाहा सभासद, कमलेश यादव, एड. राजू यादव, गोरखनाथ वर्मा, सीताराम कश्यप, हुकुम सिंह यादव, देवेंद्र भदोरिया, पप्पू यादव, शशी यादव, मालती यादव, सत्यवती यादव, वी के यादव, कमलेश यादव, सर्वेश जोशी अबधपाल, आनंद गोयल, अंकुर यादव शामिल हुए।

डीएम एसएसपी ने पटाखे की दुकानों को परखा

इटावा। जिलाधिकारी अवनीश राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने त्योहार दीपावली को देखते हुए मां वैष्णो देवी फायरवर्क्स पटाखे की दुकान का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां पर स्टॉक रजिस्टर आदि का निरीक्षण किया एवं स्टॉक रजिस्टर मेंटेन करने हेतु निर्देशित किया एवं धूमनपूरा पटाखे के गोदाम का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने वहां पर उपस्थित संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि जहां से सामान लाया जाता है उसका स्टाक रजिस्टर में मेंटेन अवश्य किया जाए एवं रसीद आदि को भी चेक किया। उन्होंने कहा कि पटाखे आपके द्वारा बनाए जाते हैं उन पटाखों के पैकेट पर पटाखों का स्थान एवं मूल तथा दिनांक आदि आवश्यक डाली जाए, निरीक्षण के समय स्टॉक रजिस्टर नहीं मिलने पर महोदय द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई। उन्होंने कहा कि स्टॉक रजिस्टर अवश्य बनाया जाए एवं उस पर एंट्री समय से की जाएं। उन्होंने स्टॉक रजिस्टर मेंटेन ना होने के कारण नोटिस जारी किए जाने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने मूर्ति विसर्जन को लेकर पिलखर नहर पर व्यवस्था हेतु जायजा लिया। उन्होंने वहां पर मौके पर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सड़क किनारे बालू, गिट्टी को हटवाया जाए जिससे श्रद्धालुओं को आने में कोई समस्या ना हो एवं यह भी अवगत कराया गया कि जो भी अधिकारीयों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है वह समय से ड्यूटी स्थल पर तैनात रहें एवं पुलिस फोर्स से सामंजस कर कानून व्यवस्था बनाए रखे जिससे की कोई समस्या न होने पाए।

डॉक्टर की जगह चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी करते हैं इलाज

राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय ब्रम्हपुर का है मामला

चौरीचौरा, गोरखपुर। ब्रम्हपुर ब्लाक स्थित राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय ब्रम्हपुर अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। परिसर में उगी बड़ी बड़ी घांसे तथा झाड़ियां इस चिकित्सालय की पहिचान बन गई है। परिसर में बड़ी बड़ी घासें उगने के कारण मच्छरों का भरमार है। लोगों में गंदगी के कारण संक्रामक बीमारियों के फैलने का भय बना हुआ है। चिकित्सालय के स्टोर रुम में रखी दवायें फर्श पर फेंकी गई है। जिसका उपयोग स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है।
बताते चलें कि मंगलवार को अखबार के चौरीचौरा प्रतिनिधि द्वारा अस्पताल के विषय में मिली शिकायत के संबंध में राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय ब्रम्हपुर का स्थलीय निरीक्षण किया गया। जहां पर स्थानीय कुछ लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि परिसर में गंदगी का साम्राज्य है। दवायें फर्श पर फेंकीं रहती हैं। यहां मरीजों का इलाज चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी द्वारा किया जाता है। डाक्टर हमेशा नहीं आते हैं। चिकित्सालय पर उपस्थित कर्मचारी ने बताया कि हास्पिटल पर नियुक्त डाक्टर सप्ताह में केवल दो दिन आते हैं। जबकि इस संबंध में राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय ब्रम्हपुर डा दिनेश चंद्र अमेठिया ने बताया कि परीक्षा में ड्यूटी लगाई गई है। लगभग 25 दिन से अवकाश पर हूं।

34 नवजातों का कन्या जन्मोत्सव मना

गोरखपुर। मिशन शक्ति फेज-5 के अन्तर्गत गुरूवार को जिला महिला चिकित्सालय, गोरखपुर में कन्या जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। कायर्क्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उप्र राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष श्रीमती चारू चैधरी उपस्थित रहीं। कायर्क्रम में जिला महिला चिकित्सालय में जन्मे कुल 34 नवजात शिशुओं का केक काटकर जन्मोत्सव मनाया गया तथा बच्चियों को बेबी किट, कपड़ा जलपान इत्यादि वितरित किया गया तथा उनके परिजनों को प्रशस्ति पत्र देकर स्वागत किया गया। साथ ही मिशन शक्ति कायर्क्रम में सहयोग प्रदान कर रही महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।
आयोजित कायर्क्रम में जिला विकास अधिकारी, गोरखपुर, प्रमुख अधीक्षक, जिला महिला चिकित्सालय, गोरखपुर, जिला प्रोबेशन अधिकारी, गोरखपुर, जिला समाज कल्याण अधिकारी गोरखपुर, जिला कायर्क्रम अधिकारी, गोरखपुर, वन स्टाप सेन्टर, जिला बाल संरक्षण इकाई तथा चाइल्ड हेल्प लाइन, गोरखपुर के कामिर्क उपस्थित रहे।

पुलिस ने किया पैदल गस्त और पूजा पंडालों का निरीक्षण

मझगांवा, गोरखपुर। बांसगांव के क्षेत्राधिकारी दरवेश कुमार और गगहा थाना प्रभारी गौरव वर्मा की पुलिस टीम ने हाटा बाजार में पैदल गस्त किया और दुर्गा पूजा पंडालों का निरीक्षण किया। यह अभ्यास आगामी दशहरा त्यौहार की सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए किया गया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने स्थानीय लोगों से बातचीत कर सुरक्षा संबंधी जानकारी दी और आवश्यक निर्देश दिए। पुलिस ने पूजा पंडालों की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था का जायजा लिया।

गांव के दो बच्चे हुए लापता, गुमशुदगी दर्ज

बकेवर, इटावा। थाना क्षेत्र के ग्राम नगला कलें में मां की डांट से क्षुब्ध होकर घर से निकला 11 वर्षीय बालक गांव के ही एक अन्य 8 वर्षीय बालक के साथ लापता हुआ। पुलिस ने मामला दर्ज कर लापता बच्चों की तलाश शुरू कर दी है।
थाना क्षेत्र के ग्राम नगला कलें निवासी रामवीर प्रजापति पुत्र जगन्नाथ ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 8 सितंबर की दोपहर एक बजे उनका 11 वर्षीय पुत्र राजकुमार घर में शैतानी कर रहा था जिसपर उसकी पत्नी ने उसे डांट दिया। मां के डांटने पर राजकुमार नाराज होकर घर से निकल गया जब काफी समय बाद भी जब वह नहीं लौटा तो उसकी खोजबीन शुरू हुई जिसपर जानकारी मिली कि गांव के ही सौरभ का 8 वर्षीय पुत्र लकी भी घर से लापता है।

मुलायम सिंह यादव की दूसरी पुण्यतिथि पर अखिलेश ने दी श्रद्धांजलि

सैफई, इटावा। समाजवादी पार्टी के संस्थापक एवं पूर्व रक्षामंत्री मुलायम सिंह यादव की द्वितीय पुण्यतिथि उनके गांव सैफई में मनाई गयी। उनके पुत्र व सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव, सांसद धर्मेंद्र यादव, सांसद अक्षय यादव, सांसद आदित्य यादव, सांसद रामजीलाल सुमन, सांसद जितेंद्र कुमार दोहरे, विधायक राघवेंद्र गौतम, विधायक प्रदीप यादव सहित प्रदेश के कोने कोने से नेता व कार्यकर्ता मुलायम सिंह यादव की समाधि पर पुष्प अर्पित करने पहुंचे। इसके साथ-साथ परिवार के अन्य लोग भी समाधि पर पहुंचे और श्रद्धांजलि अर्पित की।
अखिलेश यादव ने उद्योगपति रतन टाटा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनका देश की अर्थव्यवस्था को बदलने में बड़ा योगदान रहा। उनकी सोच व विजन यह था कि कारोबार करते समय उसूलों से कोई समझौता नहीं करते थे। समाज के कल्याण के लिए काम करते थे। उन्होंने कहा कि मुलायम सिंह यादव को पूरे परिवार ने श्रद्धांजलि दी है। आज का दिन राजनीतिक चर्चा का नहीं है। हम लोग नेताजी को याद कर रहे हैं। उन्होंने इसी धरती से अपनी लड़ाई शुरू की थी बाद में वे धरती पुत्र के नाम से जाने गए। मुलायम सिंह यादव ने समाज व राजनीति को दिशा दी है। इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री अशोक यादव, पूर्व राज्यमंत्री श्रीकृष्ण यादव, जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बब्लू, महासचिव वीरू भदौरिया, जिलाउपाध्यक्ष उत्तम सिंह प्रजापति, डॉ. ब्रजेश यादव, डॉ. अरविंद यादव, राजवीर बाबा, मुकदम सिंह सरपंच, सोनू यादव, जितेंद्र यादव मोना, सीताराम कश्यप, रामफल बाल्मीकि प्रधान, अनिल दोहरे, बबलू यादव पूर्व प्रधान, सुशांत वर्मा, प्रेम सिंह यादव, चंदगीराम यादव, रामनरेश यादव पिडारी, संतोष शाक्य, सर्वेश शाक्य, राहुल गुप्ता, विनोद यादव, लालजी दुवे, जयवीर सिंह पूर्व प्रधान, सुरेंद्र यादव, करन चैधरी, अब्दुल नईम, नीरज यादव ब्लॉक प्रमुख, सुभाष चंद्र गुप्ता, भारत सिंह यादव, रामवीर यादव, मुकेश गुप्ता पूर्व प्रधान, विजयपाल फौजी, बलवीर सिंह यादव, अरुणेन्द्र यादव नीलू प्रधान, शिवकिशोर यादव, भुजवीर सिंह यादव एडवोकेट, आलोक मिश्रा लालू, देवेश पचैरी, संतोष कुमार राजपूत, टीपी मामा मौजूद रहे।

रोजगार मेले में 265 युवाओं को मिला रोजगार

इटावा। जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि तिरुपति बालाजी महाविद्यालय एवं जिला सेवायोजन कार्यालय मॉडल करिअर सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में गुरूवार को वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। उक्त रोजगार मेले में 11 कम्पनिया ने प्रतिभाग किया। रोजगार मेले में कुल 509 दिन रोजगार अभ्यार्थियों ले प्रतिभा किया जिसमें से कुल 265 अभ्यर्थियों का चयन किया गया जो इस प्रकार है केयर हेल्थ नर्सेस प्राइवेट लिमिटेड हेतु प्रतिभागी अभ्यर्थी 27 जिसमें 14 अभ्यर्थी चयनित, वर्धमान टेक्सटाइल्स प्राइवेट लिमिटेड हेतु प्रतिभागी अभ्यर्थी 29 जिसमें 12 अभ्यर्थी चयनित, बजाज कैपिटल, हेतु प्रतिभागी अभ्यर्थी 46 जिसमें 24 अभ्यर्थी चयनित, ए एस वर्ड ग्रुप हेतु प्रतिभागी अभ्यर्थी 34 जिसमें 18 अभ्यर्थी चयनित, पुखराज हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड, हेतु प्रतिभागी अभ्यर्थी 63 जिसमें 33 अभ्यर्थी चयनित, जेनेवा क्रॉप साइंस प्राइवेट लिमिटेड, हेतु प्रतिभागी अभ्यर्थी 62 जिसमें 32 अभ्यर्थी चयनित, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस इटावा, हेतु प्रतिभागी अभ्यर्थी 25 जिसमें 13 अभ्यर्थी चयनित, जीवन बीमा निगम इटावा, हेतु प्रतिभागी अभ्यर्थी 65 जिसमें 34 अभ्यर्थी चयनित, टाईम्स प्रो हेतु प्रतिभागी अभ्यर्थी 38 जिसमें 20 अभ्यर्थी चयनित, ग्रीन मैक्स सिस्टम हेतु प्रतिभागी अभ्यर्थी 67 जिसमें 35 अभ्यर्थी चयनित, तथा युवा शक्ति फाउंडेशन हेतु प्रतिभागी अभ्यर्थी 54 जिसमें 28 अभ्यर्थी चयनित हुये।

गंदगी देख बिफरे एसडीएम

चकरनगर, इटावा। एसडीएम ने बुधवार को सीएचसी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मिली खामियों को सुधारते हुए डॉक्टर सहित सभी स्टाफ को समय से केन्द्र पहुंचने का आदेश दिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजपुर चकरनगर का एसडीएम ब्रह्मानंद सिंह कठेरिया ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डॉक्टर उपस्थित मिले, लेकिन परिसर से लेकर अस्पताल में मिली गंदगी से निरीक्षण अधिकारी भड़क गए। इस बात पर अधीक्षक महेश पाल को साफ-सफाई का आदेश दिया।

पूर्वोत्तर रेलवे
सार्वजनिक अधिसूचना
रेलवे लाइनों और परिसरो के सभी उपयोगकर्ताओ को एतदद्वारा सूचना दी जाती है कि पूर्वोत्तर रेलवे के निम्नलिखित खण्ड पर शिरोपरि कर्षण तारो को खण्ड के सामने विनिर्दिष्ट तारीख को या बाद में 25000 वोल्ट 50 हर्टज एसी पर चार्ज किया जायेगा। उस तारीख पर और उस तारीख से शिरोपरि कर्षण लाइन को समय विद्युतमय माना जाएगा और कोई अनाधिकृत व्यक्ति उस शिरोपरि लाइन की सामीप्यता में दाखिला होने या काम करने नही जाएगा। क्रम सं. 01 खण्ड : इलेक्ट्रिक लोको ट्रिप शेड, गोरखपुर
दिनांक : 20.10.2024
उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/निर्माण, गोरखपुर
मुजाधि/विद्युत–147
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

बोर्ड की बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव हुए पास

सदर विधायका सरिता भदौरिया ने पैसा रोकने को लिखा शासन को पत्र

मुजफ्फर अली

इटावा। नगर पालिका बोर्ड की बैठक गुरुवार को अध्यक्ष ज्योति गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सदर विधायक द्वारा नगर विकास मंत्री को पिछले महीने में पालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार की जांच कराने, सरकारी धन का दुरुपयोग व जांच होने तक 15 वित्त की धनराशि आवंटित न किए जाने का पत्र सार्वजनिक होने से विभिन्न राजनीतिक चचाएं तेज हो गई। दरअसल बैठक में शामिल हुए सांसद प्रतिनिधि सपा नेता मनीष यादव पतरे ने एक पत्र जारी करते हुए बताया कि सदर विधायक सरिता भदौरिया ने नगर विकास मंत्री को जनप्रतिनिधि होने के नाते 15वें वित्त का धन आवंटन न किए जाने का अनुरोध किया। साथ ही उन्होंने अपने पत्र में इटावा नगर पालिका में भ्रष्टाचार व्याप्त होने व सरकार की मंशाअनुरूप कार्य न होने और विकास कार्यों में धांधली जैसी शिकायत की है जबकि एक जनप्रतिनिधि होने के नाते सदर विधायक को शहर के विकास के लिए सरकार से वित्त आवंटन में बढ़ोतरी का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी जनप्रतिनिधियों को चाहिए कि वह मिलजुल कर कार्य करें जिससे जनता का हित हो सके जबकि हमारे यहां कुछ जनप्रतिनिधि राजनीतिक विद्वेष के चलते विकास कार्यों को अवरुद्ध कराने में लगे हैं। बैठक में इसको लेकर सभासदों में भी चर्चा तेज हो गई। वहीं दूसरी ओर पालिका बोर्ड की बैठक में विभिन्न प्रस्तावों को मंजूरी मिल गई जिसमें पुलिस विभाग द्वारा शहर में पालिका क्षेत्र के अंतर्गत चिन्हित ब्लैक स्पॉट 22 ख्वाजा रोड, चर्च रोड समेत कुल चार जगह पर प्रकाश व्यवस्था कराए जाने और उसके जरिए क्राइम रोकने की पहल को लेकर प्रस्ताव पारित किया गया। वर्तमान में अधिशासी अधिकारी द्वारा बताया गया की 22 ख्वाजा रोड पर प्रकाश व्यवस्था का कार्य तेजी से चल रहा है। इसके अलावा शहर में साफ सफाई प्रकाश व्यवस्था आदि के लिए हुई खरीद का भुगतान करने संबंधी प्रस्ताव भी पारित कराए गए। नगर पालिका के शास्त्री चैराहा स्थित पुराने भवन की मरम्मत पुताई कार्य के साथ ही भरथना बस स्टैंड डबल टंकी परिसर में टीन सेट गैराज के निर्माण आदि के प्रस्ताव भी पारित किए गए। वहीं पालिका के सभी वाहनों में जीपीएस सिस्टम लगाए जाने पालिका की सभी जमीनों का डिजिटलाइजेशन करने व पालिका के सफाई आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को पारिश्रमिक में श्रम कार्यालय की रिपोर्ट के आधार पर 412 रुपए प्रति श्रमिक प्रतिदिन की वृद्धि किए जाने जैसे महत्वपूर्ण प्रस्ताव भी पारित किए गए। बैठक में अधिशासी अधिकारी विनय कुमार मणि त्रिपाठी, पूर्व अध्यक्ष कुलदीप गुप्ता सन्टू समेत बड़ी संख्या में सभासद व पालिका के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

बोर्ड की बैठक में सभासद मंदिर के सुंदरीकरण को लेकर खुश

पिछले दिनों नवरात्र से पहले ही नगर पालिका द्वारा कालीवांह मंदिर पर कराए गए सुंदरीकरण कार्य को लेकर पालिका बोर्ड बैठक में चर्चा हुई। इसको लेकर सभी सभासदों ने अध्यक्ष व उनकी पूरी टीम को बधाई दी। अध्यक्ष ज्योति गुप्ता ने कहा कि यह कार्य बिना टीम के सहयोग के संभव नहीं था ऐसे में पालिका के प्रत्येक सभासद, अधिकारी व कर्मचारी इस कार्य के लिए बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से पूरे जिले में मंदिर के सौंदरीकरण की चर्चा हो रही है।

बैठक में चेयरमैन ने सभी कार्यों के निस्तारण का भरोसा दिया

पालिका बोर्ड बैठक में सभासद शरद बाजपेई ने एजेंडे में कुछ कार्यों की धनराशि न लिखे जाने पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि इसकी स्पष्ट जानकारी बोर्ड को दी जाए। इसके अलावा उन्होंने कुछ कार्यों के औचित्य पर भी सवाल उठाए साथ ही उन्होंने अपने वार्ड में गलियों का निर्माण आदि न होने पर आपत्ति दर्ज कराते हुए वाटर कूलर लगवायें जाने की भी मांग रखी। जिस पर अधिशासी अधिकारी व अध्यक्ष ने उन्हें आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द उनके कार्यों को प्राथमिकता से कराया जाएगा। इसके अलावा सभासद प्रतिनिधि हीरु तोमर व जीतू दुबे ने भी अपने-अपने वार्ड में सौंदर्यकरण व गलियों आदि के निर्माण की मांग रखी।

यात्री बन्धुओं के लिए आवश्यक सूचना
1. रेलवे ट्रैक, स्टेशन एवं समपार फाटकों के आस–पास भीड़ एकत्रित न करें, यह खतरनाक हो सकता है।
2. रेलगाडी के डिब्बों में स्टोव जलाना, आतिशबाजी का सामान, बारूद से बनी वस्तुयें, गैस सिलिण्डर, तेजाब, फिल्म, मिट्टी का तेल एवं पेट्रोल जैसे अन्य ज्वलनशील वस्तुओं को साथ लेकर यात्रा न करें। इन वस्तुओं से आग लग सकती है। यह भारतीय रेल अधिनियम 1989 के अनुच्छेद 164 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध है।
3. यात्री यदि इस प्रकार के ज्वलनशील एवं खतरनाक विस्फोटक वस्तुओं को गाड़ी एवं स्टेशन परिसर में देखें तो तुरन्त इसकी सूचना गार्ड/टीटीई, स्टेशन मास्टर या रेलवे सुरक्षा बल/ राजकीय रेल पुलिस को दें। इसी में आपकी एवं सभी यात्रियों की सुरक्षा है।
4. यदि किसी यात्री को ऐसे ज्वलनशील एवं खतरनाक विस्फोटक वस्तुओं के साथ यात्रा करते हुए पाया जाता हैं, तो उन्हें उतरवा कर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।
5. गाड़ी की छत एवं पावदान पर यात्रा न करें, यह जानलेवा एवं दण्डनीय है।
मुजाधि/संरक्षा-3
पूर्वोत्तर रेलवे
यात्री सेवा में विकास के लिए सदा तत्पर
nerailwaygkp nerailwaygkp nerailwaygkp
n.e.railwaygkp https://ner.indianrailways.gov.in

संक्षेप

बिना प्रशिक्षण के नही बनेगा आवेदक का लाइसेन्स

लखीमपुर -खीरी। ए0आर0टी0ओ0 कार्यालय के अधिकारियों ने सख्ती के साथ प्रशिक्षणर्थियो का लाइसेन्स बनाना शुरू कर दिया है। लाइसेन्स बिना प्रशिक्षण के जारी नहीं किया जा रहा है। गुरूवार को ए0आर0टी0ओ0 कार्यालय में आर0आई0 पंकज सोनी ने वाहन चलाने के लिए प्रशिक्षणार्थियो का कार्यालय में प्रशिक्षण लिया। आर0आई0 पंकज सोनी ने सख्त निर्देश दिये कि आवेदक के अलावा कोई अनाधिकृत व्यक्ति कार्यालय में प्रवेष नही करेगा। अनाधिकृत व्यक्ति के प्रवेश करने पर कायार्वाही की जायेगी। पंकज सोनी आर0आई0 ने लाइसेन्स आवेदकों से वाहन चलवाकर प्रशिक्षण लिया। पंकज सोनी ने बताया कि आवेदक को पहले परिवहन विभाग की साइट पर जाकर ऑनलाइन करना होता है। साइट पर तारीख मिलने पर आवेदक कार्यालय में आकर वाहन चलाकर प्रशिक्षण प्राप्त करेगें। प्रशिक्षण में पास होने पर लाइसेन्स परिवहन विभाग द्वारा आवेदक के घर भेजा जाता है। सरकारी शुल्क के अलावा किसी तरह का कोई अतिरिक्त शुल्क नही लिया जाता। परिवहन विभाग के सारे काम काम ऑनलाइन आवेदन होने के बाद किया जाता है।

मेला मंच पर हुआ सीता हरण बालि वध का मंचन

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) श्री रामलीला महोत्सव के आठवें दिन मिला मंच पर सीता हरण शबरी प्रसंग और बालिवध का मंचन किया गया। जिसे देखकर दर्शक भावुक हो गए। शहर में हो रही रामलीला महोत्सव के दौरान मेला मैदान में सांस्कृतिक मंच पर कार्यक्रम के आठवें दिन कलाकारों ने सीता हरण शबरी प्रसंग और बालि वध की लीलाओं का मंचन किया। सीता हरण और बालि वध के मंचन के दौरान दर्शन भावुक हो उठे। जबकि शबरी प्रसंग में प्रभु श्री राम का स्नेह देख लोग बेहद खुश हु। इस अवसर पर समिति के संरक्षक जनार्दन गिरी, पंकज गुप्ता, राकेश तिवारी बड़े, दीपक मिश्रा, पंकज गोस्वामी, सुभाष मिश्रा, रामस्वरूप यादव, हँसराम स्वर्णकार, पंकज मिश्र, शिव चन्द्र शाह, सुनील गुप्ता, मनोज गुप्ता, रूपेन्द्र वर्मा, पंकज तिवारी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

हवन पूजन पूर्ण आहुति के साथ यज्ञ का समापन

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) मां मंगला देवी मंदिर में चल हो रही यज्ञ और देवी भागवत कथा का हवन पूजन पूर्ण आहुति के साथ समापन हो गया। शारदीय नवरात्र शुरू होते ही मां मंगला देवी मंदिर में यज्ञ के साथ ही देवी भागवत कथा भी हो रही थीस गुरुवार को विधिवत समापन कर दिया गया। कथा व्यास केसरी नंदन शुक्ल ने देवी भागवत कथा के दौरान तमाम प्रसंग सुना कर श्रोताओं को भक्ति भाव से सराबोर कर दिया थास शुक्रवार को कन्या भोज के बाद भंडारा आयोजित किया जाएगा।

कन्या-पूजन मातृ-शक्ति की आराधना का प्रतीक : प्रभारी मंत्री

जिला प्रशासन ने रचा इतिहास, 1100 कन्याओं का एक साथ पूजन

लखीमपुर खीरी। जिला मुख्यालय का मंडी समिति परिसर दुर्गाष्टमी के पावन अवसर पर ऐतिहासिक क्षणों का साक्षी बना। गुरुवार को खीरी की धरा पर एक इतिहास रचा गया। सीएम योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में बड़े कन्या पूजन 'शक्ति वंदन' समारोह आयोजित किया गया। इसमें जिले के परिषदीय विद्यालयों की 1100 बेटियों का कन्या पूजन किया गया। साथ ही उन्हें उपयोगी उपहारो का बैग (बैग, टिफिन, बोतल, स्टील की प्लेट व दीवार घड़ी, एनीमिया चार्ट) भी प्रदान किए गए।

कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से कलाकारों ने दर्शकों का दिल जीत लिया। जिले के प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने समारोह में बतौर मुख्य अतिथि और राज्य मंत्री महिला कल्याण प्रतिभा शुक्ला ने विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रही। उनके साथ, विधायक विनोद शंकर अवस्थी, उप्र महिला आयोग की सदस्य सुजाता कुमारी, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ अभिषेक कुमार समेत अन्य गणमान्य मौजूद रहे। समारोह में सभी गणमान्यों ने हवन कुंड में आहुति देकर देश, समाज और विश्व के कल्याण की कामना की। गणमान्य अतिथियों के द्वारा भी कन्या पूजन कर प्रसाद का वितरण किया। इस मौके पर अतिथियों ने 6 माह की 11 बालिकाओं को खीर खिलाकर अन्नप्राशन संस्कार संपन्न कराया। इन बालिकाओं को कपड़े गर्म कपड़े हाइजीन किट भी प्रदान की। मालूम हो कि यह अपनी तरह का अनूठा एवं वृहद कार्यक्रम केवल जनपद खीरी में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल पर आयोजित किया गया। प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने शारदीय नवरात्र की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आठ दिनों से मां दुर्गा के अलग-अलग स्वरूपों की पूजा की जा रही है। कन्या-पूजन मातृ-शक्ति की आराधना का प्रतीक है। लखीमपुर खीरी की धरा पर 1100 परिषदीय विद्यालय की कन्याओं का पूजन करना मेरा सौभाग्य है। सरकार सीएम योगी जी के नेतृत्व में नारी व बेटी को सुरक्षित करने की एजेंडे के साथ उनके सम्मान, सुरक्षा के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रही है। बेटियां समाज की शक्ति, गौरव, लक्ष्मी और प्रभाव है। कन्या शक्ति बंदन कार्यक्रम में सनातन धर्म सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की छात्रा ऋचा सिंह ने माँ शैलपुत्री, पंखुड़ी मिश्रा ने माँ ब्रम्हचारिणी, वैष्णवी सिंह ने माँ चन्द्रघण्टा, वैभवी श्रीवास्तव ने माँ कुशमाण्डा, तनुष्का शुक्ला ने माँ स्कन्दमाता, अदिति सिंह ने माँ कात्यायिनी, आँचल केवट ने माँ कालरात्रि, वंशिका कश्यप ने महागौरी, अनन्या गुप्ता ने माँ सिद्धिदात्री, संस्कृति गुप्ता ने माँ दुर्गा, अनन्या कनौजिया ने माँ संकटा देवी, अभिज्ञा शुक्ला ने शेर और पलक तिवारी ने राक्षस का रूप धारण किया।

कन्याओं को मदद की नहीं, मौके की जरूरत: डीएम

कार्यक्रम की शुरूआत में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि मा.मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व और जिले के मा. प्रभारी मंत्री जी, मा. राज्यमंत्री जी महिला कल्याण की मौजूदगी में शारदीय नवरात्र की दुर्गाष्टमी के पावन अवसर पर आदिशक्ति के आराधना करते हुए जनपद खीरी ऐतिहासिक क्षणों का साक्षी बनने जा रहा है। ₹बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ₹ व ₹मिशन शक्ति अभियान₹ के प्रति जागरूकता पैदा करने हेतु जिले में आज जिले में अभिनव पहल के तहत कन्या शक्ति वंदन समारोह आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में जिले के कोने-कोने में स्थित परिषदीय विद्यालयों की कक्षा एक, दो, तीन की 1100 कन्याओं का पूजन किया जा रहा। आज कन्याओं को पूजन के साथ उपहारो की बैग में प्रदान किया जा रहा है, इसमे शामिल उपयोग की वस्तुओं का सदुपयोग करें। मेरा मानना है कि कन्याओं को मदद की नहीं बल्कि मौके की जरूरत है। मौका बेटियों को महान बनाएगा। एक पढ़ी-लिखी बेटी, सुरक्षित भी होती है, सम्मानित भी होती है और स्वावलंबी भी होती है।

शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन, संस्कार के साथ लक्ष्य को साधे बेटियां : प्रतिभा शुक्ला

राज्य मंत्री महिला कल्याण प्रतिभा शुक्ला ने कहा कि बेटियां शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन, संस्कार के साथ ही अपने लक्ष्य को साधे। सरकार बेटियों को सशक्त बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित होकर काम कर रही। बेटियां पढ़े-बढ़े और स्वावलंबी बने, ऐसी मां दुर्गा से कामना है। संस्कारशाला की रक्षक बनाकर बेटियां आगे बढ़े। डीएम से आग्रह करते हुए कहा कि बेटियों को मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग दिलवाएं। बेटियों को शुरूआती 25 साल परिश्रम करने की सलाह दी ताकि जिंदगी के 75 साल आराम उठा सके। मां को दोस्त बनकर उनसे हर बात शेयर करें और उत्तम चरित्र के संग आगे बढ़े। पढ़ाई के साथ न्याय करें। यहां की डीएम ने बेटियों को आगे बढ़ने का जो संकल्प लिया है वह निश्चित रूप से काबिले तारीफ है। विधायक धौरहरा विनोद शंकर अवस्थी ने कहा कि छात्राएं शक्ति की प्रतीक है उनके पूजन से समाज को यह संदेश देने का प्रयास किया जा रहा है कि बालिकाएं वास्तव में समाज की महत्वपूर्ण अंग है और उनका सम्मान और तथा मजबूती आवश्यक है।

मिशन शक्ति में महिलाओं को आत्मरक्षा के गुर बताये

तिकुनियां-खीरी। मिनी सचिवालय में संपन्न हुए मिशन शक्ति कार्यक्रम में पुलिस ने महिलाओं को आत्मरक्षा के गुण बताए हैं। पुलिस ने बताया कि बेटियां निर्भीक होकर अपने अधिकारों को जाने जरूरत पड़ने पर संबंधित मोबाइल फोन नंबर से विभाग को सूचना दें। जिससे उनकी तत्काल मदद को आगे आया जा सके। ग्राम पंचायत सुथना बरसोला में बने मिनी सचिवालय में मिशन शक्ति कार्यक्रम शुरू किया गया। जिसमें महिला पुलिस पिंकी सावंत ने तथा उप निरीक्षक ब्रह्मदेव मिश्रा ने महिलाओं बेटियों को बताया कि बाहर जब भी निकले सभी नंबर आपके साथ में होने चाहिए। किस समय कौन घटना हो जाए कुछ पता नहीं। इसलिए अनजान व्यक्ति पर संदेह होने पर 1090, 102, 108 नंबर डायल करें इसी प्रकार स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन के लिए 1076 चाइल्ड हेल्पलाइन के लिए 1098 तथा साइबर हेल्पलाइन के लिए 1930, लड़ाई झगड़ा में 112 नंबर डायल कर सहायता प्राप्त करें जिससे महिलाओं की सुरक्षा हो और महिलाएं निर्भीक होकर रहे। एक महिला दूसरी महिला को यह शिक्षा देकर परिपक्व कर दे और चुनौतियों का मुकाबला करें डरे नहीं। इस दौरान ग्राम प्रधान शफीक अहमद,इमरान अहमद,रजनी देवी,मीना,मंजू सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

सेल्फी प्वाइंट से निकलेगा बेटियों को बचाने और पढ़ाने का संदेश

लखीमपुर खीरी। गुरुवार को जिले के प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने विधायक धौरहरा विनोद शंकर अवस्थी, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ अभिषेक कुमार, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद डॉ ईरा श्रीवास्तव के साथ मां जानकी सौजन्या चौक पर शारदीय नवरात्रि के अवसर पर ₹बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ₹ एवं मिशन शक्ति अभियान के तहत नवनिर्मित ₹बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ₹ सेल्फी पॉइंट का लोकार्पण कर जनमानस को समर्पित किया।

प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल पर जिला मुख्यालय के मां जानकी सौजन्या चौक पर बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत एक सेल्फी पॉइंट विकसित किया गया है, जो कि बेटियों को आवश्यक रूप से पढ़ाए जाने एवं बेटा और बेटियों के अनुपात को संतुलित रखने के लिये बेटियों को बचाने और उनके जन्म पर खुशी मनाते हुए उनको सुरक्षित रखने का संदेश प्रदान करता है।

इसके साथ ही समाज में बेटा और बेटी को बराबरी का दर्जा देने के साथ बेटियों की शिक्षा के महत्व को प्रदर्शित करता है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने जनपद वासियों से अपील की कि 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से विकसित किए गए इस सेल्फी प्वाइंट पर अपनी सेल्फी लें और सोशल मीडिया पर साझा करें। इस मौके पर ईओ संजय कुमार सहित जिला प्रशासन, नगर पालिका परिषद के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

जिला कारागार में रखा बंदी महिलाओं ने मां दुर्गा का व्रत

शाहजहांपुर/ जनपद जिला कारागार में नवरात्र व्रत पूर्ण श्रद्धा व भक्ति के साथ शान्ति पूर्ण तरीके से सम्पन्न हुए। सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि कारागार में सभी जाति एवं संप्रदाय के लोग पूर्ण सद्भाव के साथ नवरात्रि का त्यौहार मना रहे हैं हिंदू संप्रदाय के पुरुष एवं महिला बंदी पूर्ण भक्ति भाव के साथ नवरात्रि व्रत रखे हुए हैं और इसके साथ ही अन्य संप्रदाय के लोग उनका पूर्ण सहयोग कर रहे हैं केवल यही नहीं 29 पुरुष जो के मुस्लिम समुदाय के हैं वह भी नवरात्रि का व्रत रखे हुए हैं जब उनसे जानना चाहा की आप लोग नवरात्रि का व्रत क्या सोच कर रखे हैं तो उनका कहना था कि दुनिया में हर इंसान का एक ही भगवान है हम अपने विश्वास और चालान के अनुसार उनके अलग-अलग रूप मानकर उनकी पूजा करते हैं हम इसी सर्व धर्म समभाव एवं एक ही शक्ति की मान्यता के आधार पर नवरात्रि का व्रत रखे हुए हैं उक्त 29 मुस्लिम बंदियों के नाम निम्नलिखित हैं- मोहम्मद रजी, दानिश, लड्डन, जाहिर, मोहम्मद दाऊद, कामिल बसीम, वकील ,शाहिद साद अली, जीशान , मुख्तार इरशाद, तैयब, शान मोहम्मद, मुस्ताक, रुखसार, लड्डन, सहरोज, जबर शेर, अबरार, सद्दाम, रुखसार, कबीर, इरशाद अली, वारिस ,सज्जाद मोहम्मद सलीम, इमरान। 200 से अधिक बन्दी नवरात्रि व्रत रखे हुए हैं ।कुल 17 महिला बंदी भी नवरात्रि का व्रत रखे हुए हैं जिनमें से 10 महिलाओं ने पूरे नवरात्रि व्रत रखा हुआ है संपूर्ण जेल में हर तरफ आरती पूजा भजन कीर्तन की आवाज आती रहती है संपूर्ण कारागार का वातावरण पूरी तरह से भक्ति में हो गया है । कारागार प्रशासन की तरफ से भी सभी बंदियों को भरपूर सहयोग प्रदान किया जा रहा है और उनके व्रत के लिए उन्हें व्रत में अनुमन्य खाने की चीज उपलब्ध कराई जा रही है जिसमें प्रत्येक बंदी को 750 ग्राम उबला हुआ आलू आधा किलो दूध एवं 50 ग्राम चीनी उपलब्ध कराई जा रही है। आरती एवं भजन हेतु पुस्तके उपलब्ध कराई गई हैं साथ ही भजन और कीर्तन के लिए वाद्य यंत्र उपलब्ध कराए गए हैं साथ ही साथ पूजा एवं आरती के लिए देवी मां की एवं अन्य भगवान एवं देवी देवताओं की तस्वीर है उपलब्ध कराई गई हैं ताकि किसी बंदी को अपने विश्वास के अनुसार पूजा एवं व्रत में किसी प्रकार की परेशानी ना हो जो बंदी व्रत नहीं रखे हुए हैं वह चाहे हिंदू हो या अन्य संप्रदाय के लोग हो व्रत धारी बंदियों के पूजा एवं आरती आदि के समय पूरा सहयोग करते हैं और अपना स्थान छोड़कर के व्रतधारी बंदियों के लिए स्थान उपलब्ध करा देते हैं।

छत्राओं को बतायी गुड टच और बैड टच की पहचान

कृषक समाज इंटर कॉलेज मिशन शक्ति पर हुआ कार्यक्रम

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। मिशन शक्ति अभियान के तहत कृषक समाज इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य अनंत प्रकाश सरोज की अध्यक्षता में छात्राओं को उनके अधिकारों सुरक्षा एवं संरक्षण के बारे में एक भव्य जागरूकता कार्यक्रम किया गया। कोतवाली की महिला उप निरीक्षक सर्वेश मौर्य ने छात्राओं को बताया कि मिशन शक्ति मुख्यमंत्री का एक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है। इसका उद्देश्य महिलाओं और बच्चियों को सशक्त और स्वावलंबी बनाना तथा उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इस कार्यक्रम के माध्यम से पुलिस और प्रदेश सरकार महिलाओं और बच्चियों को जागरुक कर रही है।

उन्होंने डायल 112, 102, 1090 आदि विविध जरूरी सहायता फोन नंबरों के बारे में विस्तार से बताया। इसके साथ-साथ उन्होंने छात्राओं को गुड टच और बैड टच की पहचान और इससे सावधानी के विषय में जागरूक किया। महिला उपनिरीक्षक तृप्ति ने छात्राओं को लक्ष्य तय कर भविष्य को कैसे संवारे विषय पर जानकारी दी। प्रधानाचार्य ने छात्राओं को सशक्त बनने के लिए प्रोत्साहित किया तथा कोतवाली से आई महिला उप निरीक्षक सर्वेश मौर्य और तृप्ति तथा महिला आरक्षी रजनी शर्मा और सुगम शर्मा को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। उपस्थित सभी छात्राओं को फल वितरित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में संयोजक डॉ अनिल कुमार तथा स्काउट मास्टर देवेंद्र सिंह का विशेष योगदान रहा।

योगेश वर्मा और राजू अग्रवाल ने कोतवाली में अवधेश सिंह के खिलाफ दी तहरीर

लखीमपुर। अर्बन कोऑपरेटिव बैंक के संचालक मंडल चुनाव में अर्बन बैंक बुधवार को अखाड़ा बन गई। सदर भाजपा विधायक योगेश वर्मा ने चुनाव में धांधली का आरोप लगाया था। नामांकन पत्रों की बिक्री चल रही थी। इस बीच विधायक व अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अवधेश सिंह आमने-सामने आ गए। अवधेश सिंह ने सदर विधायक को तमाचा जड़ दिया। इस दौरान कई समर्थकों से मारपीट हो गई। पुलिस ने किसी तरह से दोनों पक्षों को शांत कराया। सदर विधायक व अर्बन बैंक की पूर्व अध्यक्ष के पति अवधेश सिंह के बीच हुई मारपीट के बाद प्रशासन अलर्ट हो गया। भारी संख्या में पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गया। बैंक जाने वाली सभी गलियों को छावनी बना दिया गया। आईजी भी मौके पर पहुंच गए। शाम को चुनाव प्रक्रिया स्थगित कर दी गई। बुधवार को हुए इस घटनाक्रम से पूरा शहर हतप्रभ रहा गया। पुलिस व प्रशासन की सक्रियता पर भी लोग सवाल उठाते रहे। लोगों का कहना है कि सहकारिता के चुनाव में पहले भी हंगामा हो चुका है। गुरूवार को पुष्पा सिंह के पति अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अवधेश सिंह के खिलाफ योगेश वर्मा सदर विधायक एवं विधायक योगेश के समर्थक व्यपारी नेता राजू अग्रवाल ने अवधेश सिंह सहित 30 से 40 अज्ञात के खिलाफ तहरीर कोतवाली लखीमपुर में देकर कार्यवाही की मांग की है। कोतवाल सदर अम्बर सिंह के सामने विधायक योगेश वर्मा को अधिवक्ता अवधेश सिंह द्वारा थपड़ मारने का वी0डी0ओ शोसल मीडिया पर वायरल होने के बाद थपड़ काण्ड की निन्दा हो रही है। गुरूवार को खीरी जनपद आये आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने थपड़ काण्ड पर बोलने से साफ इंनकार कर दिया। समचार लिखे जाने तक अवधेश सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज नही किया गया। गुरूवार को दोपहर में व्यापारी कोतवाली में डटे रहे।

ग्राम चौपाल में सुनी गईं जन समस्याएं

शाहजहांपुर/ जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह द्वारा प्रत्येक बृहस्पतिवार को एक ग्राम में एक जन-चौपाल का आयोजन किये जाने के निर्देशों के क्रम में जनपद की 64 गावों में नोडल अधिकारियों द्वारा जन-चौपाल का आयोजन कर लोगों की समस्याओं को सुना गया तथा विकास कार्यों का स्थलीय सत्यापन भी किया गया। जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास, कानून एवं शांति व्यवस्था एवं जनकल्याण के दृष्टिगत विभिन्न कार्यक्रम एवं योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। ग्रामों चौपाल का उद्देश्य है कि योजनाओं से जन-जन को जागरूक करने तथा पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किया जाए। जनपद के प्रत्येक ग्राम में कार्यक्रमों/योजनाओं का कुशल क्रियान्वयन तथा उसका लाभ पात्र व्यक्तियों को मिलें। गावों में ग्राम चौपाल का आयोजन सांयकाल 04.00 बजे से 6:00 बजे तक किया गया। ग्राम चौपाल में राजस्व कार्यों, ग्राम में संचालित विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं, कानून एवं शांति-व्यवस्था के संबध में ग्रामवासियों से जानकारी ली गई। ग्राम चौपाल में लोगों से शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, राशन, शुद्ध पेयजल, शौचालय, विद्युत व्यवस्था, सुरक्षा, मिशन शक्ति, नारी सशक्तिकरण, रोजगार, कौशल विकास, साफ-सफाई, जल निकासी, नाली, सड़क, खड़ण्जा, सी०सी०रोड एवं अन्य निर्माण कार्य इत्यादि के संबंध में जानकारी ली गई। जन-कल्याणकारी योजनाओं पेंशन, राशन, आवास, शौचालय एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं आदि का घर-घर जाकर सत्यापन किया गया। ग्राम चौपाल में प्राप्त प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्वक निराकरण सुनिश्चित कराया जाएगा।

11 संचालक पदों के लिए दाखिल हुए 23 नामांकन

सहकारी समिति चुनाव : कड़ी सुरक्षा के बीच हुए नामांकन

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) सहकारी गन्ना विकास समिति में भारी गहमागहमी, हंगामा और कड़ी सुरक्षा के बीच गई संचालक पदों के लिए नामांकन हुआ। इस दौरान 11 संचालक पदों के लिए 23 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए।

गुरुवार को 11 संचालक पदों के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई। नामांकन पत्र की बिक्री और जमा करने का समय 10 बजे से चार बजे तक का था। निर्धारित समय पर पहुंचे संचालक पद के तमाम उम्मीदवार अपने क्षेत्र के काउंटरों पर निर्वाचन पत्रों की बिक्री का इंतजार करते रहे। लेकिन निर्वाचन अधिकारी की हीला हवाली के चलते दोपहर 12 बजे तक भी नामांकन पत्रों की बिक्री शुरू नहीं हुई। जिसकी सूचना अधिकारियों को दिए जाने के बाद लगभग साढे 12.बजे के बाद निर्वाचन पत्रों की बिक्री शुरू हुई। नामांकन को लेकर सहकारी गन्ना विकास समिति में कड़ी सुरक्षा के लिए कई थानों की पुलिस लगाई गई थी। नामांकन स्थल पर मोबाइल ले जाना प्रतिबंधित रहा। इस बीच निर्वाचन स्थल के बाहर उम्मीदवारों के समर्थकों की भीड़ लगी रही। जहां कई बार भाजपा और सपा समर्थकों के बीच झड़प हुई। वही पर्चा छीने जाने की खबरें भी उड़ती रही। निर्वाचन अधिकारी बीबी सिंह ने बताया कि 11 संचालक पदों के लिए कल 23 नामांकन दाखिल किए गए हैं। किस क्षेत्र से कितने नामांकन दाखिल हुए हैं इसकी जानकारी निर्वाचन अधिकारी ने नहीं दे पाए। हांलाकि यह पहला वाक्या नहीं है कि निर्वाचन अधिकारी कोई जानकारी अभी तक सटीक किसी को दे पाये हों। 11 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच 10 बजे से तीन बजे तक की जाएगी और तीन बजे से पाच बजे तक वैध नामांकनों का प्रकाशन किया जाएगा। जबकि नाम वापसी और चुनाव चिन्ह का आवंटन 14 अक्टूबर को होगा। एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता, नायब तहसीलदार सर्वेश यादव, भानु प्रताप सिंह,सीओ गवेंद्र पाल गौतम सहकारी गन्ना विकास समिति के चुनाव में डेरा जमाकर हर स्थिति पर नजर गडाये रहे।

इस दौरान प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह, हैदरबाद एसएचओ शिवाजी दुबे सहित कई थानों की फोर्स मौजूद रही।

छोटी काशी में बंद कराई जाये मानक विहीन मांस की दुकानें

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) मानक विहीन मांस की दुकान खोले जाने को लेकर राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम की गैर मौजूदगी में नायब तहसीलदार को देकर मानक विहीन दुकान बंद कराए जाने की मांग की है संगठन का कहना है कि छोटी काशी में मानक को ताक पर रखकर मांस की दुकानें वेखौफ होकर चलाई जा रही हैं जिला पशु चिकित्सा अधिकारी ने कड़े निर्देश जारी कर रखे हैं कि कोई भी दुकान नियम विरुद्ध नहीं संचालित होगी, फिर भी यहां पर जिला पशु अधिकारी का आदेश स्थानीय पशु चिकित्सा अधिकारी के लिए कोई मायने नहीं रखतास यहां पर दुकानें गुणवत्ता विहीन जो संचालित हो रही हैं यह दुकानें बांकेगंज रोड, मिल रोड से मोहम्मदी रोड डायवर्शन रोड, अलीगंज रोड मंडी समिति के आगे स्टेशन रोड, खुटार रोड बाईपास, सब्जी मंडी सिनेमा रोड समेत अन्य कई स्थानों पर संचालित हो रही हैंस जिसे देखने वाला कोई नहीं है।

हम सबके अंदर बसे हैं राम और रावण : दीपमाला रस्तोगी

शाहजहांपुर। डोरेमोंस इंटरनेशनल स्कूल में अनेकों बच्चे राम दरबार झांकी के रूप में राम सीता लक्ष्मण भरत शत्रुघ्न बनकर आए, उन्हीं के बीच में रामकृष्ण जिसने श्री राम जी का मनमोहक रूप धारण करके, रावण के पुतले जो बुराई, घृणा, लालच, काम, क्रोध, लोभ, मोह इत्यादि को दहन करते हुए बुराई पर अच्छाई की जीत की । यहां झांकी के रूप में ईशान्वी, भाव्या, शानवी राठौर, रामकृष्ण, तनिष्का, वैष्णवी, समर्पित रस्तोगी उपस्थित रहे। डोरेमोंस इंटरनेशनल स्कूल, प्रताप एनक्लेव शाखा पर डॉक्टर पुनीत मनीषी, अभिनव गुप्ता, हेमा अग्रवाल अतिथियों के रूप में रहे जिन्होंने रावण दहन कार्यक्रम में हिस्सेदारी की। डी० आई० एस० की चौक स्थित ब्रांच डोरेमोंस प्ले स्कूल में चौक पार्षद शेखर रस्तोगी ने रावण दहन में हिस्सेदारी की, यहां झांकी रूप में रूही, श्रीजी, नीलांश, अनिक उपस्थित रहे।

संक्षेप

रेलकर्मी की ट्रेन से कटकर मौत

जौनपुर। जफराबाद थाना क्षेत्र के वाराणसी लखनऊ रेल प्रखंड पर हौज गांव के पंचायत भवन के सामने बुधवार की रात को ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत हो गयी।।घटना की सूचना पर पहुंच कर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हौज शिवाला गांव निवासी 38 वर्षीय सुदर्शन राजभर पुत्र वंशराज राजभर रेलवे में चतुर्थ श्रेणी का कर्मचारी था।

सर्राफा व्यवसायी को बदमाशों ने मारी गोली

जौनपुर। चन्दवक थाना क्षेत्र के बजरंगनगर - कोइलारी मार्ग के अईलिया गांव के समीप बुधवार की शाम सराफा व्यवसाई विक्रांत सेठ पुत्र चंद्रमोहन अपनी दुकान बंद कर कार से घर जा रहा था कि अज्ञात बदमाशो ने गोली मारदिया और फरार हो गए। भागते समय बदमाशो को देख ग्रामीण गाड़ी के पास पहुंचे तो चालक की सीट पर युवक लहूलुहान की हालत में पड़ा हुआ था।पहचान होने पर पुलिस व परिजनों को सूचना दी गई।सूचना पर पहुंच थानाध्यक्ष व परिजन उपचार हेतु ट्रामा सेंटर वाराणसी ले गए जहां युवक की स्थित नाजुक बनी हुई है घटना की जानकारी होने पर मौके पुलिस अधिकारी सति फोर्स पहुंची लेकिन बदमाशों का कहीं पता नहीं लगा।

शिक्षक के खिलाफ किया प्रतिरोध

आजमगढ़। संयुक्त शिक्षा निदेशक आजमगढ मंडल कार्यालय में संयुक्त शिक्षा निदेशक दिनेश सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को एक बैठक हुई। इस दौरान नरोत्तम ब्रह्म इंटर कालेज सुंदरपुर भीमवर के प्रवक्ता पंकज कुमार सिंह द्वारा सह जिला विद्यालय निरीक्षक के साथ उनके कार्यालय कक्ष में किए अभद्र व्यवहार को लेकर चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से पंकज सिंह द्वारा किए गए कृत्य को लेकर शिक्षा अधिकारियों एवं कार्यालय के कर्मचारियों द्वारा बहिष्कार कर प्रतिरोध किया गया।कहां गया कि कोई भी शिक्षक विद्यालय अवधि में बिना अवकाश के कार्यालय में नहीं आएगा।यदि बिना अवकाश के अथवा अनावश्यक रूप से कार्यालय में कोई शिक्षक आता है, तो उसे ड्यूटी से अनुपस्थित माना जाएगा।

मंदिर परिसर से बाइक चोरी

आजमगढ़। बरदह क्षेत्र के महुजा नेवादा स्थित अठरही माता मंदिर परिसर से गुरुवार की सुबह बाइक चोरी हो गई। इरनी गांव निवासी जगरनाथ मंदिर पर दर्शन-पूजन के लिए गए थे। बाइक खड़ी कर मंदिर में चले गए। कुछ देर बाद लौटे तो उनकी बाइक गायब थी।

अटाला माता मंदिर केस में सुनवाई 16 नवंबर को

जौनपुर। आर्य संस्कृति संरक्षण ट्रस्ट के अटाला माता मंदिर केस श्री भगवान श्री अटाला माता/अटाला देवी आदि बनाम उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड आदि में न्यायालय ने सुनवाई की अगली तिथि 16 नवम्बर नियत की। वादी अधिवक्ता अजय प्रताप सिंह ने बताया कि आज दौरान सुनवाई न्यायालय में उन्होंने आदेश 1 नियम 8 सीपीसी का प्रार्थना पत्र दिया था जिसका निस्तारण करते हुए न्यायालय ने आदेश किया है। वादी अधिवक्ता अजय प्रताप सिंह ने बताया कि माननीय न्यायालय ने अपने आदेश में वादी पक्ष को 7 दिन के भीतर प्रकाशन की कार्यवाही व अटाला माता मंदिर क्षेत्र में मुनादी करवाने का आदेश दिया है ताकि सभी हितबद्ध व्यक्ति 16 नवंबर को न्यायालय में अपना पक्ष रख सकें।

पथराव में सीओ सहित 6 पुलिसकर्मी घायल

हत्यारों की गिरफ्तारी को लेकर सड़क पर ग्रामीण

जौनपुर। जिले के बरसठी थाना क्षेत्र के जमुनीपुर (मंगरमु) गांव में बीडीसी के पुत्र विवेक का शव बुधवार की रात में घर पहुंचे ही गांव में कोहराम मच गया। इसी बीच पुलिस भी मौके पर पहुंच गई जब पता चला कि आरोपियों की गिरफ्तारी तक शव का अंतिम संस्कार नहीं किया जाएगा तो इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को दी गई। मौके पर सीओ मड़ियाहूं, सीओ मछलीशहर समेत भारी संख्या में पुलिस फोर्स पहुंच गया। रातभर पंचायत चली लेकिन नतीजा शून्य रहा। गुरुवार को भी शव का अंतिम संस्कार कराने के लिए पुलिस मान-मनौव्वल करती रही, लेकिन परिजन व गांव वाले तैयार नहीं हुए पूरे गांव को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया और इलाके को सील कर दिया। गांव वालों के अलावा किसी को भी अंदर जाने की इजाजत नहीं दी गई। पुलिस और गांववालों की बात चल ही रही थी कि भीड़ से किसी ने एक पत्थर फेंक दिया। इसके बाद पूरा मामला ही बिगड़ गया।इसकी सूचना पुलिस अधीक्षक को देते हुए आस-पास के थानों से और फोर्स बुला ली गई और 500 मीटर दूर ही मीडियाकर्मियों को भी रोक दिया गया। कुछ देर बाद सड़क बनाने के लिए पड़े बड़े-बड़े पत्थर को ग्रामीणों ने पुलिसवालों पर फेंकना शुरू किया। पत्थर इस तरह से फेंके जा रहे थे जैसे आसमान से ओले पड़ रहे हो।

इस बीच कई पत्थर पुलिसकर्मियों को लगे जिसमें अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पीठ पर, सीओ मड़ियाहूं के हाथ पर और आधा दर्जन से अधिक पुलिसकर्मियों को पत्थर लगे, जिससे वह घायल हो गए। अपर पुलिस अधीक्षक की गाड़ी का शीशा भी पत्थर लगने से टूट गया। मीरगंज थाने की गाड़ी का भी शीशा तोड़ दिया है। एडीओ पंचायत मुन्नी लाल द्वारा दर्जनों कर्मियों को लेकर सड़क पर बिखरे पत्थरों को एकत्रित किया गया। इसी बीच जिन दुकानों में पुलिस जान बचाकर भागी थी उन्हें भी उपद्रवियों द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया। दो प्लाटून पीएसी भी बुलाई गई। सूचना पर पुलिस अधीक्षक डॉ. अजय पाल शर्मा भी मौके पर पहुंच गए। भीड़ को शांत करने के लिए आंसू गैस के गोले भी छोड़े गए। 5 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया जा चुका है। इस दौरान पूरा बाजार बंद है। लोग अपने-अपने घरों में बंद है। पूरे इलाके में दहशत का माहौल है, लोग डरे हुए हैं। इधर पुलिस सर्च ऑपरेशन चलाकर संदिग्धों की गिरफ्तारी में जुटी हुई है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि शव को अंतिम संस्कार के लिए श्मशान भेज दिया गया है। स्थिति सामान्य है। 5 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया जा चुका है। पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है।ज्ञात हो कि बीडीसी पुत्र विवेक यादव 27 वर्ष पुत्र शंकर यादव को चार दिन पूर्व हुए आपसी विवाद के चलते बदमाशों ने अपहरण कर मौत के घाट उतार दिया था।

बीते रविवार की जमुनीपुर गांव के गेट के पास मनबढ़ों ने मारपीट कर अपने साथ उठा ले गए थे, दो दिन बाद विवेक की लाश सुरियांवा थाना क्षेत्र के बीरमपुर ठकुराइन तारा के पास झाड़ियों में पाया गया था। गहिली कठरवा गांव के राजू यादव (बल्ली) की फास्ट फूड दुकान निगोह बाजार में स्थित है। 3 माह पहले मामूली बात को लेकर कुछ विवाद हुआ था जो की रविवार देर शाम विवेक और उसका दोस्त जमुनीपुर गेट के बगल खड़े होकर सिगरेट लेने के लिए रुके उस समय उस गुमटी में सिगरेट न होने के कारण मोहन बगल की दुकान से लाने चला गया तभी बल्ली वहां विवेक के पास आ गया और अपने उधार का पैसा मांगने लगा तो विवेक ने कहा कि मैंने खाने के लिए आर्डर नहीं दिया था जिस बात को लेकर दोनों में गाली-गलौज शुरू हो गया तभी राजू उर्फ बल्ली ने अपने गांव के लड़कों को फोन कर मौके पर बुला लिया और विवेक को वो मारने पीटने लगे और उसे अपनी मोटरसाइकल पर बैठा लिया । मोहन ने विवेक को बचाने के लिए गाड़ी की चाभी निकाली तो उसे भी बदमाशों ने मारा पीटा। मोहन जान बचाकर बगल के हरिजन बस्ती में भाग निकला। हो-हल्ला होते ही वहां की महिलाएं निकली तब तक वो लोग विवेक को लेकर जा चुके थे। घटना के तीसरे दिन विवेक का शव सुरियांवा थाना क्षेत्र के बीरमपुर में पाया गया। बुधवार की रात को जब विवेक का शव गांव में पहुंचा तो कोहराम मच गया। मृतक विवेक 3 भाइयों में दूसरे नंबर पर था। मां निर्मला देवी क्षेत्र पंचायत सदस्य भी है। विवेक का विवाह 3 वर्ष पूर्व हुआ।

फ्लैग मार्च कर अराजकतत्वों को किया गया आगाह

जौनपुर। दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर बुधवार को देर सायंडीएम डॉ0 दिनेश चंद्र तथा एसपी डॉ0 अजय पाल शर्मा के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च जेसीज चौराहा से निकलकर ओलंदगंज होते हुए पुराना पुल, ताड़ताला और शहर के विभिन्न मार्गों पर जहां भी माता दुर्गा की प्रतिमा स्थापित है, फ्लैग मार्च उन मार्गों से गुजरा। ताड़तला में स्थापित पंडाल में जाकर अधिकारियों के द्वारा मां दुर्गा जी का आशीर्वाद लिया गया और वहां पर उपस्थित बच्चों को टॉफीया भी वितरित की गई। डीएम ने उपस्थित श्रद्धालुओं से वातार्लाप कर हाल चाल लिया और पूछा कि उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या तो नहीं है। इसके उपरांत अधिकारियों के द्वारा कोतवाली चैराहे पर बनाए गए कंट्रोल रूम में जाकर महासमिति के पदाधिकारियों से वातार्लाप कर आवश्यक जानकारी प्राप्त की गई। अधिकारियों ने कहा कि फ्लैग मार्च निकाल कर असामाजिक तत्वों को आगाह किया गया कि वह घर से बाहर निकल कर कानून व्यवस्था के लिए समस्या उत्पन्न न करें। फ्लैग मार्च में नगर मजिस्ट्रेट इंद्रनंदन सिंह ,सीओ सिटी देवेश सिंह सहित विभिन्न थाना के थानाध्यक्ष व पुलिस के जवान शामिल थे।

सांकेतिक रूप में नियुक्त एसपी दीक्षा ने सुनीं समस्याएं

सोनभद्र। शासन के मंशा के अनुरुप महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु मिशन शक्ति फेज-5 के अभियान तहत जनपद की महिलाओं एवं बालिकाओं को देश-

प्रदेश के संवैधानिक व प्रशासनिक पदों पर पहुंचने की प्रेरणा व पदगत दायित्वों का निर्वहन करने हेतु जागरुकता लाने के क्रम में गुरुवार को आदर्श इण्टर कॉलेज रॉबर्ट्सगंज, सोनभद्र की ग्यारह वीं कक्षा में अध्ययनरत एक मेधावी छात्रा कुमारी दीक्षा केशरी पुत्री धीरज केसरी को सांकेतिक रूप में एक दिन की पुलिस अधीक्षक सोनभद्र बनाई गयी। आज दिनांक 10 अक्टूबर को पुलिस अधीक्षक कार्यालय, पुलिस लाइन चुर्क, सोनभद्र में सांकेतिक पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कार्यालय पर अपनी समस्या लेकर आये फरियादियों की समस्याओं को सुनकर गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अशोक कुमार मीणा, अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कालू सिंह के साथ पत्रकार बन्धु भी उपस्थित रहें।

तालाबों के अमल दरामद न होने से मंत्री खफा

जौनपुर। मंत्री मत्स्य विभाग उत्तर प्रदेश डॉ0 संजय कुमार निषाद द्वारा विकास भवन सभागार में पार्टी कार्यकताओं को संबोधित किया गया तथा इसके उपरांत मत्स्य विकास के कार्यों की समीक्षा बैठक की गई। पार्टी संबोधन के उपरांत बैठक के दौरान माननीय मंत्री द्वारा ग्राम सभा के तालाबों, मनरेगा द्वारा तालाबों के जीर्णोद्धार, मुनादी उपरांत तालाबों के पट्टे, तालाबों की खुदाई, लघु सिंचाई विभाग द्वारा जीर्णोद्धार किए गए तालाबो, जलाशयों सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदु पर समीक्षा की गई। मत्स्य अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में 64 जलाशय में अभी एक भी अमल दरामद नहीं किए गए हैं जिसके कारण उनकी नीलामी में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है। जिस पर मंत्री द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए जलाशयों के अमल दरामद की स्थिति को गंभीर प्रकरण बताते हुए राजस्व की हानि बताई गई एवं इसके संदर्भ में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। मंत्री द्वारा निर्देश दिया गया कि तालाबों के पट्टे की जानकारी का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। उन्होंने जनपद के जलाशय की स्थितिध्सूखे जलाशयो की स्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि तालाबों के किनारे अतिक्रमण नहीं होना चाहिए। भू माफियाओं पर कार्यवाही की जाए। मत्स्य पालन कार्यक्रम के अंतर्गत चयनितो की जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्राम सभा में मछली उत्पादन हेतु लोगों में प्रचार-प्रसार किया जाए। केसीसी की प्रगति की समीक्षा के दौरान अधिक पेंडेंसी पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त किया और निर्देशित किया कि 15 अक्टूबर से लगातार कैंप लगाकर लाभार्थियों का तथा पत्र व्यक्तियों का केसीसी करवाया जाए।

प्रभारी मंत्री नंद गोपाल नंदी को जनपद आगमन पर दी गयी सलामी

मीरजापुर। कैबिनेट मंत्री उप्र सरकार नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी प्रभारी मंत्री-जनपद मीरजापुर के जनपद मीरजापुर आगमन पर सर्वप्रथम जिला कलेक्ट्रेट पर सलामी गार्द द्वारा सलामी दी गयी। तत्पश्चात कैबिनेट मंत्री उ0प्र0 सरकार द्वारा जिला कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में जनपद के विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक की गयी । इस दौरान बैठक में जिलाधिकारी मीरजापुर प्रियंका निरंजन व पुलिस अधीक्षक मीरजापुर अभिनन्दन सहित अन्य आलाधिकारी व जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे। बैठक के बाद प्रदेश के मंत्री, औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एन0आर0आई0 तथा निवेश प्रोत्साहन विभाग नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने विंध्याचल पहुंच कर विधिवत मंत्रोच्चार के साथ मां विंध्यवासिनी देवी का दर्शन पूजन किया।

पोखरी में महिला की उतराती मिली लाश

आजमगढ़। गंभीरपुर थाना क्षेत्र के फैजुल्लाहपुर गांव में बृहस्पतिवार की सुबह पोखरी में 33 वर्षीय महिला की लाश उतराई हुई मिली। गंभीरपुर की पुलिस ने शव को पोखरी से निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

लुटेरों की गिरफ्तारी हो : सर्राफा एसोसिएशन

जौनपुर। सोनार नरहरी सेना व सर्राफा एसो. । संगठन केराकत के पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से थाना अध्यक्ष व एसपी सिटी को ज्ञापन सौंपा है। थाना अध्यक्ष चंदवक को दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि यदि 48 घंटे के अंदर गोली मारने वाले अपराधियों की गिरफ्तारी और माल बरामद की नहीं होती है तो संगठन आंदोलन और धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होगा। बताते चलें कि सरार्फा व्यापारी विक्रांत सेठ कोयलारी बाजार 9 अक्टूबर को अपनी दुकान बंद कर घर जा रहे थे। अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने उन्हें गोली मार दिया और कीमती आभूषण लूट ले गए। इस पूरे मामले को लेकर सरार्फा व्यापारियों व सोनार नहरी सेना में आक्रोश व्याप्त है। ज्ञापन देने वालों में राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र वर्मा सोनार नहरी सेना , जिला अध्यक्ष सराफा एसोसिएशन अमर जौहरी, शुभम सेठ जिला अध्यक्ष मछलीशहर, जिला अध्यक्ष सोनार नरहरी सेना सुजीत वर्मा एडवोकेट, दिलीप सेठ मंडल अध्यक्ष ,समेत हजारों मौजूद लोग रहे।

गुरूसण्डी हत्या काण्ड से संबंधित पांचवें अभियुक्त ने किया सरेण्डर

मीरजापुर। थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के गुरूसण्डी में विगत दिनों गोली मारकर की गई युवक की हत्या के पांचवें अभियुक्त ने थाना परिसर में सरेंडर किया। ज्ञात हो कि दिनांकः 01.10.2024 को थाना कोतवाली देहात क्षेत्रान्तर्गत ग्राम गुरूसंडी में दान पात्र को लेकर दो पक्षों के मध्य मारपीट व गोली चलने से एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई थी। घटना की सूचना पर पुलिस अधीक्षक मीरजापुर अभिनन्दन द्वारा फील्ड यूनिट व थाना कोतवाली देहात पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुँच कर घटना स्थल का निरीक्षण किया गया । उक्त घटना के सम्बन्ध में त्वारित कार्यवाही करते हुए थाना कोतवाली देहात पर मु0अ0सं0 213/2024 धारा 103(2), 191(2), 191(3), 190,131,115 (2),109,352,3(5),324(4),324(5), बीएनएस व 7 उछअ अू३. पंजीकृत किया गया ।

ट्रक के धक्के से 10 लोगों को मौत के घाट उतारने वाला चालक गिरफ्तार

मीरजापुर। थाना कछवां पुलिस द्वारा तेज रफ्तार से ट्रक से ट्रैक्टर में धक्का मार 10 लोगों को मौत के घाट उतारने वाला ट्रक चालक गिरफ्तार किया गया। ज्ञात हो कि दिनांक 04.10.2024 की रात्रि करीब 01.00 बजे थाना कछवां क्षेत्रांतर्गत मिजार्मुराद कछवां वार्डर जीटी रोड पर एक दुर्घटना हुई, जिसमें एक ट्रैक्टर पर 13 लोग सवार थे जो जनपद भदोही से वाराणसी की त ?फ जा रहा था को पीछे से एक ट्रक द्वारा अनियंत्रित होकर टक्कर मार दिया जिसमें 10 लोगो की मृत्यु हो गयी थी । सूचना पर पुलिस के उच्चाधिकारीगण द्वारा मौके पर पहुंचकर राहत बचाव कार्य कर घायलों के उचित इजाल हेतु ट्रामा सेंटर वाराणसी भिजवाया गया । उक्त घटना के सम्बन्ध में थाना कछवां पर मु0अ0सं0- 127/2024 धारा 281, 125(ए), 125(बी), 106, 134(4) बीएनएस पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गयी ।

एक दिन की डीएम बनी पल्लवी के परिवार को आवास व राशन कार्ड जैसी सुविधाओं की दरकार

दुद्धी, सोनभद्र। मिशन शक्ति फेज 5 के तहत सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर सोनभद्र के अति पिछड़े क्षेत्र दुद्धी की राजकीय बालिका इंटर कालेज की छात्रा पल्लवी शर्मा को सांकेतिक रूप से एक दिन का डीएम बनाया गया। एक दिन की डीएम बनी पल्लवी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस पर आए फरियादियों की समस्याओं को सुना और उसके समाधान के लिए अफसरों को निर्देश भी दिए। पल्लवी के जीवन में आये इस ऐतिहासिक पल के बाद वह बाकी लड़कियों के लिए भले ही एक आइकॉन बन गयी हो। मगर बहुत कम लोग जानते होंगे कि एक दिन की डीएम बनी पल्लवी समाधान दिवस में ढेरों समस्याओं को सुनी और समाधान भी कराया। लेकिन उसकी मां को आज भी आवास व राशन कार्ड में नाम जुड़वाने के लिए दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। लेकिन कोई सुनने वाला नहीं।

शायद यही कारण है कि पल्लवी आईएस नहीं बल्कि आईपीएस बनना चाहती है। ताकि वह गरीबों की ऑन स्पॉट मदद कर सके। पल्लवी भी मानती है कि डीएम की कुर्सी पर बैठकर समाधान करना आसान नहीं होता। उसने बताया कि इस जनपद में आज भी सबसे ज्यादा समस्या जमीन का है, जिसके लिए लोगों को समाधान दिवस में आना पड़ता है एक गरीब परिवार से ताल्लुख रखने वाली पल्लवी का परिवार आज भी कच्चे मकान में रहता है। आर्थिक रूप से कमजोर पल्लवी को हमेशा इसी बात की चिंता सताती रहती है कि आगे की पढ़ाई का खर्च कहां से आएगा। हालांकि पल्लवी का पूरा परिवार उसे भरपूर सहयोग देता है और वे सभी पल्लवी को बड़ा अफसर बनाना चाहते हैं। मगर उन्हें भी पता है कि सिर्फ चाह लेने मात्र से कुछ नहीं होगा। इसलिए वे सरकार से मदद की गुहार भी लगा रहे हैं। ताकि पल्लवी के रास्ते आर्थिक बाधा न आ सके। कॉलेज की टीचर वर्षा को भी उम्मीद है कि पल्लवी की वजह से उसके कालेज का सम्मान बढ़ा है और आगे भी जारी रहेगा। बहरहाल एक पिछड़े क्षेत्र से आने वाली पल्लवी की योग्यता को देखकर प्रशासन ने उसे एक दिन का डीएम तो बना दिया लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या प्रशासन पल्लवी के सपने को साकार करने में भी उसकी मदद करेगा ?

हिण्डाल्को में दुर्गा पूजनोत्सव का शुभारंभ

रेणुकूट/सोनभद्र। शारदीय नवरात्रि के अवसर पर हिण्डाल्को में मिताली क्लब द्वारा इस वर्ष भी शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा का पूजन महोत्सव हिण्डाल्को प्रबन्धन के सहयोग से पूरे भक्तिभाव तथा उल्लास व धूमधाम से आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष भी अक्षरधाममंदिर एवं मायापुर इस्कॉन टैंपल की जर्ज पर बनाए गए भव्य पंडाल का निर्माण कोलकाता से आये कुशल कारीगरों द्वारा गया है जिसकी छठा रात में दूधियां रोशनी में तो बस देखते ही बनती है। पण्डाल में मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा के साथ-साथ लक्ष्मी, सरस्वती, गणेश एवं कार्तिकेय की भव्य व सुन्दर प्रतिमायें स्थापित की गई हैं।

शष्ठी के अवसर पर मां दुर्गा की प्राणप्रतिष्ठा के साथ हिण्डाल्को में दुर्गापूजनोत्सव का आगाज हो गया। हिण्डाल्को के मुखिया एन नागेश, मानव संसाधन प्रमुख जसबीर सिंह, एल्युमिना हेड एन. एन. रॉय, फाइनॉन्स हेड उज्ज्वल केश, रिडक्शन हेड-जेपी नायक, ईआर हेड अजय सिन्हा, कॉमर्शियल हेड- रवि गुप्ता, सुरक्षा प्रमुख कर्नल (सेनि.) रोहित शर्मा, मिताली क्लब के अध्यक्ष तापस चैधरी, तपन पॉलसपत्नीक तथा मिताली क्लब परिवार के अन्य सदस्यों ने पूरे श्रद्धा के साथ मां की आरती व पूजन करके दुर्गोत्सव का शुभारंभ किया। रेणुकूटवासियों एवं हिण्डाल्को परिवार को दुगार्पूजा, नवरात्रि एवं दशहरा की शुभकामनाएं देते हुए श्री नागेश ने इतने भव्य दुगार्पूजनोत्सव के आयोजन के लिए मिताली क्लब की सराहना करते हुए जनमानस हेतु मंगल कामना की और संस्थान की प्रगति एवं देश में शांति व समृद्धि की प्रार्थना की। इस अवसर पर मिताली परिवार के बच्चों ने बहुत ही आकर्षक महिषासुर मर्दिनी नृत्य नाटिका प्रस्तुत किया। प्रारम्भ में मिताली क्लब के अध्यक्ष ने मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का स्वागत करते हुए दुर्गा पूजन के महत्व पर प्रकाश डाला। दुर्गा पूजा कमेटी के सचिव अर्घा सिन्हा ने पांच दिनों तक चलने वाले पूजनोत्वस के विभिन्न आयोजनों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शनिवार को दशमी पूजा के साथ दुर्गोत्सव का समापन किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि दुर्गोत्सव की तैयारी बीते 2 महीने से की जा रही है जिसे देखने भक्त दूर-दूर से आते हैं। दुर्गा पंडाल के चारों ओर मेला भी लगा है जिसमें आगंतुक विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद ले सकते हैं ।

निकली श्रीराम बारात,आदिवासी जोड़े की शादी में साक्षी बनी हजारों की भीड़

बीजपुर (सोनभद्र)। स्थानीय बाजार स्थित सब्जी मंडी में रामलीला मंचन के दौरान रविवार की शाम श्रीराम बारात निकाली गयी जिसमे हजारों की संख्या में पहुँचे बारातियों ने जमकर ठुमके लगाए।राम बारात एनटीपीसी स्वागत द्वार से शुरू होकर मोटर गैरेज होते हुए दूधहिया माता मंदिर से वापस सब्जी मंडी स्थित रामलीला ग्राउंड पहुंची जहाँ हजारो की भीड़ ने श्रीराम बारात का जोरदार स्वागत किया। पहले माता सीता ने भगवान राम को वरमाला पहनाई। उसके बाद रामलीला मंचन के दौरान समिति द्वारा पूर्व कार्यक्रम के अनुसार क्षेत्र के एक आदिवासी गरीब जोड़े की विधि विधान पूरक शादी कराई गई जिसके साक्षी हजारों की संख्या में उपस्थिति महिला पुरुष बच्चें और व्यवसाई बने।

शादी में आदिवासी कन्या सोनमती पुत्री स्व.जीतू निवासी जिगनहवा एवं दूल्हा सोहन सिंह पुत्र स्व.दख्खल सिंह निवासी बेगारीडाँड़ (बिहारपुर) छत्तीसगढ़ की शादी आचार्य आदर्श कुमार शास्त्री ने हिन्दू रीति रिवाज के साथ धूमधाम से कराई जिसमे यूनियन बैंक कर्मी सुनील सिंह स पत्नी ज्ञानमाला देवी ने कन्यादान कर गृहस्ती की सामग्री भेंट की गयी।साथ ही पूजा समिति की तरफ से लड़की को गृहस्थी का बेड विस्तर कपड़ा बर्तन जेवर आदि गृहस्ती का सारा सामान उपहार स्वरूप दे कर विदा किया गया। शादी के दौरान भगवान श्रीराम का किरदार निभा रहे रामजग पांडेय व भाई लक्ष्मण के रूप में नीतीश चंद्र शर्मा के साथ रथ में विराजमान थे वही शादी के लिए आए दूल्हे की गाड़ी रथ के पीछे पीछे चल रही थी। बारात में डीजे के अलावा भांगड़ा पार्टी, रोड लाइट की जोरदार व्यवस्था रही।

जाली नोटों का कारोबार करने वाले गैंग का पर्दाफाश

मीरजापुर। अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में थाना कछवां पुलिस टीम द्वारा बड़ी सफलता हासिल करते हुए जाली नोट छापने वाले उपकरण व नगदी के साथ चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जाली नोट छापने का पदार्फाश किया है। बताते हैं कि 09 अक्कोटूबर प्रभारी निरीक्षक थाना कछवां मय पुलिस टीम द्वारा जरिए मुखबिर के सूचना के आधार पर थाना कछवां क्षेत्रांतर्गत ग्राम कटका से मोटर साइकिल सवार दो अभियुक्त ,मुलायम गौतम पुत्र छेदी लाल गौतम निवासी जोगीवारी थाना औराई जनपद भदोही व दिलीप गौतम पुत्र कैलाश गौतम निवासी जोगीवारी थाना औराई जनपद भदोही को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार मुलायम गौतम उपरोक्त के कब्जे से 200-200 रुपए के कुल 100 जाली नोट व दिलीप गौतम के कब्जे से 200-200 रुपए के कुल 50 जाली नोट बरामद किया गया । उक्त अभियुक्तों के निशानदेही पर ग्राम मुंसीलाटपुर स्थित ग्राहक सेवा केन्द्र से अन्य दो अभियुक्त, राहुल प्रताप राणा पुत्र दिनेश चन्द्र निवासी हरियावां थाना भदोही जनपद भदोही व अवनीश कुमार पुत्र जंगलीराम निवासी कुनवीनपुर थाना औराई जनपद भदोही को गिरफ्तार किया गया तथा जन सेवा केन्द्र से एक अदद प्रिंटर, दो अदद लैपटाप व 46000 रुपए के जाली नोट बरामद किया गया । उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कछवां पर मु0अ0सं0-131/2024 धारा- 319(2), 318(4), 178, 179,180,181 बीएनएस पंजीकृत कर गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि हम लोगो द्वारा ग्राहक सेवा केन्द्र के आड़ में जाली नोटों को छापकर बाजार में खपा देते है । जिससे विभिन्न प्रकार के सामानों की खरीदारी कर भौतिक लाभ उठाते रहे है ।

मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता सेमिनार का शुभारम्भ

मीरजापुर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के कार्ययोजना 2024-25 के तहत जनपद न्यायाधीश अनमोल पाल के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मीरजापुर एवं सीएमओ के संयुक्त तत्वावधान में स्वामी विवेकानन्द हाल में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस एवं मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता सेमिनार का शुभारम्भ डीएलएसए सचिव एवं अपर जनपद न्यायाधीश विनय आर्या एवं डिप्टी सीएमओ डॉ. मुकेश प्रसाद ने किया । डीएलएसए सचिव एवं अपर जनपद न्यायाधीश विनय आर्या ने उपस्थित मुख्यालय, सीएचसी, पीएचसी के समस्त डार्टस को सम्बोधित करते हुए बताया कि आधुनिक युग में भाग दौड़ की जीन्दगी में प्रत्येक व्यक्ति तनाव में होता है और वह डिप्रेशन अवसाद तनाव में होता है। रोगी को बार बार नकारात्मक विचारों का आना, अंजाना भय व कुछ अनहोनी होने के विचारों का आना आता रहता हैं। तनाव मुक्त होने के लिए समय से मनः चिकित्सक से इलाज कराना आवश्यक है। मानसिक एवं तनाव को दूर करने के लिए समय समय पर चिकित्सक के सम्पर्क में रहना चाहिए उन्होने डिप्टी सीएमओ को निर्देशित किया कि मानसिक रोग इलाज के सन्दर्भ में व्यापक प्रचार प्रसार कराना सुनिश्चित करें। मानसिक रोगियों को यदि किसी भी प्रकार दिक्कत आती है तो वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में एक प्रार्थना पत्र देकर सहायता प्राप्त कर सकता है। डिप्टी सीएमओं डॉ. मुकेश प्रसाद ने उपस्थित सभी डार्टस को सम्बोधित करते हुए बताया मानसिक रोगियों की संख्या अन्य रोगियों की तुलना में ज्यादा है। इस रोग का पहचान नींद कम आना या अत्यधिक आना, अंजाना भय काल्पनिक आवाजों की सुनाई देना, भूत प्रेत का डर, आत्महत्या की भावना या आत्महत्या का प्रयास करना, किसी काम में मन न लगना, रोने की इच्छा होना, झुझलाहट एवं अत्यधिक आक्रामकता शारीरिक नुकसान पहुंचाना जैसे लक्षण होते है। ऐसे मानसिक रोगियों का इलाज साइकॉस्टि द्वारा मण्डलीय अस्पताल में निःशुल्क होता है।

मानसिक स्वास्थ्य दिवस एवं मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता सेमिनार मे एस एमओ डॉ. अनिल कुमार ओझा, एनएचएम डॉ. अजय सिंह, डॉ. अवधेश कुमार सिंह, डॉ. आरके राय, डॉ. राजन सिंह एवं अन्य विशेषज्ञ डार्टस ने मानसिक रोग और स्वाथ्य व इलाज पर अपने अपने विचारों को विस्तार से व्यक्त किए। मानसिक स्वास्थ्य दिवस एवं मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता सेमिनार मे स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर , एएनएम, फील्ड वर्कर, उपस्थित होकर सहयोग दिए।

संक्षेप

आरोग्यम हॉस्पिटल का शुभारम्भ

देवरिया। शहर के एसएसबी इंटर कॉलेज के निकट स्थित आरोग्यं हॉस्पिटल का मुख्य अतिथि सदर सांसद शशांक मणि त्रिपाठी व विशिष्ट अतिथि भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ के संयोजक नरेंद्र तिवारी ने वेद पाठ व स्वस्तयन वाचन के बीच फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान हॉस्पिटल के निदेशक अनिरुद्ध मिश्र, डॉ. ओमकार मिश्रा, डॉ. स्तुति मिश्रा सहित अन्य अतिथिगण मौजूद रहे।

मुख्य अतिथि सांसद त्रिपाठी ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। बिना स्वस्थ रहे विकसित भारत की संकल्पना अधूरी है।विशिष्ट अतिथि रामपुर कारखाना विधायक चौरसिया ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यहां आने वाले सभी मरीजों को परिवार का सदस्य मानकर इलाज हो यही सबसे बड़ी उपलब्धि होगी।विशिष्ट अतिथि जिला संयोजक शिक्षक प्रकोष्ठ नरेंद्र तिवारी , डॉ. ओंकार मिश्रा व स्तुति मिश्रा ने सभी अतिथियों के प्रति आभार जताया। संचालन सनत पांडेय डब्बू ने किया।

डीएम, एसपी ने प्रतिमा विसर्जन स्थलों का किया स्थलीय निरीक्षण

कुशीनगर। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज व पुलिस अधीक्षक कुशीनगर संतोष कुमार मिश्रा ने नवरात्र/विजयादशमी पर्व के दृष्टिगत प्रतिमा विसर्जन स्थलों के अंतर्गत मय पुलिस बल के साथ जनपद के थाना कोतवाली पडरौना अंतर्गत खिरकिया घाट में स्थित मूर्ति विसर्जन घाट का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

इस दौरान उपस्थित दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों/ संभ्रांत व्यक्तियों से वार्ता कर घाट पर बैरिकेडिंग व्यवस्था, पार्किंग, प्रकाश, व्यवस्था आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इसी क्रम में उन्होंने अन्य प्रतिमा विसर्जन स्थलों के दृष्टिगत कहा कि आवश्यकतानुसार रेत की बोरी के माध्यम से घाटों का निर्माण किया जाए, उचित रूप से बैरिकेडिंग कर दिया जाए, गोताखोरों की व्यवस्था किया जाए, एसडीआरएफ की टीम भी चिन्हित स्थानों पर उपस्थित रहे, घाट पर अगर ज्यादा गहरा पानी हो तो बांस से घेर दिया जाए, साथ ही आवागमन के रास्ते पर पथ प्रकाश तथा विद्युत संयोजन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।उन्होंने समस्त जनपद वासियों से नवरात्र एवं विजयदशमी त्योहार आपसी सामंजस्य एवं सौहार्दपूर्वक मनाने की अपील भी की।इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर पडरौना व्यास नारायण उमराव, क्षेत्राधिकारी पडरौना अभिषेक सिंह, थाना प्रभारी कोतवाली, नायब तहसीलदार पडरौना विशाल दत्त त्रिपाठी, तथा अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का डीएम ने किया निरीक्षण

देवरिया । मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देश के क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस का राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में त्रैमासिक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने वेयरहाउस के चारों तरफ लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की सक्रियता, कंट्रोल रूम, कक्षवार विद्युत आपूर्ति, खिड़कियों एवं रोशनदानों को सुरक्षित रखने के उपायों सहित अन्य बिंदुओं का गहन निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने वेयरहाउस के बाहर लगाए गए सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से वाह्य सुरक्षा व्यवस्था की अनवरत निगरानी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुरक्षा गार्ड्स की शिफ्टसंबंधित अधिकारियों को दि इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी व एडीएस्कुशवाहा, रमाशंकर यादव, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी से उदयभान यादव एवं घनश्याम गिरी आदि मौजूद रहे।

जिया खातून मिला को एक दिन के लिए विद्यालय प्रभारी का दायित्व

कुशीनगर। मिशन शक्ति के अंतर्गत बालिकाओं के सशक्तिकरण और आत्मविश्वास को बढ़ाने के उद्देश्य से कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय कसया में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस कार्यक्रम के तहत कक्षा सात की छात्रा जिया खातून को एक दिन के लिए विद्यालय प्रभारी का दायित्व सौंपा गया जिया खातून ने विद्यालय प्रभारी के रूप में अपने नेतृत्व कौशल, प्रशासनिक दूरदर्शिता और गंभीरता से जिम्मेदारी का सफलतापूर्वक निर्वहन किया। यह कार्यक्रम बालिकाओं में आत्मविश्वास, शासकीय कार्यप्रणाली के ज्ञान और सुरक्षा बोध में वृद्धि करने के लिए आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मिशन शक्ति के उद्देश्यों को साकार करना था, जिससे प्रदेश की बालिकाओं का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके।

कार्यक्रम के दौरान जिया को प्रधानाध्यापक भगवंत सिंह, सहायक अध्यापक दुर्गेश यादव, रश्मि सिंह तोमर, वंदना पाण्डेय, और संगीता यादव द्वारा बधाई दी गई। सभी ने जिया के प्रयासों की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।इस अवसर पर विद्यालय में बालिकाओं को उनके अधिकारों और अवसरों के बारे में जागरूक करने पर भी जोर दिया गया, ताकि वे अपने जीवन में आत्मनिर्भर बन सकें और समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें।

आकांक्षा समिति की हुई बैठक

कुशीनगर। आकांक्षा समिति, जनपद कुशीनगर के अध्यक्षता में (सर्किट हाउस, रविन्द्रनगर) बैठक आयोजित की गई एवं आकांक्षा समिति का पुर्नगठन भी किया गया है। बैठक में महिला एवं बालिका स्वास्थ्य, शिक्षा के प्रति जागरूकता, रोजगार परक शिक्षा एवं महिला स्वयं सहायता समूह के गठन की आवश्यकता पर जोर दिया गया एवं उनके कियान्वयन पर भी चर्चा की गयी।इसी सन्दर्भ में कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय, बालिका इण्टर कालेज एवं महिला महाविद्यालयों में चल रहे कार्यक्रमों के प्रति जागरूकता एवं कुशल कियान्वयन पर रणनीति बनाई गयी। उक्त आयोजित बैठक में डॉ० अंगीरा भारद्वाज, डॉ० यशा मिश्रा, डॉ० रूपम जायसवाल, डॉ० ममता मणि त्रिपाठी, मीनू जिन्दल, रमा खेतान, मुकुल शुक्ला द्वारा प्रतिभाग किया गया।

जिलाधिकारी ने पराली जलाने की रोकथाम के दिए निर्देश

देवरिया। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने बताया है कि पराली के जलाए जाने के कारण होने वाले प्रदूषण को नियंत्रित करने हेतु जनपद स्तर पर प्रत्येक तहसील स्तर पर उच्च अधिकारी के पर्यवेक्षण में सचल दस्ता गठित किया जा चुका है। कर्मचारियों की ड्यूटी न्याय पंचायत स्तर पर लगाई गई है तथा उन्हें निर्देशित किया गया है कि संबंधित कर्मचारी अपने न्याय पंचायत

- **पराली जलाने पर सम्बन्धित लेखपाल के साथ सम्बन्धित कर्मचारी का पूर्ण रुप से उत्तरदायित्व निर्धारित किया जायेगा**

के समस्त सदस्य ग्रामों में पराली/ फसल अपशिष्ट जलाने से रोकने हेतु आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे। विकासखंड एवं न्याय पंचायत स्तरीय सचल दस्ता में सेक्टर अधिकारी के रूप में संबंधित खंड विकास अधिकारी एवं सेक्टर प्रभारी अधिकारी के लिए संबंधित सहायक विकास अधिकारी (कृषि) को नामित किया गया है। कृषि विभाग एवं सहयोगी विभाग के रूप में बीटीएम/एटीएम/प्रा०स० सी, एवं राजस्व विभाग से संबंधित लेखपाल तथा पुलिस विभाग से संबंधित थानाध्यक्ष को नामित किया गया है।

जिलाधिकारी ने नामित अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि कृषकों के मध्य फसल अवशेष जलाने से मिट्टी जलवायु एवं मानव स्वास्थ्य को होने वाली हानि के विषय में अवगत कराया जाये। उन्हें यह भी अवगत कराया जाये कि मा० राष्ट्रीय हरित अधिकरण के आदेशानुसार दंडनीय अपराध है। सम्बन्धित राजस्व ग्राम में पराली न जलाये जाने हेतु आप द्वारा समस्त कदम उठाये जायें तथा पराली जलाने पर सम्बन्धित लेखपाल के साथ सम्बन्धित कर्मचारी का पूर्ण रुप से उत्तरदायित्व निर्धारित किया जायेगा। तहसील एवं विकास खण्ड के समस्त लेखपाल एवं अन्य ग्राम प्रधानों को सम्मिलित करते हुये एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जाये उस क्षेत्र में कहीं भी फसल अवशेष जलाये जाने की घटना होती है तो सम्बन्धित लेखपाल एवं ग्राम प्रधान व्हाट्सएप ग्रुप एवं दूरभाष के माध्यम से सम्बन्धित तहसील स्तर पर गठित सचल दस्ते को तत्काल इसकी सूचना देगें। पराली / कृषि अपशिष्ट जलाये जाने की घटना पाये जाने पर सम्बन्धित को दण्डित करने के सम्बन्ध में राजस्व अनुभाग के शासनादेश के अनुरुप दंडनात्मक कार्रवाई की जाये तथा सम्बन्धित के विरुद्ध अर्थदंड लगाये जाने के सम्बन्ध में कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहे लोग:डीएम

देवरिया। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत आज विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में एक जागरुकतापरक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के दौरान डीएम ने मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डाला तथा मानसिक स्वास्थ्य विषयक विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित भी किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि मानसिक रोग कभी भी किसी को भी हो सकता है। यदि कोई व्यक्ति मानसिक दबाव या निराशा का भाव लंबे समय तक महसूस करे तो उसे अपने परिजनों एवं मित्रों को बताये। उनसे चर्चा करें। यह एक समस्या है, इसे छिपाये नहीं। आवश्यक हो तो चिकित्सकीय परामर्श प्राप्त करें। दवा से डिप्रेशन सहित कई बीमारियों का ईलाज संभव है। जिलाधिकारी ने कहा कि आज के फास्ट लाइफ और आधुनिक जीवनशैली में डिप्रेशन की बीमारी महामारी का रूप ले रही है। सोशल मीडिया पर अतिशय सक्रियता एवं समाज से कटाव इसकी प्रमुख वजह हैं। कुछ मामलों में यह अनुवांशिक भी होता है। सभी को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता हैसीएमओ डॉक्टर राजेश झा ने कहा कि कई बार शराब व ड्रग्स की वजह से मानसिक स्वास्थ्य की समस्या पैदा होती है। इनके सेवन से बेचैनी, अनियंत्रित मूड, विक्षिप्तता और आवेगो को नियंत्रित करने की गड़बड़ियां पैदा हो सकती हैं।

उन्होंने कहा कि स्वस्थ दिनचर्या एवं नियमित रूप से योग करके मानसिक समस्याओं से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि यदि किसी को डिप्रेशन जैसा महसूस हो तो टेलीमानस के टॉल फ्री नंबर 18008914416 पर निःशुल्क परामर्श प्राप्त कर सकता है इस दौरान डीएम ने पोस्टर प्रतियोगिता में सफल प्रतियोगियों जिसमें सनबीम स्कूल के छात्र प्रखर कुमार, पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज देवरिया के छात्र हर्ष खरवार, युग निर्माण विद्यालय की छात्रा मुस्कान यादव को प्रतीक चिन्ह देखकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार वाद-विवाद प्रतियोगिता में पीएम श्री राजकके छात्र विद्यानिवास मिश्र, सनबीम स्कूल के लाइका नूरु को सम्मानित किया गया। रभव्या तिवारी को सम्मानित किया गया।

किसान या उद्यमी को कोल्ड स्टोरेज की स्थापना हेतु मिलेगा अनुदान

कुशीनगर। जनपद में केला और आलू का प्रमुख उत्पादक जनपद है। यहाँ पर लगभग 15,000 हेक्टेयर में केले की खेती एवं लगभग 1400 हेक्टेयर में आलू की खेती की जाती है जिला उद्यान अधिकारी, कुशीनगर कृष्ण कुमार द्वारा बताया गया कि अगर जनपद के कोई भी किसान या उद्यमी कोल्ड स्टोरेज की स्थापना करना चाहते हैं तो विभाग द्वारा उन्हें 35% की अनुदान और यदि कोल्ड स्टोर में कई चैंबर्स बनाए जाते हैं तो उन्हें 15% का अतिरिक्त टॉप अप अनुदान, इस प्रकार कुल 50% का अनुदान दिया जाएगा। जनपद के इच्छुक किसान या उद्यमी जो कोल्ड स्टोरेज की स्थापना करना चाहते हैं, कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी, रवींद्र नगर में संपर्क कर सकते हैं।

परियोजनावार कुल 254 पद हैं रिक्त

देवरिया । बैतालपुर में आंगनबाड़ी कार्यकत्री हेतु इस परियोजना के लिए कुल 77 पद रिक्त है। इसी प्रकार बनकटा में 7, बरहज में 32, भागलपुर में 8, भलुअनी में 11, भटनी में 6, भाटपाररानी में 7, देवरिया शहर में 15, देवरिया सदर में 7, देसही देवरिया में 3, गौरी बाजार में 17, लार में 8, पथरदेवा में 4, रामपुर कारखाना में 4, रूद्रपुर में 38, सलेमपुर में 45 एवं तरकुलवा में 9 पद रिक्त है।

भारत मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत जिला अनुश्रवण समिति की बैठक

कुशीनगर। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता व मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी की उपस्थिति में बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित निपुण भारत मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत जिला अनुश्रवण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में की गई।

उक्त बैठक में ऑपरेशन कायाकल्प, विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति, निपुण भारत मॉनिटरिंग सेंटर, विद्यालय में नामांकन प्रगति, आधार सत्यापन की प्रगति, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय भवन निर्माण की प्रगति, मध्यान्ह भोजन योजना, मानव संपदा अवकाश आवेदन, यू डाइस की प्रगति, वित्तीय प्रगति आदि के संबंध में आवश्यक समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रदर्शन करें। विद्यालयों की मॉनिटरिंग नियमित रूप से हो, इस क्रम में मिशन प्रेरणा में कमतर प्रदर्शन वाले खंड विकास अधिकरियों को प्रगति लाने सहित चेतावनी भी दी गई। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं में निपुण भारत मिशन शामिल है, अध्यापकों व छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने सहित शिक्षा की गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान देने हेतु निर्देशित किया गया।

बैठक दौरान श्रेणीवार विद्यालयों को निपुण बनाए जाने के संबंध में चर्चा की गई। सभी खंड विकास अधिकारीगण विकास खंड स्तर पर तैनात एआरपी द्वारा किए जाने वाले कार्यों के संदर्भ में खंड शिक्षा अधिकारियों से पुछ ताछ की गई, एआरपी द्वारा विद्यालयों में भ्रमण किए जाने पश्चात हुए बदलाव की भी जानकारी जिलाधिकारी द्वारा ली गई। समीक्षा दौरान मानक से अधिक अध्यापकों वाले विद्यालय एवं मानक से कम अध्यापकों वाले विद्यालय की सूची उपलब्ध कराए जाने हेतु बीएसए को निर्देशित किया गया। ऑपरेशन कायाकल्प (ग्रामीण एवं शहरी) के संदर्भ में जिलाधिकारी ने शौचालयों की स्थिति की जानकारी लेने उपरांत प्रस्ताव तैयार कराकर भिजवाए जाने हेतु निर्देशित किया गया। बच्चों के नवीन नामांकन, आधार सत्यापन की समीक्षा दौरान नामांकन में कमी पाए जाने पर संबंधित से पुछ ताछ की गई। इसी प्रकार बच्चों की कम उपस्थिति, दिव्यांग बच्चों की उपस्थिति के संबंध में सभी को अपने कार्यों में सुधार लाने सहित अपने दायित्वों के निर्वहन में रुचि लाने की हिदायत दी गई। कस्तूरबा विद्यालयों की समीक्षा दौरान सुरक्षा की दृष्टि से बच्चियों की सूची पुलिस अधीक्षक को उपलब्ध कराने सहित सप्ताह में एक दिन कस्तूरबा विद्यालयों का निरीक्षण किए जाने, बच्चियों से वार्ता कर उनकी समस्या नोट करने हेतु बीएसए को निर्देशित किया गया। मध्यान्ह भोजन योजना के संदर्भ में रसोइयों के मानदेय, विद्यालयों के निर्माण कार्य, बजट की उपलब्धता आदि की समीक्षा विस्तार पूर्वक करते हुए हुए आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए। इस अठ, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारीगण व सभी संबंधित उपस्थित रहे।

नयी दिशा ने कुष्ठ रोगियों के साथ मनाया स्थापना दिवस

जिला संवाददाता(vol)

कुशीनगर। नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान ने अपने स्थापना दिवस के अवसर पर गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसया में कुष्ठ रोगी सेवा संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में रोगियों को चिकित्सकीय परामर्श, दवा और आगामी ठंड से बचाव हेतु कम्बल भेंट किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते अधीक्षक डा0 मार्कण्डेय चतुर्वेदी ने कहा कि कुष्ठ एक सामान्य बीमारी है। समय से इलाज कराने पर यह पूरी तरह ठीक हो जाता है। जिला कुष्ठ परामर्शदाता डा0 विनोद कुमार मिश्र ने कहा कि कुष्ठ के बारे में भ्रांतियां हैं कि यह खानदानी रोग है, छूने से होता है। यह सब गलत है। कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों पर हल्के अथवा ताँबा के रंग के चकत्ते हो जाते हैं। जिसमें सुन्नपन होता है। इस स्थान पर सुई चुभने पर भी मनुष्य किसी प्रकार का कोई दर्द महसूस नहीं करता। इसके अलावा यदि हथेली अथवा पैर के तलवों में भी सुन्नपन हो रहा है तो कुष्ठ रोग की जांच अवश्य करानी चाहिए अन्यथा यदि कुष्ठरोग का उचित समय पर उपचार न किया जाये तो इससे शरीर के प्रभावित अंगो में दिव्यांगता हो सकती है। कार्यक्रम संयोजक एनएमएस रमेश प्रसाद त्रिपाठी ने कहा कि कुष्ठ रोगियों को सामाजिक घृणा की जगह सहानुभूति की जरूरत है। उन्होंने सरकार द्वारा कुष्ठ रोगियों के कल्याणार्थ चलाई जा रही योजनाओं के बारे में भी बताया। अध्यक्षता कर रहे पूर्व प्राचार्य डॉ0 दया शंकर तिवारी ने कहा कि कुष्ठ रोगियों की सेवा करना पवित्र कार्य है। इनकी सेवा से ईश्वरीय फल की प्राप्ति होगी।कार्यक्रम का संचालन संस्था सचिव डॉ0 हरिओम मिश्र, आगंतुकों का स्वागत अध्यक्ष प्रो0 सीमा त्रिपाठी व आभार उपाध्यक्ष इंद्र कुमार मिश्र ने किया। इस अवसर, सपना, असगर, ध्रुप आदि उपस्थित रहे।

शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रो तक दुर्गा पूजा की धूम,जयकारों से भक्तिमय हुआ वातावरण

देवरिया । जिले में शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक शक्ति की देवी दुर्गा के पूजन के लिए भक्तों की भीड़ देवी मंदिरों ,दुर्गा पांडालों में पहुचकर दर्शन ,पूजन अर्चन कर जयकारे लगा रही है ।घरों में कलश स्थापना कर , मंदिरों ,पंडालों में सुबह से देर रात तक लोगबाग देवी की पूजा अर्चना में लगे हैं ।बाजारों , चौक चौराहों, मंदिर परिसरों में मेले जैसा माहौल बना हुआ है । जिला मुख्यालय स्थित देवरही मंदिर,शक्तिपीठ अहिल्यापुर, देवी मंदिर लाहिलपर, भांगड़ा भवानी,दुर्गा मंदिर भटनी, रुद्रपुर,बरहज,कपर्वर,सलेमपुर , भाटपाररानी,भेंगारी बाजार,मठिया आदि मंदिरों पर भक्तों की भीड़ सुब से लेकर देररात तक उभड़ रही है ।जगह जगह आयोजित देवी जागरण गीतों,रामलीला,डांडिया में लोग पहुच रहे है ।इसवर्ष शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक बड़ी संख्या में स्थापित पाण्डलों में देवी दुर्गा प्रतिमाओं , झांकियों को देखने के लिये भीड़ उमड़ रही है । दुर्गा पूजा को लेकर पुलिस प्रशासन शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक एलर्ट मोड़ पर है ।शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिये जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल, पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा,अपर पुलिस अधीक्षक दीपेंद्रनाथ चौधरी समेत,क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्षों द्वारा फोर्स के साथ मार्च किया जा रहा है ।

उधर बाजारों में व्रत ,उपवास को लेकर फलों की विक्री बढ़ गयी है ।जिला मुख्यालय पर आवागमन सुचारु रखने के लिए यातायात पुलिस की जगह जगह तैनाती तो ,अराजक तत्वों ,मनचलों पर नजर रखने के लिए पुलिस,महिला पुलिस सायंकाल से लेकर देररात तक तैनात की गई है । कस्बों ,चौराहों, गांवों में स्थापित दुर्गा पाण्डलों, रामलीला स्थलों ,रास्तों पर स्थानीय पुलिस की अलग से चौकसी देखी जा रही है ।

विजय दशमी/दशहरा के दृष्टिगत नामित किए गये मजिस्ट्रेट

कुशीनगर। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष विजयदशमी / दशहरा के त्यौहार क्रमशः दिनांकः 11 अक्टूबर, 2024 तथा 12 अक्टूबर, 2024 को मनाया जायेगा तथा दिनांकः 11 अक्टूबर, 2024 शुक्रवार को जुम्मे के नमाज अदा की जायेगी। दशहरा पर्व के पहले से ही कई स्थानों पर रामलीलाओं मंचन प्रारम्भ हो जाता है, जो दाश्हरा के बाद तक चलता रहता है। रामलीलाओं के दौरान विभिन्न तिथियों में राम-बारात, शोमा यात्रायें बढ़ी श्रद्धा व धूम-धाम से निकाली जाती है। दशहरा के दिन लगभग सभी तहसील / थाना क्षेत्रों में दशहरा मेले का आयोजन किया जाता है, जिसमें रावण / मेघनाथ / कुम्भकरण का पुतला दहन किया जाता है। दशहरा के पश्चात भरत मिलाप एवं राजगद्दी के कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। नवरात्र में स्थापित माँ दुर्गा प्रतिमायें दशहरे के दिन या अगले दिन जुलूस/शोभा यात्रा के रूप में ले जाकर विसर्जित की जाती है। ऐसे दोनों अवसरो पर सुरक्षा व्यवस्था तथा शान्ति एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु जिला मजिस्ट्रेट विशाल भारद्वाज ने जनपद में त्यौहारों के समाप्ति तक ड्यूटी पर सुपर जोनल मजिस्ट्रेट / जोनल मजिस्ट्रेट तथा सेक्टर मजिस्ट्रेट, नगर निकाय क्षेत्रवार/ तहसील / पुलिस चौकीवार नियुक्त किए हैं।जिला मजिस्ट्रेट ने सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र कसया, सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र हाटा, संपूर्ण तहसील क्षेत्र तमकुहीराज, हेतु सुपर जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में अपर जिला मजिस्ट्रेट वैभव मिश्रा को नामित किया है, तथा सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र पडरौना, खड्डा, व कप्तानगंज हेतु सुपर जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में अपर जिला मजिस्ट्रेट न्यायिक प्रेम कुमार को सुपर जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में नामित किया है।

जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र कसया हेतु उप जिलाधिकारी कसया को जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में नामित किया है, इसी प्रकार संपूर्ण तहसील क्षेत्र हाटा के लिए उप जिला मजिस्ट्रेट हाटा को, सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र तमकुहीराज के लिए उप जिला मजिस्ट्रेट तमकुहीराज को, संपूर्ण तहसील क्षेत्र पडरौना के लिए उप जिला मजिस्ट्रेट पडरौना को, संपूर्ण तहसील क्षेत्र खड्डा के लिए उप जिला मजिस्ट्रेट खड्डा को, संपूर्ण तहसील क्षेत्र कप्तानगंज के लिए उप जिला मजिस्ट्रेट कप्तानगंज को जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में नामित किया है। सेक्टर मजिस्ट्रेट के रूप में 36 अधिकारियों को नामित किया गया है जिसके अंतर्गत तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी को पुलिस चौकी वार, कस्बा चौकी वार, प्रमुख चौक वाइज नामित नामित किए हैं। इसके आलावे रिजर्व में 05 जोनल व 05 सेक्टर मजिस्ट्रेट भी नामित किये है।

प्रभु श्री राम ने की थी आदि शक्ति की पूजा : धर्मेन्द्र

रूद्रपुर, देवरिया। उपनगर के गोला वार्ड में मूर्ति नंबर एक के पांडाल में बुधवार को आयोजित भगवती जागरण में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष व एमएलसी डॉक्टर धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि प्रभु श्री राम ने राम रावण युद्ध के दौरान आदिशक्ति की पूजा की थी। उन्होंने कहा कि रावण पर विजय प्राप्त करने के लिए प्रभु श्री राम ने आदि शक्ति की पूजा का व्रत रखा।

उन्होंने 108 कमल के फूल मंगवाये किंतु किसी कारणवश एक कमल का फूल गायब हो गया। जब प्रभु श्री राम एक-एक करके कमल का पुष्प चढ़ाने लगे तो 107 फूल चढ़ाने के बाद आठवां फूल न मिलने पर उन्होंने बाण से अपने कमलवत नयन को मां दुर्गा के श्री चरणों में अर्पित करना चाहा। इतना देखते ही चण्डी के रूप में मां दुर्गा प्रकट हुईं और उन्होंने प्रभु श्री राम को विजई होने का आशीर्वाद दिया। भगवती जागरण में मशहूर गायक कलाकार अनीश सोनी ने अपने भजनों से उपस्थित जन समुदाय को झूमने पर मजबूर कर दिया।

उन्होंने मां दुर्गा की भक्ति में दर्जनों भजन प्रस्तुत किया और उपस्थित भक्तजन तालियों की गड़गड़ाहट से भजन सुनते रहे। इस अवसर पर विधायक जयप्रकाश निषाद, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह, आयोजक भाजपा नेता विनोद गुप्ता, राणा राव, सूरज जायसवाल, शशि प्रकाश राव, राम संतोष शुक्ला, रमेश सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता मदन मोहन गुप्त, अरविंद शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।

प्रभारी मंत्री ने की पीडब्ल्यूडी के वर्ष 2024-25 में प्रस्तावित कार्य योजना की समीक्षा

कुशीनगर। प्रभारी मंत्री/राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार उद्यान कृषि विपणन कृषि विदेश व्यापार कृषि निर्यात उत्तर प्रदेश दिनेश प्रताप सिंह जी द्वारा आज एक दिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद में लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रस्तावित किए जाने वाले विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कार्ययोजना की समीक्षा जनपद मुख्यालय स्थित सर्किट हाऊस में संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ किया गया।

मंत्री जी ने लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रस्तावित किए जाने वाले विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कार्य योजना की समीक्षा के दौरान अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग से विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग द्वारा मंत्री जी को वित्तीय वर्ष 2024-25 में नाबार्ड 30, (सिंगल कनेक्टिविटी) के अंतर्गत नवनिर्माण के 7 कार्य, राज्य सड़क निधि 5054 के अंतर्गत चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के अंतर्गत 5 कार्य, इंटर स्टेट के अंतर्गत चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के अंतर्गत 01 कार्य, नाबार्ड 30 अंतर्गत नवनिर्माण के अंतर्गत 29 कार्य, राज्य सड़क निधि 5054 के अंतर्गत नवनिर्माण हेतु 7 कार्य, चीनी मिल एरिया गन्ना विभाग अंतर्गत पुनर्निर्माण के 08 कार्य, नाबार्ड सेतु /क्षतिग्रस्त/ सकरा हेतु लघु सेतु अंतर्गत 22 कार्य, लघु सेतु कच्चे मार्ग अंतर्गत 1 कार्य, लघु सेतु के अंतर्गत 5 कार्य, सुरक्षात्मक कार्य के अंतर्गत 10 कार्य, मार्ग की मरम्मत के अंतर्गत 39 कार्य, इस प्रकार कुल 134 कार्य जिसकी लंबाई 234.52 जिसकी अनुमानित लागत 3672 7.92 लाख के कार्यों का प्रस्ताव किया गया। इसके अलावा विशेष मरम्मत, चौड़ीकरण एवं शुद्धिकरण, राज्य सड़क निधि, राज्य सड़क निधि नवनिर्माण, पुनर्निर्माण, रोड सेफ्टी, लघु सेतु, फ्लाई ओवर, अंतर राज्यीय /अंतरराष्ट्रीय, दीर्घ सेतु, औद्योगिक/लॉजिस्टिक्स, चीनी मिल सहित कुल 481 कार्यों के संबंध में सभी जनप्रतिनिधि गणों को दो दिन के अंदर प्रस्ताव तैयार कर उपलब्ध कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया। मंत्री जी ने अधिशाषी अभियंता पीडब्ल्यूडी को निर्देशित किया कि जनपद में जहां पर भी सड़क क्षतिग्रस्त हो उसकी तत्काल मरम्मत कराई जाए तथा निमार्णाधीन सड़कों को गुणवत्तापरक ढंग से पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि कार्ययोजना बनाते समय स्थानीय विधायकगणों एवं जनप्रतिनिधिगणों द्वारा प्रस्तावित कार्यों/सड़कों को कार्ययोजना में अवश्य शामिल किया जाए। इस दौरान सांसद विजय कुमार दुबे, राज्यसभा सांसद कुंवर आरपीएन सिंह, विधायक खडडा विवेकानंद, विधायक कसया पीएन पाठक, विधायक फाजिलनगर सुरेंद्र कुशवाहा, विधायक सदर मनीष जायसवाल, विधायक रामकोला विनय गौंड, विधायक हाटा मोहन वर्मा, विधायक तमकुहीराज डा0 असीम राय,जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप जायसवाल जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज, पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र,मुख्य विकास अधिकारी गुंजन दिवेदी, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग, सहित अन्य संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

संक्षेप

गन्ना समिति के चुनाव में प्रत्याशियों ने किया नामांकन

सीतापुर। महोली सहकारी गन्ना समिति निर्वाचन प्रक्रिया गुरुवार को समिति प्रांगण में डायरेक्टर नामांकन चुनाव अधिकारी की देखरेख में संपन्न हुई। जिसमें क्षेत्रवार 11 डायरेक्टर पद हेतु नामांकन दाखिल हुए। जबकि यहां पर 10 डायरेक्टर होना है। बताते चलें कि नेरी कला से दो डायरेक्टर पद के प्रत्याशियों ने पर्चा दाखिल किया है।

जिसमें कृष्ण पाल और प्रकाश शामिल है। वही 10 डायरेक्टर निर्विरोध निर्वाचित होना तय माना जा रहा है। इस दौरान महोली कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार मिश्रा पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

निर्वाचन प्रक्रिया पूरी होने के बाद पहुचे क्षेत्रीय विधायक शशांक त्रिवेदी ने कहा की पूरे प्रदेश में महोली सहकारी गन्ना समिति का चुनाव निष्पक्ष आयोजित किया गया है। इसमें शासन की मंशा के अनुसार ही कार्रवाई की गई है।

न्यायालय में मानक के अनुसार वादों का निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कर-करेत्तर, राजस्व वसूली एवं अन्य राजस्व कार्यो की समीक्षा के साथ ही मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के माध्यम से राजस्व संबंधी मामलों की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान अंश निर्धारण में जनपद की सभी तहसीलों में अभी भी बड़ी संख्या में लंबित प्रकरणों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित उप जिला अधिकारियों को शीघ्र ही वस्तुस्थिति का आंकलन कर समस्त मामलों के निस्तारण के निर्देश दिए। समस्त न्यायिक अधिकारियों को उनके न्यायालय में मानक के अनुसार वादों का निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उत्तराधिकार, वरासत में भी लेखपाल स्तर पर समय सीमा के उपरांत लंबित कई मामलों के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने ऐसे सभी लेखपालों की सूची तैयार कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्रों के आवेदनों की निस्तारण की समीक्षा के दौरान तहसील सदर में आय प्रमाण पत्र के सबसे ज्यादा लंबित आवेदनों के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने समस्त मामलों के निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश समस्त उप जिलाधिकारी को दिए। स्वामित्व योजना की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने अवशेष कार्यों को एक सप्ताह के अंदर पूर्ण करने के निर्देश समस्त तहसीलदारों को दिए। कृषि, आवास एवं मत्स्य हेतु पट्टा आवंटन की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने पट्टा आवंटन के उपरांत खतौनी में तत्काल नाम दर्ज कर एक सप्ताह के अंदर समस्त विधिक कार्यवाही की जाये। विविध देयों की वसूली की समीक्षा के दौरान व्यापार कर, वाहन कर, विद्युत देय, बैंक देय, स्टांप देय आदि में निर्धारित मानक अनुरूप वसूली करायी जाये। जिलाधिकारी ने रियल टाइम खतौनी सहित अन्य कार्यों की भी समीक्षा कर आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के माध्यम से राजस्व संबंधित मामले की भी समीक्षा की। इस दौरान जिन विभागों की ग्रेड सी, डी एवं ई पाई गई, ऐसे समस्त विभागों की प्रति सप्ताह समीक्षा कर, प्रगति न पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही की चेतावनी जिलाधिकारी द्वारा दी गई। अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने ऐसे निवेशकर्ता, जो जनपद में निवेश नहीं करना चाहते हैं, उनसे लिखित प्रमाण लेते हुए पोर्टल से एमओयू हटाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश उपायुक्त उद्योग को दिए। समीक्षा के दौरान ही राजस्व संहिता की विभिन्न धाराओं में लंबित वादों के निस्तारण की स्थिति संतोषजनक न पाए जाने पर जिलाधिकारी ने समस्त पीठासीन अधिकारियों को अपने न्यायालयों में विभिन्न धाराओं में लंबित वादों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के अंदर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई, आई0जी0आर0एस0 में भी अपेक्षित सुधार न होने पर पर जिलाधिकारी ने किसी भी संदर्भ के डिफाल्टर होने पर संबंधित अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। उन्होंने जांच आख्या लगाते समय शिकायतकर्ता से बात कर फीडबैक का भी उल्लेख करने के लिये कहा, जिससे ग्रेडिंग में सुधार हो सके। उन्होंने उपस्थित समस्त अधिकारियों को अपने कार्यों में सुधार लाते हुए फीडिंग कार्य माह की समाप्ति के पूर्व ही पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा बैठक में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पोर्टल पर प्रदर्शित अद्यतन रिपोर्ट भी साथ रखने के निर्देश दिये गये। बैठक दौरान अपर जिला अधिकारी नीतीश कुमार सिंह, समस्त उप जिलाधिकारी सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

आगामी त्योहार को लेकर थाना परिसर में चौकीदारों के साथ बैठक हुई

पाटन, उन्नाव। आगामी त्यौहारों को लेकर प्रभारी निरीक्षक ने चैकीदारों के साथ बैठक दिशा निर्देश दिए तथा हाजिरी के प्रति सजग रहने की हिदायत दी। गुरुवार को आगामी त्यौहारों को लेकर कार्यरत चैकीदारों की बैठक थाना परिसर में आयोजित की गई। प्रभारी निरीक्षक सुरेश चंद्र मिश्र चैकीदारों को उनके कर्तव्य का बोध कराते हुए कहा कि आप सबको आने वाले त्योहारों को लेकर सजग रहना होगा तथा अपने-अपने क्षेत्र में जिम्मेदारी के साथ अपने कार्य का निर्वहन करें कार्य में लापरवाही पाए जाने पर कार्यवाही की जाएगी वहीं थाना हाजा में होने वाली ड्यूटी के प्रति गंभीर रहने को कहा तथा कहा कि इसमें शिथिलता व लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी वैसे थाने में 24 चैकीदार कार्यरत है किंतु थाने में साफ सफाई को लेकर इनकी उदासीनता के विषय में साफ तौर पर देखा जा सकता है। इस मौके पर क्षेत्र के सभी चैकीदार बैठक में उपस्थित रहे।

नवोदय विद्यालय में कला उत्सव का समापन

फतेहपुर चैरासी, उन्नाव। क्षेत्र के नवोदय विद्यालय कालीमिट्टी में चल रहे दो दिवसीय कला उत्सव का समापन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ विद्यालय की प्राचार्या प्रतिमा पुरी, उप प्राचार्य रोहित कुमार कला शिक्षक अरविन्द कुमार एवं संगीत शिक्षक अरुण कुमार की देख रेख में विभिन्न विद्यालयों के प्रतियोगी छात्र छात्राओं को प्रमाणपत्र के साथ सम्मानित किया गया। एकल डांस में नवोदय विद्यालय उन्नाव की छात्रा कुमारी तनीषा प्रथम आई वही पर ड्रामा में नवोदय विद्यालय सीतापुर द्वितीय, गायन में नवोदय विद्यालय बहराइच , वादन में नवोदय विद्यालय झांसी के छात्र छात्राओं का चयन हुआ। वही दृश्य कला व मूर्ति कला में नवोदय विद्यालय झांसी, खेल खिलौनों में नवोदय विद्यालय लखनऊ एवम पेंटिंग में नवोदय विद्यालय उन्नाव की छात्रा का चयन क्षेत्रीय प्रतियोगिता जवाहर नवोदय विद्यालय हरिद्वार के लिए हुआ। नवोदय विद्यालय हरिद्वार में क्षेत्रीय प्रतियोगिता का कार्यक्रम 14 वा 15 अक्टूबर को संपन्न होगा।

युवक की दोस्तों ने पिटाई करते हुए चाकू से ताबड़तोड़ किया हमला, गंभीर रूप से घायल

सीतापुर। रामपुरकलां के बलसिंगपुर नयागांव में दोस्तों ने घर से बुलाकर युवक की पिटाई करते हुए चाकू से ताबड़तोड़ हमला करते हुए गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल ने घटना के दौरान जेब में रखे 30 हजार रुपए गायब होने का भी आरोप लगाया है। घायल को इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया गया। पुलिस ने केस दर्जकर नामजद चार में से तीन आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। रामपुरकलां के बलसिंहपुर नयागांव के रत्नेश तिवारी (25) पुत्र ओम प्रकाश को बुधवार की रात 10 बजे गांव के कैलाश पुत्र छोटेलाल व प्रमोद पुत्र बचान घर से बुलाकर ले गए। आरोप है गांव से बाहर नहर के किनारे इनके अन्य साथी धनंजय पुत्र रमेश, उमेश पुत्र रूपचंद्र मिले। किसी बात को लेकर कहासुनी होने के साथ चारों ने मिलकर रत्नेश तिवारी को पहले लात-घूंसों से मारा फिर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। घटना में रत्नेश गंभीर घायल हो गया और किसी तरह भागकर घर पहुंचा, रत्नेश के मुताबिक मारपीट के दौरान उसकी जेब में रखे 30 हजार रुपए भी गायब हो गए। परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही एसओ नवनीत मिश्र मयफोर्स मौके पर पहुंचे और घायल को इलाज के लिए सीएचसी सिधौली पहुंचाया। एसओ नवनीत मिश्र ने बताया कि घायल के भाई अम्ब्रीश तिवारी की तहरीर पर कैलाश, प्रमोद, धनंजय, उमेश के खिलाफ केस दर्जकर कैलाश, प्रमोद, उमेश को हिरासत में ले लिया गया है। धनंजय की तलाश की जा रही है।

श्री श्री सार्वजनीन दुर्गोत्सव में महासप्तमी पूजा संपन्न

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। आँख अस्पताल परिसर में आयोजित श्री श्री सार्वजनिन दुर्गोत्सव में महासप्तमी पश्चिम बंगाल के मिदनापुर से पधारे पुरोहित दुर्गा पदो चक्रवर्ती द्वारा मंत्रोउच्चारण शंख एवं

● नौ वस्तुओ से उतारी गयी मां की आरती

घंटा व धाक की ध्वनि के साथ विधि विधान के साथ संपन्न कराया। वहा पर उपस्थित श्रद्धालु महिलाओ ने केले के वृक्ष को स्थापित कर वस्त्र पहनाया गया। श्रद्धालुओ द्वारा माँ को पुष्पांजलि अर्पित की गयी। वही पूजा पंडाल में समिति के द्वारा रंगोली, शंख वादन, सुई धागा, चम्मच कोइन प्रतियोगिता का आयोजन किया इस प्रतियोगिता में छमा त्रिपाठी, आराध्य कपूर, त्रिपर्णा राय, वेदांत चक्रवर्ती, अनन्या चक्रवर्ती, अमन मुखर्जी, ओजस विश्वास, यश त्रिपाठी, प्रियंका विश्वास, नव्या अवस्थी, अरिंदम दास, सुधा सरकार, शिप्रा कुंडू, गीतिका दत्ता, आरती राय ,पंकज मुखर्जी आदि ने प्रतिभाग किया प्रसाद वितरण का कार्यक्रम दोपहर तक चलता रहा। सायकाल की बेला में माँ दुर्गा की आरती पुरोहित दुर्गा पदो चक्रवर्ती ने पंचमुखी दीपक, कपूर से भरा दीपक, धूपची, जल से भरा हुआ शंख, तौलिया, हाथ वाला पंखा, रेशे वाला पंखा, पान व सुपाड़ी से आरती की। तत्पश्चात माँ को हलुवा, नारियल व विभिन्न प्रकार के लड्डुओं का भोग लगाया गया। इस दौरान एन एन चटर्जी, रंजीत दास, संजीव दास, आकाश राय, विश्वजीत पोले, श्यामल दत्ता, पंकज मुखर्जी, शांतनु दत्ता, झमन मुखर्जी, निमिष दास, तेजस्व, प्रदीप राय, नीता मुखर्जी, नीता दास, श्यामली पोले, अपर्णा दास, गीतिका दत्ता, देवोश्री दास, वंदना राय, इला दत्ता आदि उपस्थित रहे।

शारदीय नवरात्र में मिशन शक्ति अभियान चलाया गया

पाटन, उन्नाव। शारदीय नवरात्र को लेकर चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के पांचवे चरण के अवसर पर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल पर्यवेक्षण में महिला सशक्तिकरण की जागरूकता हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज गुरुवार को क्षेत्राधिकार बीघापुर ऋषि कांत शुक्ला के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक सुरेश चंद्र मिश्र महिला उप निरीक्षक रेखा दुबे महिला कांस्टेबल रूपा व अन्य महिला पुलिस बल थाना बिहार द्वारा क्षेत्र के सुमेरपुर स्थित पंडित शिवराज बली राम शंकर इंटर कॉलेज में महिला सशक्तिकरण एवं शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के संदर्भ में जानकारी दी गई तथा महिला आत्मरक्षा के गुण सिखाए गए विभिन्न टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर ,वूमेन पावर लाइन 1090 ,महिला हेल्पलाइन नंबर 181, पुलिस सहायता नंबर 112 ,चाइल्ड लाइन नंबर 1098, आदि के विषय में जानकारी दी गई तथा संपूर्ण जानकारी से संबंधित पंम्पलेट वितरित किए गए एवं वर्तमान में प्रचलित साइबर अपराध से बचाव की जानकारी भी दी गई तथा सोशल मीडिया के प्रयोग पर बरती जाने वाली सावधानियों के संबंध में विस्तृत रूप से चर्चा की गई।

हाजी जावेद अहमद की अध्यक्षता में बोर्ड बैठक संपन्न

जिला संवाददाता(vol)

लहरपुर/सीतापुर। स्थानीय नगर पालिका परिषद सभागार में बृहस्पतिवार को पालिका बोर्ड की एक बैठक अध्यक्ष हाजी जावेद अहमद की अध्यक्षता में संपन्न। बैठक में सभी सदस्यों द्वारा सफाई कर्मचारी बढ़ाने तथा सफाई उपकरण ठेलिया, ई रिक्शा आदि की मरम्मत कराने की मांग की गई, सदस्य संजीत अवस्थी व आफताब अहमद ने सफाई कर्मचारियों द्वारा बिगत दिनों सफाई कार्य न करके सफाई व्यवस्था को धूमिल करने वाले सफाई कर्मचारियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की मांग की गई जिसका समर्थन सभी सदस्यों के द्वारा किया गया, अध्यक्ष हाजी जावेद अहमद ने ऐसे सभी सफाई कर्मचारियों के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई के लिए अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया गया। सदस्यों ने सार्वजनिक नलों की टोटियों से बह रहे पेयजल की समस्या को उठाया गया व वरासत के के मामलों में टैक्स कम लिए जाने का अनुरोध किया गया। सदस्यों द्वारा मोहल्ला कटरा स्थित पीपर तालाब के सौंदर्यकरण की मांग की गई। इस मौके पर सभी सदस्यों ने त्योहारों को देखते हुए नगर क्षेत्र में बंद पड़ी सभी लाइटों के दूरस्ती करण व नई लाइटों के लगाने की मांग की गई। बैठक में सभी सदस्यों ने अपने-अपने वार्डों में निर्माण कार्य करने का प्रस्ताव रखा जिस पर अध्यक्ष महोदय ने अवर अभियंता को कार्य योजना तैयार करने को निर्देशित किया गया। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी अनिरुद्ध पटेल, नीरज गौड़, पालिका कर्मी व सभी सदस्य गण उपस्थित थे।

पूर्व रक्षामंत्री की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित किए

पुरवा, उन्नाव। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं देश के पूर्व रक्षामंत्री व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के पिता, समाजवादी पार्टी के जनक नेता जी के नाम से मशहूर मुलायम सिंह यादव की दूसरी पुण्यतिथि गुरुवार को मनाई गई। असोहा के पूर्व ब्लॉक प्रमुख बीतेंद्र प्रताप सिंह उर्फ पिंटू ने अपने पेट्रोल पंप पर पुण्यतिथि कार्यक्रम का आयोजन किया। प्रमुख वक्ताओं ने नेता जी की कर्मठता एवं जुझारूपन पर अपने उद्गार व्यक्त किए। पूर्व विधायक उदयराज यादव ने कहा कि धरतीपुत्र उपनाम से मशहूर नेता जी ने दुनिया में अमिट छाप छोड़ी। पूर्व सांसद अन्नू टंडन, पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री व एम एल सी सुनील सिंह साजन, पूर्व ब्लॉक प्रमुख राज कुमार रावत आदि लोगों नेता जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की ।मोहान विधानसभा मेहंदी खेड़ा हसनगंज कार्यालय में नेता जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने विनम्र श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष अशोक सिंह गुड्डू, मोहन संत राम, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिव मोहन यादव, राहुल यादव, वसीम आदि लोग उपस्थित रहे।

अनुदेशकों का हो नियमितीकरण: महेन्द्र पाठक

सीतापुर। मुख्यमंत्री के निर्देश पर विधानसभा में शिक्षामंत्री की अध्यक्षता में अनुदेशक, शिक्षामित्र रसोइयों की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक में शासन से नामित अधिकारी प्रमुख सचिव शिक्षा परियोजना निदेशक सहित समस्त अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष सहित प्रदेश महामंत्री महेन्द्र पाठक ने बिन्दुवार तर्क रखते हुये अनुदेशकों को उन्ही के पद पर नियमित किया जाये तथा नियमतीकरण होने तक सम्मानजनक मानदेय दिया जाय। इस पर विशेष रूप से जोर दिया गया। इसी क्रम में अनुदेशकों का स्वतः नवीनीकरण किया जाय, महिला अनुदेशकों को अर्न्तजनपदीय ट्रांसफर एवं जनपद के अन्दर स्थानांतरण किया जाय, आयुष्मान भारत योजना से आच्छादित किया जाये, खेल अनुदेशकों को जिला एवं ब्लॉक पर तैनाती हो आदि बिन्दुओं चर्चा हुयी चर्चा हुई। शिक्षा मंत्री और अधिकारियों द्वारा अनुदेशकों के कार्यों को सराहा गया और शीघ्र मुख्यमंत्री जी से वार्ता कर निदान का वादा किया गया। वार्ता में तेजस्वी शुक्ला, रमेश पटेल, ब्रजेश, भोला पाण्डेय, अभिषेक सिंह सहित संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस मौके पर सतीश सिंह जिलामहामंत्री संजय शुक्ला, आफताब, प्रवीण श्रीवास्तव, रजेन्द्र शुक्ला, प्रदीप श्रीवास्तव, सौरभ सिंह, अनुज वर्मा, शैलेश वाजपेयी, रियाज शराफत अली, सत्य किशोर, यज्ञदत्त मिश्रा, अब्दुल सलाम, नरेन्द्र धीरेन्द्र, शिवपाल राजेश लोधी, आशीष आदि ने खुशी जाहिर किया।

संदिग्ध परिस्थिति में लापता युवती का गन्ने के खेत में मिला शव

लहरपुर /सीतापुर। कोतवाली क्षेत्र की भदफर चौकी अतर्गत ग्राम कुसेपा में संदिग्ध परिस्थितियों में लापता युवती का शव गांव में एक गन्ने के खेत से बरामद। क्षेत्राधिकारी व कोतवाली प्रभारी सहित भारी पुलिस बल मौके पर। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र की भदफर चौकी के ग्राम कुसेपा निवासी गयाप्रसाद की 18 वर्षीय पुत्री रंजीता विगत 5 अक्टूबर को घर से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई थी जिसका शव बृहस्पतिवार को गांव में एक गन्ने के खेत से बरामद हुआ सूचना पाकर मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकारी कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा व भारी पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर शव को पीएम के लिए भेज दिया।

एक दिन के लिए शिप्रा सिंह बनी एसडीएम

महोली /सीतापुर। नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की छात्रा शिप्रा सिंह को मिशन शक्ति के तहत तहसील महोली का एसडीएम बनाया गया इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य की उपस्थित थे। महोली तहसील मे एसडीएम शशि बिंदु द्विवेदी की जगह छात्रा शिप्रा सिंह ने एसडीएम का पद सँभाला और आए हुए फरियादियों की शिकायत सुनी ।शिकायतों के निस्तारण के लिए तहसीलदार को निर्देशित किया। इस मौके पर छात्रा शिप्रा सिंह ने कहा कि मेरी इच्छा आगे चलकर एसडीएम बनने की है। जब छात्रा से आज के अनुभव के बारे में पूछा गया तो छात्रा शिप्रा सिंह ने कहा की एक दिन के लिए एसडीएम बन कर बहुत अच्छा लगा। यदि मैं भविष्य में एसडीएम बनती हूं तो जनता की सेवा करना ही मेरा उद्देश्य रहेगा।

तजहुं आस निज निज गृह जाहू, लिखा न विधि वैदेही विवाहू . . .

जिला संवाददाता(vol)

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय क्षेत्र के एक कस्बे मे चली आ रही पुरानी एक सौ तेतालिस वर्षीय रामलीला मे बीती रात धनुष भंग का मंचन कमेटी के कार्यकताओं के द्वारा किया गया। तजहु आस निज निज ग्रह जाहू, लिखा न विधि वैदेही विवाहू, बीर बिहीन हुई महि जानी सुनकर क्रोधित हुए अनुज लक्ष्मण को

● सैकड़ों वर्ष पुरानी रामलीला में धनुष भंग लीला का मंचन देख दर्शक हुए भावुक

शांत कर प्रभु श्री राम द्वारा पिनाक का खण्डन कर सीता से वरमाला पहनी, महात्मा परशुराम के क्रोध के बाद हुए संवाद से लोग सत्संगित हुए, वहीं अपने अनुज की रक्षा हेतु भगवान राम के करुण विलाप से दर्शक अश्रु पूर्ण हुए। फतेहपुर चौरासी कस्बा ऊगू में सार्वजनिक रामलीला कमेटी के आयोजन में रामलीला मैदान में रामलीला कराई जा रही है। इसी क्रम में बीती रात्रि में सीता स्वयंबर व धनुष भंग लीला का कमेटी के कलाकारों द्वारा मंचन किया गया। राजा जनक ने अपनी पुत्री सीता का विवाह करने के लिए स्वयंवर का आयोजन किया था। सीता स्वयंबर में आये रावण और बाणासुर में जमकर वाक युद्ध हुआ, जिसमें रावण के शास्त्र ज्ञान से बाणासुर वितर्क रहे ।देश देशांतर के राजाओं ने धनुष उठाने का असफल प्रयास किया। लेकिन सभी को निराशा ही हाथ लगी। सीता के योग्य वर न मिलने पर पिता के रूप में राजा जनक के करूण विलाप ने दर्शकों को अश्रुपूरित कर दिया।

गुरू विस्वामित्र का आदेश प्राप्त कर भगवान राम ने जैसे ही शिव धनुष का खण्डन किया तो समूचे दर्शक दीर्घा में जै श्री राम का उद्घोष गूंजने लगा, इस बार आयोजकों द्वारा सीता स्वयंवर में आधुनिक रूप से वरमाला कार्यक्रम हुआ, जिसको दर्शको ने काफी सराहा, शिव शंकर के धनुष टूटने पर हुई घनघोर गर्जना सुन महिद्रा चल पर तपस्या में लीन महारथी परशुराम की तंद्रा भंग हो गई। वह मिथिलापुरी जा पहुंचे और राजा जनक से धनुष तोड़ने वाले के बारे में जानकारी ली। परशुराम कहते हैं कि बेगि दिखाव मूढ न तो आजू ऊलटहुं महि जहंलौ युवराजू। श्री राम जी परशुराम को शांत करने का प्रयास करते रहे। लेकिन उनके शांत ना होने पर लक्ष्मण कहते हैं बहु धनुही तोरी लरिकाई कबहु न असरिष कीन्ह गोसाईं, यहि धनु पर ममता केहि हेतू। लक्ष्मण के शब्द सुनकर परशुराम का क्रोध अधिक बढ़ जाता है।

परशुराम और लक्षमाण के बीच हुये बीर रश, और श्रंगार रश के वाक युद्ध के दौरान प्रांगण में तालियाँ गूँजती रही।

भगवान राम द्वारा अपने भाई की प्राणों की रक्षा हेतु किये गये करुण विलाप ने उपस्थिति जनमानस को करुण रश में डुबा दिया। मानव रूप में भगवान का अपने अनुज भाई के प्रति विलाप की स्थिति देख कर ऐसा अहसास नहीं रहा कि यह की यह लीला का मंचन हो रहा है। उपस्थित प्रबुद्ध जनमानस अश्रु पूरित हो उठा। नगर पंचायत के पूर्व चैयरमैन व सभासदों सहित तमाम जनप्रतिनिधियों के द्वारा विवाह का मंचन देखा गया श्री सार्वजनिक रामलीला कमेटी के द्वारा अतिथियों एवं आगन्तुकों के प्रति कमेटी के अध्यक्ष राहुल पटेल व महामंत्री अवधेश दीक्षित ने आभार प्रकट किया गया वहीं सहयोग के लिये धन्यवाद भी प्रस्तुत किया गया इस मौके पर कृष्ण कुमार द्विवेदी सुनील शास्त्री सौरभ पटेल रामनरेश सैनी नरेन्द्र सिंह रामू आचार्य सुनील आर्य राजेश पटेल सभासद आदि सभी भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

शिक्षकों के उत्कृष्ट कार्य पर बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य ने सम्मानित किया

उन्नाव। श्याम त्रिपाठी सदस्य राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग उत्तर प्रदेश द्वारा दो दिवसीय उन्नाव भ्रमण कार्यक्रम के दौरान विकासखंड सुमेरपुर के मलयपुर विद्यालय में शिक्षकों को सम्मानित किया गया श्री श्याम त्रिपाठी द्वारा प्राथमिक विद्यालय वाजपेई खेड़ा विकासखंड सिकंदरपुर करण का निरीक्षण किया गया उन्होंने एक कस्तूरबा गांधी विद्यालय का भी निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने उत्कृष्ट कार्य कर रहे शिक्षकों को सम्मानित भी किया और बाल अधिकार संरक्षण की अंतर्गत शिक्षकों को आवश्यक दिशा निर्देश भी प्रदान किए। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ के प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय कुमार कनौजिया, जिलाध्यक्ष कृष्ण शंकर मिश्रा, विनीत बाजपेई अध्यक्ष बिछिया (जिला मिडिया प्रभारी), वैष्णव कनौजिया, अर्पित मिश्रा जिला संयोजक अटेवा, राजकरन सहसंयोजक समेत कई शिक्षकों ने निरीक्षण भवन उन्नाव में श्याम त्रिपाठी सदस्य राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग उत्तर प्रदेश से मुलाकात कर माल्यार्पण कर्म का स्वागत किया तथा उन्हें जनपद में शिक्षकों की समस्याओं से अवगत कराया इस दौरान उन्होंने संजय कुमार कनौजिया समेत कई शिक्षकों को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

संक्षेप

महानवमी पर रहेगा सार्वजनिक अवकाश

बांदा। प्रदेश शासन ने निगोशिएबुल इन्स्ट्रूमेन्ट एक्ट के तहत महानवमी के साथ-साथ दशहरा के अवसर पर 12 अक्टूबर को अवकाश घोषित किया है। सामान्य प्रशासन अनुभाग के अपर मुख्य सचिव जितेन्द्र कुमार ने आदेश में कहा है कि महानवमी के अवसर पर 12 अक्टूबर को घोषित सार्वजनिक स्थान के स्थान पर 11 अक्टूबर को महानवमी के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश आवश्यक सेवाओं को छोड़कर घोषित किया है। दशहरा पर 12 अक्टूबर को घोषित सार्वजनिक अवकाश यथावत रहेगा।

उपस्कर उपकरण वितरण हेतु लगेंगे मापन शिविर

ललितपुर। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रणवीर सिंह ने जानकारी देते हुये बताया है कि कानपुर एलिम्को के सहयोग से विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों को मापन एवं वितरण कैम्प का आयोजन किया जा रहा है।

जिसमें सहायक उपस्कर एवं उपकरण उपलब्ध कराये जायेंगे। इस हेतु उच्च प्राथमिक विद्यालय मड़ावरा में 14 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से मापन कैम्प लगाया जायेगा एवं 26 दिसम्बर को यहां पर सुबह 10 बजे से उपस्कर, उपकरण वितरण हेतु कैम्प लगाया जायेगा।

इसी प्रकार राजकीय आदर्श विद्यालय नगरक्षेत्र में 15 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से मापन कैम्प लगाया जायेगा एवं 27 दिसम्बर को सुबह 10 बजे से यहां पर वितरण कैम्प आयोजित किया जायेगा।

नमूने किये संग्रहीत

ललितपुर। सहायक आयुक्त खाद्य विनोद कुमार शर्मा के निर्देशन एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी कलामुद्दीन के नेतृत्व में नवरात्रि पर्व को ध्यान में रखते हुए खाद्य पदार्थ में मिलावट की रोकथाम हेतु खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा छापामार कार्रवाई कर जाखलौन से राजेश शाहू की दुकान से छुहारा का नमूना तथा जहेश बीड़ी कंपनी जखलौन से साबूदाना का नमूना संग्रहित कर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। टीम में आर के निरंजन तथा नागेंद्र कुमार खाद्य सुरक्षा अधिकारी मौजूद रहे।

उत्तर मध्य रेलवे महाप्रबंधक को सौंपा ज्ञापन

ललितपुर। रेलवे से जुड़ी समस्याओं के निस्तारण को लेकर बुन्देलखण्ड विकास सेना ने उत्तर-मध्य रेलवे इलाहाबाद के महाप्रबंधक को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने फुट ओवर ब्रिज को रेलवे टिकट घर तक विस्तार देते हुये टिकट घर के सामने का गेट खोले जाने की मांग उठायी।

इसके अलावा प्लेटफार्म दो तथा तीन पर यात्रियों को मूत्रालय तथा शौचालय की सुविधा बढ़ाई जाए तथा जो शौचालय बंद है उसे चालू किया जाए और उसका रखरखाव किया जाए।

वर्तमान में माल गोदाम यहां से स्थापित किया जाए क्योंकि यहां माल गोदाम क्योंकि यहां माल लेकर आने वाले ट्रकों की वजह से दुर्घटनाएं होती हैं तथा आए दिन रेलवे स्टेशन के सामने जाम लगता है इससे लोगों को ट्रेन पकड़ने ? में सुविधा होती है। यात्री सुविधा हेतु 12625/ 12626 केरला एक्सप्रेस तथा 12617 /12618 मंगला एक्सप्रेस 12155 /12156 नाइट क्वीन एक्सप्रेस सहित साप्ताहिक ट्रेन का ठहराव किये जाने की मांग उठायी गयी।

बालिकाएं बनीं एक दिन के लिए डीएम- एसपी, सुनीं समस्याएं

जिला संवाददाता(vol)

बांदा। महिलाओं को सशक्त एवं जागरूक बनाने के लिए प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति अभियान-5 के तहत गुरुवार को आर्य कन्या इंटर कालेज की कक्षा 12 की छात्रा प्रियांशी सिंह को एक दिन के लिए नायिका कार्यक्रम के तहत सांकेतिक जिलाधिकारी बनाया गया। इसी प्रकार राजकीय बालिका इंटर कालेज की 11वीं की छात्रा वैष्णवी गुप्ता को सांकेतिक पुलिस अधीक्षक तथा सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कालेज केन पथ की कक्षा 12 की छात्रा संस्कृतिक सिंह को सांकेतिक मुख्य विकास अधिकारी बनाया गया। उत्साहित छात्राओं ने अधिकारियों की सीट में बैठकर लोगों की समस्याओं को सुनकर उनके निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। डीएम, एसपी व सीडीओ की सांकेतिक भूमिका के निर्वाहन के दौरान इन मेधावी छात्राओं ने लोगों की समस्याएं सुनीं और प्रार्थना पत्र लिए तथा इनके समाधान के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए। इस दौरान डीएम नगेन्द्र प्रताप, एसपी अंकुर अग्रवाल एवं मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य, अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार, अमिताभ यादव अपर जिलाधिकारी, जिला विद्यालय निरिक्षक एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी आदि मौजूद रहे। इसके पश्चात सांकेतिक डीएम व एसपी ने महिला थाना, आर्य कन्या इंटर कालेज, राजकीय बालिका इंटर कालेज व वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया तथा वहां की कार्यशैली के बारे में जानकारी ली।

बताते चलें कि मिशन शक्ति अभियान के तहत ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन से बालिकाओं में नेतृत्व क्षमता, जिज्ञासा तथा जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा व आत्म विश्वास का संचार होगा। इसके अलावा जन मानस में भी बालिकाओं के प्रति सकारात्मक सोंच विकसित होगी तथा बालिकाओं में निर्णय लेने की क्षमता का भी विकास हो सकेगा।

एसडीएम के निर्देश पर तहसील की टीम ने अवैध खनन पकड़ा

बहेड़ी, बरेली। तहसील की टीम ने एसडीएम के निर्देश पर जशनपुर गांव में हो रहे अवैध खनन को पकड़ा है। टीम ने मौके से खनन में इस्तेमाल की जा रही जेसीबी और ट्रेक्टर ट्राली भी पकड़ी है। हालांकि टीम के आने की भनक लगते ही खनन कर रहे लोग मौके से भाग निकले। टीम ने पकड़ी गई जेसीबी और ट्रैक्टर ट्राली को शेरगढ़ थाने में लाकर खड़ा करवा दिया है।बीती बुधवार की रात उपजिलाधिकारी रत्निका श्रीवास्तव को सूचना मिली कि तहसील बहेड़ी के ग्राम जशनपुर में भूमाफिया अवेध रूप से खनन कर रहे हैं। इसपर उपजिलाधिकारी ने मौके पर तुरंत तहसील की टीम को भेज दिया। टीम ने मौके पर पहुंचकर खनन में इस्तेमाल की जा रही जेसीबी और ट्रैक्टर ट्राली को अपने कब्जे में ले लिया जबकि खनन करने वाले लोग वहां से भाग चुके थे। अवैध खनन पकड़ने के बाद टीम ने जेसीबी व ट्रैक्टर ट्राली शेरगढ़ थाने में खड़ी करवा दी है।

शांति व्यवस्था को लेकर अधिकारियों का फ्लैग मार्च

बांदा। त्योहारों को देखते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए मंडल एवं जिले के अधिकारियों ने बीती देर शाम शहर में फ्लैग मार्च किया। आयुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी, पुलिस उप महानिरीक्षक अजय कुमार सिंह, डीएम नगेन्द्र प्रताप, एसपी अंकुर अग्रवाल, अपर एसपी शिवराज, क्षेत्राधिकारी नगर राजीव प्रताप सिंह, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर पंकज कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ बाबूलाल चैराहे से चैक बाजार होते हुए महेश्वरी देवी मंदिर, रामलीला मैदान, बाकर गंज व रेलवे स्टेशन होते हुए फ्लैग मार्च किया। इसका उद्देश्य लोगों के बीच सामंजस्य स्थापित करना था। जिससे त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जा सके। आयुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी ने कहा कि मंडल में व्यवस्था चुस्त-दुरूस्त है तथा आगामी त्योहारों को शांतिपूर्वक मनाने के लिए प्रशासन कृत संकल्प है। पुलिस उप महानिरीक्षक अजय कुमार सिंह ने कहा कि मंडल में पुलिस की सभी व्यवस्थाएं चुस्त-दुरूस्त हैं। त्योहारों के मद्देनजर पुलिस चैकसी बढ़ा दी गई है। पुलिसकर्मी ड्यूटी में तैनात हैं। फ्लैग मार्च के दौरान अपर आयुक्त प्रशासन अमर पाल सिंह अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार, नगर मजिस्ट्रेट संदीप केला, जिला सूचना अधिकारी रामजी दुबे, पुलिस व पीएसी के जवान रहे।

कृषि यंत्रों के लिए बुकिंग 9 से 23 तक

बांदा। कृषि विभाग से संचालित यंत्रीकरण योजना के तहत कृषि रक्षा उपकरण, कृषि यंत्र की आनलाइन बुकिंग बीते 9 अक्टूबर से 23 अक्टूबर तक होगी। उप कृषि निदेशक विजय कुमार ने बताया कि किसानों के लिए रोटा वेतर, चैट कटर, मल्टीक्रॉप थ्रेसर, लेजर लैण्ड लेवलर, स्ट्रा रीपर, मेज सेलर(मक्का थ्रेसर), मिनी राइस मिल, हैरो कल्टीवेटर, कम्बाइन हार्वेस्टर, सीडड्रिल, जीरो टिल सीडड्रिल, रिजफरो प्लांटर, कस्टम हायरिंग सेंटर, फार्म मशीनरी बैंक, थ्रेसिंग फ्लोर एवं स्माल गोदाम पर अनुदान प्राप्त करने के लिए आवेदन किए जा सकते हैं। योजना के तहत कृषि यंत्रों के लिए कृषक सेल्फ हेल्थ ग्रुप जो राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जो कृषि विभाग से संबंधित हैं तथा एफपीओ लाभार्थी होंगे। लाभार्थी कृषकों द्वारा निर्धारित समय में विभागीय पोर्टल पर लक्ष्य से अधिक आवेदन प्राप्त होने की दशा में डीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कार्यकारी समिति के सामने विभागीय पोर्टल पर ई लॉट्री के माध्यम से ब्लाक वार लक्ष्यों के सापेक्ष लाभार्थी चयन किया जाएगा। इसके तहत 10 हजार से 1 लाख रुपये तक अनुदान के कृषि यंत्रों के लिए बुकिंग धनराशि 50-2500 होगी तथा एक लाख से अधिक अनुदान के कृषि यंत्रों के लिए बुकिंग धनराशि 5 हजार रुपये होगी। ई लॉट्री में चयनित होने वाले किसानों को बुकिंग की धनराशि वापिस कर दी जाएगी।

संचारी रोग अभियान को लगा पलीता

देवरनियां, बहेड़ी (बरेली)। बीमारियों से बचाओ को इस समय संचारी रोग अभियान चलाया जा रहा है। मगर, नगर पंचायत देवरनियां में इसका कितना असर हो रहा और जिम्मेदार कितना संजीदा है। इसका अंदाजा स्कूल जाने वाले रास्ते पर फैली कीचड़ से समझा जा सकता है। वैसे तो नगर पंचायत देवरनियां में आए-दिन गंदगी के मामले सामने आते रहते हैं। मगर, वार्ड दो में कंपोजिट स्कूल को जाने वाले रास्ते पर पिछले कई दिनों से कीचड़ भरी हुई है। शिकायत के बाद भी कोई ध्यान नहीं दिए जाने से स्कूली बच्चों को इसी रास्ते से गुजरना पड रहा है। इससे संचारी बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है।

फिजा बीएसए पूर्वी बनीं एबीएसए फाइलों को देखा किया निरीक्षण

जिला संवाददाता(vol)

ललितपुर। मिशन शक्ति के तहत बालिकाओं को जागरूक करने एवं उनमें आत्मविश्वास की भावना को मजबूत करते हुये उनके उज्जवल भविष्य के लिए कार्य किये जा रहे हैं। जिसके क्रम में शासन के निर्देशक्रम में बालिकाओं को पूर्व में एक दिन का डीएम, एसपी आदि बनाया गया।

इसी क्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रणवीर सिंह ने प्राथमिक विद्यालय नगर क्षेत्र सिविल लाइन कम्पोजिट विद्यालय की कक्षा 8 की छात्रा फिजा को एक दिन का जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बनाया।

इस दौरान बीएसए बनते ही छात्रा ने फाइलों को देखा और शिकायतों का सुना। इस दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रणवीर सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी आदि मौजूद रहे।इसी क्रम में मिशन शक्ति चरण 06 के अन्तर्गत एक दिन के लिए नगरक्षेत्र की खण्ड शिक्षा अधिकारी पूर्वी नामदेव कक्षा 07 कम्पोजिट विद्यालय सिविल लाइन की छात्रा को खण्ड शिक्षा अधिकारी नीतू वर्मा द्वारा नामित किया गया। पूर्वी नामदेव कक्षा 07 की छात्रा द्वारा कार्यालय के गतिविधियों को परखा, खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर बैठ कर प्रशासनिक कार्य किया गया। 10.10 मिनट पर कार्यालय के प्रागंण में स्थित सिविल लाइन विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया जिसमें विद्यालय की अध्यापिका, प्र.अ.तरन्नुम जहां एवं रेशमा बेगम स.अ. उपस्थित रही। साथ ही कार्यालय की खण्ड शिक्षा अधिकारी नीतू वर्मा, आशीष चैधरी कम्प्यूटर ऑपरेटर, जितेन्द्र राजपूत एमआईएस, राधिका सोनी कोर्डिनेटर, शैफाली बानों सहायक लेखाकार एवं अमरीन खान कार्यालय सहायक आदि उपस्थित रहे।

छापा मार कार्रवाई से मिलावट खोरों में दहशत

बांदा। डीएम नगेन्द्र प्रताप के निर्देश पर उप जिलाधिकारी सदर अमित शुक्ला के नेतृत्व में खोवा मंडी एवं खाद्य पदार्थों की दुकानों पर छापा मारा गया। जांच के दौरान उप जिलाधिकारी ने क्षेत्राधिकारी एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी की टीम के साथ आगामी त्योहारों पर खोवा, दूध, पनीर, मिठाईयों आदि पर मिलावट की जांच की। मिलावट पर प्रभावी नियंत्रण लगाने के लिए एसडीएम सदर के नेतृत्व में शहर की खोवा मंडी में छापा मारा गया। मौके से विक्रेता राहुल चैरसिया के खोवा का नमूना लिया गया इस दौरान जांच टीम को देखकर 30 किलोग्राम खोवा छोड़कर दूसरे विक्रेता भाग खड़े हुए। छापा मार कार्रवाई को देखते हुए मिलावट खोरों में दहशत देखी जा रही है। अप मिश्रित खोवा को जेसीबी के जरिए नष्ट करा दिया गया। प्रशासन का यह अभियान जनपद वासियों को मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री से बचाने के लिए अभियान जारी रहेगा। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय जय प्रकाश तिवारी ने कहा कि मिलावट खोरों के विरूद्ध अभियान जारी रहेगा। जांच टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी रामनरेश, जितेन्द्र पटेल, संदीप सिंह एवं प्रशांत आदि रहे।

मेडिकल कॉलेज ललितपुर में मनाया गया विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस

ललितपुर। मेडिकल कालेज में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर मानसिक रोग विभाग के तत्वाधान में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रोफेसर डॉ सुनैना सूद, विभागाध्यक्ष मानसिक रोग स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय ललितपुर ने अपने संबोधन में इस वर्ष के थीम ह्लमानसिक स्वास्थ्य एक सार्वभौमिक अधिकार हैह्व पर चर्चा करते हुए बताया कि आपका व्यवहार यह सब ठीक है सकारात्मक है, तो आप मानसिक तौर से स्वस्थ हैं और यदि नहीं है तो आप मानसिक तौर से अस्वस्थ हैं उन्होंने मानसिक तौर से स्वस्थ व्यक्ति के चार लक्षण बताए हैं। यदि व्यक्ति अपनी काबिलियत को जानता हो, यदि वह हर दिन की दिक्कतों से सुलझते हुए आगे जा रहा हो, यदि उसमें उत्पादन क्षमता है, यदि वह समाज में योगदान दे पा रहा हो तो ऐसा व्यक्ति मानसिक तौर से स्वस्थ है। जिस के मन से बीमारियां नहीं हो पाती समय की माँग है कि जागरूकता बढ़ाई जाए और लोगों को मानसिक बीमारी के संकेतों और लक्षणों के बारे में शिक्षित किया जाए। इस विषय पर केवल कामकाजी लोगों के बजाय सामान्य आबादी के साथ अधिक खुली बातचीत और संवाद की आवश्यकता है जो मानसिक बीमारी वाले लोगों के लिए अधिक समावेशी माहौल स्थापित करने में सहायता करेगा।

कुमारी रामचंदनी साइकोलॉजिस्ट ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य प्रोफेशनल्स को चाहिए कि वह मानसिक रोगी एवं उनके परिजनों को उपयुक्त सुने, सूचना दे, स्टिग्मा को दूर करें, मानसिक स्वास्थ के बार में शिक्षित करें तथा स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा दे जिसमें भरपूर नींद भरपूर पौष्टिक भोजन व्यायाम योग मेडिटेशन अपने को व्यस्त रखता अपने को कामों को जारी रखना और सकारात्मक के साथ जीवन जीने के लिए बताया गया उन्होंने किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने की सलाह दी है।

मुख्य अतिथि जिला न्यायाधीश आलोक पराशर द्वारा बताया गया कि सामान्य तौर पर इंसान में मोह तीन रूप में होता है व्यक्ति, वस्तु, प्रतिष्ठा, यह तीनों सर्वदा नाश के कारण है इनमें से कोई भी स्तर नहीं है यदि हम इस विचारधारा से अलग होते हैं तो हमारा मानसिक स्वास्थ्य अपने आप ठीक रहेगा।

मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डा. द्विजेंद्र नाथ ने बताया कि भारत में मानसिक रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की बहुत कमी है परन्तु खुशी की बात है कि विगत कुछ वर्षों से हमारे कालेज के मानसिक रोग, विभाग ने इस कमी को दूर किया है एन.एम.सीध्एम.सी.आई के मानकों के अनुरूप हमारे यहाँ पर्याप्त चिकित्सक एवं स्टाफ हैं। इस वर्ष से ही मानसिक रोग में एम. डी. साइकियाट्री कोर्स आरम्भ हो गया है। डॉ आशीष अग्निहोत्री अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं एन सी डी मॉडल द्वारा अंत में धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सभी अतिथिगण पदाधिकारी एवं प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापन किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका डा मीनाक्षी सिंह, प्रधानाचार्य कालेज के मीडिया प्रभारी डा0 वी0डी0 पाण्डेय, प्रोफेसर डॉक्टर श्रुति सिंह प्रोफेसर डॉ सुनैना सूद, वरिष्ठ फिजिशियन डॉक्टर पवन सूद ऑर्थो सर्जन एमसी गुप्ता, प्रोफेसर रवि पचैरी प्रो विक्रम राजपूत, नंदलाल यादव हॉस्पिटल क्वालिटी मैनेजर, महेंद्र पटेल हेल्प डेस्क मैनेजर आदि इस अवसर पर उपस्थित रहे। हॉस्पिटल क्वालिटी मैनेजर नंदलाल यादव ने कार्यक्रम का संचालन किया। रंजीत कुमार लेखाकार श्रीमती पारुल शिव हरे फार्मासिस्ट इत्यादि का सहयोग रहा।

स्वस्थ रहने के लिए मोटे अनाज का सेवन जरूरी

बरेली। आजादी के बाद कई दशकों तक लोग मोटा अनाज यानि जौ, चना, बाजरा, मक्का, रागी, शमा आदि का खाने का खूब चलन था। लेकिन देश में हरित क्रांति के बाद गेहूं, चावल की पैदावार बढ़ जाने के कारण मोटे अनाज का चलन धीरे-धीरे कम हो गया और लोगों की खाने की थाली में से मोटा अनाज गायब हो गया। इसके कारण लोगों को ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, पेट सम्बंधित बीमारियों ने घेर लिया है। इन गंभीर बीमारियां को लेकर डाक्टरों ने एक बार फिर मोटे अनाज खाने को परामर्श दे रहे है। वहीं देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी जौ, चना , बाजरा, मक्का, रागी जैसे मोटे अनाज को अपने भोजन में शामिल करने की सलाह देते हैं और सरकारी स्तर पर भी मोटे अनाज को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। इसके चलते नारायण कालेज ने भी मिलेटस यानि मोटे अनाज के बारे में जागरूकता कार्यक्रम शुरू किया है। इस जागरूकता अभियान के तहत 13 अक्टूबर को आईवीआरआई में सायं साढ़े चार बजे एक सेमिनार आयोजित होने जा रहा है जिसमें मुख्य अतिथि आईएएस एवं पूर्व राज्य सभा सदस्य डॉ. आर के सिन्हा हमानव जीवन एवं सुरक्षित पर्यावरण है। सेमिनार के मुख्य वक्ता मिलेटसमैन पद्मश्री डॉ खादर अली होंगे। प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों को जानकारी दी। लोगों में मोटे अनाज का फिर से अपने भोजन में शामिल कर शामिल करना है।

पोषाहार उत्पादन इकाई का किया डीएम ने निरीक्षण

बांदा। जिलाधिकारी नगेंद्र प्रताप ने गुरूवार को विशिष्ट मंडी ग्राम दुरेडी में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से संचालित प्रगति प्रेरणा लघु उद्योग का निरीक्षण किया। पुष्टाहार उत्पादन इकाई का निरीक्षण करते हुए उन्होंने कच्चा माल भंडारण कक्ष एवं तैयार माल भंडारण कक्ष तथा कार्यालय का निरीक्षण करते हुए यहां पर तैयार किये जा रहे दलिया, बेसन बर्फी इत्यादि के उत्पादों को देखा और गुणवत्ता युक्त सामग्री तैयार करने के निर्देश दिए। उत्पादन इकाई में गर्भवती, धात्री महिलाओं के लिए आटा, बेसन, बर्फी तैयार किया जा रहा है तथा 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों के लिए दलिया, मूंग दाल खिचड़ी का उत्पादन किया जा रहा है। उन्होंने पोषाहार उत्पादन के लिए आने वाले कच्चे माल के संबंध में जानकारी करते हुए डीपीओ एवं उपायुक्त एनआरएलएम तथा खंड विकास अधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों को यहां पर तैयार किये जा रहे उत्पादों का परीक्षण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उस्ताद उत्पादन इकाई में दलिया का उत्पादन करते हुए पाया गया। उन्होंने कच्चे माल की आपूर्ति किस संस्था से की जाती है तथा उसका विवरण पूर्ण रूप से तैयार करने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य उपायुक्त एनआरएलएम तथा परियोजना निदेशक डीआरडीए एवं खंड विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

गुड़ उद्योग को बढावा देने के लिए नाबार्ड से बात करना सुनिश्चित करें: डीएम

बिजनौर। जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में गुरुवार की दोपहर कलेक्ट्रेट सभागार में जिला निर्यात समिति, एमओयू क्रियान्व्यन तत्र, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान एवं मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने बैठक के दौरान एक जनपद एक उत्पाद योजना की समीक्षा में उपायुक्त उद्योग को निर्देश देते हुए कहा कि जनपद में तैयार होने वाले गुड़ के उद्योग को बढावा देने के लिए नाबार्ड से बात करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निवेश मित्र पोर्टल पर लम्बित विभागीय प्रकरणों का जल्द से जल्द निस्तारण करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने उपायुक्त उद्योग को निर्देशित करते हुए कहा कि औद्योगिक विकास में गतिशीलता लाने के उद्देश्य से उद्यमियों के सम्मुख आने वाली समस्याओं का प्राथमिकता एवं तत्परता के साथ निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि जनपद का औद्योगिक विकास और अधिक तेजी से आगे बढ़ सके। उद्योग बंधुओं द्वारा बैठक में उद्योग हित के साथ जनहित से जुड़े कई मसले जैसे सड़क, स्वास्थ्य, बिजली, स्वच्छता, पर्यटन, भूमि आदि से जुड़े मसले उठाए गए, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा संबंधित को जल्द से जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने एमओयू क्रियान्व्यन तत्र समीक्षा करते हुए कहा कि जिले में हस्ताक्षरित एमओयूज को यथाशीघ्र धरातल पर लाने तथा उन्हें यथाशीघ्र उत्पादनरत बनाने के लिए प्रयास करें। उन्होंने पीएम विश्वकर्मा योजना की समीक्षा के दौरान कहा कि लक्ष्य के सापेक्ष आवेदनों की संख्या को बढाना सुनिश्चित करें तथा योजना के तहत प्राप्त आवेदनों के त्वरित गति से निष्पादन करने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारी को दिए। ताकि इस योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों को मिल सके। उन्होंने पीएम गतिशक्ति जिला समन्वय समिति के गठन करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत प्रमुख बिंदुओं सहित बैठक के अन्य प्रकरणों की भी गहन समीक्षा कर उनसे सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए निर्देशित किया। जिलाधिकारी एवं उपस्थित सभी के द्वारा आज भारत के वरिष्ठ उद्योगपति एवं टाटा समूह के चेयरमैन रतन टाटा के निधन पर 02 मिनट का मौन धारण कर शोक व्यक्त किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, उपायुक्त उद्योग अमित कुमार, नगीना रॉयल हैण्डी क्राफ्ट के स्वामी जुल्फिकार आलम सहित जिले के उद्योग बन्धु एवं व्यापार बन्धु विकास कुमार अग्रवाल, मुनिश त्यागी, नितिन अग्रवाल सहित अन्य उद्योग बन्धु मौजूद थे।

मेट्रो के लिए जयपुर की टेक्निकल टीम ने परखी जमीन की मजबूती

बरेली। नाथ नगरी में भी जल्द मेट्रो ट्रेन पटरी पर दौड़ेगी। जिसके चलते बरेली की मिट्टी की मजबूती परखने का काम शुरू हो चुका है। जयपुर की टेक्निकल टीम ने गुरुवार को शहर के कंपनी गार्डन के पास मिट्टी की जांच की। यह टीम 30 मीटर तक गहरी मिट्टी की जांच करेगी। टेक्निकल टीम को दो चरणों में प्रस्तावित मेट्रो संचालन के लिए 18 बिंदुओं पर रिपोर्ट मांगी है। इसके लिए पड़ताल शुरू हो गई है। टेक्निकल टीम की रिपोर्ट से यह साफ होगा कि मेट्रो के पिलर का भार उठाने के लायक यहां की जमीन है, या नहीं। शहर में पहले चरण में 12 किमी और दूसरे चरण में 9.5 किमी रूट पर मेट्रो के संचालन की योजना बनाई गई है। बरेली शहर में मेट्रो की डीपीआर से लेकर नक्शे और रूट के सर्वेक्षण तक की जिम्मेदारी बीडीए (बरेली विकास प्राधिकरण) को सौंपी गई है। बीडीए ने राइट्स (रेल इंडिया टेक्निकल एंड इकोनॉमिक सर्विस) को जिम्मा सौंपा है। इसमें 25 सितंबर को बीडीए और राइट्स के अधिकारियों की बैठक भी हो चुकी है। अब जमीन के सर्वेक्षण के लिए बुधवार रात टीम जयपुर से आई थी। इसके बाद गुरुवार से काम शुरू किया है। जमीन की गहराई की जांच करने आई टीम को मशीनों के लिए पानी की जरूरत होती है। ऐसे में टीम ने सुबह ही नगर निगम से पानी की व्यवस्था करने को कहा था। मगर, टीम के साथ आए अधिकारियों ने बताया कि सुबह से वह पानी का इंतजार कर रहे हैं। दोपहर तक टीम को पानी नहीं मिल सका है। शहर में मेट्रो संचालन पर तीन से पांच हजार करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। इसमें जमीन अधिग्रहण से लेकर इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के साथ ऑपरेशन और मेंटीनेंस भी किया जाएगा। राइट्स कंपनी पहले चरण की डीपीआर (डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट) तैयार कर बीडीए के अधिकारियों को सौंप चुकी है। मगर, दूसरे चरण की डीपीआर भी इसी सप्ताह बीडीए के अधिकारियों को दे दी जाएगी।

नरेंद्र वाधवा बने बजाज एनर्जी के सीईओ

जिला संवाददाता(vol)

- 29 वर्षों के अनुभव से बजाज को मिलेगी नई उचाइयां
- रिलायंस और एनटीपीसी का भी अनुभव

ललितपुर। बजाज एनर्जी लिमिटेड के श्री नरेंद्र वाधवा को मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। श्री वाधवा बजाज पावर बिजनेस के प्रबंध निदेशक श्री विनय कुमार सिंह बनकोटी को रिपोर्ट करेंगे। श्री वाधवा 29 वर्षों से अधिक का अनुभव रखते हैंए बड़े थर्मल पावर प्लांट्स के प्रबंधन और परिचालन दक्षता को बढ़ाने में सफलतापूर्वक वह मई 2013 से बजाज एनर्जी के साथ काम कर रहे हैं और अप्रैल 2020 से कंपनी में वाइस प्रेसीडेंट पद पर कंपनी में सेवा दे रहे थे और संगठन के भीतर क्रमिक रूप से महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाईं। बजाज एनर्जी से पहले उन्होंने एनटीपीसीए रिलायंस पावर के साथ काम किया है। उनकी विशेषज्ञता संचालनए रखरखाव योजनाए दक्षताए कमीशनिंग और संचालन सेवाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में फैली हुई है।

यह नियुक्ति न केवल बजाज एनर्जी के परिचालन उत्कृष्टता और स्थिरता प्रयासों को बढ़ाने के लिए एक रणनीतिक कदम हैए जो देश को बिजली देने में अपनी भूमिका को और मजबूत करने के लिए हैए बल्कि प्रमोटर और अध्यक्ष श्री कुशाग्र नयन बजाज द्वारा बजाज एनर्जी में स्थापित सकारात्मक कार्य संस्कृति का एक और उदाहरण भी स्थापित करती है 2.430 मेगावाट की स्थापित क्षमता के साथए बजाज एनर्जी विस्तार के अवसरों की खोज करते हुए विश्वसनीयए कुशल ऊर्जा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।बजाज एनर्जी लिमिटेड के बारे मेंबजाज एनर्जी भारतीय समूह बजाज समूह की अग्रणी थर्मल पावर जनरेशन कंपनी है। यह उत्तर प्रदेश में सबसे बड़ा निजी क्षेत्र का थर्मल पावर प्लांट संचालित करता है और उत्तर प्रदेश राज्य में लाखों घरों को रोशन करने वाली अपनी अभिनव तकनीक का इस्तेमाल करके स्थिरता और टिकाऊ प्रथाओं के लिए जाना जाता है।

कंपनी के पास राज्य में लगभग 2.500 मेगावाट की संयुक्त क्षमता वाले छह बिजली संयंत्र हैंए जो राज्य की बिजली की आवश्यकता का 10ः से अधिक है। सबसे बड़ी इकाई ललितपुर पावर जनरेशन कंपनी ;स्च्ळब्स्द्ध है जो 1ए980 मेगावाट की स्थापित क्षमता वाली एक सुपर क्रिटिकल इकाई है।

दीपावली पर्व से पहले नगर निगम 16 हजार स्ट्रीट लाइट खरीदेगा

बरेली। दीपावली पर्व से पहले नगर निगम ने करीब 16 हजार नई स्ट्रीट लाइट की खरीदारी का खाका तैयार कर लिया है। इसके साथ ही खराब स्ट्रीट लाइट को बदला जाएगा और जिन जगहों पर स्ट्रीट लाइट नहीं है वहां पर नई स्ट्रीट लाइट लगाई जाएगी। इसको लेकर प्रकाश विभाग ने अपनी तैयारी पूरी कर ली है। इसको लेकर नगर निगम के नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने प्रकाश विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। जिसमें उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि दीपावली पर्व पर नगर निगम के सभी वार्डों में स्ट्रीट लाइट पहले से ठीक की जाए। ताकि स्ट्रीट लाइट को लेकर जनता की कोई शिकायत नहीं आए। इसके सभी वार्डो के पार्षदों से उनके क्षेत्रों की स्ट्रीट लाइट की डिमांड मांग ली है और उसके आधार पर नई स्ट्रीट टाइट खरीदरी की जाएगी।

गठबंधन में घमासान

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कांग्रेस के साथ गठबंधन बने रहने का बयान देकर इंडिया गठबंधन और कांग्रेस नेतृत्व को फौरी राहत जरूर दी है, लेकिन जिस तरह हरियाणा विधानसभा चुनाव परिणाम आने के बाद इंडिया एलायंस के घटक दल कांग्रेस पर टूट पड़े हैं, उससे गठबंधन की कमजोरियां एक बार फिर सामने आ गयी हैं। हरियाणा में कांग्रेस जरूर सरकार बनाने में सफल नहीं हुई है लेकिन फिर भी उसका मत प्रतिशत भी बढ़ा है, विधायकों की संख्या भी बढ़ी है और जम्मू-कश्मीर में इंडिया एलायंस के ही घटक दल नेशनल कान्फ्रेंस के साथ गठबंधन में जम्मू-कश्मीर का चुनाव भी जीता है। ऐसे में यह समझ से परे है कि आखिर क्यों छोटे-छोटे घटक दल जिनका हरियाणा में एक भी सीट पर जमानत बचाने की स्थिति भी नहीं है, वे भी राज्य में सरकार न बना पाने के लिए कांग्रेस को कोस रहे हैं। दरअसल जिस तरह आम आदमी पार्टी, शिवसेना, टीएमसी आदि ने हरियाणा चुनाव के बाद कांग्रेस के लिए नसीहतों की झड़ी लगा दी है, उससे लगता है कि इंडिया एलायंस के घटक दल कांग्रेस को दबाव में लेना चाहते हैं ताकि भविष्य में किसी संभावित गठबंधन में कांग्रेस से बेहतर डील हासिल कर सकें। वैसे भी राजनीति में कोई किसी का स्थायी तौर पर न दोस्त होता है और न ही दुश्मन। ऐसे में अगर इंडिया एलायंस के घटक दलों को कांग्रेस से बेहतर डील नहीं मिलेगी, तो दूसरे गठबंधन में जाने से या फिर नया गठबंधन खड़ा करने में कोई गुरेज नहीं करेंगे। पूर्व की घटनाएं भी यही कहती हैं। इंडिया गठबंधन

के सूत्रधार नीतीश कुमार जिन्होंने मोदी को रोकने के लिए राज्य-दर-राज्य दौरे करके इंडिया गठबंधन को बनाने में सर्वाधिक योगदान दिया था, वे खुद पीएम का उम्मीदवार नहीं बनाये जाने पर एनडीए में चले गये। इंडिया का संयोजक और पीएम उम्मीदवार नहीं बनने से उन्हें इस गठबंधन में कुछ मिलता हुआ नहीं दिखा। आज इंडिया गठबंधन में कई ऐसे दल हैं, जो पूर्व में एनडीए के साथ रह चुके हैं। नेशनल कान्फ्रेंस, डीएमके, शिवसेना यूबीटी सहित कई अन्य दल बीजेपी के साथ रहे हैं। कांग्रेस अगर हरियाणा का चुनाव जीत जाती तो आगामी चार महीनों में तीन राज्यों में होने वाले चुनावों में न सिर्फ आसानी से गठबंधन हो जाता बल्कि उसका जोश भी ऊंचाइयों के आसमान पर होता। लेकिन महाराष्ट्र, दिल्ली और झारखंड में चुनावों से पहले हरियाणा की हार से न सिर्फ कांग्रेस को गहरा सदमा लगा है बल्कि अब उसके राजनीतिक साथी भी आंख दिखाने लगे हैं। शिवसेना यूबीटी हरियाणा में हार पर न सिर्फ कांग्रेस पर टोन कस रही है बल्कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में शिवसेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे को महा विकास अघाड़ी का सीएम चेहरा बनाने का दबाव भी डाल रही है। गौरतलब है कि महाविकास अघाड़ी के प्रमुख घटक एनसीपी और कांग्रेस ने पहले ही घोषणा कर दी है कि महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव में किसी भी नेता को सीएम का चेहरा नहीं बनाया जायेगा। कांग्रेस इशारो-इशारो में कह रही है कि चुनाव के बाद जिस दल के सबसे अधिक विधायक निर्वाचित होकर आयेंगे उसका नेता मुख्यमंत्री होगा। इसलिए कांग्रेस सीएम का चेहरा घोषित करने के बजाय चुनाव के बाद नेता चुनने पर जोर दे रही है। जबकि शिवसेना यूबीटी सीएम का चेहरा घोषित करने के लिए दबाव डाल रही है। उसे लगता है कि अगर उद्धव सीएम का चेहरा बनेंगे तो शिवसेना का कॉडर और समर्थक शिंदे की शिवसेना के साथ जाने के बजाय उद्धव की शिवसेना यूबीटी के साथ आ जायेंगे। कांग्रेस को आम आदमी पार्टी आप भी अब आंख दिखा रही है। हरियाणा की हार के तुरंत बाद आप ने दिल्ली में अकेले लड़ने की घोषणा कर दी, तो गठबंधन में बने रहने का बयान देने के बावजूद अखिलेश यादव ने उपचुनाव के लिए एकतरफा प्रत्याशी घोषित कर कांग्रेस को उसकी हैसियत बताने में देर नहीं की। कुल मिलाकर इंडिया गठबंधन में अब कांग्रेस की स्थिति कमजोर हुई है और घटक दल इस आपदा को अपने लिए अवसर बनाने में जुट गये हैं।

दुर्लभ औद्योगिक विचारधारा थे रतन टाटा

डॉ. अनिता राठौर

अपने कार्यकाल के दौरान रतन टाटा ने भारत-केंद्रित टाटा समूह को ग्लोबल बिजनेस बनाने के लिए टेटली, जैगुआर लैंड रोवर व कोरस को खरीदा। रतन टाटा जबरदस्त निवेशक भी थे और उन्होंने 30 से अधिक स्टार्ट-अप्स में निवेश किया, अधिकतर व्यक्तिगत तौरपर और कुछ अपनी इंवेस्टमेंट कंपनी के जरिये। सामाजिक सरोकारों से गहरा जुड़ाव टाटा ग्रुप की परंपरा रही है। इसे रतन टाटा ने आगे बढ़ाया और शिक्षा, स्वास्थ्य व कोरोना पीड़ितों के लिए जमकर दान भी किया।

मुंबई में सुबह के समय एक महिला स्कूटर से अपने बच्चे को स्कूल छोड़ने के लिए जा रही थी कि अचानक तेज बारिश होने लगी। मां बेटा भीगने लगे। संयोग से उधर से रतन टाटा अपनी कार में बैठे हुए निकल रहे थे। उन्होंने इस मंजर को देखा। उन्हें दुःख हुआ। तभी उनके मन में विचार आया कि ऐसी स्थितियों से मध्यवर्ग को बचाने के लिए क्यों न एक छोटी व सस्ती कार का निर्माण किया जाये। इस तरह नैनो कार वजूद में आयी, जो इतनी सस्ती है कि उसे आम आदमी भी खरीदकर अपने परिवार के साथ धूप व बारिश से बचता हुआ सफर कर सकता है। रतन टाटा ऐसे ही संवेदनशील उद्योगपति थे, जो अपने व्यापार में अपने कर्मचारियों का ही नहीं बल्कि जनता का भी ख्याल रखते थे।



टाटा ग्रुप को ग्लोबल ख्याति दिलाने का श्रेय रतन टाटा को ही जाता है, जिनका 9 अक्टूबर 2024 की देर रात को 86 वर्ष की उम्र में आयु संबंधित बीमारी से मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में निधन हो गया, जहां वह कुछ दिनों से इंटेंसिव केयर यूनिट में भर्ती थे। वह 86 वर्ष के थे। रतन टाटा केवल एक उद्योगपति ही नहीं थे बल्कि जिस तरह वह भारतीय उद्योग में नई क्रांति लेकर आये और अपने पारिवारिक कारोबार का दुनियाभर में प्रभावी विस्तार किया, उस आधार पर यह कहना अतिश्योक्ति न होगा कि वह अपने आप में एक दुर्लभ औद्योगिक विचार थे। यह भी एक कारण था कि हर क्षेत्र में उनका सम्मान था। उन्हें श्रद्धांजलि देने वालों में राजनेताओ, खिलाड़ियों, एक्टर्स व सीईओ से लेकर आम आदमी तक शामिल रहे। महाराष्ट्र में एक दिन के शोक की घोषणा की गई, सभी सरकारी कार्यालयों में शोक के प्रतीक के रूप में राष्ट्रीय झंडा आधा झुका रहा और सभी सरकारी कार्यक्रम स्थगित कर दिए गये। टाटा समूह के मानद चेयरमैन रतन टाटा का राजकीय सम्मान से मुंबई के वर्ली इलाके में अंतिम संस्कार किया गया। दरियादिल रतन नवल टाटा का जन्म 28 दिसम्बर 1937 को बॉम्बे में हुआ था। वह नवल टाटा के पुत्र थे, जिन्हें रतनजी टाटा ने गोद लिया था। रतनजी टाटा जमशेदजी टाटा के पुत्र थे,

जिन्होंने टाटा ग्रुप की स्थापना की थी। रतन टाटा ने आर्किटेक्चर में कॉर्नेल यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ आर्किटेक्चर से स्नातक की डिग्री हासिल की। उन्होंने 1961 में टाटा को ज्वाइन किया, जहां वह टाटा स्टील के शॉप फ्लोर पर काम करते थे। जब वर्ष 1991 में जेआरडी टाटा रिटायर हुए टाटा संस के चेयरमैन पद से तो उनकी जगह रतन टाटा ने ली। अपने कार्यकाल के दौरान रतन टाटा ने भारत-केंद्रित टाटा समूह को ग्लोबल बिजनेस बनाने के लिए टेटली, जैगुआर लैंड रोवर व कोरस को खरीदा। वह समाज सेवी भी थे। उन्होंने 2008 में कॉर्नेल को 50 मिलियन डॉलर दान दिए थे और इस तरह वह इस यूनिवर्सिटी के इतिहास में सबसे बड़े अंतर्राष्ट्रीय दानकर्ता बने।

श्रद्धांजलि

रतन टाटा जबरदस्त निवेशक भी थे और उन्होंने 30 से अधिक स्टार्ट-अप्स में निवेश किया, अधिकतर व्यक्तिगत तौरपर और कुछ अपनी इंवेस्टमेंट कंपनी के जरिये। वह टाटा ग्रुप व टाटा संस के 1990 से 2012 तक चेयरमैन रहे, फिर अक्टूबर 2016 से फरवरी 2017 तक अंतरिम चेयरमैन रहे। उन्हें 2008 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया जोकि भारत में भारत रत्न के बाद दूसरा सबसे बड़ा नागरिक सम्मान है। रतन टाटा को इससे पहले 2000 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। रतन टाटा शिक्षा, मेडिसिन व ग्रामीण विकास के समर्थक थे। वह इन क्षेत्रों में भारत में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी दिल खोलकर मदद किया करते थे। उनके दान व समाज सेवा के बारे में अगर एक एक करके बताया जाये तो कई खंडों की पुस्तक तैयार हो जायेगी। इसलिए अगर इस संदर्भ में विस्तृत जानकारी चाहिए तो गूगल कर लें या उन पुस्तकों का अध्ययन कर लें जो रतन टाटा के बारे में लिखी गई हैं।

बहरहाल, रतन टाटा ने कभी शादी नहीं की और उनका अपना कोई बच्चा नहीं था। 2011 में एक इंटरव्यू में उन्होंने बताया था, 'मेरे जीवन में चार ऐसे अवसर आये जब मैं शादी करने के बहुत करीब था, लेकिन हर बार मैं एक न एक कारण से डरकर पीछे हट गया।' रतन टाटा 1948 में जब दस साल के थे तो उनके माता-पिता अलग हो गये थे और इसलिए उनकी परवरिश उनकी दादी नवाजबाई टाटा ने की। वह अपने पिता नवल टाटा के अधिक करीब नहीं थे। कई बातों को लेकर बाप बेटे में अक्सर मतभेद रहते थे। वे बचपन में वायलिन सीखना चाहते थे, लेकिन उनके पिता चाहते थे कि वे पियानो सीखें। इस पर दोनों के बीच मतभेद हुआ। रतन टाटा अमेरिका जाकर शिक्षा प्राप्त करना चाहते थे, लेकिन नवल टाटा चाहते थे कि वे ब्रिटेन में तालीम हासिल करें। बेटा आर्किटेक्ट बनना चाहता था और पिता उसे इंजीनियर बनाना चाहते थे।

रतन टाटा जब लॉस एंजेल्स में काम कर रहे थे तब उन्हें एक लड़की से प्यार हो गया था। वह उससे शादी करना चाहते थे। लेकिन 1962 के भारत-चीन युद्ध के कारण लड़की के पिता उसे भारत भेजने के पक्ष में नहीं थे। नतीजतन यह शादी न हो सकी। फिर इसके बाद उनके जीवन में तीन अन्य अवसर आये, जब उनकी शादी हो सकती थी, लेकिन हर बार उन्होंने खुद ही अपने पैर पीछे खींच लिए। टाटा संस का 1991 में चैयरमैन बनने के बाद रतन टाटा ने सबसे पहले उन तीन व्यक्तियों की छुट्टी की जिन्हें जेआरडी टाटा ने कंपनी की पूरी कमान दी हुई थी। रतन टाटा को लग रहा था कि इन तीनों ने कंपनी पर कब्जा किया हुआ है। इसलिए वह एक रिटायरमेंट पॉलिसी लेकर आये, जिसके तहत कंपनी के बोर्ड से किसी भी डायरेक्टर को 75 की उम्र के बाद हटना पड़ेगा। फलस्वरूप तीनों व्यक्तियों को कंपनी से हटना पड़ा।

रतन टाटा के नेतृत्व में टाटा ग्रुप ने महत्वपूर्ण विस्तार किया और अब यह 100 से अधिक देशों में काम कर रहा है और मार्च 2024 में साल के अंत पर उसने 165 बिलियन डॉलर राजस्व में हासिल किये। वह अपनी कंपनी में नई नई चीजें लाते रहे, जैसे भारत का पहला सुपरएप्प टाटा नेऊ। उनका ग्रुप विशाल अंतर्राष्ट्रीय एंटरप्राइज बना, जिसका पोर्टफोलियो सॉफ्टवेयर से स्पोर्ट्स तक बना। टाटा ग्रुप के समक्ष सबसे कठिन समय 2008 के मुंबई हमले के दौरान आया जब उसकी फ्लैगशिप होटल ताजमहल पर हमला हुआ। रतन टाटा अंतिम मुख्य उपलब्धि 2021 में एयर इंडिया को सफलतापूर्वक टाटा ग्रुप में वापस लाना रहा। एयर इंडिया का लगभग 90 वर्ष पहले राष्ट्रीयकरण कर दिया गया था। रतन टाटा के निधन से शक्तिशाली टाटा ट्रस्ट में टॉप पर एक खालीपन आ गया है, जोकि चैरिटीज का समूह है। इस ट्रस्ट के पास टाटा संस का लगभग 66 प्रतिशत हिस्सा है, जो प्रमुख लिस्टेड टाटा फर्मों को नियंत्रित करता है। शारीरिक दृष्टि से रतन टाटा की कमी हमेशा महसूस की जायेगी, लेकिन एक दुर्लभ औद्योगिक विचार के रूप में वह हमेशा जिंदा रहेंगे।

सोशल मीडिया

रतन टाटा के न रहने को मैं स्वीकार नहीं कर पा रहा, भारतीय इकोनमी एक ऐतिहासिक छलांग पर है और इस पोजिशन के लिए रतन के जीवन और काम का बहुत योगदान है। आनन्द महिन्द्र.

ये भारत के लिए बहुत दुखद दिन है, रतन टाटा का जाना न सिर्फ टाटा ग्रुप बल्कि हर भारतयी के लिए बड़ा नुकसान है, टाटा के जाने से मुझे बहुत दुख है, मैंने दोस्त खो दिया। मुकेश अंबानी.

राष्ट्रप्रेम और अखंडता के प्रतीक रूप में रतन टाटा जी को हमेशा याद किया जायेगा, उद्योगपति के रूप में दुनिया भर में सम्मानित। उन्होंने टाटा ग्रुप को वैश्विक स्तर पर बढ़ाया। अमित शाह.

भगवान श्रीराम सहिष्णुता और क्षमा के महानायक हैं

श्रीराम नवमी पर विशेष

आर.सी.शर्मा

भगवान श्रीराम के कई गुणों के बारे में हम सब जानते हैं, जैसे उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है। उन्हें करुणा का सागर कहा जाता है। वह भक्त वत्सल कहलाते हैं। लेकिन उनके एक गुण की शायद कम चर्चा होती है, वह है उनमें क्षमा और सहिष्णुता का गुण। अगर हम भगवान श्रीराम के जीवनचरित की विभिन्न घटनाओं को देखें तो खुद ब खुद पता चल जाता है कि वह सहिष्णुता के महानायक हैं। मां सीता को रावण के चंगुल से छुड़ाने के लिए भगवान श्रीराम, श्रीलंका जाना चाहते हैं। वह समुद्र से मार्ग देने के लिए प्रार्थना करते हैं, लेकिन समुद्र उनकी बात नहीं सुनता। कई दिनों तक प्रतीक्षा करने के बाद राम को क्रोध आ जाता है। वह लक्ष्मण से कहते हैं कि वह उन्हें अग्निबाण दें, मैं एक ही बाण से समुद्र को सुखा देता हूं। भगवान श्रीराम के क्रोध से समुद्र डर जाता है। वह उनके सामने प्रकट होता है और क्षमा मांगता है। इस पर भगवान श्रीराम उसे कतई प्रताड़ित नहीं करते, यह नहीं कहते कि अब वह उसे माफ नहीं करेंगे; क्योंकि उसने उनकी बात तुरंत नहीं सुनी। भगवान श्रीराम समुद्र को बिना कुछ और देर तक डराये, तुरंत ही क्षमा कर देते हैं। यही नहीं वह समुद्र के उस पार जाने के लिए उसका मार्गदर्शन भी स्वीकार करते हैं।

यह घटना भगवान श्रीराम के उस गुण को दशार्ती है कि भयंकर क्रोध करने के बाद भी वह दूसरे को तुरंत क्षमा कर देने का भाव रखते हैं। भगवान राम ने अपने इस गुण को सिर्फ मानवों के साथ बर्ताव में लागू नहीं किया बल्कि वह पशु, पक्षी, प्रकृति और जीवन के सभी पहलुओं में अपने इस उदात्तभाव को बार बार दशार्या है, जो जताता है कि उनमें पुरुषोत्तम होने के साथ साथ क्षमा और सहिष्णुता के महान गुण भी थे। उनके इस गुण को और गहराई से समझने के लिए हम उनके जीवनचरित की कई घटनाओं को इस कसौटी पर कस सकते हैं। जहां उनमें नैतिकता, धर्म और मयार्दा के साथ साथ क्षमा और सहिष्णुता के महान गुण दिखते हैं। जैसे उन्होंने शबरी के जूंठे बेर खाने में एक क्षण को भी नहीं सोचा, एक क्षण की भी देरी नहीं की। भगवान राम जब मां शबरी के आश्रम पहुंचते हैं, तो वनवासिनी शबरी उनके लिए बेर एकत्र कर रखे होते हैं, जिन्हें उन्होंने खुद चख चख करके सुनिश्चित किया हुआ होता है कि वे मीठे हैं अथवा नहीं। क्योंकि मां शबरी भगवान श्रीराम को खट्टे बेर नहीं खिलाना चाहती थीं, मगर प्रेम व भक्ति में वह भूल गईं कि उनके चखने से बेर जूंठे हो गये थे। लेकिन भगवान राम ने एक बार भी मां शबरी को यह एहसास नहीं होने दिया कि उनके बेर जूंठे हैं। यह प्रसंग भी उनकी सहिष्णुता की पराकाष्ठा को दोहराता है। क्योंकि अगर त्रेता युग के अनुसार देखें तो मां शबरी जाति और अपनी सामाजिक स्थिति के हिसाब से बहुत निचले पायदान पर आती थीं। जिन लोगों का उन दिनों कोई छुआ नहीं खाता था, मगर भगवान श्रीराम के लिए ये सब अर्थहीन बातें थी, भले वह मनुज योनि में मनुष्यों जैसी लीला ही क्यों न कर रहे हों। भगवान श्रीराम में अगर क्षमा का गुण देखना हो तो उसे विभीषण को अपनाने और सुग्रीव के साथ हुए अन्याय को मिटाने के लिए बिना देर किए खड़े हो जाने को देखना चाहिए। जब वह सीता जी की खोज के लिए भटकते हुए सखा सुग्रीव से मिलते हैं और उन्हें पता चलता है कि सुग्रीव के पत्नी और राज्य को बालि ने छीन लिया है, तो वह बिना एक पल गंवाएं बालि के विरूद्ध सुग्रीव के पक्ष में खड़े हो जाते हैं। वह सुग्रीव की तरफ से बालि को छुपकर तीर से मार देते हैं, क्योंकि मान्यता है कि अगर कोई योद्धा बालि के सामने आयेगा तो उसका आधा बल बालि को चला जायेगा। इसलिए भगवान श्रीराम सुग्रीव के लिए बालि को पेड़ की ओट से छिपकर मारते हैं। जब बालि कहता है कि उन्होंने ऐसा क्यों किया? तो भगवान राम कहते हैं-

अनुज वधू भगनी सुत नारी। रे शठ ये कन्या सम चारी।। इन्हहिं कुदृष्टि विलोकत जोई। ताहि वधे कछु पाप न होई।।

लेकिन इस पर बालि कहता है-

सुनहु राम स्वामी सन चल न चातुरी मोरि। प्रभु अजहूं मैं पातकी अंतकाल गति तोरि।।

इतना सुनते ही भगवान श्रीराम करुणा विगलित हो जाते हैं और गोस्वामी तुलसीदास कहते हैं-

सुनत राम अति कोमल बानी। बालि सीस परसेउ निज पानी।।

बालि के कोमल वचनों को सुनकर भगवान श्रीराम न सिर्फ उसके अपराधों को क्षमा करते हुए उसे मुक्ति देते हैं बल्कि अपने हाथों से उसके लिए जल तर्पण करते हैं।

हमारे कर्मों का फल

भगवान से मांगने योग्य वस्तुएं श्रद्धा, हिम्मत, श्रमनिष्ठा, सच्चरित्रता, करुणा, ममता, पवित्रता और विवेकशीलता जैसी वे सद्भावना एवं सत्प्रवृत्तियां हैं जो विपन्नता को सम्पन्नता में बदल देती हैं और अभाव रहते हुए जिनके कारण विपुल सम्पन्नता का सुख अनुभव होता रहता है। प्रगति और सफलता का सारा आधार सद्गुणों पर अवलम्बित है। उनके बिना अकस्मात् किसी प्रकार कोई लाभ मिल भी जाये तो उसे संभालना और स्थिर रखना संभव न होगा। सदुपयोग केवल उस वस्तु का किया जा सकता है जो उचित मूल्य देकर उपार्जित की गयी है। अनायास बिना परिश्रम के मिली हुई सम्पत्ति का उपव्यय ही होता है और उससे अनेक व्यसन और उद्वेग पैदा होते हैं जिनके कारण वह उपलब्धि सुखदायक न होकर अनेक विपत्तियां और विकृतियां उत्पन्न करने का कारण बन जाती है। भगवान जिस पर प्रसन्न होते हैं उस सद्गुणों का उपहार देते हैं क्योंकि वे अपने आप में इतने महान हैं कि यदि साधन सम्पन्ता न भी हो, तो भी केवल उन सद्गुणों की सम्पदा के आधर पर मनुष्य सुखी समुन्नत और सम्मानित जीवन जी सकता है। यही दिव्य संपदाएं भगवान से मांगनी चाहिए। यही हैं वे विभूतियां जिन्हें वे अपने भक्तों को दिया करते हैं। भौतिक सफलताएं हमें अपनी भुजाओं और कलाइयों से मांगनी चाहिए। अपनी अकल को तेज करना चाहिए और सूझ बूझ से काम लेना चाहिए। अवरोध उत्पन्न करने वाली त्रुटियों को सुधारना चाहिए। सफलता का द्वारा खुल जायेगा। भगवान स्वयं अपनी विधि व्यवस्था में बंधे हुए हैं। उन्होंने इस संबंध में अपने आपके साथ तक कोई रियायत नहीं की, अपने सगे संबंधियों तक को छूट नहीं दी।

अंतर्दृष्टि

कर्मफल की व्यवस्था को ही सर्वत्र प्रधान रखा। ऐसा न होता तो कोई पुरुषार्थ करने के लिए ही क्यों होता और कुकर्मों से बचने के लिए किसी को आवश्यकता ही क्या पड़ती? प्रार्थना मात्र से सारी सुविधाएं मिल जाती तों फिर कठोर, कर्मठता के लिए कठिबद्ध होने की इच्छा ही क्यों होती? जिन मनुष्यों की वासनाएं शांत हो गयी हैं, उनके मन मंदिर में आठोयम प्रेम ज्योति प्रज्जवलित है। वे इन्द्रियों के दास नहीं, इन्द्रियां स्वयं उनकी दासता में रहती हैं। सांसारिक प्रपंच किसे कहते हैं, इससे उन्हें कोई प्रयोजन नहीं। वे समय पर धर्म की बेदी पर प्राण न्यौछावर करने के लिए तत्पर रहते हैं और धर्म संस्थापन के लिए ही जीवन है। सरलता, नम्रता, सहनशीलता, सम्प्रति ही उनके जीवन के मुख्य साधन हैं। उनमें अहं भव का नाम-मात्र भी नहीं होता। ऐसे मनुष्य सत्य की शीतल छाया में जीवन व्यतीत करते हैं।

रिश्वत का समाजवाद

व्यंग्यलोक

सरकार ने भरसक प्रयत्न किया था कि देश में समाजवाद आ जाये, परन्तु पता नहीं कैसे नहीं आया। अब सरकारें तो किसी अच्छे काम के लिए प्रयत्न ही कर सकती हैं। कुछ समाजवाद की भी गलती है कि यह हमारे देश में जाने क्यों आना ही नहीं चाहता, जबकि हमारे यहाँ तो समाजवादी भी हैं और समाजवादी विचार भी। फिर भी नये सिरे से लाने के लिए लोग पुनः सचेष्ट हो गये हैं। मुझे लगता है कि यदि इसी तरह लगे रहे तो वह दिन दूर नहीं है, जब समाजवाद हर क्षेत्र में आ ही जायेगा। इधर सांसद भी समाजवाद की ओर अग्रसर हो गये हैं, पहले केवल काम करने की रिश्वत सरकारी कर्मचारी ही लेता था, लेकिन अब सांसद, मंत्री और तमाम राजनेता इस ओर पूरी ईमानदारी से चेष्टा कर रहे हैं। यदि रिश्वत का सार्वजनिकी करण हो जाता है तो यह समाजवाद ही है। सभी को रिश्वत लेने का अवसर हाथ लग जाये और उन पर किसी तरह की कार्रवाई नहीं हो तो यह हमारे लिए समाजवाद के सन्निकट ले जाती है। भ्रष्टाचार निरोधक विभाग की प्रासंगिकता बिलकुल नहीं रही है। जांच आयोगों का हश्र हम लोग देख ही रहे हैं। रिश्वतखोर, घोटालेबाज तथा दलालों को समान दृष्टि से देखा जाना ही समाजवाद का पर्याय है। युग बदला है तो समाजवाद के मायने भी बदल गये हैं। समाजवाद अब हर कोई लाने पर उतारू है। सरकार का किसी पर कोई नियंत्रण नहीं है और सबको सभी की मेहनत का फल बराबरी से मिल रहा है। अब लोग कर्तव्यों को भूलकर अपने अधिकारों के प्रति इतने जागृत हो गये हैं कि समाजवाद का सा वातावरण सब ओर दिखाई देने लगा है। अब समाजवाद को कहीं से उधार लाने की आवश्यकता नहीं है, अपितु हमारी सरकारें भी सबको समान अवसर देने का संकल्प कर चुकी हैं। मनमानी को ही लें, हर नागरिक इसे तहेदिल से अपना चुका है और मनमानी में लगभग समाजवाद पूरी तरह आ चुका है। पुलिस और चोर मिलकर एक बीड़ी फूंक रहे हैं। राजनेता बाहुबलियों को लेकर सत्तातंत्र पर हावी हैं। डॉन्स से दोस्ती रखना फख्र की बात माने जाने लगी है और वे मिल-बैठकर अपनी स्वार्थ सिद्धी में लगे हैं। यह हमारे समाजवाद का ही प्रतिफल है। जो लोग बी.पी.एल. हैं, उनके बारे में तो बात करना ही बेमानी है। ये लोग इतने ढ़ीठ हो गये हैं कि आजादी के छह दशक बाद भी अपने आप को नहीं उठा सके हैं। इनके कारण बड़ा शर्मिन्दा होना पड़ता है। वरना सरकार ने तो गरीबी हटाओ का कार्यक्रम इतने जोरों से चला रखा है कि इसे अब तक ऊपर आ जाना ही चाहिए था। इससे नेताओं की गरीबी तो सात पुश्तों तक के लिए मिट गई है, परन्तु इन गरीबों की गरीबी अभी तक पीछा नहीं छोड़ रही। इसलिए इन्हें छोड़कर अन्य लोगों में समाजवाद लगभग पूरी तरह आ गया है।

पूरन सरमा

विचार

जब तक मन नहीं जीता जाता और राग-द्वेष शांत नहीं होते, तब तक मनुष्य इन्द्रियों का गुलाम बना रहता है।

-विनोबा भावे.

किसी भी प्रकार की गरीबी हमारा ईश्वर से उचित संबंध जोड़ देती है। जबकि मन या धन की अमीरी हमारा सबसे विच्छेद कर देती है।

-फ्रैंक कासले.

किसी से घृणा मत करो। सबको हृदय से लगाओ। घृणित वह नहीं है जिससे घृणा की जाती है किन्तु घृणित वह है जो घृणा करते हैं, क्योंकि उसके ही हृदय में घृणा भरी है।

-भगवान महावीर.

चिता मृत मनुष्य को एक ही बार जलाती है, परन्तु चिंता जीवित मनुष्य को रह रहकर जलाती है।

-चैनिंग.

संयम और परिश्रम मनुष्य के दो सर्वोत्तम चिकित्सक हैं। परिश्रम से भूख तेज होती और संयम अति भोग से रोकता है।

-रूसो.

आप की बात

पाकिस्तान के हाथ में कटोरा

पाकिस्तान अपनी आजादी के बाद जिस तरह आतंकवाद हिंसा और युद्ध के रास्ते पर चला, उसका अब अंजाम भुगत रहा है। वहां नयी सरकार बनी है लेकिन उसका काम सिर्फ दूसरे देशों से कर्ज लेकर जैसे तैसे पाकिस्तान को दिवालिया होने से बचाना भर रहा गया है। बाकी सब कुछ सेना के हाथ में है। पाक में सबसे ताकतवर प्रतिष्ठान के रूप में अपनी पहचान को पुख्ता कर चुकी सेना हमेशा इसी ताक में रही कि कब पाकिस्तान के हालत खराब हों जिसका बहाना बनाकर सत्ता अपने हाथ में ले ले। इस तरह चाहे सियासी ताकतें हों या पाक स्टैब्लिशमेंट, सबने मौका पाते ही पाकिस्तान को लूटने-खसोटने का काम किया। जनता के बीच अपने शासकीय दुराचरण को छिपाने के लिए, रोजमर्रा के झंझावातों, आंतरिक चुनौतियों और दिन प्रतिदिन गुरबत की बढ़ती जकड़बंदी के बीच असल समस्याओं से ध्यान भटकाने के लिए पाक हुक्मरानों ने भारत का भय दिखाकर राज करने की जो रणनीति अपनायी उसकी स्वाभाविक परिणति है कि आज पाकिस्तान जल ही नहीं रहा है बल्कि गृहयुद्ध के मुहाने पर खड़ा पूरी तरह भस्म होने की प्रतीक्षा कर रहा है। दरअसल पाकिस्तानी हुक्मरानों ने अवाम को कभी शिक्षा, स्वास्थ्य, गरीबी जैसे मुद्दों पर सोचने का मौका ही नहीं दिया। जब भी पाकिस्तान में इस पर कोई सार्थक संवाद का मौका आया तो उन्होंने भारत के साथ दुश्मनी को धधकाकर उसमें अपनी रोटियां सेंकने का काम किया। 'ब्लीड इंडिया थाउजैंड कट' हवा में निकला शब्द नहीं है बल्कि यह पाकिस्तानी हुक्मरानों की अपने अवाम के साथ सोची-समझी साजिश थी। अपने हुक्मरानों से पाकिस्तानी अवाम ने जब भी रोजी, रोटी और रोजगार मांगा तो उन्होंने परमाणु बम, कश्मीर और गजवा-ए-हिंद थाली में सजाकर परोस दिया। दरअसल पाकिस्तान के पास राष्ट्रीय एकता के कोई सूत्र हैं ही नहीं। भारत के साथ दुश्मनी ही एक ऐसा कॉमन एजेंडा है जिसके सहारे बचा-खुचा पाकिस्तान बीती आधी से सदी से अपना भूगोल जैसे-तैसे बचाये है। लेकिन संतरानुमा एकजुटता कब तक बचेगी, कभी न कभी तो कोई ऐसा मोड़ आयेगा जहां छिलका उतरेगा और पाकिस्तान पंजाब, सिंधु, ब्लोच और खैबर पख्तूनखवा जैसे अनेक हिस्सा में बिखर जायेगा।

वीरेन्द्र कुमार सिंह, लखनऊ.

बेरोजगारी बड़ी समस्या

देश में बेरोजगारी एक गंभीर समस्या है और इससे निपटने के लिए गंभीर प्रयास की जरूरत है। भारत सरकार ने रोजगार सृजन और वर्तमान रोजगार व परम्परागत व्यवसायों के सशक्तीकरण के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। मुद्रा योजना, पीएलआई विश्वकर्मा योजना, स्टॉर्टअप, स्टैंड अप इंडिया, मेक इन इंडिया जैसे प्रोग्राम रोजगार सृजन के लिए और वर्तमान रोजगार के सशक्तीकरण के लिए ही समर्पित हैं। लेकिन फिर भी बेरोजगारी की समस्या गंभीर है तो यह जरूरी है कि सरकार इस दिशा में और अधिक प्रभावी एवं परिणामदायक पहल शुरू करे। एमएसएमई, मुद्रा योजना, विश्वकर्मा योजना के जरिए रोजगार सृजन हुआ है। परंपरागत रोजगार अवसरों को और अधिक मजबूती मिली है। फिर भी बेरोजगारी एक बड़ी समस्या के रूप में हमारे सामने है। इसलिए रोजगार बढ़ाने के लिए शुरू की गयी तमाम अन्य योजनाओं को जारी रखते हुए यह भी जरूरी है कि विनिर्माण क्षेत्र में और अधिक मौके खोजे जायें। इस दिशा में सरकार ने पूर्व में पीएलआई स्कीम शुरू की थी। इस योजना के तहत सरकार की ओर से 14 क्षेत्रों के लिए शुरू की गई उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना से देश में दिसंबर, 2023 तक 1.06 लाख करोड़ रुपये का निवेश आया है। आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल दिसंबर तक सूचना प्रौद्योगिकी, हार्डवेयर, वाहन एवं इसके कलपुर्जे, कपड़ा और एसीसी (उन्नत रसायन सेल) बैटरी भंडारण जैसे क्षेत्रों में कम निवेश आया है। रोजगार परक निवेश और बढ़ाने की जरूरत है।

अजीत कुमार द्विवेदी, लखनऊ.

संक्षेप

हिंसक जानवर की दस्तक से ग्रामीणों में दहशत

मिल्कीपुर-अयोध्या। वन रेंज कुमारगंज क्षेत्र के मरूई गनेशपुर गांव के पास चार दिन पूर्व किसी जंगली जानवर ने नील गाय के बच्चें पर हमला कर मार दिया था। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने स्थानीय वन विभाग को देते हुए क्षेत्र में हिंसक जानवर आने की बात कही थी। जानकारी होने के बाद उप प्रभागीय वनाधिकारी केएन सुधीर वन विभाग की टीम के साथ केशवपुर चिलबिली पहुंच कर जिस स्थान पर जंगली जानवर ने नील गाय के बच्चे पर हमला कर मार दिया था।निरीक्षण करने के बाद कुमारगंज रेंज अधिकारी आर पी श्रीवास्तव को पिंजरा लगाने का आदेश दिया था। ताकि अगर हिंसक जानवर को तो उसे पकड़ जा सके।वन विभाग ने गन्ने के खेत के पास पिंजड़ा लगा तो दिया लेकिन पांच दिन बाद भी कोई जानवर पिंजड़े में नहीं आया। डिप्टी रेंजर मनोज कुमार सिंह मरूई गनेशपुर और केशवपुर चिलबिली पहुंच कर ग्रामीणों से हिंसक जंगली जानवर के बारे में पूछा तो ग्रामीणों ने बताया कि कहीं पर कुछ नहीं दिखाई दिया। मवेशी चराने वाले ग्रामीणों ने बताया कि जहां पर पिंजरा लगा है वहीं सियार ही आ रहे हैं। और कोई जानवर नहीं दिखाई पड़ रहा है।

आध्यात्मिक अयोध्या को 'आयुष्मान अयोध्या' भी बना रही योगी सरकार

विशेष संवाददाता

लखनऊ/अयोध्या। योगी सरकार आध्यात्मिक अयोध्या को 'आयुष्मान अयोध्या' भी बना रही है। सीएम योगी के मार्गदर्शन में रामनगरी स्वास्थ्य क्षेत्र में भी दिनोदिन समृद्ध हो रही है। घटना-दुर्घटना में विपरीत परिस्थिति आने पर अयोध्या को अब लखनऊ पर आश्रित नहीं रहना होगा, बल्कि सभी सुविधाएं यहीं मिल जाएंगी। गंभीर से गंभीर मरीजों का इलाज भी यहीं हो सकेगा। इसके लिए अयोध्या के राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में 110 बेड के ट्रॉमा सेंटर का निर्माण कराया जा रहा है। मई 2025 तक यह बनकर तैयार हो जाएगा। यहां एक ही छत के नीचे सारी अत्याधुनिक सुविधाएं मिल जाएंगी।

अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण के शुरू होते ही यहां के विकास कार्यों का खाका खींचा जाने लगा था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्यावासियों और श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य की फिक्र करते हुए यहां मल्टीस्पेशियिलिटी अस्पताल व दर्शननगर स्थित राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में सुविधाओं को बढ़ाने का निर्देश दिया था। काफी दिनों से लंबित पड़े 110 बेड के ट्रॉमा सेंटर के प्रोजेक्ट पर काम न सिर्फ शुरू करा दिया गया, बल्कि आधे से अधिक कार्य पूरा भी हो गया है। राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में 110 बेड के ट्रॉमा सेंटर का निर्माण 33 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से कराया जा रहा है। शासन की ओर से निर्माण की स्वीकृति मिलने के बाद राजकीय निर्माण निगम ने काम शुरू करा दिया था। तीन मंजिल के भवन में बन रहे सेंटर में अब तक 50 फीसदी कार्य पूरा हो चुका है।

- सीएम योगी के निर्देश पर स्वास्थ्य क्षेत्र में भी समृद्ध हो रही रामनगरी
- घटना-दुर्घटना में विपरीत परिस्थिति आने पर अब लखनऊ पर आश्रित नहीं रहेगी अयोध्या
- राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज कैंपस में 33 करोड़ से अधिक की लागत से बन रहा 110 बेड का ट्रॉमा सेंटर
- मई तक बनकर हो जायेगा तैयार, एक ही छत के नीचे मिलेंगी सभी सुविधाएं

मेडिकल कॉलेज में आकस्मिक चिकित्सा सेवा के लिए 50 बेड का ट्रॉमा सेंटर व 60 बेड का इमरजेंसी मेडिसिन विभाग बनाया जा रहा है। यानी कुल 110 बेड की सुविधा होगी। अभी नए भवन में चल रहे ट्रॉमा सेंटर में मरीजों को कठिनाइयां होती हैं। एक्सरे व सीटी स्कैन के लिए मरीजों को अलग भवन ले जाना पड़ता है। नए ट्रॉमा सेंटर के निर्माण के बाद एक्सरे-सीटी स्कैन समेत तमाम जांच की सुविधा यहीं मिल सकेगी।

प्राचार्य डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि भवन का निर्माण तीव्र गति से हो रहा है। इसमें अत्याधुनिक लिफ्ट की भी सुविधाएं रहेंगी। ट्रॉमा सेंटर गंभीर मरीजों के लिए वरदान साबित होगा। यहां एक ही छत के नीचे सभी सुविधाएं मिलेंगी। मरीजों व उनके परिजनों को कहीं भागना नहीं पड़ेगा।

मत्स्य जीवी सहकारी समिति का होगा गठन

बहराइच । सहायक निदेशक मत्स्य डॉ. जितेन्द्र कुमार ने बताया कि मछुआ समुदाय के आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान के लिए प्रदेश सरकार द्वारा मत्स्य जीवी सहकारी समिति के गठन का निर्णय लिया गया है। इसके लिए विभाग द्वारा ऑनलाइन पोर्टल फिशरीजयूपी डाट जीओवी डाट इन की शुरूआत की गई है। समिति हेतु पात्रता रखने वाले इच्छुक व्यक्ति पोर्टल के माध्यम से आनलाइन अथवा सहायक निदेशक मत्स्य, बहराइच के कार्यालय में उपस्थित होकर ऑफलाइन आवेदन कर सकते हैं। समिति गठन हेतु दिशा निर्देशित तथा आवेदन का प्रारूप विभागीय वेबसाइटध्पोर्टल पर उपलब्ध है। डॉ. कुमार ने बताया कि महु आरोंध्मछुआ समुदाय के लिए रोजगार के नये अवसर पैदा करने के उद्देश्य से गठित होने वाली 27 सदस्यीय समिति में 06 महिला सदस्य तथा 03 सदस्य अनुसूचित जाति के होंगे। समिति के कार्य क्षेत्र में निवास करने वाले ऐसे व्यक्ति जो मछली पालने, पकड़ने एवं विपणन कार्य कर रहे हैं, आवेदन के लिए अर्ह होंगे। आवेदन करते समय इच्छुक व्यक्ति के पास आधार कार्ड, सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत जाति एवं निवास प्रामण-पत्र होना अनिवार्य होगा।

रिक्शा चालक को दबंग ने मारा चाकू

बहराइच। नगर के अति भीड़भाड़ वाले इलाके में उस समय अफरा - तफरी मच गई जब पुलिस क्षेत्राधिकारी आफिस के पास ई रिक्शा चालक को सरे आम चाकुओं से हमला कर घायल कर आरोपी फरार हो गए। बताया जाता है कि घटना की सीसीटीवी वीडियो पुलिस चौकी चौक के लगे कैमरे में भी कैद हुई है।आज दिनदहाड़े घटना के सम्बंध में घायल रिक्शा चालक अब्बास ने बताया कि उसे कुछ मनबढ़ लोग बीच बाजार रोककर जबरन ले जाने का दबाव बना रहे थे ।उसके द्वारा आरोपी को ले जाने से चालक ने किया इंकार किया गयातो दबंग ने बीच बाजार में अब्बास ऑटो चालक के पेट में चाकू घोप कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया।कोतवाली नगर पुलिस ने ततपरता दिखाते हुए घायल को मेडिकल कालेज में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया है ।जहाँ उसका इलाज हो रहा है।इलाज कर रहे डॉ, मनोज चौधरी ने बताया कि घायल अब्बास खतरे से बाहर है।

अलग - अलग स्थानों पर डूबने से चार की मौत

बहराइच । जिले के अलग - अलग स्थानों पर डूबकर 4 की मौत की खबर से मृतकों के परिवार में कोलाहल मच गया ।प्राप्त जानकारी अनुसार शौच के लिए गए किशोर की घर से कुछ दूर स्थित तालाब में डूबकर मौत हो गई। मृतक थाना पयागपुर रायडी का रहने वाला था 16 वर्षीय मृतक हुकुम अली रहने वाला था। वहीं एक लापता युवती का शव गांव स्थित सरयू नदी से बरामद कर लिया गया है मृतका कोतवाली देहात इलाके के भाग्गिया की रहने वाली थी। जिसकी उम्र 20 वर्षीय और नाम सुमन था। तीसरी घटना चहलवा घाट में गिरी 5 वर्षीय मासूम की मौत उस समय हो गई जब खेल रही थी ।मृतका थानारानीपुर के चहलावा गांव की रहने वाली थी। मृतका नैंसी की उम्र केवल 05 वर्ष की थी। चौथी घटनाखैरीघाट के शिवपुर की रहने वाली गुड़ियागांव स्थित नदी में डूबकर 6 वर्षीय मासूम की मौत हो गई ।पुलिस ने सभी शवो को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पिंजड़े में कैद हुआ एक और तेंदुआ

बहराइच। जिले के ककरहा रेंज गांव में लगे पिंजड़े में एक और तेंदुआ रात में कैद हो गई। उसे रेंज कार्यालय लाया गया है। तीन डॉक्टरों की टीम स्वास्थ्य जांच करेगी। इसके बाद आगे की कार्यवाई की जायेगी ।कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के ककरहा रेंज के धर्मपुर बेझा गांव में एक सप्ताह पूर्व तेंदुआ ने किसान पर हमला कर मार डाला था। गांव के लोगों की मांग पर वन विभाग ने पिंजड़ा लगाकर वयस्क तेंदुए को पकड़ा था। लेकिन निरन्तर क्षेत्र में तेंदुए की आमद को देखते हुए ग्राम पंचायत बेझा के मुरावनपुरवा गांव में वन विभाग की ओर से पिंजड़ा लगाया गया। जिसमें बुधवार रात को तेंदुआ कैद हो गया।

जिलाधिकारी और एसपी के नेतृत्व में पुलिस बल ने की पैदल गश्त

बहराइच। श्री दुर्गा पूजा नवरात्रि श्री दुर्गा प्रतिमा विसर्जनध्दशहरा इत्यादि त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराने तथा आमजन में सुरक्षा का एहसास कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक बृन्दा शुक्ला के नेतृत्व में पुलिस बल ने नगर क्षेत्र अन्तर्गत पीपल तिराहा से घण्टाघर से पीपल तिराहा होते हुए गुदड़ी चौराहा से ट्रांसफार्मर चौराहा होते हुए वापस घण्टाघर पहुंच कर छावनी चौराहा तक पैदल गश्त कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहाए नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर सहित अन्य अधिकारी तथा पुलिस के जवान मौजूद रहे।

भदरसा गैंगरेप मामले में दोनों अभियुक्तों पर आरोप तय

अयोध्या। पूराकलंदर थाना क्षेत्र के बहुचर्चित 12 वर्षीय किशोरी से गैंगरेप के मामले में कोर्ट ने आरोपी मोईद खान और राजू खान पर किशोरी से गैंगरेप करने समेत अन्य धाराओं में आरोप तय कर दिए हैं अब मामले में गवाही के लिए पीड़िता और उसकी मां को अगली पेशी पर तलब किया गया है। यह कार्यवाही विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट निरुपमा विक्रम की अदालत मे हुई।

विशेष लोक अभियोजक विनोद कुमार उपाध्याय अभिषेक रघुवंशी ने बताया कि पूरा कलंदर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 12 वर्षीय किशोरी के साथ गैंगरेप हुआ था। इसकी रिपोर्ट पीड़िता की मां ने 29 जुलाई 2024 को मोईद खान और राजू खान के खिलाफ घटना के ढाई माह बाद लिखाई थी। उसने कहा था कि उसकी पुत्री खेत में काम कर रही थी राजू उसे पकड़ कर बेकरी में ले गया और वहां मोईद खान ने उसके साथ दुष्कर्म किया ।मामले मे गुरुवार को दोनों आरोपियों को मंडल कारागार से लाकर अदालत के समक्ष पेश किया गया अदालत में राजू खान ने अपना अधिवक्ता अवधेश यादव को नियुक्त किया। उन्होंने अपना वकालतनामा अखिल किया। मोईद खान के अधिवक्ता स ईद खान की मौजूदगी में दोनों पक्षों की बहस सुनकर आरोप बनाए गए। कोर्ट ने मामले में वादिनी की नाबालिग पुत्री के साथ विभिन्न समय पर भदरसा कस्बा में सामूहिक बलात्कार करने ।बलात्कार के बाद जान से मार डालने की धमकी देने और पाक्सो एक्ट के तहत आरोप तय किए गए ।कोर्ट मैं पैरोकार ने विधि विज्ञान प्रयोगशाला की रिपोर्ट भी दाखिल की ।जिसे पत्रावली में सम्मिलित किया गया

बेटियां समृद्ध होंगी तभी होगा देश खुशहालः हरे कृष्ण यादव

जिला संवाददाता(vol)

अयोध्या । राष्ट्रीय डाक सप्ताह के अंतर्गत आज अन्त्योदय दिवस सुकन्या समृद्धि खाता खोलकर मनाया गया । साथ ही दर्जनों बेटियों को नवरात्रि पर्व की चुनरी पहना कर पूजन के साथ पासबुक व उपहार भेंट किया गया ।इस दौरान मुख्य अतिथि मण्डल के प्रवर अधीक्षक डाकघर हरे कृष्ण यादव ने कहा कि जब आज की बेटियाँ समृद्ध होंगी तभी होगा देश खुशहाल क्योंकि बेटियाँ देश का भविष्य है और राष्ट्र निर्माण में इनका महत्वपूर्ण योगदान है। भारत सरकार के अभियान ह्लबेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओह्व के अन्तर्गत हम सभी लोगों का दायित्व है कि बेटियों के भविष्य को संवारने के लिए एक सार्थक कदम उठाएं। बेटियां ही 21वीं सदी में हमारे देश का भविष्य हैं। साथ ही यह भी कहा कि भारत सरकार द्वारा नारी सशक्तिकरण की दिशा में तमाम महत्वपूर्ण योजनाएँ चलायी जा रही हैं।

- दर्जनों कन्याओं को नवरात्रि के पर्व पर सुकन्या पासबुक के साथ उपहार भेंट किया गया

इसी क्रम में डाकघरों में सुकन्या समृद्धि योजना में धन जमा करने से माँ-बाप अपनी बेटी के भविष्य को संवारने में अहम भूमिका निभायेंगे। इससे बेटियों को आर्थिक व सामाजिक रूप से भविष्य में मजबूत किया जा सकता है।

साथ ही कहा कि सुकन्या समृद्धि खाता खुलने से बेटियां मजबूत होंगी इससे कन्या भ्रूण हत्या रोकने, महिला सशक्तिकरण, उच्च शिक्षा में सुकन्या समृद्धि योजना राष्ट्र निर्माण में सहायक होगी। इस दौरान श्री यादव ने बेटियों को नवरात्रि की चुनरी पहना कर सुकन्या समृद्धि पासबुक के साथ उपहार भेंट किया । सीनियर पोस्टमास्टर राजेन्द्र सिंह, मुख्य विपणन अधिकारी सत्येन्द्र प्रताप सिंह, डिप्टी पोस्टमास्टर दीपक कुमार तिवारी, राहुल श्रीवास्तव, जयशंकर प्रसाद वर्मा, ज्योतिरादित्य सिंह सहित दर्जनों मौजूद रहे ।

राम-भरत मिलाप का दृश्य देख दर्शक हुए भावुक

अयोध्या। रामलीला समिति खपरैला बाजार में रामलीला मंचन में कलाकारों ने केवट संवाद व भरत मिलाप के मार्मिक दृश्यों का मंचन किया। बुधवार की रात मंचन का शुभारंभ मुख्य अतिथि गोसाईगंज विधायक अभय सिंह द्वारा किया गया।

रामलीला समिति के अध्यक्ष राणा प्रताप सिंह ने बताया कि मंचन में दिखाया गया कि श्री राम निषादराज का आतिथ्य ग्रहण करने के बाद आगे बढ़ते हैं और नदी किनारे केवट मिलता है, जिसे श्रीराम अपनी नाव से नदी पार कराने के लिए कहते हैं, पर केवट उन्हें अपनी नाव पर चढ़ाने को तैयार नहीं होता। इस पर श्रीराम कारण पूछते हैं तो केवट कहता है कि मैंने सुना है आपके चरण रज में जादू है, जो पत्थर में भी जान डाल देती है। राम कहते हैं कि केवट तुम्हारा संशय कैसे दूर हो फिर केवट द्वारा श्रीराम के पांव पखारने की बात कही गई। अगले दृश्य में दिखाया जाता है कि भरत को बार बार श्रीराम के वनवास का स्वप्न आता है।

वह शत्रुघ्न को यह बात बताते हैं। अगले दृश्य में भरत व शत्रुघ्न का अयोध्या में प्रवेश होता है।

श्रीराम, लक्ष्मण व सीता के वनवास व पिता दशरथ के मरण का समाचार पाकर भरत दुखी हो जाते हैं। गुरु वशिष्ठ से भरत कहते हैं कि मुझे राज्य नहीं चाहिए। मेरा कल्याण तो भैया राम की चाकरी में है। भरत-शत्रुघ्न श्रीराम को मनाने के लिए निकलते हैं ।अगले दृश्य में चित्रकूट का दर्शन होता है। यहां राम-सीता व लक्ष्मण के साथ विराजमान हैं। जहां भरत के सेना के साथ आने की जानकारी पर लक्ष्मण को संशय होता है, पर राम उन्हें समझाते हैं। इस बीच भरत पहुंचते हैं और भगवान श्रीराम को देखते ही उनसे लिपट जाते हैं। राम-भरत मिलाप के इस मार्मिक दृश्य को देखकर दर्शक भावुक हो गए। भरत सहित माताएं, गुरुदेव सभी राम को मनाने की कोशिश करते हैं। भरत बड़े भाई श्रीराम से कहते हैं कि आप अपनी चरण पादुका सौंप दें, जिन्हें वह राजगद्दी पर रखकर काज करेंगे। श्रीराम से चरण पादुका लेकर भरत माथे पर लगाते हैं।

कबीर सत्संग समारोह में जुटेंगे दिग्गज

अयोध्या। कबीर धर्म मंदिर जियनपुर के संस्थापक सद्गुरु रामसूरत साहेब की पुण्य स्मृति में 11 से 13 अक्टूबर तक सत्संग समारोह प्रस्तावित है। रामसूरत साहेब के उत्तराधिकारी एवं कबीर की परंपरा के प्रख्यात उपदेशक संत परीक्षा साहेब के संयोजन में होने वाले सत्संग समारोह में कबीर पंथ के दिग्गज संतों का जमावड़ा होगा। इस दौरान बड़हरा- गोंडा के निहाल साहेब, शिवपुर- वाराणसी के प्रेम साहेब, बाराबंकी के निष्ठा साहेब, कटिहार के सजीवन साहेब, इटावा के रतन साहेब, दिल्ली के टकसार साहेब, धमतरी के विचार साहेब, बड़ौदा के अचल साहेब, कोलियारी के मुक्तिशरण साहेब, मदरौद के घनश्याम साहेब, बूंदी के सत्यपाल साहेब, कोटा के रहस्य साहेब आदि प्रमुख होंगे। परीक्षा साहेब ने बताया कि सत्संग समारोह में गुरुवर कबीर के मध्यम मार्ग का विवेचन होगा।

पी.एम. गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान के इंप्लीमेंटेशन के संबंध में बैठक संपन्न

बहराइच । पी.एम. गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान के इंप्लीमेंटेशन पर विचार-विमर्श करने के उद्देश्य से उप सचिव डीपीआईआईटी नई दिल्ली रमेश कुमार वर्मा के जपनद भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में विकास, वन, स्वास्थ्य, नगर विकास, लोक निर्माण, विद्युत, सिचाई, नियोजन, परिवहन, जिला पंचायत, माध्यमिक व बेसिक शिक्षा, सूचना एवं प्रोद्योगिकी सहित अन्य विभागों के सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान उप सचिव श्री वर्मा ने बताया कि पीएम गतिशक्ति योजना के तहत प्रदेश के 30 जनपदों में से आकांक्षात्मक जनपद बहराइच का भी चयन किया गया है। पी.एम. गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान के तहत पीएमजीएसडीएमपी पोर्टल

बनाया गया है। इस पोर्टल के माध्यम से जिले में सड़क, पुल, नहरें, नादिया, स्वास्थ्य केन्द्र, स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्र, स्वच्छ पेयजल के तहत प्रदान किये गये कनेक्शन सहित लगभग 20 प्रकार की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने बताया कि भविष्य में जनपद के विकास के लिए यदि कोई कार्य योजना तैयार की जानी है तो इस पोर्टल के माध्यम से यह जानकारी प्राप्त हो सकती है कि जनपद के किस क्षेत्र में विकास की कार्ययोजना तैयार की जा सकती है। उप सचिव श्री वर्मा व उनकी टीम ने पीपीटी के माध्यम से पीएम गतिशक्ति जिला प्रबन्ध प्लान (पीएमजीएसडीएमपी) पोर्टल के सम्बंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गयी। बैठक के अन्त में जिलाधिकारी ने उप सचिव श्री वर्मा को एक जनपद, एक उत्पाद के तहत निर्मित मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम का चित्र भेंट किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, प्रभागीय वनाधिकारी अजीत प्रताप सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संजय कुमार, उपायुक्त उद्योग केशव राम वर्मा, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी योगेश यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार अहिरवार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह, अधिशाषी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड बहराइच शैलेन्द्र कुमार, नोडल सरयू नहर खण्ड दिनेश कुमार, डीएसटीओ अर्चना सिंह, ईओ बहराइच अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत डॉ वीरेन्द्र बहादुर, एआरटीओ प्रशासन राजीव कुमार, ई डिस्ट्रीक्ट मैनेजर सुमित तिवारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

ज्वैलर्स की दुकान लूटने जा रहे बदमाशों की पुलिस और एसओजी से मुठभेड़, एक को लगी गोली

जिला संवाददाता(vol)

गोसाईगंज-अयोध्या। लूट के इरादे से निकले बदमाशों की गोसाईंगंज कोतवाली इलाके में बुधवार की देर रात्रि पुलिस से मुठभेड़ हो गई। जिसमें एक बदमाश के पैर में गोली लगी है।

- घायल बदमाश का साथी भी गिरफ्तार, अंधेरे में एक भागने में रहा सफल

उसे भर्ती कराया गया है। साथी लुटेरे को पकड़कर भागने वाले बदमाश के बारे में पुलिस पूछताछ कर रही है। एसपी ग्रामीण बलवंत चैधरी ने पत्रकारों को बताया कि एक ज्वैलर्स की दुकान में लूट की वारदात को अंजाम देने जा रहे लुटेरों के गैंग की पुलिस व एसओजी टीम से मुठभेड़ हो गई।

जिसमें एक लुटेरे को गोली लगीं है और दो अन्य को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि एक लुटेरा अंधेरे का लाभ उठाते हुए फरार हो गया। गोसाईंगंज कोतवाली में प्रेस कांफ्रेंस कर रहे एसपी ग्रामीण व सीओ सदर योगेन्द्रकुमार ने बताया कि त्यौहारों को सकुशल निपटाने व अराजकतत्वों पर अंकुश लगाने के लिए पूरे जनपद में वाहनों की सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को गोसाईंगंज कोतवाली पुलिस ने भी रात में पकरेला गांव के पास स्थित निर्माणाधीन बाइपास पर चेकिंग अभियान चला रही थी । उसी समय एक बाइक पर तीन संदिग्ध लोग आते दिखे जिन्हें पुलिस ने रोका ।पुलिस को देखते ही बाइक सवार भागने लगे। पुलिस ने जब पीछा किया तो बाइक सवारों ने पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया। आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम ने भी फायरिंग शुरू दी। जिसमें एक युवक के पैर में गोली लग गयी और बाइक लेकर गिर पड़ा ।पुलिस जब तक बाइक सवारों के पास पहुंचती एक युवक फरार हो गया और घायल सहित दो युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

घायल युवक की पहचान बाबूराम चैहान निवासी गौहनिया कोतवाली गोसाईंगंज दूसरे युवक की पहचान धीरेंद्र वर्मा उर्फ गब्बर निवासी देवगिरिया पुरैनी के रूप में हुई ।कड़ी पूंछताछ के दौरान लुटेरों ने बताया कि गोसाईंगंज कस्बे के बगल समदा गांव स्थित नयन ज्वैलर्स की दुकान को लूटने जा रहे थे ।रास्ते मे पुलिस से सामना हो गया और उनका एक साथी अंकित बाइक से उतर कर फरार हो गया। एसपी ग्रामीण के मुताबिक लुटेरों ने बताया कि उनके गैंग का एक अन्य युवक आगे उनका इंतजार कर रहा है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर एक युवक को चिरिकिटँहा चैराहे से गिरफ्तार कर लिया।

जिसकी पहचान कोतवाली इलाके के विवेक वर्मा निवासी लालपुर के रूप में हुई। लुटेरों ने बताया कि वारदात को अंजाम देने के लिए बाइको को कोतवाली नगर से चुराया था। लुटेरों के पास से टीम ने 2 बाइक,1 देसी पिस्टल 32बोर,1 तमंचा 315 बोर,1 खोखा कारतूस 315 बोर,1 कारतूस 315 बोर, 2 कारतूस 32 बोर बरामद किया। टीम में एसएचओ परशुराम ओझा, एसओजी प्रभारी अमरेश त्रिपाठी, एसआई उपेंद्र प्रताप सिंह, एसआई वीरेंद्रकुमार राय, आशुतोष गुप्ता, सिपाही अनुराग कुमार व मयंक पाल के साथ एसओजी पुलिस मौजूद रही।

जनपद में धारा 163 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा लागू

बहराइच । वर्तमान समय में राज्य सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन्स का पालन कराते हुए श्री दुर्गा पूजा (नवरात्रि)ध्श्री दुर्गा प्रतिमा विसर्जनध्दशहरा, महर्षि बाल्मिकी जंयती, दीपावली, छठपूजा पर्व आदि आगामी त्यौहारों तथा विभिन्न परीक्षाओं को सकुशल एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराये जाने के मद्देनजर जनपद बहराइच के समस्त सीमा क्षेत्र में विधि व्यवस्था एवं लोक परिशान्ति सहित लोक व्यवस्था व जनसुरक्षा कायम रखने के उद्देश्य से अपर जिला मजिस्टेज्ट गौरव रंजन श्रीवास्तव द्वारा भा.ना.सु.संहिता 2023 की धारा-163 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा लागू कर दी गयी है।

अपर जिला मजिस्ट्रेट श्री रंजन द्वारा जारी आदेश के समस्त 27 प्रस्तर 12 अक्टूबर 2024 से 08 दिसम्बर 2024 तक जनपद बहराइच के सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र में निवास करने वाले तथा जनपद की सीमा में प्रवेश करने वाले समस्त व्यक्तियों पर प्रभावी रहेगा।

इन आदेशों का अथवा इनके किसी भी अंश का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के अन्तर्गत दण्डनीय होगा।

कुलपति ने दीपोत्सव की तैयारियों को लेकर संयोजकों के साथ की बैठक

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने दीपोत्सव की तैयारियों को लेकर संयोजकों, सह-संयोजकों एवं अधिकारियों के साथ बैठक की। गुरूवार को विवि के कौटिल्य प्रशासनिक सभागार में रामनगरी के दीपोत्सव को भव्य बनान के लिए समस्त से वृहद चर्चा की। बैठक में कुलपति प्रो0 गोयल ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल मार्ग-दर्शन में प्रभू श्रीराम के दीपोत्सव को एतिहासिक बनायेंगे। इस पावन धरा पर हम सभी सौभाग्यशाली हैं कि हम सभी इसके साक्षी बनते है। वहीं पूरे विश्व की निगाह अयोध्या पर रहती है। जहां लाखों दीए जलते है। कुलपति ने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा के बाद का पहला दीपोत्सव है। वहीं विश्वविद्यालय का आठवां दीपोत्सव है। विश्वविद्यालय ने इसकी शुरूआत की थी आज सातवीं बार सभी के सहयोग से विश्व रिकार्ड बनाने जा रहा है। बैठक में कुलपति प्रो0 गोयल ने कहा कि हम सभी के समक्ष लक्ष्य बड़ा है। जिला प्रशासन के समन्वय से छोटी दीपावली पर अयोध्या के 55 घाटों पर 25 लाख से अधिक दीए प्रज्वलित करके विश्व कीर्तिमान बनायेंगे। कुलपति ने बताया कि दीपोत्सव को अलौकिक बनाने के लिए 22 समितियां बना दी गई। सभी समिति एक दूसरे से सामंजस्य बनाते हुए पिछला रिकार्ड तोड़ते हुए गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में नाम दर्ज करेंगी। इसके साथ ही कुलपति ने सदस्यों से अन्य विन्दुओं पर भी चर्चा की। बैठक में विवि दीपोत्सव नोडल अधिकारी प्रो0 संत शरण मिश्र ने बताया कि 30 अक्टूबर के दीपोत्सव में राम की पैड़ी पर 25 लाख दीए जलाने के लिए 28 लाख दीए बिछाये जायेंगे। जिसके लिए विश्वविद्यालय के आवासीय परिसर, सम्बद्ध महाविद्यालयों एवं इण्टर कालेजों के प्राचार्यो से घाट समन्वयक एवं स्वयंसेवकों की सूची पंजीकरण के लिए 15 अक्टूबर तक समय निर्धारित किया गया है। घाटवार दीपो की मैपिंग का कार्य 12 अक्टूबर तक कर लिया जायेगा। 25 से घाटों पर दीए लगाने का कार्य शुरू कर दिया जायेगा। 29 अक्टूबर को घाटों पर लगे दीए की गणना होगी। 30 अक्टूबर को घाटो पर लगे दीयो में बाती, तेल डालना व प्रज्वलित किया जायेगा। कुलसचिव डॉ0 अंजनी कुमार मिश्र, परीक्षा नियंत्रक उमानाथ, यादव, इंजीनियर अंकित श्रीवास्तव, आशीष मिश्रा, निजी सचिव राजीव त्रिपाठी सहित अन्य मौजूद रहे।

संक्षेप

मां दुर्गा के पांडाल पर दुःख दुरिया आयोजित

बल्दीराय, सुलतानपुर। नवरात्रि के अवसर पर बल्दीराय कस्बा भक्तिमय हो गया है। जगह-जगह देवी जागरण हो रहा है। वृहस्पतिवार को कस्बे के नहर चौराहा स्थित श्री अष्टभुजी माता दुर्गा पूजा समिति के पांडाल पर कस्बे के युवा कार्यकर्ता चन्दन अग्रहरि के सौजन्य से सामुहिक दुख दुरिया का आयोजन किया गया, जिसमे बडी संख्या में महिलाएँ अवसान मैया की विधिवत पूजन अर्चन के पश्चात प्रसाद लिया। कार्यक्रम में महिलाओ द्वारा की गई देवी गीत की प्रस्तुती से पूरा पांडाल गुंजायमान हो गया। महिलाओ ने मा की प्रतिमा की आरती उतारी। इस मौके पर रंजना, सुमन, अर्चना, रमता, अमृता, अनीता, ऊषा, कुशुम, लाडो, शिल्पी, पूनम, प्रीती, विजय मोदनवाल, शंकर मोदनवाल, विवेक मोदनवाल, अभिषेक आदि मौजूद रहे।

वांछित आरोपी गिरफ्तार

अमेठी । जनपद में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गुरुवार को उ0नि0 सुरेश चन्द्र यादव थाना संग्रामपुर मय हमराह द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुअसं 184/24 धारा 69,79,352,351 (2) बीएनएस थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी में वांछित 1 अभियुक्त धीरज कुमार पुत्र रामसुन्दर ग्राम बढ़ईपुर मजरे मिश्रौली बडगाँव थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 27 वर्ष को अभियुक्त के घर से समय करीब 11:15 बजे दिन में गिरफ्तार किया गया । थाना संग्रामपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया गया ।

मुलायम सिंह को सपा नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

अमेठी। सामाजिक न्याय के प्रणेता नेताजी मुलायम सिंह यादव जमीन से जुड़े हुए नेता थे। नेताजी ने संघर्षों के बल पर देश के सबसे बड़े सूबे के मुख्यमंत्री व देश के रक्षामंत्री रहे। नेताजी अपने कार्यकाल बहुत से ऐसे कार्य किए जिसे लोग आज भी याद करते हैं। गुरुवार को नेता जी की पुण्यतिथि समाजवादी पार्टी कार्यालय पर नेताजी को याद करते हुए मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राम उदित यादव ने की तथा कार्यक्रम का सफल संचालन जिला महासचिव अरशद वारसी द्वारा किया गया। जिलाध्यक्ष राम उदित यादव ने बताया कि नेता जी भले ही आज हमारे बीच नहीं हैं लेकिन जो कार्य नेताजी जनहित में करके गए हैं वह केवल नेता जी ही कर सकते थे। नेताजी सामाजिक न्याय के लिए लड़ने से कभी पीछे नहीं रहे। सपा नेता चौधरी सुखराम यादव ने नेताजी को याद करते हुए बताया कि नेताजी विशाल प्रतिभा के धनी थे। हम लोग आज अगर प्रधान , बीडीसी, जिला पंचायत सदस्य हो रहे हैं तो ये नेताजी की देन है। जब नेताजी रक्षा मंत्री थे तो उस समय सबसे साहसिक निर्णय सैनिकों का शव उनके घर सम्मान भेजने का कार्य किया। ऐसे बहुत से कार्य हैं जो नेता जी ही कर सकते थे। साथ ही बताया कि नेता जी का सपना स्वास्थ्य, शिक्षा, और मुफ्त इलाज का था जिसे हम सभी को मिलकर पूरा करना है जिससे की सामाजिक न्याय व सद्भाव की भावना लोगों के बीच बन सके। इस मौके पर जिलाध्यक्ष राम उदित यादव, राजा सिंह, चौधरी सुखराम यादव, विधान सभा अध्यक्ष मनीराम वर्मा, प्रतिभा यादव, सूबेदार यादव, अरशद वारसी, अंकुश यादव ,दीपू तिवारी, मुकेश विश्वकर्मा, कमलेश यादव, आनंद वर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

गौशाला का एस्टीमेट व ड्राइंग न दिखाने पर विफरे विधायक

रुकवाया कार्य, तीन सौ पशुओं के लिए बन रहा गो संरक्षण केंद्र

जयसिंहपुर, सुलतानपुर। गुरुवार को गुरेगांव में बन रहा वृहद गौ संरक्षण केंद्र का विधायक राजप्रसाद उपाध्याय ने निरीक्षण किया निर्माण कार्य में खामी मिलने पर विधायक विफर गए और उन्होंने मौके पर मौजूद कार्य प्रभारी से एस्टीमेट और ड्राइंग मांगा तो वह नहीं दिखा सका जिससे विधायक ने कार्य को रुकवा दिया। पशुओं को चारा खाने के लिए बनाई जा रही चरही में गुणवत्तापूर्ण मैटेरियल न लगने और कुछ दीवारों में दरार आने पर उन्होंने अधिकारियों को मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को फोन कर एस्टीमेट दिखाने तक कार्य को करने से रोक दिया साथ ही गुणवत्ता में सुधार करने और निर्माण कार्य जल्द पूरा करने का भी निर्देश दिया गुरेगांव में किसानों के हित को ध्यान में रखकर करोड़ों रुपए की लागत से वृहद गो संरक्षण केंद्र बनाया जा रहा है। यहां एक साथ लगभग तीन सौ पशुओं को संरक्षित किया जा सकता है। गोवंशों के लिए चार पशु शेड, तीन हौज, आठ चरही बनाई जाएगी। सूखे चारे के लिए दो भूसा घर और एक कार्यलय भी बनाया जाएगा। अंधेरे से बचाव हेतु पैनल व पानी के लिए समरसेबल भी लगाया जाएगा। सरकार किसानों के हित को ध्यान में रखकर कार्य कर रही है। गोशाला खुलने से किसानों की फसल बर्बाद कर रहे छुट्टा गोवंशों को यहां संरक्षित कर उन्हें लाभ पहुंचाया जा सकेगा। उन्होंने निरीक्षण के दौरान पाया कि पशुओं को चारा खाने के लिए जो चरही बन रही है उसमे आरसीसी की जगह ईंट का इस्तेमाल हो रहा है और कुछ दीवारों में दरार भी आ गईं हैं जिस पर उन्होंने कार्य को रुकवा दिया। साथ ही एस्टीमेट और ड्राइंग दिखाने को कहा।

आज रहेगा अवकाश

अमेठी ।। उप्र बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रणाधीन विद्यालयों की अवकाश में संशोधन करते हुए 11अक्टूबर को अवकाश घोषित किया गया है। शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल की ओर से अवकाश की घोषणा गुरुवार को दोपहर बाद की गई। महानवमी के अवकाश की घोषणा के लिए शिक्षक संगठनों ने बेसिक शिक्षा मंत्री को पत्र लिखा था। उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ की अध्यक्ष सुलोचना मौर्य का पत्र सोशल मीडिया पर वायरल भी हुआ था। गुरुवार को शिक्षक शिक्षिकाएं अवकाश की घोषणा का इंतजार कर रहे थे।

गाय के गोबर से बने दीपक से महकेगा घर और पर्यावरण

अमेठी। राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद संस्थापक व अध्यक्ष अंकित शुक्ला ने दीपों के त्योहार दीपावली पर इस बार न केवल लोगों का घर बल्कि पर्यावरण भी महकेगा. शहर की करीब सैकड़ो महिलाओं के एक संस्था ने दीपावली पर गाय के गोबर से दीपक, धूपबत्ती, पूजा की थाली समेत पच्चीस प्रकार के सामान तैयार किए हैं. गाय के गोबर से निर्मित ये दीपक और अन्य पूजन सामग्री जहां घर को महाकाएंगी, वहीं इनमें मौजूद तुलसी, अश्वगंधा जैसे बीजों से नए पौधे भी तैयार हो सकेंगे महिलाओं ने अब तक एक लाख दीपक और अन्य पूजन सामग्री की बिक्री कर दी है. साथ ही 51 लाख दीपक बेचने का लक्ष्य रखा है. संस्था के अध्यक्ष अंकित शुक्ला ने बताया कि हम गाय के गोबर से करीब सौ से अधिक प्रोडक्ट तैयार करवाते हैं. इसके लिए महिलाओं को प्रशिक्षित करते हैं गाय के गोबर से दीपक, पूजा की थाली, स्वास्तिक, ओम, धूपबत्ती जैसे पच्चीस प्रोडक्ट तैयार करने का प्रशिक्षण दिया गया है. अब ये महिलाएं अलग-अलग ग्रुप में घर पर ही गाय के गोबर से दीपक और अन्य पूजन सामग्री तैयार कर बिक्री कर रही हैं

अब तक सवा लाख दीपक बिके अंकित ने बताया कि इस बार दीपावली पर 51 लाख दीपकों के बिक्री का लक्ष्य है. अब तक महिलाओं की ओर से निर्मित सवा लाख दीपक की बिक्री हो चुकी है. शहर के काशीराम निवासी महिला गुड्डी ने बताया कि करीब 8 महिलाएं घर पर ही गाय के गोबर से दीपक व अन्य सामान तैयार करती हैं. इसके लिए आस-पड़ोस की पालतू गाय और सड़कों पर घूमने वाली गायों का गोबर इकट्ठा कर लेती हैं. आरती ने बताया कि अब तक 25 हजार दीपक और अन्य सामान तैयार किए हैं, जिसमें से 20 हजार दीपक बिक चुके हैं. इसी तरह अन्य ग्रुप की महिलाएं भी घरों पर ही दीपक तैयार कर वहीं पर बिक्री कर रही हैं हर आकार के दीपक कि महिलाओं ने 8 प्रकार के अलग अलग आकार और डिजाइन के दीपक तैयार किए हैं. ये 1 रुपए से 10 रुपए तक कीमत के हैं. इसके अलावा 10-10 रुपए कीमत के स्वास्तिक, ॐ, श्री, पूजन थाली, 50 रुपए से 150 रुपए तक के लक्ष्मी- गणेश जी, 15 रुपए की धूप बत्ती आदि तैयार की है गाय के गोबर से बने सामान शुद्धः अंकित शुक्ला ने बताया कि गाय के गोबर से निर्मित सभी सामान शुद्ध और पवित्र माने जाते हैं. इसलिए दीपावली पर लक्ष्मी पूजन में इनके उपयोग का विशेष महत्व है. माना जाता है कि गाय के गोबर से निर्मित धूप बत्ती और दीपक जलाने से घर की नकारात्मक ऊर्जा दूर हो जाती है ।

गमला सज्जा प्रतियोगिता में सृष्टि प्रथम खुशी द्वितीय व श्री कंठ को तृतीय स्थान

बाराबंकी। शारदीय नवरात्रि पर शहर के प्राचीन श्री बड़ी देवी जी मंदिर प्रांगण मे गमला सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ संचार मंत्री एड़वोकेट रवि शुक्ला ने माता रानी की पूजा-अर्चना कर किया। तथा बहार सुगम संगीत प्रभाग के प्रबन्धक प्रभात नारायण दीक्षित के नेतृत्व मे भजन संध्या का आयोजन सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता मे निर्णायक मंडल में मुस्कान सिंह, शुभा जैन, ऋचा अग्निहोत्री ने प्रथम सृष्टि तिवारी, द्वितीय खुशी, श्री कंठ को तृतीय घोषित करते हुये पुरस्कार व प्रमाण पत्र एंव रिया सिंह राजपूत, आर्या तिवारी, अनन्या सोनी को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर इंदु प्रकाश निगम, हरजीत गाबा, अमरेश सोनी, प्रशांत निगम, पंकज पोद्दार, निशांत शर्मा, सर्वेश निगम, अंकिता निगम, निशा शुक्ला, पूजा निगम, शशि बाजपेई, स्नेह लता, नैना गुप्ता, सुनैना गुप्ता, नित्या सिंह राठौड़, कुशाग्रि निगम, आन्या शुक्ला मौजूद रही।

19 वाहनों के विरुद्ध चालान कर जुर्माना वसूला

बाराबंकी। सड़क सुरक्षा पखवाड़ा अन्तर्गत परिवहन विभाग द्वारा आज राष्ट्रीय राजमार्गो समेत विभिन्न मार्गो पर काली फिल्म, प्रेशर हार्न समेत प्रदूषण फैलाने वाले वाहनो के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 19 वाहनो के विरुद्ध चालान करते हुये जुमार्ना वसूला गया। इस सम्बन्ध मे सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अंकिता शुक्ला ने बताया कि आज लखनऊ-बाराबंकी-अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर नियमो का उल्लंघन करने वाले 19 वाहनो के चालान किये गये। तथा कुछ वाहनो को सीज किया गया। साथ ही उपस्थित वाहन चालको को सड़क सुरक्षा नियमो के पालन करने जागरुक किया गया।

6 वर्षीय मासूम के साथ युवक ने की हैवानियत

रामसनेहीघाट, बाराबंकी। दरियाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम दरौली मे युवक ने 6 वर्षीय मासूम के साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म किया। घटना की जानकारी होने पर गांव मे खलबली मच गई। इस सम्बन्ध मे दरियाबाद पुलिस ने बताया कि पीडित के परिजनों की तहरीर के आधार पर गम्भीर धाराओं मे मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी युवक को जेल भेज दिया गया।

एलपीएस में मना मॉडल यूनाइटेड नेशंस कार्यक्रम

बाराबंकी। लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एंड कॉलेजेज मे मॉडल यूनाइटेड नेशंस (एमयूएन) कार्यक्रम अन्तर्गत अंतरराष्ट्रीय मुद्दों के विस्तार से बहस और नवाचारी समाधान विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला मे लखनऊ, सीतापुर, हरदोई, लखीमपुर खीरी, दिल्ली के स्कूलों के छात्र-छात्राओ ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि अपर जिला जज/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्रीकृष्ण चंद्र सिंह का एलपीएस प्रधानाचार्य डा0 ऋतु सिंह ने बूके देकर स्वागत किया। कार्यक्रम मे युवाओं द्वारा प्रदर्शित ज्ञान, वक्तृत्व और सहयोग का जीवंत प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम मे एलपीएस की प्रशासनिक प्रमुख कांति सिंह, निदेशक नेहा सिंह, उप निदेशक मीना तांगड़ी, महाप्रबंधक हर्षित सिंह, डॉ. लक्ष्मी शंकर अवस्थी, अनीता सिंह मौजूद रहे।

मां के जयकारे से शुरू हुआ भंडारा भक्तों ने प्रसाद किया ग्रहण

जैदपुर, बाराबंकी। शारदीय नवरात्र पर ग्राम बीबीपुर स्थित मंदिर मे मां भगवती का विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मंदिर मे कपिल वर्मा, अनिकेत कुमार वर्मा, आशीष वर्मा, अभिषेक गौतम, रजनीश वर्मा, विकास मिश्रा, रवि वर्मा, हिमांशु मोहन, अर्पित वर्मा, दीपक शर्मा ने मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर जयकारे लगाए। इस दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया था। पूजा-अर्चना के उपरान्त पूड़ी-सब्जी व बूंदी का प्रसाद ग्रहण करने हेतु भक्तो की भीड़ जुटी रही।

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर हुई संगोष्ठी

सुल्तानपुर। स्वशसाशी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एव चिकित्सालय जागरूकता संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर ओपी चौधरी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर एस के गोयल ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि जो व्यक्ति अपने दिनचर्या का कार्य एवम अपने कार्यस्थल या स्कूल संस्था के कार्य का निर्वाहन सही ढंग से कर पा रहा है वह व्यक्ति मानसिक रूप से स्वस्थ होता है। अगर इससे हटकर व्यक्ति में कोई लक्षण पाये जाते हैं तो फिर ऐसे व्यक्ति मानसिक रुप से ग्रसित हो सकते हैं। ऐसे व्यक्तियों को मानसिक विशेषज्ञ से सलाह लेने की आवश्यकता है ।मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर एस के गोयल ने भारत सरकार द्वार चलाये जा रहे टेलीमानंस काउंसलिंग की व्यवस्था के बारे में बताया कि टोल फ्री नंबर 14416 पर कॉल करके मानसिक समस्याओं के बारे में समाधान प्राप्त कर सकते हैं। डॉक्टर एस अम्मार ने मासिक रोग के लक्षण तथा उनके इलाज के बारे में बताया ।लैब टेक्नीशियन बिकास पाण्डे ने बताया की इस वर्ष मानसिक विभाग में कुल 11274 मरीजों का इलाज किया गया है। काउंसलर मीनू कुमारी ने कार्यक्रम का संचालन किया गया इस मौके पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक संतोष यादव, लैब टेक्नीशियनविवेक यादव, अर्पित पटेल ,प्रदीप गुप्ता ,प्रेम मिश्रा ,सुमन मिश्रा,बिक्रम सिंह,बिकास पाण्डेय,पूजा श्रीवास्त आदि उपस्थित रहे।

नौनिहालों को बुनियादी भाषा और गणित में निपुण बनाने के लिए शिक्षकों को किया गया प्रशिक्षित

जयसिंहपुर, सुल्तानपुर। गुरुवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र जयसिंहपुर सभागार में बुनियादी भाषा, गणित पर आधारित प्रशिक्षण का समापन हुआ। 44 दिन में जयसिंहपुर शिक्षा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत समस्त शिक्षक और शिक्षा मित्रों को 11 बैच में प्रशिक्षित किया गया। जयसिंहपुर शिक्षा क्षेत्र में प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत अध्यापक और शिक्षा मित्रों को 44 दिन 11 बैच में आधार भूत भाषा और गणित को पढ़ाने के लिए प्रशिक्षित किया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी शिव शंकर मिश्रा ने प्रशिक्षण के समापन में प्रशिक्षुओं से कहा कि इस प्रशिक्षण का क्रियान्वयन विद्यालय स्तर पर होने से बच्चों को लाभ मिलेगा, बच्चे भाषा, गणित, अंग्रेजी में दक्ष होंगे और बुनियादी दक्षता की प्राप्ति से विद्यालयों में बेहतर शिक्षण स्तर बनेगा। प्रशिक्षण में प्रशिक्षक के रूप में ए आर पी अशोक सिंह, अजित सिंह यादव, अमित दीक्षित, सुनील तिवारी, राजेंद्र कुमार,संकुल प्रभारी संजीव द्विवेदी ने बेहतर प्रशिक्षण से अध्यापकों का ज्ञान वर्धन किया।

राम पथ गमन मार्ग पर टूटा झूलता पेड़ बन सकता हैं दुर्घटना का सबब

कूरेभार, सुलतानपुर। अयोध्या -प्रयागराज राम पथ गमन मार्ग पर सूखे व टूटे पेड़ कभी भी हादसे का सबब बन सकते हैं। इनकी ओर न तो प्रशासन और न ही एनएच महकमा कोई ध्यान दे रहा है ।बीते माह भीषण बारिश के दौरान हाइवे पर कूरेभार थाना क्षेत्र अंतर्गत सिद्दीगनेशपुर के पास एक विशालकाय पेड़ टूट कर गिर गया,ग्रामीणों की मदद से आधा हिस्सा हाइवे से हटा कर सड़क को आवाजाही योग्य बना दिया गया, लेकिन पेड़ का टूटा आधा हिस्सा सड़क तक पहुँचा हुआ है। जिससे कभी भी दुर्घटना घट सकती है। जिसको लेकर क्षेत्रवासी भैया राम यादव, अखिलेश सिंह, श्याम बहादुर वर्मा, अमित कुमार, ललित यादव, मो. जैद आदि का कहना है कि हाइवे पर लटकते इस पेड़ की ओर न तो वन विभाग ध्यान दे रहा है और न ही एनएच के अधिकारी। जिससे ये पेड़ राहगीरों, वाहन चालकों के लिए भी हादसों का सबब बने हुए हैं।

गनपत सहाय पीजी कॉलेज में आयोजित हुए विविध कार्यक्रम

- पूर्वांचल में शिक्षा की अलख जगाने में गनपत सहाय की अहम भूमिका

सुल्तानपुर । गनपत सहाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सुलतानपुर में बड़ी धूमधाम से महाविद्यालय के संस्थापक युगपुरुष बाबू गनपत सहाय की जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ ओम प्रकाश पाण्डेय बजरंगी द्वारा बाबू गनपत सहाय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया और बाबू जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए डॉ बजरंगी द्वारा बाबू जी के संघर्षों भरे दिन से लेकर महाविद्यालय की स्थापना तक के सफर पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि गनपत सहाय राजनीति में भी काफी सक्रिय रहे और शहर के प्रतिष्ठित अधिवक्ताओं में इनकी गिनती होती थी। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के यशश्वी प्राचार्य प्रो. अंग्रेज सिंह 'राणा' ने कहा कि पूर्वांचल में शिक्षा की अलख जगाने वाले बाबू गनपत सहाय का नाम सदैव बड़े ही आदर एवं सम्मान से लिया जाता है और पूरे क्षेत्र में लोगों को शिक्षित करने का जो बीड़ा उठाया है उसका प्रबंधक और प्रबंध समिति के सदस्य आशीष पाण्डेय 'सनी' द्वारा आज भी अनवरत पालन किया जा रहा है। बाबू जी की जयंती के अवसर पर महाविद्यालय परिसर में वृहद स्तर पर स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया। शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं जैसे- हॉकी, क्रिकेट, कबड्डी, खो -खो आदि का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रभारी प्रो. शाहिद, प्रो. शक्ति सिंह, डॉ. संध्या श्रीवास्तव, डॉ. रविंद्र शुक्ला, डॉ. विक्रमादित्य, डॉ. अरविंद कुमार तिवारी, डॉ. अजय कुमार मिश्र, दिनेश दूबे आदि कर्मचारीगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

सभ्यजनों से बैर नहीं, शराबियों और अराजकतत्वों की खैर नहीं : शारदेंदु दूबे

- सड़क को बार बनाने वालों पर टूट रहा है पुलिस का कहर

कूरेभार, सुलतानपुर। नवागत थानाध्यक्ष शारदेंदु दूबे ने कूरेभार थाने का चार्ज लेते ही क्षेत्र में शराबियों व अराजकतत्वों पर नकेल कसनी शुरू कर दी है। जिससे शराबियों की शामत आ गई है। शाम ढलते ही एसएचओ की टीम कस्बा कूरेभार, गुप्तारगंज, फुलौना, इरुल समेत अन्य जगहों पर सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों से सख्ती से पेश आ रही ही। जिसके चलते पुलिस को देखते ही शराबियों में भगदड़ भी मच जा रही है। इस दौरान कई लोगों को पकड़कर थाने लाया जा रहा है। कार्यवाई भी की जा रही है ।जिसकी बानगी बीते एक सप्ताह से क्षेत्र में देखने को मिल रही है। जहां शराबियों पर पुलिस ने कहर बरपाया है। कुछ लोग वाहनों में शराब पीते मिले जिस पर उनके खिलाफ कार्यवाई की गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि थाने का चार्ज लेने पर जानकारी मिली कि कस्बे सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर रोजाना शाम से शराबियों का जमावड़ा होने लगता है। रोक के बावजूद दुकानों के बाहर, गाड़ियों में व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर बैठकर अराजकतत्व शराब पीते हैं। रास्ता अवरुद्ध करते हैं और नशे में धुत होकर राहगीरों से अभद्रता करते हैं। इसी के मद्देनजर शराबियों व अराजकतत्वों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। आगामी दुगार्पूजा महोत्सव के दौरान यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। सड़क पर शराब पीने वालों व क्षेत्र में अराजकता फैलाने वालों से से सख्ती से निपटा जाएगा।

शिक्षक हत्याकांडः दहशरे के पहले परिवार से मिलने आ सकते हैं राहुल गांधी

जिला संवाददाता (vol)

अमेठी । जनपद के शिवरतनगंज में रायबरेली के सुदामापुर निवासी शिक्षक सुनील, पत्नी पूनम व दो बेटियों की हत्या का मामला सियासी गलियारों में तेजी से गूंज रहा है। प्रदेश में उप चुनाव होने जा रहे हैं, इसे देखते हुए प्रमुख विपक्षी दल इस घटना के सहारे सरकार को कानून व्यवस्था और दलितों पर अत्याचार के मुद्दे पर घेरने में लगे हैं। रायबरेली से सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जल्द ही इस परिवार से मिलने के लिए आ सकते हैं। हत्याकांड के बाद सांसद राहुल गांधी और सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर सरकार को घेरा था। वहीं, बीते शुक्रवार को जब चारों शव गांव आए थे तो प्रदेश की कानून व्यवस्था के साथ पुलिस की भूमिका पर सवाल खड़े किए गए थे। राहुल गांधी ने घटना के संबंध में अमेठी के सांसद केएल शर्मा से बात कर जानकारी जुटाई थी। यही नहीं, चार अक्तूबर को शिक्षक के पिता राम गोपाल से मोबाइल पर बात की और हर संभव मदद का आश्वासन देने के साथ गांव आने की बात भी कही थी। राहुल के नजदीकी दशहरे के पहले उनके सुदामापुर गांव आने की संभावना जता रहे हैं।

हत्याकांड पर नगीना के सांसद चंद्रशेखर आजाद ने भी रोष व्यक्त किया था और सोशल मीडिया पोस्ट शेयर कर दलितों पर अत्याचार की बात कह सरकार को घेरा था। भीम आर्मी अमेठी के जिलाध्यक्ष देवेंद्र भीमराज ने भी चार अक्तूबर को गांव पहुंचकर पीड़ित परिवार से जानकारी ली थी और इसकी रिपोर्ट सांसद को दी थी। ऐसे में चंद्रशेखर आजाद के भी गांव पहुंचने की संभावना है ।

मालवाहक वाहनो के खिलाफ आबकारी विभाग का चेकिंग अभियान जारी

बाराबंकी। त्योहारो के मद्देनजर सक्रिय शराब तस्करों के खिलाफ आबकारी विभाग का छापेमारी अभियान जारी है। हाइवे से गुजरने वाले मालवाहक वाहनो व जनपद की सीमा से होकर गैर जनपद जाने वाले वाहनो के खिलाफ भी आबकारी विभाग ने अभियान की मुहिम को तेज किया है। तेज तर्रार जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर के नेतृत्व में आबकारी निरीक्षको का दल-बल अपने-अपने सर्किलो मे मुस्तैदी से अभियान चलाते हुये देखे जा रहे है। आज आबकारी निरीक्षक सर्किल फतेहपुर गजेन्द्र कुमार की टीम ने थाना कुर्सी क्षेत्रान्तर्गत चर्चित ग्राम बेहड़पुरवा समेत 11 संदिग्ध ठिकानो में दबिश देकर 32 लीटर कच्ची शराब को बरामद किया। 2 अभियोग पंजीकृत किये गये। इसके साथ ही टीम ने लखनऊ महमूदाबाद मार्ग पर चेकिंग अभियान लगाकर मालवाहक वाहनो की सघन चेकिंग भी की।

नेता जी ने जात, धर्म के नाम पर कभी भेदभाव नहीं किया

बाराबंकी। नेताजीसंघर्षशील स्वभाव के थे। जब जब भी उन्होंने किसी कार्य को करने का निर्णय ले लिया तो उसको पूरा किए बगैर वह शांत नहीं बैठते थे। नेताजी कार्यकर्ता को सदा अपने बराबर बैठाते थे। उन्होंने जात धर्म संप्रदाय के नाम पर कभी किसी से भेदभाव नहीं किया। उक्त विचार बड़ेल नहर स्थित सपा के नवनिर्मित कार्यालय में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में स्वः मुलायम सिंह यादव के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुये पूर्व कारागार मंत्री राकेश वर्मा ने व्यक्त किये। श्रद्धांजलि सभा में जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने कहा नेता जी ने गरीब मजलूमों की सहायता के लिए तमाम योजना चलाई थी। नेताजी का नारा था रोटी, कपड़ा, सस्ती हो दवा, पढ़ाई मुफ्त हो। नेताजी ने इस नारे को साकार करने के लिए अस्पतालों मे पर्चा एक रुपए, छात्र-छात्राओं की फीस माफ, किसानों के लिए नहरो का पानी और बिजली माफ कर दी थी। सभा को पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द सिंह गोप, पूर्व सांसद रामसागर रावत, रामनगर विधायक हाजी फरीद महफूज किदवई, सदर विधायक धर्मराज सिंह ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर पूर्व एमएलसी अरविंद यादव, पूर्व विधायक राममगन रावत, पूर्व प्रमुख सुरेंद्र सिंह वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ0 कुलदीप सिंह, जिला महामंत्री हिमांशु यादव, वीरेंद्र प्रधान, प्रीतम सिंह वर्मा आदि ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

नेता जी ने वंचितों को अधिकार दिलाने के लिए अंततक लड़ाई जारी रखी

देवा, बाराबंकी। ग्रामसभा मितई स्थित बाबा कुटी आश्रम पर सपा के संस्थापक स्व मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा मे समाजवादी पार्टी नेता ज्ञान सिंह यादव ने नेता जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुये कहा कि नेताजी अपने मददगारों को कभी नहीं भूलते थे। वह हमेशा कहते थे जिन लोगों ने आपकी मदद की है। उनको कभी मत भूलना। इन्होंने ही आपको विधायक मंत्री बनाने के लिए खून पसीना बहाया। इनका जितना भी सम्मान करोगे उतनी तरक्की करोगे। सपा नेता श्री यादव ने आगे कहा कि नेता जी ने अपना जीवन प्रदेश और देश की सेवा में अर्पित कर दिया। उन्होंने हर वर्ग के लिए संघर्ष किया। तथा वंचितों को अधिकार दिलाने के लिए अंतिम समय तक अपनी लड़ाई जारी रखी। कार्यक्रम मे कैलाश यादव, राम प्रताप, अभय राज, रामसनेही, सुनील यादव, अयोध्या प्रसाद, रामानुज यादव, प्रदीप वर्मा, गोलू यादव, प्रवीण कुमार, रवि कुमार यादव, रामदास महाराज, राकेश मौर्य, इंद्रेश कुमार, दिलीप मिश्रा मौजूद रहे।

संतराम अग्रहरि मर्डर केस : परिवार की मांग गैंगस्टर- एनकाउंटर, संपत्ति पर चले बुलडोजर

सुल्तानपुर। गोसैसिंहपुर संतराम अग्रहरि मर्डर केस में भाजपा नेता अर्जुन पटेल का नाम उछलकर प्रकाश में आया है। अर्जुन किसान मोर्चा काशी क्षेत्र का उपाध्यक्ष है। मृतक के बेटे द्वारा दर्ज कराई गई हत्या की रिपोर्ट में उसका भी नाम है। वही पूर्व में मृतक के पुत्रों पर दर्ज हुई एफआईआर में स्थानीय पुलिस पर उसी का दबाव था ऐसा मृतक के परिजनों का आरोप है। अब वो हत्याकांड में मुल्जिम बनाया गया तो उसकी सम्पत्ति पर बुलडोजर चलाने और एनकाउंटर व गैंगेस्टर की कार्रवाई की मांग उठी है। बुधवार रात लखनऊ से व्यापारी संतराम का शव पैतृक गांव दोस्तपुर के गोसैसिंहपुर बाजार पहुंचा तो कोहराम मच गया। अखिल भारतीय हमारा समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र राजेश गुप्ता डेड बॉडी के साथ ही यहां पहुंचे थे। हालांकि जिले के व्यापारी नेताओं ने यहां पहुंचना मुनासिब नहीं समझा। बड़ी संख्या में क्षेत्रीय व्यापारी और गांव के लोग मृतक के घर जमा थे। इसी बीच सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय यहां पहुंचे, और परिवार से मिलकर उन्हें शोक संवेदना प्रकट किया। परिवार ने विधायक को मांग पत्र सौंपा। जिसके बाद विधायक ने डीएम कृतिका ज्योत्सना को फोन पर मांग पत्र से जुडी जानकारी दी। इसके बाद एक एक कर परिवार की मांग से उन्होंने डीएम को अवगत कराया। पहली मांग है कि एक करोड़ का आर्थिक सहयोग इन्हें दिया जाए। दूसरी मांग है परिवार में एक लोगों को सरकारी नौकरी दी जाए। तीसरी मांग है परिवार भूमिहीन है उसे आवासीय पट्टा दिया जाए। वही विधायक ने बताया कि चौथी मांग है अपराधियों पर गैंगेस्टर की कार्रवाई की जाए।

संक्षेप

शातिर चोर गिरफ्तार

फिरोजाबाद। थाना खैरगढ़ पुलिस टीम द्वारा एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया गया।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में थाना खैरगढ़ पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में समरसेबिल व केबिल चोरी करने वाले 01 अभियुक्त बिहारी खां उर्फ सलीम खा उर्फ बंगाली पुत्र रहीम खां निवासी जरौली थाना खैरगढ जिला फिरोजाबाद को मय चोरी के माल चोरी की केबिल तथा चोरी के घटना में प्रयुक्त प्लास पत्ता ब्लेड तथा चाकू सहित गिरफ्तार किया गया। थाना पुलिस ने अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

रक्तदान कर नेताजी को किया नमन

मथुरा। नेताजी की पुण्यतिथि पर आज मथुरा में मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष राघवेंद्र ठाकुर एवं पूर्व राष्ट्रीय सचिव राजेंद्र फेरारी एडवोकेट के साथ-2 सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने रक्तदान करके नेता जी को नमन किया। इस अवसर पर महानगर यूथ अध्यक्ष इमरान, राज पांडेय, आदि लोगों ने भी रक्तदान करके नेता जी मुलायम सिंह यादव जी को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

खाद्य सुरक्षा व औषधि प्रशासन ने खाद्य पदार्थों के लिए नमूने

मथुरा। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ एवं जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में नवरात्र एवं अन्य पर्वों के अवसर पर मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम हेतु विशेषकर कुट्टू का आटा, सिंघाडे.का आटा, सूखे मेवे, मूंगफली, साबूदाना, रामदाना व अन्य फलाहार आदि की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु धीरेंद्र प्रताप सिंह, सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय के निर्देशन में खाद्य सचल दल द्वारा विभिन्न प्रतिष्ठानों-स्थलों का निरीक्षण करते हुए नमूने संग्रहित किये गये। जनपद के सदर बाजार से फरियाली आटा, किशमिश और लिटिल मिलेट के एक-एक नमूनें तथा लक्ष्मीनगर से काजू और मूंगफली दाना का एक एक नमूना तथा मांट और बाजना से समां के चावल के दो नमूने नियमानुसार संग्रहित किया। इस प्रकार कुल 07 नमूनें संग्रहित कर विश्लेषण हेतु प्रयोगशाला प्रेषित किए जा रहे है, रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी।

संस्कृति विवि में रतन टाटा के निधन पर शोक, दी श्रद्धांजलि

जिला संवाददाता (vol)

मथुरा। संस्कृति विवि के सभागार में देश प्रतिष्ठित उद्योगपति रतन टाटा के निधन पर शोकसभा का आयोजन किया गया।इस मौके पर विवि के छात्रों व अधिकारियों ने विश्वविख्यात उद्योगपति रतन टाटा को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। शोकसभा को संबोधित करते हुए विविकी सीईओ डा. मीनाक्षी शर्मा ने कहा कि पद्मविभूषण रतन टाटा एक ऐसी शख्सियत थे जिन्होंने देश के विकास में हमेशा आगे बढ़कर काम किया। आधुनिक भारत के निर्माण में उनके योगदान को कभी भूला नहीं जाएगा। उन्होंने सिर्फ टाटा समूह को ही नहीं बल्कि देश के विकास की नींव रखने का काम किया। ऐसी शख्सियत का जाना हमारे देश के लिए अपूर्णीय क्षति है। आज सारा देश उनके निधन पर शोक मना रहा है। उनकी सरलता, सादगी लोगों के दिल में हमेशा बसी रहेगी।

संस्कृति स्टूडेंट वेलफेयर के डीन ने कहा कि शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य सेवा तक, हर क्षेत्र में उनकी पहल ने एक गहरी छाप छोड़ी है। उन्होंने बताया कि 8 दिसम्बर 1937 को बम्बई, ब्रिटिश भारत (वर्तमान मुंबई) में जन्मे रतन टाटा, नवल टाटा और सूनी कमिसारिएट के पुत्र थे। जब रतन टाटा 10 वर्ष के थे, तब वे अलग हो गये। इसके बाद उन्हें उनकी दादी नवाजबाई टाटा ने जे. एन. पेटिट पारसी अनाथालय से उन्हें गोद लिया। टाटा का पालन-पोषण उनके सौतेले भाई नोएल टाटा ने किया। रतन टाटा ने कैंपियन स्कूल, मुंबई, कैथेड्रल और जॉन कॉनन स्कूल, मुंबई, बिशप कॉटन स्कूल, शिमला और रिवरडेल कंट्री स्कूल, न्यूयॉर्क शहर में शिक्षा प्राप्त की। वह कॉर्नेल विश्वविद्यालय और हार्वर्ड बिजनेस स्कूल के पूर्व छात्र हैं।

छात्र यश ने रतन टाटा के बताया कि जब जेआरडी टाटा ने 1991 में टाटा संस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया, तो उन्होंने रतन टाटा को अपना उत्तराधिकारी नियुक्त किया। उनके नेतृत्व में टाटा संस की अतिव्यापी कंपनियों को एक समन्वित इकाई के रूप में सुव्यवस्थित किया गया। उनके 21 वर्षों के कार्यकाल के दौरान राजस्व 40 गुना से अधिक तथा लाभ 50 गुना से अधिक बढ़ा। उन्होंने टाटा टी को टेटली, टाटा मोटर्स को जगुआर लैंड रोवर तथा टाटा स्टील को कोरस का अधिग्रहण करने में मदद की, जिससे यह संगठन मुख्यतः भारत-केंद्रित समूह से वैश्विक व्यवसाय में परिवर्तित हो गया। अंत में उपस्थित सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों ने रतन टाटा के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित कीं।

फसल अवशेष का सदुपयोग करें खेतों में जलायें नहीं

मथुरा। जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में फसल अवशेष प्रबंधन की समीक्षा बैठक ली। जिलाधिकारी ने कहा कि पराली वेस्ट नहीं वेल्थ है। पराली का समुचित प्रबंधन की जाए। कृषकों को जागरूक एवं प्रेरित किया जाए। उन्हें बताएं कि फसल अवशेष खेतों में जलाने से नुकसान है। कृषक फसल अवशेष का सदुपयोग करें खेतों में नहीं जलाएं।

किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन से संबंधित यंत्रों यथा-कम्बाईन हार्वेस्टर, एसएमएस, स्टॉबेलर आदि के बारे में जानकारी दें। उन्होंने कहा कि किसान फसलों के अवशेष (खूंटी, पुआल, भूसा आदि) को खेतों में नहीं जलाए इसके लिए जिलास्तर पर विभिन्न विभागों यथा-कृषि विभाग, वन एवं पर्यावरण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, सहकारिता विभाग, पंचायती राज विभाग आदि को समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्रवाई करना है। किसानों द्वारा खेतों में फसल अवशेष को जलाने से मिट्टी, स्वास्थ्य तथा पर्यावरण पर पड़ने वाले बुरे प्रभाव के बारे में उन्हें जागरूक करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन प्रशिक्षण दिया जाय। आत्मा एवं कृषि विज्ञान केन्द्रों के माध्यम से किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन प्रशिक्षण दिलाना सुनिश्चित करेंगे। खेतों में फसल अवशेष को जलाने के बदले खेत की सफाई के लिए बेलर मशीन का प्रयोग, फसल के अवशेष को खेतों में जलाने के बदले वर्मी कंपोस्ट बनाने, मिट्टी में मिलाने, पलवार (मल्चिग) विधि से खेती आदि में व्यवहार कर मिट्टी को बचाना आदि, हैप्पी सीडर से गेहूं की बोआई का प्रत्यक्षण को प्रोत्साहित करें। पंचायत स्तर पर आयोजित किसान चौपाल तथा कृषि विभाग के अन्य कार्यक्रमों में फसल अवशेष न जलाने के संबंध में किसानों को जागरूक करें। सभी कृषि सचिव तथा लेखपाल अपने अपने क्षेत्रों में पराली को गौशालाओं तक पहुंचाने का उप जिलाधिकारी, डीपीआरओ तथा बीडीओ के निर्देशन में कार्य करेंगे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व योगानंद पांडेय, अपर जिलाधिकारी प्रशासन विजय शंकर दुबे, उप कृषि निदेशक राजीव कुमार, डीसी मनरेगा विजय पांडेय, डीडीओ गरिमा खरे, डीपीआरओ किरन चौधरी, सभी उप जिलाधिकारी, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

नशा मुक्ति का अभियान बने जन-जन की पहचान

टूंडला। कृषक इंटर कॉलेज पचोखरा फिरोजाबाद के छात्र-छात्राओं द्वारा नशा मुक्ति अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गयाे छात्र एवं छात्राओं ने पचोखरा मे रैली के माध्यम से घर-घर जाकर लोगों को नशा न करने के लिए प्रेरित किया।प्रधानाचार्य रगेश उपाध्याय ने तंबाकू एवं नशीले पदार्थों से मुक्ति पाने के लिए जिला अस्पताल में निशुल्क मिलने वाले निकोटेक्स के बारे में जानकारी दी और इस तरह की सामाजिक बुराइयों से अपने परिवार के लोगों को दूर रखने के लिए जागरूक करने का कार्य कियो शिक्षक प्रदीप कौशिक ने कहा कि नशा हमारे जीवन पर दुष्प्रभाव डालता है। इससे तमाम परिवार नष्ट हो जाते हैं ।नशा हमारे समाज का एक अभिशाप है। हमें इससे दूर रहना है। शिक्षक सुरेश पचौरी ने विद्यार्थियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई एवं नशीली दवाओं एवं पदार्थों से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे मे विस्तार से बताया इस अवसर पर नशा से होने वाले दुष्प्रभाव शीर्षक पर एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें हरिओम प्रथम एवं समीक्षा पालीवाल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य रगेश कुमार उपाध्याय ने दोनों छात्रों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी सुनील कुमार जैन, अमित उपाध्याय शीरध्वज शर्मा राजवीर सिंह, हेमलता पाल अजय कुमार जितेंद्र शर्मा ऋषि शर्मा पंकज शर्मा ,नरेंद्र सिंह,कौशल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

घुमंतू पाठशाला के तत्वधान में मां दुर्गा के 9 स्वरूपों की पूजा-अर्चना

आगरा। सिकंदरा स्थित घुमंतू पाठशाला के तत्वाधान में मां दुर्गा के नो स्वरुपों की पूजा अर्चना की गई। यह कार्यक्रम सुलभ पुरम स्थित हुआ और इस कार्यक्रम में नव दुर्गा के स्वरूप की एवं कन्याओं को दक्षिणा आदि अर्पण कर सभी ने आशीर्वाद लिया और भजन कीर्तन में सभी लोग मगन रहे यह दृश्य बड़ा ही अति सुंदर दिखाइ दे रहा नौ कन्याओं के स्वरूप कुछ इस प्रकार दिखाई दे रहे जैसे मानव स्वयं श्री माता रानी प्रकट हुई हो और सभी को खुश होकर आशीर्वाद दे रही हैं कार्यक्रम के दौरान ममता चौधरी जिला कोषाध्यक्ष, रश्मि गुप्ता, अमोल शर्मा एवं अवधेश उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

विजेताओं को हुआ पुरस्कार वितरण, खिले चेहरे

आगरा। शारदीय नवरात्रे प्रारम्भ होते ही भक्ति अनुष्ठानों के आयोजन शुरू हो जाते हैं। इसी प्रकार विगत दिनों से कमला नगर स्थित प्राचीन टीले वाले मन्दिर में माता के समक्ष दीप प्रज्वलित कर नृत्य, डांडिया, फैंसी ड्रेस, मेहंदी जैसी कई प्रतियोगिता का आयोजन चल रहा था, आज रात्रि को प्रतिभागियों के बीच फाइनल मुकाबला हुआ, जिसमें निर्याणको की भूमिका में पूनम शर्मा, मयार्दा शर्मा, ओमवीर सिंह रहे। प्रतिभागियों द्वारा नृत्य में दी गई हैरतंगेज प्रस्तुति देख निर्णायक मंडल असमंजस में पड़ गया कि आखिर इनमें से किसे प्रथम, द्वितीय अथवा तृतीय स्थान दिया जाए, लेकिन काफी मशक्कत के बाद निर्णय मंडल ने नृत्य और डांडिया में प्रथम स्थान पर अंशुल सूर्यवंशी और खुशी सूर्यवंशी, द्वितीय स्थान पर वंशिका और गुनगुन तो वहीं तृतीय स्थान पर क्रमश वंशिका और वैष्णवी रही। मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर क्रमश : सौम्या, राशि गुप्ता और सिमरन वर्मा रही। कार्यक्रम आयोजक टीले वाले मन्दिर समिति के अध्यक्ष अमित गुप्ता, सदस्य सुमित गुप्ता, शालिनी गुप्ता आदि ने विजेताओं को ट्राफी, मैडल और सांची स्टेशनरी द्वारा बच्चों को उपहार वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन पूजा गुप्ता एवं राखी गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया।

जकड़न को दूर कर हिंदुत्व को बल देने पर होगा मंथन

वृंदावन। जातियों की जकड़न में बंटे हिंदू समाज को एकजुटता के सूत्र में बांधने के लिए विश्व हिंदू परिषद संतो के सहयोग से व्यापक समसरता अभियान को गति देने की रणनीति पर काम कर रही है। आगामी 17 अक्टूबर को धार्मिक नगरी में विशाल संत समागम से इसकी शुरूआत की जायेगी। जिसमें विहिप के राष्ट्रीय पदाधिकारी ब्रज के संतो और धर्म प्रचारकों के साथ विभिन्न बिंदुओं पर गहन मंथन करेंगे। सनातन संस्कृति के प्रचार प्रसार और राष्ट्र रक्षा के मुद्दे पर मुखर रणनीति पर काम करने वाली राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के अनुषांगिक संगठन विश्व हिंदू परिषद द्वारा एक बार फिर हिंदुत्व की कड़ियों को मजबूत करने की दिशा में निर्णायक भूमिका तैयार की जा रही है। इस बार विहिप की नजर जातियों में बंटे हिंदू समाज को एकजुट करके समरसता का माहौल तैयार करने पर है। जिसका निर्णय संगठन के साठ साल पूरे होने पर आयोजित कोर कमेटी की बैठक में लिया जा चुका है। संगठन का मानना है कि यह विडंबना ही है कि भगवान राम और भगवान परशुराम को जातियों में बांट दिया गया है। जबकि सनातन संस्कृति का मूल आधार समभाव है। इसी बिंदु को व्यापक स्तर पर देश के हर कोने तक पहुंचाने के लिए संत समाज और धर्म प्रचारकों को इस अभियान से जोड़ने की रणनीति पर काम करते हुए 17 अक्टूबर को ब्रज प्रांत के संतो और धर्म प्रचारकों का विशाल समागम समारोह आयोजित किया जा रहा है। जिसमें लगभग 500 से अधिक संत, महंत पूरे ब्रज प्रांत से आमंत्रित किए गए हैं। संगठन के अंतराष्ट्रीय उपाध्यक्ष चम्पत्त राय और अंतर्राष्ट्रीय सरंक्षक दिनेश जी समेत अन्य प्रमुख पदाधिकारी संतो से मंथन करेंगे। इस संबंध में विहिप के प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य राजकुमार शर्मा ने बताया कि इस विशाल संत समागम का आयोजन रुक्मणि विहार स्थित एस आर फार्म हाउस में किया जायेगा। जिसमें ब्रज के सभी प्रमुख संत महंत,महामंडलेश्वर और धर्म प्रचारक सहभागिता करेंगे। संगठन द्वारा संतो को विधिवत रूप से आमंत्रित किया जा रहा है।

जनपद पुलिस ने मिशन शक्ति अभियान 5 के तहत जागरूक किया

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रदेश में महिलाओं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु शारदीय नवरात्रि के पर्व पर मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के विशेष अभियान के तहत जागरुक किया गया। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रदेश में महिलाओं बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु शारदीय नवरात्रि के पर्व पर मिशन शक्ति फेज-05 के विशेष अभियान क्रम में गुरुवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर ग्रामीण के नेतृत्व में जनपद के समस्त थाना प्रभारी व चौकी प्रभारियों द्वारा थाना क्षेत्रों में छात्र छात्राओं शिक्षकाओं को मिशन शक्ति अभियान फेज 05 के तहत सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु जागरुक किया जा रहा है।

इसी क्रम में थाना बसईमौ0पुर के ग्राम मडुआ थाना नगला खंगर के कंपोजिट विद्यालय ग्राम सुजनीपुर थाना फरिहा के ग्राम गंगलाई , थाना नगला सिंघी के ओम जूनियर हाई स्कूल थाना जसराना के आदर्श जनता इंटर कॉलेज थाना उत्तर के एम0एस अकादमी मथुरा नगर थाना नारखी के स्वामी चरित्र घनानंद गीता इंटर कॉलेज थाना सिरसागंज के नगला रामलाल थाना रसूलपुर के मुस्लिम पब्लिक स्कूल थाना लाइनपार के एस.पी. मेमोरियल स्कूल श्याम नगर थाना मटसैना के ग्राम सौरामगढी थाना खैरगढ के प्रा0वि0 ग्राम नयावाँस थाना पचोखरा के प्रा0वि0 नगला सूरज थाना दक्षिण के राष्ट्रीय श्रमिक स्कूल करबला थाना रजावली के ग्राम पंचायत रजावली थाना शिकोहाबाद के बी.डी.एम. स्नात्तकोत्तर कॉलेज थाना मक्खनपुर के ग्राम नवादा अम्बेडकर पार्क थाना टूण्डला के ग्राम पंचायत गढ़ी जाफर थाना नसीरपुर के प्रा0 पाठशाला स्यारमऊ रामलाल आदि में महिलाओं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु शारदीय नवरात्रि के पर्व पर मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के विशेष अभियान के तहत जागरुक किया गया।

आरएसएस की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल बैठक 25 व 26 को

● सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत रहेंगे उपस्थित

मथुरा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय कार्यकारी मण्डल की इस वर्ष की दो दिवसीय बैठक 25 और 26 अक्टूबर को फरह के पास परखम ग्राम में अयोजित होगी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की यह बैठक प्रतिवर्ष इन्हीं दिनों में दीपावली के पूर्व संपन्न होती है। अखिल भारतीय कार्यकारी मण्डल में संघ रचना के सभी 46 प्रांतों के प्रांत एवं सह संघचालक, कार्यवाह तथा प्रचारक अपेक्षित रहते हैं। इस बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ० मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले, सभी सह सरकार्यवाह और अन्य अखिल भारतीय कार्य विभाग प्रमुखों सहित कार्यकारिणी के सभी सदस्य भी उपस्थित रहेंगे।

विजयादशमी के पावन पर्व पर सरसंघचालक द्वारा प्रस्तुत विचारों तथा उनके उद्बोधन में उल्लेखित महत्वपूर्ण मूद्दों के अनुवर्तन हेतु योजनाओं तथा देश में वर्तमान समय चल रहे सम सामयिक विषयों पर बैठक में व्यापक चर्चा होगी। उन्होंने बताया है कि इसी मार्च 2024 में हुई अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में निर्धारित वार्षिक योजना की समीक्षा तथा संघ कार्य के विस्तार का वृत्तांत भी लिया जाएगा। बैठक में विशेष कर संघ शताब्दी निमित्त सुनिश्चित संगठनात्मक लक्ष्यों को विजयादशमी 2025 तक पूर्ण करने के संबंध में विचार-विमर्श होगा।

कार्यकर्ताओं ने मनायी नेताजी की द्वितीय पुण्यतिथि

मथुरा। समाजवादी पार्टी के कार्यालय पर समाजवादी पार्टी के संस्थापक/पूर्व मुख्यमंत्री स्व.मुलायम सिंह यादव की द्वितीय पुण्यतिथि का कार्यक्रम आयोजित किया गया। नेताजी के चित्र पर पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकताओं द्वारा माल्यार्पण कर पुष्पों की श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।

सपाके समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने नरसीपुरम वभगवान नगर के आसपास झुग्गी झोपडिया में निवास करने वाले गरीब और असहाय लोगों को फल वितरित किए।सपा के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र यादव द्वारा की गई। कार्यक्रम का संचालन समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव सुभाष पाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष वीरेंद्र यादव ने कहा मुलायम सिंह यादव इतिहास में ऐसा खाका खींच कर गए हैं जिसे कोई नहीं पा सकता। जिला महासचिव सुभाष पाल ने कहा कि नेता जी के साथ काम करने का अवसर हमें प्राप्त हुआ और माननीय नेता जी के चरणों में हमने राजनीति शुरू की नेताजी जन-जन को व्यक्तिगत रूप में नाम से भी जानते थे। पूर्व जिला अध्यक्ष गुरुदेव शर्मा ने कहा कि मैं तीन बार इस जिले का जिला अध्यक्ष रहा तीनों बार नेता जी का आशीर्वाद मुझे मिला। इस कार्यक्रम की समाप्ति के बाद सभी पार्टी के लोग गरीब बस्तियों में गए और वहां उन लोगों को नेताजी की याद में श्रद्धांजलि देते हुए फल वितरित किए गए। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष बलदेव राजेंद्र सिकरवार विधानसभा अध्यक्ष गोवर्धन पोहप सिंह विधानसभा अध्यक्ष माट बंटी चौहान लोहिया वहिनी के अध्यक्ष पवन चौधरी, लोहिया वाहिनी के उपाध्यक्ष चेतन चौधरी पूर्व नगर अध्यक्ष राया श्याम मोहन वर्मा, नीता वर्मा सभासद, राय नगर अध्यक्ष सुभाष सैनी, जिला सचिव मोहित ठाकुर, जिला सचिव सोनू ठाकुर ,जिला सचिव धर्मेंद्र चौधरी ,प्रशांत चौधरी कलुआ, महेंद्र चौधरी आदि मौजूद थे।

यूपीएसआईडीसी के लिए चयनित भूमि का जिलाधिकारी ने निरीक्षण किया

फिरोजाबाद। उ0प्र0 राज्य औद्योगिक विकास निगम यूपीएसआईडीसी हेतु जनपद के जसराना तहसील के अन्तर्गत आने वाले गांव देवा व पृथ्वीसिंह चिडरई में चयनित भूमि का जिलाधिकारी रमेश रंजन ने मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य के साथ निरीक्षण किया। देवा ग्राम में कुल 15.644 है0 भूमि का चयन इस महत्वपूर्ण कार्य हेतु हुआ है, यह स्थल अवागढ़ मुस्तफाबाद मार्ग से ग्राम देवा को जाने वाली पक्की सड़क पर स्थित है, जबकि चिडरई पृथ्वीसिंह गांव में इस हेतु 13.709 है0 भूमि का चयन हुआ है, यह भूमि करारा मजरें कोडरा ग्राम से कच्चे रास्ते से जुडा है। जिलाधिकारी ने कहा कि यहां पर कार्य शीघ्रता से कराए जाए भूमि सम्बन्धित किसी प्रकार का कोई विवाद यहां न रहें उसका समाधान कर लिया जाए। जिलाधिकारी ने इन दोनो गांव के ग्राम प्रधानों से वार्ता भी की दोनो ग्राम प्रधान इस औद्योगिक स्थापना से अत्यंत प्रसन्न नजर आये। उन्होने कहा कि इस स्थापना से गांव का विकास सुनिश्चित तो होगा ही साथ ही गांव के लोगों को रोजगार भी प्राप्त होगा। इस मौके पर उपजिलाधिकारी शिव ध्यान पाण्डे साथ ही गांव के लोग भी मौजूद रहें।

साइबर अपराधी अब नये तरीकों से कर रहे ठगी

आगरा। हाल ही में कानपुर के वारा सिरोही कल्यानपुर के निवासी मथुरा के बड़े डाकघर के उपाधीक्षक रामबहादुर के साथ सिम केवाईसी के नाम पर 10 लाख रुपये की ठगी की गई। रामबहादुर को 3 अक्तूबर को एक अज्ञात नंबर से कॉल आई, जिसमें उन्हें सिम की केवाईसी कराने के लिए कहा गया। 4 अक्तूबर को फिर से कॉल आने पर उन्हें एक एप डाउनलोड करने के लिए कहा गया। इसके बाद ठग ने केवाईसी चार्ज के नाम पर 10 रुपये ट्रांसफर कराने का निर्देश दिया। इसी दौरान अपराधियों ने उनका मोबाइल हैक कर उनके बैंक खाते से 10 लाख रुपये निकाल लिए। घटना के बाद रामबहादुर ने मथुरा के साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद साइबर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

महिला भी हुई ठगी का शिकार: 93 हजार रुपये उडा ट्रांस यमुना निवासी भूदेवी को ठगों ने फोन पर आधे घंटे तक उलझाकर उनके दो बैंक खातों से 93 हजार रुपये से अधिक की रकम उड़ा ली। पीड़िता ने थाना एत्मादुद्दौला में शिकायत दर्ज कराई है और अपनी जीवन भर की कमाई वापस दिलाने की मांग की है।

पुलिस विशेष अभियान के तहत कर रही मौके पर शिकायतों का निस्तारण

फिरोजाबाद। जनपद फिरोजाबाद में जनशिकायतों के निस्तारण में तेजी व पारदर्शिता निष्पक्षता हेतु एसएसपी फिरोजाबाद द्वारा शुरू किए गए विशेष अभियान के अन्तर्गत फिरोजाबाद पुलिस द्वारा शिकायतकताओं के मौके पर जा कर कुल 60 शिकायतों का निस्तारण किया गया।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण में जनपद में आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त होने वाली जनशिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु विशेष अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान का नोडल अधिकारी अखिलेश भदोरिया अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण को नामित किया गया है। विशेष अभियान के अन्तर्गत जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी एवं समस्त थाना प्रभारियों द्वारा शिकायतकर्ता के मौके पर जाकर शिकायतों का निस्तारण किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत प्रत्येक क्षेत्राधिकारी अपने सर्किल के थाना क्षेत्र में कम से कम 01 स्थान व थाना प्रभारी अपने क्षेत्र में कम से कम 02 स्थानों पर प्रतिदिन मौके पर निस्तारण कर रहे हैं। गुरुवार को चलाये गये विशेष अभियान के अन्तर्गत जनपद के समस्त थानों पर प्राप्त शिकायतों में से कुल 60 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। विशेष अभियान के अन्तर्गत शिकायतकर्ता को अब अपनी शिकायत के निस्तारण हेतु परेशान नहीं होना पड़ रहा फिरोजाबाद पुलिस शिकायतकर्ता के घर मौके पर स्थलीय निरीक्षण कर शिकायत का समाधान व दोनों पक्षों का फीडबैक लेकर शिकायत के समाधान के सम्बंध में सन्तुष्ट किया जा रहा है।

दुर्गा पूजा महोत्सव का देवी आह्वान से हुआ शुभारम्भ

मथुरा। शारदीय दुर्गा पूजा महोत्सव के प्रथम दिन दुर्गा देवी की षष्ठी पूजा से कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर षष्ठयादि कल्पारम्भ की पूजा प्रातः काल से शुरू की गई, सांय के समय देवी को बोधन एवं आमंत्रण किया गया इसके उपरान्त अधिवास का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

महोत्सव की शुरूआत कालिन्दी धाम, निकट मसानी चौराहा पर हुई, यहां विषाल एवं भव्य माँ भगवती दुर्गा की 12 फुट उंची प्रतिमा स्थापित की गयी है, जिसमें माँ भगवती दुर्गा से युद्ध करते महिसासुर को दषार्या गया है, साथ में गणेष जी लक्ष्मी जी, कार्तिक जी तथा माँ सरस्वती जी को भी सजाया गया है। महिषासुर मर्दनी के स्वरूप की पूजा पूरे विष्व में जहां जहां बंग समाज के लोग रहते हैं की जाती है, वह इस शारदीय नवरात्र के अवसर पर माँ दुर्गा की पूजा अर्चना करते हैं। इन प्रतिमाओं को बंगाल के कलाकारों के द्वारा तैयार किया जाता है। इस पूजा को सम्पन्न कराने के लिए बंगाल से ही तन्त्र साधक पुजारियों में पंडित श्यामल चटर्जी एवं सोमनाथ चक्रवर्ती को विशेष रूप से बुलाया जाता है।

सुबह से ही माँ भगवती के आगमन की पूजा तथा आरती के उपरान्त बंगाल से बुलाये गये परम्परागत विषेष ढाक (ढोल) जिसे बजाने की परम्परा का निर्वहन मथुरा जनपद में भी किया जाता है, जिसमें यहां निवास करने वाले बंग समाज के लोगों द्वारा प्रतिवर्ष माँ भगवती के समक्ष लय ताल पर महिलाएं, पुरुष एवं बच्चे आरती के समय नृत्य करते हैं। सप्तमी के दिन सुबह से सप्तमी की पूजा के पष्चात सभी भक्तों के द्वारा सामुहिक पुष्पांजलि की जायेगी, भोग प्रसाद का वितरण किया जायेगा, दोपहर को चित्रकला एवं फैंसी ड्रेस शो की प्रतियोगिताओं का आयोजन भी होगा। सायं के समय आरती के पष्चात सांस्कृतिक श्रंखला में रात्रि में बच्चों के द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किये जायेंगे। विभिन्न ग्रुपों द्वारा अपनी-अपनी प्रस्तुतियां दी जायेंगी।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में बंग समाज के प्रतिष्ठित लोग भक्ति भाव से पूजा में सम्मलित हुए जिसमें ब्रजगोपाल साहा, गिर्राज पाल, सपन साहा, विपिन कुमार दत्त, कन्हैया दास, अचिन्त कुमार पाल, श्रीमती सपना साहा, श्रीमती चन्द्रा पाल, नूपूर घोष, श्रीमती सुषमा साहा, विष्वनाथ देवनाथ, रमन घोष, विष्वजीत दत्ता, डॉ0 एस. सी. सरकार, आनन्द हालदार, परेष अधिकारी, सुभाष साहा, डॉ0 टी. के. सरकार, दीपक दत्ता, सुभाष घोष, आषीष घोष, प्रताप विष्वास, श्याम सुन्दर देवनाथ, कन्हैया पाल, मोहन दास बैंक वाले आदि की उपस्थित प्रमुख रूप से रही।

सरकारी शराब और बीयर की दुकानों पर आबकारी विभाग ने किया निरीक्षण

जयसिंहपुर, सुलतानपुर। आगामी त्योहार को देखते हुए आबकारी निरीक्षक जयसिंहपुर डॉ. संजय कुमार उपाध्याय ने क्षेत्र की सरकारी शराब व बीयर की दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शराब के स्टाक की मिलान कर सेल्समैन को जरूरी दिशा निर्देश दिए। आबकारी टीम के द्वारा बरौंसा, दियरा, खनुहट, डींगुरपुर, ढेमा, पाल नगर, नुमाये, बिरसिंहपुर, सेमरी, गोसाईगंज, बगियागांव, जयसिंहपुर समेत अन्य बाजारों में स्थित अंग्रेजी व देसी शराब की दुकानों के साथ बीयर शॉप का गुरुवार को निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्टॉक रजिस्टर से शराब के स्टाक का मिलान किया जो ठीक पाया गया। बारकोड निकासी की चेकिंग करते हुए विक्रेताओं को पॉस मशीन से बिक्री का निर्देश दिया। आबकारी निरीक्षक ने सेल्समैनों को आगाह किया कि दुकानों पर बाहर की शराब बिक्री बिल्कुल न करें। अगर ऐसा होता पाया गया तो लाइसेंस निरस्त कर दिया जाएगा।

संक्षेप

एमेजॉन पर मीडियाटेक डेज अभियान की घोषणा

नई दिल्ली। मीडियाटेक ने 10 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक एमेजॉन पर मीडियाटेक डेज अभियान की घोषणा की है। एमेजॉन पर 5 दिनों तक चलने वाले इस अभियान के दौरान मीडियाटेक प्रौद्योगिकी को लोकतांत्रिक बनाने और उपभोक्ता को अगली पीढ़ी के प्रौद्योगिकी समाधान उपलब्ध कराने पर ध्यान देगी। इस अभियान का लक्ष्य कनेक्टेड डिवाइसेज के नए युग में मीडियाटेक की ताकत वाले अद्भुत प्रौद्योगिकियों, उत्पादों और समाधानों को लेकर जागरूकता पैदा करना है जिससे उपभोक्ताओं को जानकारी के आधार पर खरीदारी का निर्णय करने में मदद मिल सके। यह त्यौहारी सीजन नवीनतम प्रौद्योगिकी में सर्वोत्तम का अनुभव लेने का शानदार अवसर लाता है।

नेम वेरीफिकेशन सेवा की शुरुआत

बंगलूरू। ट्रूकॉलर ने भारत में प्रीमियम सेवाओं के सभी यूजर्स के लिए ब्लू टिक वेरिफिकेशन की शुरूआत की है। इस नई वेरीफाइड बैज सेवा की मदद से यूजर्स को सरकार के सहयोग से संचालित यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस के जरिये अपनी पहचान को वेरीफाई करने की सुविधा मिलती है, और इस तरह वे आपने सही नाम की पुष्टि कर सकते हैं। बीते कुछ सालों के दौरान वेरीफाइड बैज एक ऐसे फीचर के तौर पर सामने आया है, जिसकी मांग ट्रूकॉलर के यूजर्स के बीच सबसे ज्यादा है। ज्यादातर यूजर्स ने यह इच्छा जाहिर की है कि इसे प्राप्त करने के तरीके को अधिक पारदर्शी और सुलभ बनाया जाए। लोगों की इस जबरदस्त मांग को पूरा करने के लिए, ट्रूकॉलर ने वेरिफिकेशन की प्रक्रिया को नया रूप दिया है।

मयूख डीलट्रेड राइट्स इश्यू के जरिए 49 करोड़ जुटायेगी

नई दिल्ली। विभिन्न प्रकार के बर्नर के निर्माण में कार्यरत बीएसई लिस्टेड फर्म मयूख डीलट्रेड लिमिटेड के बोर्ड ऑफ डिरेक्टर्स ने कंपनी के पात्र शेयरधारकों को राइट इश्यू द्वारा इक्विटी शेयर इश्यू करके 49 करोड़ रुपए तक की धनराशि जुटाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। बोर्ड ने प्रबंध निदेशक और सीएफओ को सलाहकार नियुक्त करने और राइट इश्यू की प्रक्रिया शुरू करने के लिए भी अधिकृत किया है। बोर्ड ने 1 शेयर के पांच शेयर में शेयर विभाजन के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी। बोर्ड ने कंपनी की साधारण बैठक में शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन, 5 रूपए के अंकित मूल्य के 1 इक्विटी शेयर को (पूरी तरह से भुगतान किए गए) रुपये 1 के अंकित मूल्य के 5 इक्विटी शेयरों में उप-विभाजन के प्रस्ताव पर चर्चा की और मंजूरी दे दी।

ओएस अपग्रेड के साथ ए सीरीज का पहला फोन जल्द होगा लॉन्च

नई दिल्ली। सैमसंग ने भारत में गैलेक्सी ए16 5जी स्मार्टफोन को जल्द लॉन्च करने की घोषणा की है। गैलेक्सी ए16 5जी का लॉन्च मिड-रेंज स्मार्टफोन्स की दिशा में काफी महत्वपूर्ण है। यह उपभोक्ताओं को 6 जेनरेशन के ओएस अपग्रेड और छह वर्षों का सुरक्षा अपडेट प्रदान करता है। सैमसंग गैलेक्सी ए16 5जी स्मार्टफोन में कई ऐसी खूबियां हैं जो इसे अपने सेगमेंट का सबसे शानदार फोन बनाती हैं। यह उपभोक्ताओं को उनके खर्च किए पैसे का बेहतर मूल्य प्रदान करता है। फोन में कई बेहतरीन फीचर्स होने के चलते स्मार्टफोन खरीदने की इच्छा रखने वाले उपभोक्ताओं के लिए यह अच्छा विकल्प है।

डोजी श्रवण से माता-पिता की सेहत पर रखें पूरी नजर

बेंगलुरु। डोजी ने 'डोजी श्रवण' नाम से एक एआई-संचालित रिमोट पैशेंट मॉनिटरिंग (आरपीएम) सेवा शुरू की है। यह सेवा खासतौर पर विदेशों में रह रहे भारतीयों (एनआरआई) के लिए बनाई गई है, ताकि वे भारत में मौजूद अपने माता-पिता की सेहत पर नजर रख सकें। 'डोजी श्रवण' की एआई पावर्ड, कॉन्टैक्टलेस टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करना बेहद आसान है, जिससे बुजुर्ग भी इसे आसानी से चला सकते हैं। यह सेवा लगातार माता-पिता की सेहत से जुड़ी जानकारी इकट्ठा करती है और किसी भी बदलाव की स्थिति में तुरंत परिवार और डॉक्टर को अलर्ट भेजती है। इससे समय पर इलाज संभव हो पाता है। डोजी को देश के 280 से अधिक प्रमुख अस्पतालों का भरोसा प्राप्त है, जिससे यह भारत की सबसे विश्वसनीय रिमोट पेशेंट मॉनिटरिंग सेवा बन गई है।

सेंसेक्स में 144 अंकों की उछाल

मुंबई। स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 144 अंक चढ़ गया। वैश्विक बाजारों में तेजी के बीच बैंक, बिजली और औद्योगिक शेयरों में लिवाली से बाजार में मजबूती आई।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 144.31 अंक यानी 0.18 प्रतिशत बढ़कर 81,611.41 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 535.74 अंक तक चढ़ गया था।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 16.50 अंक यानी 0.07 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,998.45 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 152.1 अंक तक चढ़ गया था। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में कोटक महिंद्रा बैंक, जेएसडब्ल्यू स्टील, एचडीएफसी बैंक, पावर ग्रिड, इंडसइंड बैंक, मारुति, सुजुकी इंडिया, एनटीपीसी, एक्सिस बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में टेक महिंद्रा, सन फार्मास्युटिकल्स, इन्फोसिस, टाइटन, टाटा मोटर्स, लार्सन एंड टुब्रो और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज शामिल हैं। टाटा समूह की कंपनियों के शेयरों में 15 प्रतिशत की तेजी रही। टाटा इनवेस्टमेंट कॉर्पोरेशन, टाटा केमिकल्स और टाटा टेलीसर्विसेज प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। टाटा संस के मानद चेयरमैन रतन टाटा का बुधवार को निधन हो गया। वह 86 साल के थे। एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की, हांगकांग का हैंगसेंग, चीन का शंघाई कम्पोजिट और दक्षिण कोरिया का कॉस्पी बढ़त में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में गिरावट का रुख था। अमेरिकी बाजार बुधवार को लाभ में रहे थे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.37 प्रतिशत की बढ़त के साथ 77.63 डॉलर प्रति बैरल रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बुधवार को 4,562.71 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 3,508.61 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर खरीदे। सेंसेक्स बुधवार को 167.71 अंक टूटा था जबकि निफ्टी में 31.20 अंक की गिरावट आई थी।

सितंबर में इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश 10 प्रतिशत घटकर 34,419 करोड़ पर

नयी दिल्ली। इक्विटी म्यूचुअल फंड योजनाओं में सितंबर के दौरान 34,419 करोड़ रुपये निवेश आया जो अगस्त की तुलना में 10 प्रतिशत की गिरावट है। म्यूचुअल फंड निकाय ने यह जानकारी दी।

क्षेत्र आधारित कोष और बड़ी कंपनियों के कोष में निवेश में भारी गिरावट आने से मासिक स्तर पर गिरावट दर्ज की गई है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) के बृहस्पतिवार को जारी आंकड़ों से पता चलता है कि सितंबर, 2024 इक्विटी कोषों में शुद्ध प्रवाह का लगातार 43वां महीना रहा है। म्यूचुअल फंड उद्योग ने अगस्त महीने में 1.08 लाख करोड़ रुपये की निकासी देखी थी जबकि सितंबर में यह निकासी 71,114 करोड़ रुपये रही। ऋण योजनाओं में 1.14 लाख करोड़ रुपये की निकासी होने के कारण भारी प्रवाह हुआ। इस निकासी के बावजूद म्यूचुअल फंड उद्योग की प्रबंधन-अधीन शुद्ध परिसंपत्तियां पिछले महीने बढ़कर 67 लाख करोड़ रुपये हो गईं जबकि अगस्त के अंत में यह 66.7 लाख करोड़ रुपये थीं। आंकड़ों के मुताबिक, इक्विटी-केंद्रित योजनाओं में पिछले महीने 34,419 करोड़ रुपये का निवेश हुआ जो अप्रैल के बाद का सबसे निचला स्तर है। अगस्त के 38,239 करोड़ रुपये और जुलाई के 37,113 करोड़ रुपये की तुलना में यह प्रवाह काफी कम था। इसके अलावा इक्विटी योजनाओं में जून और मई में क्रमशः 40,608 करोड़ रुपये और 34,697 करोड़ रुपये का निवेश हुआ। इक्विटी योजनाओं के भीतर क्षेत्र आधारित कोषों ने समीक्षाधीन महीने में 13,255 करोड़ रुपये के उच्चतम शुद्ध प्रवाह के साथ निवेशकों को आकर्षित किया। हालांकि, अगस्त के 18,117 करोड़ रुपये की तुलना में प्रवाह कम रहा।

रतन टाटा की विरासत देश का मार्गदर्शन करती रहेगी: बीएसई

नयी दिल्ली। देश के प्रमुख शेयर बाजार बीएसई ने दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा के निधन पर बृहस्पतिवार को कहा कि भारत ने कारोबार जगत के एक अग्रदूत को भले ही खो दिया है लेकिन उनकी विरासत बरकरार है।

बीएसई ने अपने शोक संदेश में भारतीय उद्योग जगत में टाटा के अद्वितीय योगदान का जिक्र करते हुए कहा कि उनका दूरदर्शी नेतृत्व प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा। टाटा संस के मानद चेयरमैन रतन टाटा (86) का बुधवार देर शाम मुंबई में वृद्धावस्था से जुड़ी समस्याओं के कारण निधन हो गया। बीएसई ने बयान में कहा, उनकी स्थायी विरासत एकता और दूरदर्शिता पर आधारित भविष्य के निर्माण में देश का मार्गदर्शन करती रहेगी। एक्सचेंज ने भारत के सबसे प्रतिष्ठित कारोबारी दिग्गजों में से एक टाटा के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। बीएसई ने बयान में कहा, उनका प्रभाव हमेशा बीएसई के लिए प्रेरणा का स्रोत रहेगा, क्योंकि हम एक संपन्न और समावेशी बाजार की दिशा में काम कर रहे हैं।

रतन टाटा का निधन एक युग का अंत : उद्योग जगत

नयी दिल्ली। उद्योगपति रतन टाटा के निधन से उद्योग जगत में शोक की लहर दौड़ गई। भारतीय उद्योगपतियों ने उनके निधन को टाटा समूह से परे सभी भारतीयों के लिए एक बड़ी क्षति बताया है।

टाटा समूह के पूर्व चेयरमैन रतन टाटा ने बुधवार रात करीब साढ़े 11 बजे मुंबई के एक अस्पताल में अंतिम सांस ली। वह 86 वर्ष के थे। भारती एंटरप्राइजेज के संस्थापक एवं चेयरमैन सुनील भारती मित्तल ने कहा कि टाटा अपने पीछे एक बड़ी विरासत छोड़ गए हैं। मित्तल ने कहा कि एक सच्चे राष्ट्र निर्माता देश की वृद्धि में उनकी विरासत सदैव उद्यमियों और सभी भारतीयों को प्रेरित करेगी। एसपी समूह के चेयरमैन शापूरजी मिस्त्री ने कहा कि टाटा का निधन एक युग का अंत है। उन्हें हमेशा एक ऐसे व्यक्ति के रूप में याद किया जाएगा, जिन्होंने टाटा समूह के विकास पर एक अमिट छाप छोड़ी। उन्होंने कहा कि मिस्त्री परिवार का टाटा समूह और रतन टाटा के साथ लंबे समय से रिश्ता रहा है। खनन क्षेत्र के दिग्गज अनिल अग्रवाल ने रतन टाटा के निधन पर शोक व्यक्त किया और कहा कि उनके निधन से भारतीय उद्योग जगत के मुकुट का एक रत्न खो गया है। वेदांता के चेयरमैन अग्रवाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, रतन टाटा के निधन से हमने न केवल भारतीय उद्योग जगत के मुकुट का रत्न खो दिया है, बल्कि एक ऐसे व्यक्ति को भी खो दिया है, जिनकी दूरदृष्टि तथा उत्कृष्ट व्यक्तिगत गुणों ने उन्हें प्रत्येक भारतीय के लिए एक आदर्श बना दिया था। आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला ने कहा कि टाटा संस के मानद चेयरमैन रतन टाटा के निधन से भारत और भारतीय उद्योग जगत ने एक दूरदर्शी व्यक्तित्व को खो दिया है। टाटा के निधन पर अपने शोक संदेश में बिड़ला ने कहा कि उनके फैसलों ने आर्थिक वृद्धि से परे लोगों के जीवन तथा उद्योगों को प्रभावित किया है। बिड़ला ने कहा कि पिछले कई दशक से मेरे परिवार और मेरी कई पीढ़ियों का टाटा के साथ करीबी संबंध रहा है। रतन टाटा ने टाटा समूह के बेहतरीन आदर्शों को मूर्त रूप दिया। उनके निर्णयों ने वित्तीय मापदंडों से कहीं आगे जाकर जीवन और उद्योगों को प्रभावित किया है। उनकी विरासत भारतीयों की भावी पीढ़ियों को ईमानदारी के साथ सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगी। भारत और भारतीय उद्योग जगत ने एक सच्चे दूरदर्शी व्यक्तित्व को खो दिया है। महिंद्रा समूह के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अनीश शाह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, रतन टाटा के निधन की खबर से बेहद दुखी हूं। उनका दृष्टिकोण व्यवसाय से परे था, जिसने एक पीढ़ी को उद्देश्य और निष्ठा के साथ काम करने के लिए प्रेरित किया। आरपीएसजी समूह के चेयरमैन संजीव गोयनका ने कहा कि टाटा के निधन से दुनिया ने एक सच्चे दूरदर्शी और मानवतावादी को खो दिया है। गोयनका ने कहा कि व्यापार और समाज के लिए रतन टाटा का अद्वितीय योगदान हमेशा उनकी विरासत रहेगा। भारत के अग्रणी प्रकाशपुंज रतन टाटा अपनी विनम्रता के साथ-साथ साहसिक व्यापारिक रणनीतियों के लिए भी जाने जाते थे।

भारत महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक भूमिका निभाता है: यूएसआईएसपीएफ

वाशिंगटन। अमेरिकी दृष्टिकोण से भारत महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक भूमिका निभाता है और अमेरिकी कंपनियों को विनिर्माण क्षेत्र में चीन से उत्पन्न जोखिम कम करने का अवसर प्रदान करता है।

अमेरिका-भारत सामरिक एवं साझेदारी मंच (यूएसआईएसपीएफ) के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मुकेश अघी ने बुधवार को कहा कि भारत की आर्थिक वृद्धि की गाथा बेहद शानदार है। भारत उन बहुत कम बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से है जो सात से आठ प्रतिशत की दर से वृद्धि कर रही हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिकी दृष्टिकोण से भारत भू-राजनीतिक स्तर पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अघी ने पीटीआई-भाषा के साथ साक्षात्कार में कहा कि भारत एक ऐसी अर्थव्यवस्था है जो बाजार में अवसर प्रदान कर रही है। खासकर अमेरिकी कंपनियों को जो यहां आकर निवेश करती हैं और बाजार में हिस्सेदारी हासिल करती हैं। यह एक ऐसी अर्थव्यवस्था है जो विनिर्माण क्षेत्र में चीन से खुद को जोखिम मुक्त कर रही है। उन्होंने कहा कि हम देख रहे हैं कि भारतीय अर्थव्यवस्था सिर्फ बाजार के लिए अवसर नहीं बन रही है, बल्कि यह विनिर्माण के लिए अवसर बन रही है... लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि हम भारत में वैश्विक क्षमता केंद्रों की वृद्धि देख रहे हैं। अघी ने कहा कि 2025 में भारतीय अर्थव्यवस्था में तेजी आने की उम्मीद है। भारत करीब 125 अरब अमेरिकी डॉलर की सेवाओं का निर्यात कर रहा है। अघी ने यह टिप्पणी 14 अक्टूबर को भारत में हो रहे यूएसआईएसपीएफ के वार्षिक शिखर सम्मेलन से पहले की है। फॉर्च्यून 100 के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) सहित कई बड़े अमेरिकी उद्योगपति इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए नई दिल्ली पहुंचेंगे। शिखर सम्मेलन में भारत-अमेरिका साझेदारी को आगे बढ़ाने और मजबूत करने के लिए विचारोत्तेजक सत्र तथा चर्चाएं होंगी। उन्होंने कहा, हमारे पास संभावित निवेशक हैं और हम स्टार्टअप तथा प्रौद्योगिकी कंपनियों पर भी नजर रख रहे हैं। हमारे पास भू-राजनीतिक दृष्टिकोण से और व्यावसायिक दृष्टिकोण से भी अमेरिका-भारत संबंधों को देखने के लिए एक आदर्श परिवेश है।

टाटा ने जेएलआर खरीद कर लिया था अपमान का बदला

मुंबई। असफलता से सफलता की कहानी लिखना तो कोई रतन टाटा से सीखे। 1999 में टाटा समूह की बड़ी यात्री कार टाटा इंडिका से अपेक्षित लाभ न मिलने पर अपने यात्री वाहन खंड को फोर्ड मोटर्स को बेचने का फैसला करने के बाद, कंपनी के कुछ अधिकारियों द्वारा कथित तौर पर अपमानित किए जाने से आहत रतन टाटा ने अपनी रणनीति बदली और न केवल सफलता हासिल की बल्कि 2008 में फोर्ड की जेएलआर को खरीद लिया। टाटा समूह की बड़ी यात्री कार टाटा इंडिका पेश किए जाने के एक वर्ष बाद भी अपेक्षित लाभ नहीं दे रही थी। हताश होकर रतन टाटा के नेतृत्व में टाटा मोटर्स के शीर्ष अधिकारियों ने फोर्ड मोटर्स के यात्री वाहन खंड को प्रमुख अमेरिकी वाहन विनिर्माता को संभावित रूप से बेचने का अनुरोध स्वीकार कर लिया। कुछ लोगों ने टाटा को कारोबार बेचने की सलाह दी थी और फोर्ड के अधिकारी बातचीत करने के लिए बॉम्बे हाउस पहुंचे थे। टाटा मुख्यालय में हुई बैठक के दौरान अमेरिकी कंपनी ने कारोबार खरीदने में रुचि दिखाई। इसके बाद रतन टाटा के नेतृत्व में टाटा के शीर्ष अधिकारी बैठक के लिए अमेरिका पहुंच गए, जो करीब तीन घंटे तक चली। बैठक में उपस्थित एक व्यक्ति के अनुसार, फोर्ड के अधिकारियों ने डेट्रॉयट की बैठक में आए भारतीयों को अपमानित किया। फोर्ड के अधिकारियों ने अपने मेहमानों से कहा, आपको कुछ भी पता नहीं है, आपने यात्री कार खंड क्यों शुरू किया और भारतीय कंपनी का कारोबार खरीदकर उस पर एहसान करने की बात कही। सौदा टूट गया। इस शर्मनाक अनुभव ने रतन टाटा को अपने लक्ष्यों पर और अधिक ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने इकाई को न बेचने का फैसला किया। इसके बाद जो हुआ वह असफलता से सफलता की कहानी रचने की एक बेहतरीन मिसाल है।

पेज एक का शेष

टेनिस : रफेल

खुलकर खेल सका। यह कठिन फैसला था जिसे लेने में मुझे कुछ समय लगा। लेकिन जीवन में हर चीज की एक शुरूआत और एक अंत होता है। नडाल ने कहा कि डेविस कप के जरिये विदा लेने को लेकर वह काफी रोमांचित है। डेविस कप फाइनल्स स्पेन के मालागा में 19 नवंबर से खेला जायेगा। नडाल ने पेरिस ओलंपिक के बाद से नहीं खेला है जिसमें वह एकल वर्ग में जोकोविच से हार गए थे। वह युगल वर्ग में कार्लोस अल्काराज के साथ क्वार्टर फाइनल तक पहुंचे थे।

नम आंखों से

समूह के अध्यक्ष कुमार मंगलम बिड़ला, वित्त जगत के दिग्गज दीपक पारेख और भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने एनसीपीए पहुंच कर रतन टाटा को श्रद्धांजलि अर्पित की। टाटा के पार्थिव शरीर को उनके आवास से एनसीपीए लाए जाने से पहले ही वहां लंबी कतारों में धैर्यपूर्वक खड़े होकर उनकी अंतिम झलक पाने के लिए इंतजार कर रहे थे। लोगों के दिलों में विभिन्न कारणों से रतन टाटा के प्रति अपार सम्मान है। उनके पार्थिव शरीर को वर्ली श्मशान घाट के प्रार्थना कक्ष में ले जाया गया। महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष के नेता विजय वडेट्टीवार और विधानसभा अध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक राहुल नार्वेकर ने एनसीपीए पहुंच कर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की। टाटा समूह के कर्मचारी और शीर्ष अधिकारी भी श्रद्धांजलि देने के लिए उपस्थित थे। मुंबई पुलिस आयुक्त विवेक फनसालकर, विशेष आयुक्त देवेन भारती और संयुक्त पुलिस आयुक्त सत्य नारायण चौधरी उन शीर्ष अधिकारियों में शामिल थे जिन्होंने एनसीपीए में टाटा को श्रद्धांजलि दी। एनसीपीए में भारी भीड़ की आशंका को देखते हुए मुंबई पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी और नरीमन प्वाइंट के कुछ हिस्सों में यातायात पर भी प्रतिबंध लगा दिया था। टाटा समूह को विश्व स्तर पर प्रतिष्ठित समूह में बदलने वाले रतन टाटा का बुधवार को मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया।

परंपरा, परिश्रम

तकनीकी संस्थाओं की है। सीएम योगी ने कहा कि कम्प्यूटर प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में दुनियाभर में विख्यात सिलिकॉन वैली में भारत का दबदबा है और इसमें उत्तर प्रदेश के युवाओं की बड़ी हिस्सेदारी है। सिलिकॉन वैली, हैदराबाद और बेंगलुरु के बाद उत्तर प्रदेश को भी इस दिशा में तीव्रतम गति से आगे बढ़ना है। इसी लक्ष्य को लेकर पूर्वी उत्तर प्रदेश का पहला स्टेट ऑफ आर्ट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस महाराणा प्रताप इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमपीआईटी) में स्थापित हो रहा है। विश्व स्तरीय मानक के अनुरूप यह सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पूर्वी उत्तर प्रदेश के पंद्रह अन्य तकनीकी शिक्षण संस्थानों के लिए भी महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। उन्होंने बताया कि एमपीआईटी परिसर के अलग-अलग सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में ड्रोन टेक्नोलॉजी एंड थ्री डी प्रिंटिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, स्पेस टेक्नोलॉजी, समेत कई एकीकृत पाठ्यक्रम भी संचालित होंगे। ग्लोबल स्टैंडर्ड के पाठ्यक्रम से जुड़कर विद्यार्थी यहां प्रोफेशनल सर्टिफिकेट कोर्स, माइनर डिग्री कोर्स और एडवांस कोर्स के जरिये खुद को संबंधित उद्योग-सेवा के क्षेत्र के अनुरूप तैयार कर सकेंगे। संवाद कार्यक्रम में सीएम योगी ने फैकल्टी का आह्वान किया कि वे ग्लोबल मार्केट की डिमांड का अध्ययन करें और उसके अनुरूप पाठ्यक्रम तैयार करें। हमारा जोर मॉडर्न एज कोर्सेज पर होना चाहिए। उन्होंने बताया कि टाटा कंसल्टेंसी इस पर खासा काम कर रही है। यदि सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में यदि हम मॉडर्न एज कोर्सेज पर फोकस करेंगे तो यह शत प्रतिशत प्लेसमेंट की गारंटी होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 1956 में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद ने पहला पॉलिटेक्निक शुरू किया था। आज महाराणा प्रताप पॉलिटेक्निक प्रदेश के टॉप पोलिटेक्निक्स में से एक है। इसी प्रेरणा से हमें मिलकर महाराणा प्रताप इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी को आने वाले पांच साल में यूपी का टॉप इंस्टिट्यूट बनाना है। इसके लिए आवश्यक है कि संस्था को इंडस्ट्री से जोड़ा जाए और युवाओं को सतत स्किल्ड बनाया जाए। एमपीआईटी के प्रथम बैच के छात्रों के साथ संवाद कार्यक्रम में कई विद्यार्थियों में ज्ञान, विज्ञान, तकनीकी, रोजगार आदि विषय पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से प्रश्न भी किए। सीएम योगी ने सभी के प्रश्नों पर अपना मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर सांसद रविकिशन शुक्ल भी उपस्थित रहे।

महानिशा पूजन

सीएम योगी गोरक्षभूमि पर शक्ति की भक्ति में रत रहेंगे। गोरखनाथ मंदिर के शक्तिपीठ में महानिशा पूजा का अनुष्ठान गुरुवार देर शाम गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रारंभ हुआ। दो घंटे से अधिक चले अनुष्ठान में गोरक्षपीठाधीश्वर ने गौरी गणेश पूजन, वरुण पूजन, पीठ पूजन, यंत्र पूजन, मां दुर्गा का विधिवत पूजन, भगवान राम-लक्ष्मण-सीता का षोडशोपचार पूजन, भगवान कृष्ण एवं गोमाता का पूजन, नवग्रह पूजन, विल्व पूजन, अधिष्ठात्री देवता पूजन, शस्त्र पूजन, द्वादश ज्योतिर्लिंग-अर्धनारीश्वर एवं शिव-शक्ति पूजन, वटुक भैरव, काल भैरव, त्रिशूल पर्वत पूजन किया।

आतंकी संगठन

लिए धन जुटाने के लिए युवाओं को कट्टरपंथी बनाने सहित विभिन्न आतंकवादी कृत्यों में शामिल है, जो भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा और संप्रभुता के लिए गंभीर खतरा है। मोदी सरकार आतंकी ताकतों से सख्ती से निपटकर भारत को सुरक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है। अधिसूचना में कहा गया है कि एचयूटी विभिन्न सोशल मीडिया मंच, सुरक्षित ऐप का उपयोग करके और दावाह (निमंत्रण) बैठक करके युवाओं को आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करके आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है।

बरकरार रहेगा

से आने वाली चारु केन को पार्टी में शामिल कराया था। चारु जाट घर की बहू हैं। इससे पहले चारु बसपा के टिकट पर चुनाव लड़कर यहीं से 65000 वोट ला चुकी हैं। वैसे भी खैर जाट बाहुल्य इलाका है। ऐसे में कांग्रेस के लिए चारु सबसे उपयुक्त बैठ रही हैं। जिस पर पार्टी दांव लगा सकती है। जो दलित और जाट दोनों वोटों को अपने पाले में कर सके। साथ ही गाजियाबाद सीट देने की भी चर्चा हो रही है। कुनर्की, खैर, मीरापुर और गाजियाबाद सीट पर इंडिया गठबंधन की ओर से उम्मीदवार उतारा जाना बाकी है। जबकि सपा ने करहल से तेज प्रताप यादव, कटेहरी से शोभावती वर्मा, मझवां से ज्योति बिंद, सीसामऊ से नसीम सोलंकी, फूलपुर से मुस्तफा सिद्दीकी और मिल्कीपुर से अजित प्रसाद को प्रत्याशी बनाया है। फिलहाल इन उपचुनावों को लेकर निवार्चन आयोग ने कोई घोषणा नहीं की है। फिर भी उम्मीद लगायी जा रही है कि महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव के साथ ही आयोग उपचुनाव करा सकती है।

भारत-आसियान

में साझेदार हैं। उन्होंने कहा हम शांतिप्रेमी देश हैं और एक दूसरे की राष्ट्रीय अखंडता और संप्रभुता का सम्मान करते हैं तथा क्षेत्र के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रतिबद्ध हैं। मोदी ने कहा कि आसियान की केंद्रीयता को ध्यान में रखते हुए भारत ने 2019 में हिंद-प्रशांत महासागर पहल शुरू की थी। उन्होंने कहा पिछले साल, क्षेत्रीय सुरक्षा एवं स्थिरता के लिए समुद्री अभ्यास शुरू किए गए। उन्होंने कहा कि पिछले दशक में आसियान देशों के साथ भारत का व्यापार दोगुना होकर अब 130 अरब डॉलर से अधिक हो गया है। प्रधानमंत्री ने कहा भारत की आसियान के सात देशों से सीधी उड़ान हैं और ब्रूनेई के लिए सीधी उड़ान जल्द शुरू होंगी। मोदी ने कहा कि भारत ने सिंगापुर के साथ फिनटेक कनेक्टिविटी शुरू की है। उन्होंने कहा, अन्य देशों में भी यह सफलता दिख रही है।

अनुसंधानकर्ताओं ने

लाख की दर से बढ़ रही है। यह रिपोर्ट बायोसाइंस नामक पत्रिका में प्रकाशित हुयी है। इसमें कहा गया है कि जलवायु परिवर्तन के कारण 2024 में एशिया में भीषण गर्मी ने स्थिति को और प्रतिकूल बना दिया। भारत में भी अब तक की सबसे लंबी गर्मी पडी।

50 वर्षों में

है, जिसका मुख्य कारण सक्रिय सरकारी पहल, प्रभावी आवास प्रबंधन, मजबूत वैज्ञानिक निगरानी और सामुदायिक सहभागिता के साथ-साथ सार्वजनिक समर्थन है। भारत में दुनिया भर में बाघों की सबसे बड़ी आबादी है। अखिल भारतीय बाघ अनुमान 2022 में कम से कम 3,682 बाघ दर्ज किए गए, जबकि 2018 में 2,967 बाघों की संख्या का अनुमान लगाया गया था। भारत में प्रथम हिम तेंदुआ आबादी आकलन में अनुमान लगाया गया था कि उनके 70 प्रतिशत क्षेत्र में 718 हिम तेंदुए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि पारिस्थितिकी क्षरण, जलवायु परिवर्तन के साथ मिलकर, स्थानीय और क्षेत्रीय टिपिंग प्वाइंट पहुंचने की संभावना को बढ़ाता है। टिपिंग प्वाइंट वह सीमा है जिसके आगे पारिस्थितिकी तंत्र में परिवर्तन के अपरिवर्तनीय प्रभाव हो सकते हैं।

विश्वनाथ धाम

सुरेश चंद्र द्विवेदी, मंडुवाडीह थाने के सिपाही भूपेश यादव, चेतगंज थाने की सिपाही वंदना सरोज, चौबेपुर की सिपाही प्रीति और पुलिस लाइन की सिपाही सुनैना निलंबित कर दी गई हैं। इसके अलावा बलिया के दरोगा रमाकांत राय, आजमगढ़ के दरोगा अजीत कुमार सिंह और गाजीपुर के दरोगा दुर्गेश कुमार को निलंबित करने के लिए संबंधित पुलिस अधीक्षक को रिपोर्ट भेज दी गई है। डीसीपी सुरक्षा ने कहा कि भविष्य में ऐसी चूक न होने पाए, इसके लिए सुरक्षा व्यवस्था में तैनात पुलिसकर्मियों की ब्रीफिंग करते हुए उन्हें हिदायत दी गई है।

वाराणसी में डंपर से टकराई तेज रफ्तार कार, दंपत्ति समेत चार लोगों की मौत

वाराणसी। मिर्जा मुराद क्षेत्र में बृहस्पतिवार तड़के एक तेज रफ्तार कार के सड़क किनारे खड़े डंपर से जा टकराने से दंपत्ति समेत चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यहां बताया कि मंडुआडीह क्षेत्र का निवासी 35 वर्षीय दीपक कुमार पांडेय विंध्याचल से दर्शन कर अपनी कार से लौट रहा था, इस दौरान तड़के करीब पांच बजे मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के बिहड़ा गांव के पास उसकी कार सड़क के किनारे खड़े एक डंपर से टकरा गई। कार की तेज रफ्तार होने के कारण टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। लोगों से सूचना मिलने के बाद पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और कार में फंसे लोगों को बमुश्किल बाहर निकाला। पुलिस ने बताया कि कार में सवार दीपक कुमार पांडेय, उनकी पत्नी माला पांडेय (32), सास फूल केसरी देवी (55) और चांदपुर की निवासी अर्पिता गुप्ता (28) की मौत हो गयी। हादसे में दीपक का पुत्र शिवांश (12) गंभीर रूप से घायल हो गया, उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं।

मिजार्पुर में तीन बच्चे तालाब में डूबे सीएम योगी ने जतायी संवेदना

मिजार्पुर। विंध्याचल थाना क्षेत्र के दुहौवां गांव में गुरुवार की दोपहर तालाब में स्नान कर रहे तीन बालकों की डूबने से मौत हो गई। गांव निवासी तीन बालक तालाब में स्नान कर रहे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को बाहर निकालकर जांच में जुटी है। घटना के बाबत सूबे के सीएम योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। साथ ही परिजनों को सहायता राशि देने के निर्देश दिए हैं।

रणजी ट्रॉफी : शीर्ष 60 खिलाड़ियों के बिना होगा आधा सत्र, अय्यर व ईशान पर नजरें

नयी दिल्ली। रणजी ट्रॉफी का 90वां सत्र शुक्रवार से शुरू होगा तो सैकड़ों खिलाड़ी अपने अपने लक्ष्य लेकर मैदान पर उतरेंगे जहां श्रेयस अय्यर अपने अंतरराष्ट्रीय कैरियर को ढें पर लाना चाहेंगे तो ईशान किशन की नजरें अपने बारे में लोगों की धारणा बदलने पर लगी होंगी। आईपीएल के दोनों सितारों को नसीहत देकर भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने सख्त संदेश दिया था कि आईपीएल नीलामी में हाथोंहाथ बिकने वालों को भी देश के क्रिकेट की नींव रणजी ट्रॉफी को सम्मान देना होगा। अय्यर ने भारतीय टीम का हिस्सा बनने से पहले 2015 . 16 रणजी सत्र में 1321 रन बनाये थे। वनडे प्रारूप की घटती प्रासंगिकता के बीच अय्यर कैरियर के ऐसे दोराहे पर खड़े हैं जहां चयनकर्ताओं का ध्यान उन पर से हटते देर नहीं लगेगी। वहीं ईशान ने झारखंड की कप्तानी स्वीकार करके चयनकर्ताओं को संकेत दे दिये हैं।

रणजी ट्रॉफी में देश के शीर्ष 17 . 18 खिलाड़ी नजर नहीं आयेंगे जो 16 अक्टूबर से सात जनवरी के बीच आठ टेस्ट मैच खेलेंगे। वहीं अगले 18 एक ही दौर में खेल सकेंगे जिसके बाद वे आस्ट्रेलिया दौरे पर जाने वाली भारत ए टीम का हिस्सा होंगे। वहीं अगले 15 दक्षिण अफ्रीका में चार मैचों की टी20 श्रृंखला के कारण उपलब्ध नहीं होंगे। इसके बाद के 15 मस्कट में इमर्जिंग एशिया कप टूर्नामेंट खेलेंगे। भारतीय टेस्ट टीम का फलसफा पिछले कुछ साल में काफी बदला है और अब बात सिर्फ रनों या विकेटों की नहीं है। एक पूर्व राष्ट्रीय चयनकर्ता ने कहा , अगर रन या विकेट ही मानदंड होते तो मिलिंद कुमार या जलज सक्सेना भारत के लिये खेल चुके होते। अगर कोई बल्लेबाज एक सत्र में 500 रन ही बनाता है लेकिन उसमें हरी भरी पिच पर बनाया शतक और 60 रन टर्निंग पिच पर है तो उसका नाम भारत ए टीम के लिये चयनकर्ताओं की सूची में जरूर होगा। उन्होंने कहा , इसी तरह अगर एक तेज गेंदबाज बल्लेबाजों की मददगार पिच पर विकेट ले रहा है तो वह ध्यान खींचेगा ही।

यह हालात के अनुरूप ढलने और अपने कम्फर्ट जोन से बाहर निकलने की बात है। टीमों की बात करें तो मुंबई पर नजरें होंगी जिसके पास अजिंक्य रहाणे, पृथ्वी साव, श्रेयस अय्यर जैसे खिलाड़ी हैं। सरफराज खान भारतीय टीम के साथ होने के कारण नहीं खेलेंगे तो उनके छोटे भाई मुशीर चोटिल हैं।मध्यप्रदेश को आफ स्पिन हरफनमौला सारांश जैन की कमी पहले दौर में खल सकती है जो आस्ट्रेलिया दौरे के लिये भारत ए टीम का हिस्सा हो सकते हैं। कर्नाटक की नजरें विदवत कावेरप्पा और विशाख विजयकुमार पर रहेंगी जबकि मुकेश कुमार बंगाल के लिये एक मैच खेल सकते हैं जिसके बाद उन्हें भारत ए के साथ दौरे पर जाना है। चेतेश्वर पुजारा से रनों का अंबार लगाने की उम्मीद होगी जबकि एक समय भारतीय टीम में उनके साथी रहे खिलाड़ियों को बखूबी पता है कि आस्ट्रेलिया में उनकी कमी खलेगी। यह हालात के अनुरूप ढलने

और अपने कम्फर्ट जोन से बाहर निकलने की बात है।

संक्षेप

जोशी मकाऊ ओपन में भारतीयों में सर्वश्रेष्ठसंयुक्त 19वें स्थान पर

मकाऊ। भारतीय गोल्फर खालिन जोशी ने बृहस्पतिवार को यहां एसजेएम मकाऊ ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दिन बोगी मुक्त दौर खेला जिसमें दो बर्डी शामिल थी जिससे वह संयुक्त 19वें स्थान पर बने हुए हैं। जोशी ने फ्रंट नाइन और बैक नाइन पर एक एक बर्डी लगाकर दो अंडर 68 का कार्ड खेला जिससे वह भारतीयों में सर्वश्रेष्ठ स्थान पर बने हुए हैं। अन्य भारतीयों में एसएसपी चौरसिया संयुक्त 36वें स्थान पर हैं। हनी बेसोया, करणदीप कोचर, वरूण चोपड़ा और सप्तक तलवार इवन पार 70 के कार्ड से संयुक्त 56वें स्थान पर बने हुए हैं। युवराज संधू, अजीतेश संधू और राशिद खान एक ओवर 71 के कार्ड से संयुक्त 80वें स्थान पर काबिज हैं। एस चिक्कारंगप्पा संयुक्त 98वें और यशस चंद्रा संयुक्त 132वें स्थान पर हैं।

दीक्षा करेंगी भारतीय चुनौती की अगुवाई

नयी दिल्ली। अनुभवी दीक्षा डागर इस महीने होने वाले हीरो महिला इंडिया ओपन 2024 में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगी जबकि लेडीज यूरोपीय टूर आर्डर आफ मेरिट में शीर्ष पर काबिज स्विटरजलैंड की चियारा ताम्बुरलिनी खिताब के प्रबल दावेदारों में होंगी। यह टूर्नामेंट 24 से 27 अक्टूबर तक गुरूग्राम के डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब पर खेला जायेगा। इसमें कुल ईनामी राशि चार लाख डॉलर होगी। पिछले साल तीसरे स्थान पर रही दीक्षा के अलावा आठवें स्थान पर रही गौरिका बिश्नोई प्रमुख भारतीय खिलाड़ियों में हैं। आयोजकों द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार तीन पूर्व चैम्पियन क्रिस्टीन वोल्फ (2019), कामिले चेवालियर (2017) और कैरोलिन हेडवाल (2011) भी इसमें भाग लेंगी।

नीतिश ने हरफनमौला प्रदर्शन का श्रेय गौतम गंभीर को दिया

नयी दिल्ली। बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टी20 में भारत की 86 रन से जीत में बल्ले और गेंद से योगदान देने वाले हरफनमौला नीतिश कुमार रेड्डी ने इसका श्रेय मुख्य कोच गौतम गंभीर को देते हुए कहा कि उनका लक्ष्य बांग्लादेशी स्पिनरों को निशाना बनाना था। पिछली बार जब दोनों टीमों का मुकाबला यहां हुआ था तब भारत को बांग्लादेश ने हराया था। दूसरे टी20 में भी पावरप्ले में भारत के शीर्षक्रम के बल्लेबाज आउट हो गए थे लेकिन रेड्डी और रिंकू सिंह ने टीम को जीत तक पहुंचाया। दोनों ने चौथे विकेट के लिये 49 गेंद में 108 रन की साझेदारी की। रेड्डी ने 34 गेंद में सात छक्कों और चार चौकों की मदद से 74 रन बनाये। रेड्डी ने बीसीसीआई द्वारा साझा किये गए वीडियो में कहा , हम आपस में यही बात कर रहे थे कि कोई दबाव नहीं लेना है। हमने स्पिनरों को निशाना बनाने का लक्ष्य रखा था। उन्होंने कहा , ईमानदार से कहूं तो इसका श्रेय गौतम सर को जाता है। उन्होंने काफी आत्मविश्वास दिया। उन्होंने मुझे कहा कि अपनी गेंदबाजी पर भरोसा रखो।उन्होंने कहा कि गेंदबाजी करते समय गेंदबाज की तरह सोचो, ऐसे बल्लेबाज की तरह नहीं जो गेंदबाजी कर सकता है।

कपिल देव ने रतन टाटा की विनम्रता को याद किया

नयी दिल्ली। भारत के 1983 विश्व कप विजेता कप्तान कपिल देव ने प्रतिष्ठित उद्योगपति रतन टाटा को उनकी विनम्रता और जानवरों के प्रति प्रेम के लिए याद करते हुए कहा कि वह स्वतंत्रता के बाद की देश की शीर्ष 10 हस्तियों में शामिल रहेंगे। इंडिया इंक के दिग्गज और टाटा समूह के प्रमुख रतन टाटा का बुधवार को मुंबई में निधन हो गया। कपिल ने गोल्फ के एक कार्यक्रम के दौरान मीडिया से बातचीत के दौरान कहा।

इंग्लैंड ने रिकॉर्ड बुक में जोड़े नये अध्याय

एजेंसी

मुल्तान। टेस्ट क्रिकेट का 2553वां मैच रिकॉर्ड बुक में हमेशा अपना विशेष स्थान बनाए रखेगा क्योंकि इंग्लैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ यहां खेले जा रहे मैच में अपनी पहली पारी सात विकेट पर 823 रन बनाकर समाप्त घोषित करके कुछ नए रिकॉर्ड बनाए। यह टेस्ट क्रिकेट में केवल चौथा अवसर है जबकि किसी टीम ने 800 से अधिक रन बनाए। यह टेस्ट क्रिकेट में चौथा बड़ा स्कोर भी है। रिकार्ड श्रीलंका के नाम पर है जिसने 1997 में भारत के खिलाफ छह विकेट पर 952 रन बना कर अपनी पारी समाप्त घोषित की थी।

श्रीलंका ने तब टेस्ट क्रिकेट में सर्वोच्च स्कोर के इंग्लैंड के रिकॉर्ड को तोड़ा था जिसने 1938 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी पारी सात विकेट पर 903 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी। इंग्लैंड ने इससे पहले 1930 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 849 रन बनाए थे। जो रूट ने 262 रन बनाकर अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली। इस दौरान वह इंग्लैंड की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बने। उन्होंने एलिस्टेयर कुक को पीछे छोड़ा। वह टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में सचिन तेंदुलकर, रिकी पोंटिंग, जाक कैलिस और राहुल द्रविड़

के बाद पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं। हैरी ब्रूक ने 317 रन की बड़ी पारी खेली जो टेस्ट क्रिकेट में किसी एक पारी में सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर की सूची में संयुक्त रूप से 20वें नंबर पर है। वह टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक बनाने वाले इंग्लैंड के छठे बल्लेबाज बन गए हैं। यह 1990 में ग्राहम गूच के भारत के खिलाफ लगाए गए तिहरे शतक के बाद पहला अवसर है जबकि इंग्लैंड के किसी बल्लेबाज ने यह उपलब्धि हासिल की। रूट और ब्रूक ने 454 रन जोड़े जो इंग्लैंड की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में चौथे विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है। सबसे बड़ी साझेदारी का रिकॉर्ड श्रीलंका के कुमार संगकारा और महेला जयवर्धने के नाम पर है जिन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 2006 में 624 रन की साझेदारी की थी। पाकिस्तान के छह गेंदबाजों ने 100 से अधिक रन लुटाए। यह टेस्ट क्रिकेट में केवल दूसरा अवसर है जबकि छह गेंदबाजों ने एक पारी में 100 से अधिक रन दिए। इससे पहले 2004 में जिंबॉब्वे के गेंदबाजों ने श्रीलंका के खिलाफ यह रिकॉर्ड बनाया था।

कोच और कप्तान से नैसर्गिक बल्लेबाजी करने की छूट: रिंकू

नयी दिल्ली। बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में यहां अर्धशतक जमाते हुए हरफनमौला नीतिश रेड्डी के साथ 49 गेंद में 108 रन की साझेदारी कर भारत की जीत की नींव रखने वाले रिंकू सिंह ने कहा कि उन्हें कोच और कप्तान ने अपनी नैसर्गिक बल्लेबाजी करने की छूट दी है। भारत ने बुधवार को पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर नौ विकेट पर 221 रन बनाने के बाद बांग्लादेश को नौ विकेट पर 135 रन पर रोक दिया। इस जीत से भारत ने 2-0 की अजेय बढ़त बना ली।

रिंकू ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, कोच और कप्तान ने किसी भी तरह की परिस्थिति में मुझे अपना नैसर्गिक खेल खेलने के साथ अपने मजबूत पक्ष पर बने रहने की सलाह दी है। रिंकू जब क्रीज पर आये तब टीम मुश्किल में थी।

भारतीय पुरुष टीम ने एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप में जीता कांस्य

नयी दिल्ली। भारतीय पुरुष टीम बृहस्पतिवार को कजाकिस्तान के अस्ताना में चल रही एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में चीनी ताइपे से 0-3 से हार गई जिससे उसे कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। भारतीय महिला टीम ने बुधवार को इसी प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता था जो 1972 से शुरू हुई इस चैम्पियनशिप के इस वर्ग में देश का पहला पदक है।

विश्व रैंकिंग में 42वें नंबर पर काबिज दिग्गज अचंता शरत कमल को दुनिया के सातवें नंबर के प्रतिद्वंद्वी लिन युन जू से कड़ी चुनौती मिली और वह 11-7, 12-10, 11-9 से पराजित हो गये। इसके बाद मानव ठक्कर को दुनिया के 22वें नंबर के खिलाड़ी काओ चेंग-जुई से शिकस्त झेलनी पड़ी। चीनी ताइपे के इस खिलाड़ी ने ठक्कर को 11-9, 8-11, 11-3, 13-11 से हरा दिया। भारतीय टीम 0-2 से पिछड़ रही थी। तीसरे मैच में हरमीत देसाई को भी निराशा का सामना करना पड़ा जो हुआंग यान-चेंग से 6-11, 9-11, 7-11 से हार गये। भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (टीटीएफआई) ने एक विज्ञप्ति में कहा, हार के बावजूद भारतीय पुरुष टीम गर्व महसूस कर सकती है क्योंकि इस प्रतिष्ठित एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतना कोई छोटी उपलब्धि नहीं है। पुरुष और महिला

टीमों ने शानदार जज्बा और दृढ़ संकल्प दिखाया जिससे पता चलता है कि कि भारत अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस में लगातार आगे बढ़ रहा है।

लक्ष्य सेन आर्कटिक ओपन से बाहर

वांता (फिनलैंड)। भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन बृहस्पतिवार को एक गेम की बढ़त गंवाने के बाद प्री क्वार्टरफाइनल में चीनी ताइपे के चोऊटिएन चेन से हारकर आर्कटिक ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गये।

इस 23 साल के भारतीय ने एक घंटे 10 मिनट तक कड़ी मशक्कत की लेकिन सुपर 500 टूर्नामेंट के दूसरे दौर में सातवें वरीय खिलाड़ी से 21-19 18-21 15-21 से हार गये। भारत के लिए दिन काफी खराब रहा और देश के सभी खिलाड़ी दूसरे दौर में बाहर हो गये। भारतीय क्वालीफायर किरण जॉर्ज को पुरुष एकल स्पर्धा में इंडोनेशिया के पांचवें वरीय जोनाटन क्रिस्टी से 17-21 8-21 से हार मिली।

मालविका बंसोड महिला एकल स्पर्धा में रतचानोक इंतानोन से 15-21 8-21 से पराजित हो गई। उन्नति हुड्डा और आकर्षि कश्यप राउंड 16 का मैच गंवा बैठी। उन्नति को कनाडा की मिशेल लि से 10-21 19-21 से और आकर्षि को चीन की दूसरी वरीय हान युए से 9-21 8-21 से पराजय मिली। सतीश कुमार करूणाकरन और आद्या वरियथ की मिश्रित युगल जोड़ी को चेंग जिंग और झांग चि की जोड़ी से 12-21 15-21 से हार मिली। रूतापर्णा पांडा और श्वेतापर्णा पांडा की महिला युगल जोड़ी का सामना शीर्ष वरीय लियू शेंग शु और टान निंग की जोड़ी से होगा।

सिनर शंघाई मास्टर्स के सेमीफाइनल में

एजेंसी

शंघाई। इटली के शीर्ष रैंकिंग पर काबिज यानिक सिनर ने बृहस्पतिवार को यहां शंघाई मास्टर्स में पांचवीं रैंकिंग के दानिल मेदवेदेव को सीधे सेटों में हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सिनर का यह सत्र का पांचवां एटीपी मास्टर्स सेमीफाइनल है। सिनर ने सिर्फ एक ब्रेक प्वाइंट का सामना किया और रूसी खिलाड़ी को 6-1, 6-4 से शिकस्त दी। अब उनका सामना दूसरे रैंकिंग के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज और टॉमस मचाक के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा। वहीं वुहान ओपन में कोको गॉफ ने एक

गॉफ वुहान ओपन के क्वार्टरफाइनल में

घंटे से ज्यादा चले मुकाबले में 17वीं रैंकिंग की मार्टा कास्तयुक को 6-4, 6-1 से शिकस्त देकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। गॉफ का सामना 45वीं रैंकिंग की मारग्डा लिनेटे से होगा जिन्होंने आठवीं वरीयता प्राप्त दारिया कसातकिना को 6-2, 6-3 से हराया। तीसरी रैंकिंग जेसिका पेगुला को 51वीं रैंकिंग की वांग जिन्यु से 3-6, 5-7 से हार का सामना करना पड़ा। हेली बापटिस्टे को इकेटरीना एलेक्सांद्रोवा ने 6-1, 6-1 से पराजित किया। पेरिस ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता झेंग किनवेन ने लेला फर्नांडिज को 5-7, 6-3, 6-0 से और छठी रैंकिंग की जैस्मिन पाओलिनी ने एरिका आंद्रीवा को 6-3, 6-2 से शिकस्त दी।

वुहान ओपन: गॉफ क्वार्टर फाइनल में पहुंची

वुहान (चीन) 10 अक्टूबर (एपी) अमेरिका की खिलाड़ी कोको गॉफ ने गुरुवार को यहां 17वीं रैंकिंग वाली यूक्रेन की मार्टा कोस्त्युक को एकतरफा मुकाबले में 6-4, 6-

1 से हराकर वुहान ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज गॉफ की यह डब्ल्यूटीए टूर के एशियाई दौरे पर लगातार आठवीं जीत है, इससे पहले इन्होंने पिछले हफ्ते चीन ओपन खिताब भी जीता था। गॉफ का अगला मुकाबला अब 45वें नंबर की खिलाड़ी मैग्डा लिनेट से है, जो इसी हफ्ते आठवीं वरीयता प्राप्त डारिया कसाटकिना को 6-2, 6-3 से पराजित कर शानदार फॉर्म में चल रही हैं। तीसरे नंबर की खिलाड़ी जेसिका पेगुला और हैली बैपटिस्टे दोनों के हारने के बाद गॉफ इस टूर्नामेंट में बची एकमात्र अमेरिकी होंगी। अमेरिकी ओपन की फाइनलिस्ट पेगुला पर चीन की 51वीं रैंकिंग वाली वांग शिन्यू ने 6-3, 7-5 से जीत दर्ज करके पहली बार डब्ल्यूटीए 1000 क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। वहीं पिछले दौर में अपनी पहली जीत के बाद बैपटिस्टे को एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा ने 6-1, 6-1 से करारी शिकस्त दी। मौजूदा अमेरिकी ओपन चैंपियन सबालेंका का वुहान ओपन में रिकॉर्ड 13-0 है।

भारत में अंतरराष्ट्रीय घुड़सवारी प्रतियोगिता की वापसी

बेंगलुरु। भारत में 14 साल बाद अंतरराष्ट्रीय घुड़सवारी टूर्नामेंट की वापसी होगी जिसमें एशियाई स्तर की शोजंपिंग प्रतियोगिता एशियाई घुड़सवारी महासंघ कप का आयोजन 11 से 13 अक्टूबर तक किया जायेगा। भारतीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई) ने बृहस्पतिवार को यह घोषणा की। मेजबान भारत सहित कुल 11 देश बेंगलुरु में प्रतिस्पर्धा करेंगे। ई सूर्या आदित्य और अविक भाटिया भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। ईएफआई के महासचिव कर्नल जयवीर सिंह ने कहा, ईएफआई को 14 साल बाद इस एफईआई द्वारा स्वीकृत अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट को भारत लाने पर गर्व है। यह ईएफआई के लिए तो गर्व की बात है ही और भारतीय घुड़सवारों के लिए स्वदेश में ही शीर्ष स्तरीय प्रतियोगिता का अनुभव करने का एक शानदार मौका है।

स्मृति व मैं पूर्व योजना के साथ नहीं उतरते : शेफाली

एजेंसी

दुबई। भारतीय बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने कहा कि वह और उनकी सलामी जोड़ीदार स्मृति मंधाना किसी विशेष प्रकार की गेंदबाजी के लिए मैदान पर पूर्व निर्धारित योजना के साथ मैच में नहीं उतरतीं जिससे उन्हें सफलता हासिल करने में मदद मिली है। इन दोनों ने बुधवार को श्रीलंका पर भारत की 82 रन की शानदार जीत के दौरान 98 रन की साझेदारी की।

मंधाना ने 50 रन की अपनी पारी के दौरान स्पिनरों को निशाना बनाया क्योंकि पहले वह आमतौर पर स्पिनरों को खेलने के लिए शेफाली पर निर्भर रहती थी। शेफाली ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, जैसा कि आपने कहा कि हमारा संयोजन बहुत अच्छा है। अब हम पहले से तय नहीं रहते। जो भी उस दिन गेंद से बल्ला अच्छी तरह कनेक्ट कर रहा होता है तो हम उसे

ज्यादा गेंद खेलने देते हैं। उन्होंने कहा, अभी वह स्पिनरों को बहुत अच्छी तरह से हिट कर रही है। इसलिए यह अच्छी बात है। और हम दोनों ही जितना हो सके उतनी अच्छी शुरुआत देने की कोशिश करते हैं। टीम के लिए अच्छी पारी बनाना और अच्छा लक्ष्य देने की कोशिश करते हैं। न्यूजीलैंड से मिली हार और पाकिस्तान पर जीत के बाद भारत ने श्रीलंका को हराकर अपना नेट रन रेट बढ़ा दिया जिससे वह ग्रुप ए में दूसरे स्थान पर पहुंच गया।

भारतीय खिलाड़ी दुनिया में सर्वश्रेष्ठ और सभी परिस्थितियों में अच्छा खेलते हैं: तस्कीन अहमद

नयी दिल्ली। बांग्लादेश के तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद का मानना है कि भारतीय खिलाड़ी दुनिया में सर्वश्रेष्ठ हैं और किसी भी परिस्थिति में अच्छी बल्लेबाजी कर सकते हैं। उन्होंने यह भी माना कि बल्लेबाजी की कमजोरियों ने चल रही टी20 श्रृंखला में बांग्लादेश को निराश किया है, जिसमें मेजबान भारत एक मैच शेष रहते 2-0 से अजेय बढत बना चुका है।

उषा ने अविश्वास प्रस्ताव को अवैध घोषित किया

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने गुरुवार को आईओए स्टाफ को संयुक्त सचिव कल्याण चौबे और कार्यकारी परिषद के बाकी सदस्यों से कोई भी निर्देश लेने से रोक दिया।

उन्होंने इसके साथ ही 25 अक्टूबर को होने वाली विशेष आमसभा (एसजीएम) के लिए चौबे द्वारा घोषित किए गए एजेंडा को अवैध और अनधिकृत करार दिया। चौबे ने बुधवार को आईओए के आधिकारिक लेटरहेड पर एक सर्कुलर जारी किया जिसमें 25 अक्टूबर को होने वाली आमसभा की बैठक के लिए 26 एजेंडा शामिल किए गए थे। इनमें कथित संवैधानिक उल्लंघनों से जुड़े मामलों के लिए उषा के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का विषय भी शामिल है। चौबे ने आईओए के संयुक्त सचिव और कार्यवाहक सीईओ के रूप में इस पर हस्ताक्षर किए थे। उषा ने घोषणा की कि चौबे कार्यवाहक सीईओ के पद पर नहीं हैं।

जनवरी में रघुराम अय्यर के पद संभालने से पहले चौबे ने आईओए के कार्यवाहक सीईओ के रूप में कार्य किया था। उषा ने यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति में चौबे की कार्वाई को अवैध और आईओए संविधान का उल्लंघन बताया। उन्होंने कहा, आईओए संविधान के अनुच्छेद 8.1 के अनुसार आईओए के अध्यक्ष के रूप में मैंने पहले ही तीन अक्टूबर 2024 को विशेष आम सभा को लेकर नोटिस जारी किया था। इसके अलावा मैंने आईओए के संयुक्त सचिव कल्याण चौबे को बैठक बुलाने या 25 अक्टूबर को होने वाली एसजीएम का एजेंडा घोषित करने के लिए अधिकृत नहीं किया है।

टेनिस को अलविदा कह देंगे रिचर्ड गास्केट

पेरिस। फ्रांस के शीर्ष टेनिस खिलाड़ी रिचर्ड गास्केट ने गुरुवार को कहा कि वह अगले साल होने वाले फ्रेंच ओपन के बाद संन्यास ले लेंगे। इस 38 वर्षीय खिलाड़ी को अपने एक हाथ से लगाए गए बैकहैंड के लिए जाना जाता है लेकिन वह अभी तक अपने करियर में कोई ग्रैंड स्लैम खिताब नहीं जीत पाए हैं। गास्केट ने फ्रांस के एक समाचार पत्र से कहा, मैं अगले साल फ्रेंच ओपन के बाद खेलना बंद कर दूंगा। मेरा मानना है कि यह मेरे लिए टेनिस से संन्यास लेने का सबसे उपयुक्त समय होगा। उन्होंने कहा, संन्यास लेने के लिए यह सर्वश्रेष्ठ टूर्नामेंट है। फ्रांस का खिलाड़ी होने के कारण हम सौभाग्यशाली हैं कि हमें इस अविश्वसनीय टूर्नामेंट में संन्यास लेने का मौका मिलता है। खेल को अलविदा कहना आसान नहीं होता है जैसा कि सभी पूर्व खिलाड़ी कहा करते थे। आप नहीं जानते कि आपके करियर का कब और कहां अंत होगा। मेरे मामले में यह स्पष्ट था। गास्केट अपने करियर में 2007 में अपनी सर्वश्रेष्ठ सातवीं रैंकिंग पर पहुंचे थे।

हॉकी इंडिया लीग नीलामी में एक हजार खिलाड़ियों की लगेगी बोली

एजेंसी

नयी दिल्ली। हॉकी इंडिया लीग के लिये 13 से 15 अक्टूबर को यहां होने वाली खिलाड़ियों की नीलामी में 1000 से अधिक भारतीय और विदेशी खिलाड़ियों पर बोली लगेगी। यह लीग सात साल बाद वापसी कर रही है जिसमें पहली बार पुरूषों के साथ महिलाओं की लीग भी खेली जायेगी।

हॉकी इंडिया ने यहां जारी एक विज्ञप्ति में कहा कि पुरूष वर्ग में आठ टीमों की स्पर्धा के लिये नीलामी 13 और 14 अक्टूबर को होगी जबकि पहली महिला लीग के लिये 15 अक्टूबर को नीलामी होगी। इसमें कहा गया , इस नीलामी के जरिये विश्व की सबसे रोमांचक हॉकी स्पर्धाओं में से एक हॉकी इंडिया लीग ही बहाल नहीं हो रही बल्कि भारत में महिला हॉकी को बढावा देने की दिशा में भी यह बड़ा कदम है। दोनों नीलामियों के लिये 1000 से अधिक खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। पुरूष वर्ग में 400 से अधिक रजिस्टर्ड खिलाड़ी भारतीय हैं जबकि 150 से अधिक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हैं। महिला वर्ग में 250 भारतीय और 70 विदेशी खिलाड़ी हैं। खिलाड़ियों को तीन बेसप्राइज वर्ग दो लाख, पांच लाख और दस लाख रूपये में रखा गया है। पुरूष वर्ग में भारत की ओलंपिक कांस्य पदक विजेता टीम के सदस्य कप्तान हरमनप्रीत सिंह, उपकप्तान हार्दिक सिंह, अनुभवी खिलाड़ी मनप्रीत सिंह और मनदीप सिंह के अलावा पूर्व दिग्गज रूपिंदर पाल सिंह, बीरेंद्र लाकड़ा, धरमवीर सिंह ने भी अपने नाम दिये हैं। अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों में आर्थर वान डोरेन, अलेक्जेंडर हेंडरिक्स, गोंजालो पेलाट, यिप यानसेन, थियरी ब्रिंकमैन और डायान कासिम शामिल हैं। महिला वर्ग में अनुभवी गोलकीपर सविता, कप्तान सलीमा टेटे, उदीयमान खिलाड़ी दीपिका, अनुभवी वंदना कटारिया, लालरेम्सियामी के अलावा पूर्व खिलाड़ी योगिता बाली, लिलिमा मिंज, नमिता टोप्पो ने भी नाम दर्ज कराये हैं। अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों में डेलफिना मेरिनो, चार्लोट स्टापेनहोर्स्ट, मारिया ग्रानाटो, रशेल लिंच शामिल है। हर टीम में 24 खिलाड़ी होंगे जिनमें से 16 भारतीय (कम से कम चार जूनियर अनिवार्य) और आठ विदेशी होंगे। लीग 28 दिसंबर से ओडिशा के राउरकेला में शुरू होगी। मैन रांची और राउरकेला में खेले जायेंगे। महिला लीग का फाइनल 26 जनवरी को रांची में और पुरूष फाइनल एक फरवरी को राउरकेला में होगा।

ध्यानचंद स्टेडियम पर अंतरराष्ट्रीय हॉकी की वापसी को लेकर उत्साह का माहौल

नयी दिल्ली। पिछले एक दशक से खाली पड़ी कुर्सियों और मैदान के साथ बाहर लगी मेजर ध्यानचंद की आदमकद प्रतिमा को भी उनके नाम पर बने स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय हॉकी की वापसी का इंतजार था। तमाम आधुनिक सुविधायें, एक मुख्य पिच और दो अभ्यास पिच, नीली एस्ट्रो टर्फ, 16,200 दर्शक क्षमता और लुटियंस दिल्ली इलाका। यह यकीन करना मुश्किल है कि यहां दस साल से अंतरराष्ट्रीय हॉकी नहीं हुई लेकिन ओडिशा सरकार के हॉकी का प्रायोजक बनने के बाद से भुवनेश्वर और राउरकेला भारत में अंतरराष्ट्रीय हॉकी के गढ़ बन गए और विश्व कप, प्रो लीग, चैम्पियंस ट्रॉफी जैसे टूर्नामेंट वहीं हुए। भारतीय हॉकी का मंदिर कहे जाने वाले मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम पर 23 और 24 अक्टूबर को जर्मनी के खिलाफ दो मैचों के साथ ही बरसों की बेनूरी खत्म होगी। दिल्ली के दिल में बने इस ऐतिहासिक स्टेडियम में हॉकी की वापसी को लेकर यहां अकादमी में खेलने वाले बच्चों के साथ पूर्व खिलाड़ियों, कोच, प्रशासकों में भी काफी उत्साह है। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा कि तोक्यो और पेरिस ओलंपिक में भारतीय पुरूष टीम के कांस्य पदक जीतने के बाद हॉकी की लोकप्रियता जिस तरह से बढ़ी है।

बंगाल में अन्याय से लड़ने को भाजपा प्रतिबद्ध

देश के विकास एवं भारत की अर्थव्यवस्था में रतन टाटा के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता: नड्डा

एजेंसी

कोलकाता। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी पार्टी पश्चिम बंगाल में हो रहे अन्याय से लड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने कोलकाता में दुर्गा पूजा पंडाल पहुंचने के बाद यह बात कही। कोलकाता में आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में महिला चिकित्सक से बलात्कार-हत्या के मामले को लेकर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। नड्डा एक दिवसीय यात्रा के लिए पूर्वाह्न करीब 11 बजे कोलकाता पहुंचे। भाजपा की राज्य इकाई के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी भी उनके साथ थे। पहले वह सप्तमी के अवसर पर हावड़ा में रामकृष्ण मिशन के मुख्यालय बेलूर मठ पहुंचे। वहां से वह संतोष मित्रा चौक पूजा कमेटी के पंडाल पहुंचे, जिसके प्रमुख भाजपा के नेता सजल घोष हैं। लास वेगास क्षेत्र की तर्ज पर बनाए गए पंडाल में देवी दुर्गा के समक्ष प्रार्थना करने के बाद नड्डा ने पश्चिम बंगाल में अन्याय से लड़ने के लिए भाजपा की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, दुर्गा पूजा हमें नया जोश और तब तक अन्याय के खिलाफ लड़ने की नयी ऊर्जा देती है, जब तक कि सत्य और न्याय की जीत न हो जाए। नड्डा ने दुर्गा पूजा के अवसर पर राज्य के लोगों को शुभकामनाएं दीं और इस त्योहार के सांस्कृतिक महत्व तथा अन्याय से लड़ने की भावना को पुनर्जीवित करने में इसके महत्व को रेखांकित किया। बाद में, वह बांग्ला को शास्त्रीय भाषा घोषित करने के केंद्र के फैसले के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करने के सिलसिले में आयोजित की गई गणमान्य हस्तियों की एक बैठक में भाग लेंगे। वहीं दूसरी ओर

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने बृहस्पतिवार को प्रसिद्ध उद्योगपति रतन टाटा के निधन पर शोक जताते हुए कहा कि देश के विकास एवं भारत की अर्थव्यवस्था में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। टाटा समूह के मानद चेयरमैन रतन टाटा का बुधवार देर रात मुंबई के एक अस्पताल में निधन हो गया। वह 86 वर्ष के थे। वह पिछले कुछ दिनों से ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती थे। नड्डा ने एक बयान में कहा, पूरी दुनिया में भारत का परचम लहराने वाले भारत के औद्योगिक दिग्गज और परोपकार के प्रतीक रतन टाटा जी के निधन से गहरा दुःख हुआ। उन्होंने कहा कि औद्योगिक जगत के साथ-साथ समाज के लिए उनके द्वारा किये गए उल्लेखनीय योगदान ने देश और पूरी दुनिया पर एक अमिट छाप छोड़ी है। उन्होंने कहा, वह न केवल उद्योग जगत के एक आइकन एवं प्रमुख स्तंभ थे बल्कि विनम्रता, ईमानदारी और करुणा के भी पर्याय थे। देश के विकास एवं भारत की अर्थव्यवस्था में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

भाजपा अध्यक्ष ने रतन टाटा के परिजनों, टाटा परिवार के सभी सदस्यों और उन सभी लोगों के प्रति अपनी गहरी संवेदना प्रकट की जिनके जीवन को उन्होंने छुआ। उन्होंने कहा, उनकी विरासत आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करती रहेगी। रतन टाटा का पार्थिव शरीर बृहस्पतिवार को सुबह 10 बजे से अपराह्न साढ़े तीन बजे तक दक्षिण मुंबई में नरीमन प्वाइंट स्थित राष्ट्रीय प्रदर्शन कला केंद्र (एनसीपीए) में लोगों के अंतिम दर्शन के लिए रखा गया है।

पीएम मोदी ने रामायण का लाओ संस्करण देखा, बौद्ध भिक्षुओं का आशीर्वाद लिया

विएंतियान। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को रामायण के लाओ संस्करण की मनमोहक प्रस्तुति देखी, जो भारत और लाओस के बीच साझा विरासत एवं सदियों पुराने सभ्यतागत संबंधों को दर्शाता है। प्रधानमंत्री मोदी आसियान-भारत और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए लाओस की राजधानी में हैं। विएंतियान पहुंचने के बाद उन्होंने लाओ रामायण फलक फालम या फलक फ्राम की एक कड़ी का मंचन देखा, जिसे प्रतिष्ठित रॉयल थिएटर ऑफ लुआंग प्रबांग के कलाकारों ने प्रस्तुत किया।

प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लाओ रामायण की मनमोहक प्रस्तुति देखी, जिसे फलक फालम या फलक फ्राम के नाम से जाना जाता है। रामायण की यह अनूठी प्रस्तुति भारत और लाओ पीडीआर के बीच गहरे सांस्कृतिक संबंधों और साझा विरासत को दर्शाती है। फलकफ्राम डॉट कॉम के मुताबिक, लाओ रामायण मूल भारतीय संस्करण से अलग है। बौद्ध समूहों के माध्यम से यह 16वीं शताब्दी के आसपास लाओस पहुंचा था। मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया, विजय दशमी कुछ दिन दूर है और आज लाओ पीडीआर में मैंने लाओ रामायण का एक भाग देखा, जिसमें रावण पर प्रभु श्रीराम की जीत पर प्रकाश डाला गया है। यह देखकर खुशी होती है कि यहां के लोग रामायण से जुड़े हुए हैं। प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद सदैव हम पर बना रहे। प्रधानमंत्री ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर फलक फालम या फलक फ्राम की उस कड़ी की कुछ झलकियां भी साझा कीं, जो उन्होंने लाओ पीडीआर में देखी।

संक्षेप

अमेरिका ने रतन टाटा के निधन पर शोक जताया

वाशिंगटन। अमेरिका ने बुधवार को वरिष्ठ उद्योगपति रतन नवल टाटा के निधन पर शोक व्यक्त किया और उन्हें भारत को अधिक समृद्धि तथा विकास की ओर अग्रसर करने वाले व्यक्ति के रूप में याद किया। टाटा समूह के पूर्व अध्यक्ष रतन टाटा (86) ने एक छोटे से समूह को भारत के सबसे बड़े और सबसे प्रभावशाली समूहों में से एक में बदल दिया। उनका दक्षिण मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में बुधवार रात निधन हो गया था। गूगल और अल्फाबेट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सुंदर पिचाई ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, रतन टाटा के साथ गूगल में मेरी आखिरी मुलाकात में हमने वेमो की प्रगति के बारे में बात की और उनका दृष्टिकोण प्रेरणादायक था। वे एक असाधारण व्यवसाय और परोपकारी विरासत छोड़ गए हैं और उन्होंने भारत में आधुनिक व्यावसायिक नेतृत्व को मार्गदर्शन और विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अमेरिका-भारत व्यापार परिषद (यूएसआईबीसी) के अध्यक्ष अतुल केशप ने पीटीआई-भाषा को बताया कि पद्म विभूषण से सम्मानित व्यक्ति भारत के अद्वितीय और महान पुत्र, कुलीनता और उदारता के आदर्श थे।

ताइवान ने चीन की धमकियों के बीच मनाया राष्ट्रीय दिवस

एजेंसी

ताइपे। ताइवान ने चीन से मिलने वाली धमकियों के बीच बृहस्पतिवार को अपना राष्ट्रीय दिवस मनाया। चीन स्वशासित द्वीपीय गणराज्य को अपना क्षेत्र बताकर उस पर दावा करता रहा है।

यह उत्सव चीन गणराज्य की स्थापना का प्रतीक है, जिसने 1911 में छिंग राजवंश को उखाड़ फेंका था। 1949 में गृह युद्ध के बाद माओत्से तुंग के कम्युनिस्टों ने मुख्य भूमि पर कब्जा जमा लिया था। 1980 और 1990 के दशक में पूर्ण लोकतंत्र को अपनाने तक ताइवान में मार्शल लॉ लागू था, लेकिन वहां चीन से लाया गया मूल संविधान और चीनी गणराज्य का ध्वज भी कायम था। राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी के आठ साल के शासन को जारी रखते हुए मई में पदभार संभाला।

यह पार्टी ताइवान को चीन का हिस्सा मानने से इनकार करती है। द नेशनलिस्ट एकीकरण के रुख को स्वीकार करती हैं जो ताइवान जलडमरूमध्य के दोनों किनारों को एक राष्ट्र के रूप में मान्यता देता है। राष्ट्रीय दिवस के दौरान बृहस्पतिवार को लाई और अन्य गणमान्य लोगों ने भाषण दिए।

यूक्रेन में शांति के लिए नाटो नेताओं से मिल रहे जेलेंस्की

एजेंसी

लंदन। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की रूस के खिलाफ युद्ध के लिए अपनी शांति योजना पर ब्रिटेन और नाटो के नेताओं के साथ बातचीत के लिए बृहस्पतिवार को लंदन पहुंचे। जेलेंस्की ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीअर स्टॉर्मर और नाटो महासचिव मार्क रूते से मुलाकात करेंगे। उसके बाद वह राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मिलने के लिए पेरिस की यात्रा करेंगे। जेलेंस्की ने कहा कि वह योजना पर चर्चा के लिए इस सप्ताह जर्मनी और इटली के नेताओं से भी मुलाकात करेंगे। जेलेंस्की को जर्मनी में पश्चिमी देशों के नेताओं और रक्षा मंत्रियों के साथ सप्ताहांत बैठक में अपनी योजना का खाका प्रस्तुत करना था लेकिन इस बैठक को स्थगित कर दिया गया क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने फ्लोरिडा में तूफान मिल्टन के दस्तक देने के बाद देश में ही रहने का हवाला दिया था। जेलेंस्की ने बुधवार को कहा कि उन्हें उम्मीद है कि बैठक की तारीख जल्द ही फिर तय कर ली जाएगी।

जेलेंस्की की योजना के विवरण को गुप्त रखा गया था हालांकि उसकी रूपरेखा सामने आ गयी है, जिसमें 2022 में शुरू हुए युद्ध के बाद से पश्चिमी सहयोगियों द्वारा विचार किए जा रहे निर्णयों पर त्वरित कार्वाई की आवश्यकता शामिल है। जेलेंस्की ने बुधवार को क्रोएशिया में दक्षिण-पूर्वी यूरोपीय देशों के नेताओं के साथ एक शिखर सम्मेलन में कहा कि इस योजना का उद्देश्य रूस के साथ किसी भी तरह की बातचीत से पहले यूक्रेन को भू-राजनीतिक और युद्ध के मैदान दोनों स्तर पर मजबूत बनाना है।

खरगे और राहुल ने वरिष्ठ नेताओं के साथ की हरियाणा की हार पर समीक्षा

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में पार्टी की हार के कारणों पर बृहस्पतिवार को वरिष्ठ पर्यवेक्षकों तथा प्रभारी के साथ समीक्षा की। खरगे के आवास 10 राजाजी मार्ग पर हुई इस समीक्षा बैठक में कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, इस चुनाव में वरिष्ठ पर्यवेक्षक की भूमिका निभाने वाले राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और कोषाध्यक्ष अजय माकन तथा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के दो अन्य पदाधिकारी थे। प्रभारी दीपक बाबरिया वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े क्योंकि वह पिछले कुछ सप्ताह से अस्वस्थ हैं। बैठक के बाद माकन ने संवाददाताओं से कहा, इस बैठक में हरियाणा के चुनाव नतीजों की समीक्षा की गई। आप लोग (मीडिया) भी इस बात को मानते होंगे कि नतीजे अप्रत्याशित थे। एग्जिट पोल और असल नतीजों में जमीन और आसमान का फर्क था। अलग अलग कारण क्या हो सकते हैं, इस पर चर्चा की गई। उनका कहना था कि आगे के कदमों की जानकारी बाद में दी जाएगी। इस बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और कांग्रेस महासचिव कुमारी सैलजा के नहीं शामिल होने के बारे में पूछे जाने पर माकन ने कहा कि जिनको बुलाया गया था, वो सभी आए थे।

कांग्रेस ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के परिणाम से जुड़ी शिकायतों के बारे में बुधवार को निर्वाचन आयोग को अवगत कराया था और इनकी जांच की मांग की थी। मुख्य विपक्षी दल के वरिष्ठ नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने आयोग से यह आग्रह भी किया था कि उन इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) को जांच पूरी होने तक सील करके सुरक्षित रखा जाए, जिनको लेकर सवाल उठे हैं।

कांग्रेस ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजों को अप्रत्याशित और लोक भावना के खिलाफ करार देते हुए मंगलवार को कहा था कि इस जनादेश को स्वीकार नहीं किया जा सकता क्योंकि राज्य में तंत्र की जीत और लोकतंत्र की हार हुई है। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने दावा किया था कि कई विधानसभा क्षेत्रों से ईवीएम को लेकर शिकायतें आई हैं तथा जिन ईवीएम की बैट्री 99 प्रतिशत चार्ज थी उनमें कांग्रेस उम्मीदवारों की हार हुई है।

गाजा में इजराइली हमला, 21 की मौत

एजेंसी

दीर अल-बला। फलस्तीनी चिकित्सा अधिकारियों ने बताया कि बृहस्पतिवार को गाजा में विस्थापित लोगों को आश्रय देने वाले एक स्कूल पर इजराइली हमले में कम से कम 21 लोगों की मौत हो गयी।

अधिकारियों ने बताया कि मृतक संख्या बढ़ सकती है। इजराइल ने फलस्तीनी क्षेत्र में उग्रवादी ठिकानों पर हमले जारी रखे हैं, जबकि उसका ध्यान लेबनान में हिजबुल्ला के खिलाफ युद्ध और ईरान के साथ बढ़ते तनाव पर केंद्रित है। उसने इस सप्ताह की शुरुआत में उत्तरी गाजा में हमास के विरुद्ध बड़े पैमाने पर हवाई और जमीनी अभियान शुरू किया था। अल-अक्सा शहीदी अस्पताल ने दीर अल-बला के केंद्रीय शहर में हुए हमले में मारे गए लोगों की संख्या की पुष्टि की है। हमले के बाद हताहतों को इसी अस्पताल में लाया गया था। उसने कहा कि हमले में कई अन्य लोग घायल हुए हैं। एसोसिएटेड प्रेस के एक संवाददाता ने अस्पताल में एक के बाद एक कई एंबुलेंस को आते देखा और शवों की गिनती की। अस्पताल में कई शव क्षत-विक्षत अवस्था में पहुंचे थे।

इजराइली सेना की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हमले का लक्ष्य आश्रय गृह के अंदर हमास द्वारा संचालित पुलिस की अस्थायी चौकी थी। पिछले साल सात अक्टूबर को हुए हमले के बाद युद्ध की शुरुआत होने के एक साल से भी अधिक समय बाद हमास ने इजराइली सेना पर हमले जारी रखे हैं तथा इजराइल में कभी कभार रॉकेट दागे हैं।

लद्दाख को दुनिया की सबसे ऊंची एमएसीई वेधशाला मिली

एजेंसी

लेहाजम्मू। केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख को मेजर एटमॉस्फेरिक चेरेनकोव एक्सपेरीमेंट वेधशाला मिली है, जो दुनिया की सबसे ऊंची इमेजिंग चेरेनकोव दूरबीन है और यह हान्ले में 4,300 मीटर से अधिक की ऊंचाई पर स्थित है। यह वेधशाला अंतरिक्ष और ब्रह्मांडीय किरण अनुसंधान क्षमताओं में भारत की प्रगति को रेखांकित करती है। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि परमाणु ऊर्जा विभाग के सचिव और परमाणु ऊर्जा आयोग के अध्यक्ष डॉ. अजीत कुमार मोहंती ने यहां एमएसीई वेधशाला का आधिकारिक रूप से उद्घाटन किया।

उन्होंने बताया कि इसका निर्माण भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र द्वारा इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड और अन्य भारतीय उद्योग भागीदारों के सहयोग से स्वदेशी रूप से किया गया है। उनके मुताबिक, एमएसीई एशिया का सबसे बड़ा इमेजिंग चेरेनकोव टेलीस्कोप है। उद्घाटन समारोह डीएई के प्लेटिनम जुबली समारोह के तहत आयोजित किया गया।

इंटरटेनमेंट...

'ऑल वी इमेजिन एज लाइट' नवंबर में होगी रिलीज

नयी दिल्ली। फिल्म निर्माता पायल कपाड़िया की फिल्म ऑल वी इमेजिन एज लाइट अगले महीने नंवबर में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इससे पहले अगले सप्ताह होने वाले मुंबई एकेडमी ऑफ मूविंग इमेज (मामी) मुंबई फिल्म फेस्टिवल में इसका प्रीमियर जारी किया जाएगा।

फिल्म ऑल वी इमेजिन एज लाइट को 77वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में ग्रां प्री पुरस्कार मिला था। राणा दग्गुबाती के प्रोडक्शन हाउस स्पिरिट मीडिया ने 21 सितंबर को केरल के कुछ ही सिनेमाघरों में मलयालम-हिंदी फिल्म रिलीज की थी। फिल्म ऑल वी इमेजिन एज लाइट दो अक्टूबर को फ्रांस के सिनेमाघरों में रिलीज की गई थी। कान्स फिल्म फेस्टिवल में मई में ग्रां प्री पुरस्कार जीतने वाली पहली भारतीय फिल्म निर्माता कपाड़िया ने कहा कि वह देश के अन्य हिस्सों में भी फिल्म के रिलीज होने का इंतजार कर रही हैं। फिल्म निर्देशक ने एक बयान में कहा, भारत में नवंबर में रिलीज होने वाली फिल्म के लिए मैं बहुत उत्साहित हूं।

मुझे उम्मीद है कि बहुत से लोग इसे देखने जाएंगे। किसी भी फिल्म निर्माता के लिए यह एक अद्भुत एहसास है। कनी कुसरुति और दिव्या प्रभा द्वारा निर्देशित फिल्म ऑल वी इमेजिन एज लाइट केरल की दो नर्सों प्रभा और अनु की कहानी है, जो मुंबई में साथ रहती हैं। मलयालम में फिल्म का नाम प्रभाय निनाचथेलम है। मामी मुंबई फिल्म फेस्टिवल में 18 अक्टूबर को फिल्म ऑल वी इमेजिन एज लाइट का प्रीमियर के साथ ही महोत्सव की शुरुआत होगी।

रतन टाटा को श्रद्धांजलि देने दिलजीत दोसांझ ने रोका कॉन्सट

मुंबई। पंजाबी सिंगर और एक्टर दिलजीज दोसांझ इन दिनों म्यूजिकल वर्ल्ड टूर पर हैं। बीती रात वे जर्मनी में कॉन्सर्ट कर रहे थे। इसी दौरान जब उन्हें इंडस्ट्रियलिस्ट रतन टाटा के निधन की खबर मिली तो उन्होंने बीच में ही अपनी परफॉर्मेंस रोक दी। दिलजीत ने स्टेज से ही टाटा को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कभी किसी के बारे में बुरा नहीं बोलाः दिलजीत सिंगर ने कहा- 'रतन टाटा जी को आप सभी जानते ही हैं। उनका आज देहांत हो गया है। मुझे कभी रतन टाटा से मिलने का मौका नहीं मिला, पर मैंने उनसे काफी-कुछ सीखा है।

आज रतन टाटा का नाम लेना मैंने इसलिए जरूरी समझा क्योंकि उन्होंने जिस तरह से अपनी लाइफ जी, जितना मैंने उनके बारे में पढ़ा और सुना, मैंने आज तक कभी नहीं देखा कि उन्होंने किसी के बारे में कभी बुरा बोला हो। उन्होंने हमेशा कड़ी मेहनत की, लोगों की मदद की और हमेशा अच्छा काम किया। लोगों को उनके जैसा ही होना चाहिए। बोले- उनसे पॉजिटिव सोचना सीख सकते हैं दिलजीत ने आगे कहा- 'रतन टाटा की जिंदगी से हम एक चीज सीख सकते हैं कि हमेशा पॉजिटिव सोचें, कड़ी मेहनत करें और दूसरों की मदद करें या उनके किसी काम आएं।' दिलजीत का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है।

एक्ट्रेस शिल्पा शिरोडकर की 'बिग बॉस 18' में एंट्री

मुंबई। एक्ट्रेस शिल्पा शिरोडकर ने 'बिग बॉस 18' में कंटेस्टेंट के तौर पर एंट्री की है, जिसकी होस्टिंग सलमान खान कर रहे हैं। शिल्पा ने सलमान के साथ मंच साझा करने की अपनी खुशी जाहिर की। शिल्पा ने कहा कि भले ही वे दोनों एक ही इंडस्ट्री से हैं, लेकिन उनके बीच ज्यादा प्रोफेशनल या पर्सनल मुलाकात नहीं हुई।

मैं 'बिग बॉस' की बहुत बड़ी फैन हूं, और मेरे लिए ये शो करना जैसे एक सपने के सच होने जैसा है। कभी-कभी सोचती हूं, क्या मैं नॉर्मल हूं? क्या मैं सही कर रही हूं? ये मेरे लिए पहली बार है कि मैं किसी रियलिटी शो का हिस्सा बन रही हूं, और अब देखना है कि क्या होता है। लेकिन सच में, मैं बहुत एक्साइटेड हूं। मैंने 'बिग बॉस' के सारे सीजन देखे हैं। मेरे लिए इइ13 सबसे खूबसूरत सीजन था। वो सच में बहुत रियल था।

धन शोधन मामला : शिल्पा वराज कुंद्रा ईडी के नोटिस पर उच्च न्यायालय पहुंचे

मुंबई। अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके कारोबारी पति राज कुंद्रा ने धन शोधन के एक मामले के संबंध में उनके मुंबई के जुहू इलाके में स्थित आवास और पुणे में एक फार्महाउस को खाली करने के प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के नोटिस को बंबई उच्च न्यायालय में चुनौती दी है।

न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति पृथ्वीराज चव्हाण की खंडपीठ ने बुधवार को याचिकाओं पर सुनवाई की। अदालत ने ईडी को नोटिस जारी किया और मामले पर अगली सुनवाई के लिए बृहस्पतिवार का दिन तय किया। याचिकाओं में शेट्टी और कुंद्रा को 27 सितंबर को जारी ईडी नोटिस को चुनौती दी गयी है जिसमें उन्हें कथित बिटकॉइन धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन मामले के संबंध में यहां अपना आवासीय परिसर और पुणे में एक फार्महाउस 10 दिन के भीतर खाली करने का निर्देश दिया गया है। दंपति के वकील प्रशांत पाटिल ने कहा कि शेट्टी और कुंद्रा को परिसर खाली करने का नोटिस तीन अक्टूबर को ही मिला। उन्होंने नोटिस को मनमाना तथा गैरकानूनी बताया और उन्हें रद्द करने का अनुरोध किया। याचिकाओं के अनुसार, याचिकाकर्ताओं को अपने परिसरों को खाली करने की तत्काल कोई आवश्यकता नहीं है और इस तरह के बेदखली नोटिस जारी करना अनावश्यक है।

आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com